दैनिक नवसंदेश

सबकी बात, रोजाना साथ

R.N.- UDYAM-BR-26-0012779

पटना : बृहस्पतिवार, 29 अक्टूबर, 2026 ■ वर्ष -01 ■ अंक-245 ■ पृष्ठ-16 ■ मूल्य : 01 रु. ■ ई मेल- dainiknavsandesh@gmail.com

संक्षिप्त खबरें

सीजेपी ने गठबंधन की रैली को दिया समर्थन, 1 को दिल्ली में होगी

नई दिल्ली। कॉकरोच जनता पार्टी' (CJP) ने इंडिया गठबंधन की 1 नवंबर की रैली को अपना समर्थन देने का ऐलान किया है। पार्टी ने मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेंद्र कुमार के इस्तीफे की मांग की है। एक बयान में, सीजेपी ने कहा कि लोकतंत्र का मूल सिद्धांत यह है कि जनता अपनी सरकार चुने, न कि सरकार अपने मतदाता खुद चुने। पार्टी ने आरोप लगाया कि स्क्फ़ने इस सिद्धांत को कमजोर किया है। साथ ही, यह भी कहा कि ज्ञानेंद्र कुमार ने वह भरोसा खो दिया है, जो स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव कराने के लिए जरूरी होता है।

राहुल बोले- टाटा ग्रुप को बर्बाद किया जा रहा

नई दिल्ली। राहुल गांधी ने बुधवार को कहा कि टाटा ग्रुप को क्रिमिनल तरीके से बर्बाद किया जा रहा है।



कोई भी बिजनेस लीडर एक शब्द भी कहने की हिम्मत नहीं कर रहा है। उन्होंने पर लिखा- इंडियन बिजनेस सरकार का खिलौना नहीं है। हम इन अपराधों का इंसाफ करेंगे। इसके जवाब में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि राहुल अविश्वास फैलाने की कोशिश कर रहे हैं। उन्हें हर मुद्दे का राजनीतिकरण करने से बचना चाहिए। दरअसल, टाटा ग्रुप में विवाद टाटा ट्रस्ट्स के चेयरमैन नोएल टाटा और टाटा संस के चेयरमैन एन. चंद्रशेखरन के बीच है। नोएल चंद्रशेखरन की फिर से नियुक्ति के फेवर में नहीं थे।

स्पेन में हाई स्पीड ट्रेनें टकराईं, 64 की मौत

मैड्रिड(स्पेन)। स्पेन के टोलेडो प्रांत में बुधवार को दो हाई स्पीड ट्रेनें टकरा गईं। डीडी न्यूज के मुताबिक, हादसे में 64 लोगों की मौत हो गई, जबकि 179 लोग घायल हुए हैं। राहत और बचाव के लिए इमरजेंसी और मेडिकल टीमें मौके पर पहुंचीं। स्पेनिश मीडिया के मुताबिक, हादसा स्थानीय समयानुसार सुबह 9 बजे मोरा और ओरगाज कस्बों के बीच हुआ। एक ट्रेन ने दूसरी को पीछे से टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि कई डिब्बे बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। हादसे के बाद राजधानी मैड्रिड को दक्षिणी अंदालूसिया क्षेत्र से जोड़ने वाली रेल लाइन बंद कर दी गई। दोनों ट्रेनें सरकारी कंपनी रेनफे और निजी कंपनी इर्यो की थीं। इन ट्रेनों की रफ्तार आमतौर पर 200 किमी/घंटे से ज्यादा होती है।

सम्राट कैबिनेट की बैठक में 43 एजेंडों पर मुहर

पांच साल में 1 करोड़ परिवार बनेंगे उद्यमी

विश्वामित्र गंगा अंबिका और नारायणी पथ को हरी झंडी

पटना (एनएसबी)। बुधवार को सीएम सम्राट चौधरी की अध्यक्षा में आयोजित कैबिनेट की बैठक में 43 एजेंडों पर मुहर लगी। बिहार एमएसएमई नीति-2026 को स्वीकृति दी गई है। एमएसएमई के तहत अगले पांच सालों में एक करोड़ परिवारों को उद्यमी बनाने और एक करोड़ प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष रोजगार पैदा करना है। इसके तहत प्रत्येक जिले में एक औद्योगिक क्लस्टर और 38 जिलों में एमएसएमई केंद्र स्थापित किए जाएंगे। किशनगंज के ठाकुरगंज में ईस्टर्न एग्रो केमिकल्स लिमिटेड को फैक्ट्री लगाने की मंजूरी दी गई है। बिहार सरकार राज्य में बायो-फ्यूल और कंप्रेस्ड बायो-गैस के उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए नई नीति लागू करने की पहल की है।

इसके लिए सीबीजी उत्पादन प्रोत्साहन नीति, 2026 बनाई गई है। बिहार में बिजली की बढ़ती मांग को देखते हुए दरभंगा और पटना के खगौल ग्रिड उपकेंद्रों में दो नए पावर ट्रांसफॉर्मर लगाए जाएंगे। इसके लिए राज्य सरकार ने 33.44 करोड़ रुपए की योजना को मंजूरी दी है। वहीं बैठक में बिहार में बिजली व्यवस्था बेहतर करने को लेकर 11,096.55 करोड़ रुपए की योजना की मंजूरी दी गई है। अगले तीन सालों में चरणबद्ध तरीके से एलटी केबल बदले जाएंगे और ओवरलोड ट्रांसफॉर्मरों की क्षमता



■ बिहार एमएसएमई नीति लागू, ईओयू में 143 नए पद जोड़े गए

बढ़ाई जाएगी। इसके लिए एनबीपीडीसीएल को 6,066 और एसबीपीडीसीएल को 5,030.55 करोड़ रुपए का कर्ज लेने की स्वीकृति दी गई है। इसके अलावे बिहार की आर्थिक अपराध इकाई (ईओयू) के विस्तार और क्षमता बढ़ाने के लिए क्षेत्रीय इकाइयों में 143 पद सृजित किए जाएंगे। इसके अलावा, बिहार के फॉरेंसिक कार्यालय पुलिस के नियंत्रण से अलग होकर गृह विभाग के प्रत्यक्ष नियंत्रण में काम करेंगे। इसके लिए निदेशालय में निदेशक प्रमुख का एक स्थायी पद सृजित करने की मंजूरी दी गई है। नवादा जिले के वारिसलीगंज अंचल के मकनपुर में नई चीनी मिल स्थापित की जाएंगी। इनका निर्माण और संचालन इंडियन पोटाश लिमिटेड करेगा। ग्रीनफील्ड सैटेलाइट टाउनशिप क्षेत्रों में जमीन की खरीद-बिक्री और हस्तांतरण पर लगा प्रतिबंध हटाने को मंजूरी दी गई है। बक्सर-आरा-मनेर, गंगा अंबिका पथ (बिदुपुर-दिघवारा) और नारायणी पथ (दरिहारा-डुमरिया घाट, गोपालगंज) के लिए सलाहकार सेवाएं लेने को 37.10 करोड़ रुपए की मंजूरी दी गई है। बिहार राज्य खेल-2026 के आयोजन के लिए बिहार ओलंपिक संघ को 12 करोड़ रुपए देने की मंजूरी दी गई है। आयोजन के लिए संघ को नामांकन के आधार पर अधिकृत किया गया है। बैठक में बिहार में बढ़ती आबादी और अपराध को देखते हुए मोतिहारी, पूर्णिया और सारण जिले में सिटी एसपी के तीन पद सृजित किए जाएंगे। इनके कार्यालय संचालन के लिए अलग-अलग श्रेणियों के कुल 12 पदों के सृजन को भी मंजूरी दी गई है। सरकारी इंजीनियरिंग कॉलेजों और पॉलिटेक्निक संस्थानों के 49 हजार छात्र-छात्राओं के लिए निजी भवनों में हॉस्टल की व्यवस्था होगी। बिहार सरकार ने बिहार आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पॉलिसी-2026 को भी मंजूरी दे दी है।

लोकतंत्र के साथ खिलवाड़ करने वालों को जनता माफ नहीं करेगी : मुख्यमंत्री

लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ पदयात्रा कार्यक्रम में शामिल हुए सीएम

पटना (एनएसबी)। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी बुधवार को लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ पदयात्रा कार्यक्रम में शामिल होते हुए कारगिल चौक से गांधी मैदान स्थित जेपी गोलम्बर तक पैदल मार्च किया और लोकनायक जयप्रकाश नारायण की मूर्ति पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। इस अवसर पर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी, राज्य सरकार के कई मंत्री, सांसद, विधायक, विधान पार्षद, गणमान्य व्यक्ति एवं बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

कारगिल चौक पर बने मंच से अपने संबोधन में सीएम ने कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था एवं संवैधानिक व्यवस्था को ध्वस्त करने की कोशिश कांग्रेस पार्टी के नेतृत्व में विपक्षी दलों द्वारा की जा रही है।

■ कारगिल चौक से जेपी गोलंबर तक किया पैदल मार्च

इस कोशिश को देश की जनता नाकाम करेगी। जिन लोगों ने लोकतंत्र की धज्जियां उड़ायी, देश में इमरजेंसी लागू किया, लोगों के मौलिक अधिकार छीने, आज वे लोकतंत्र का ढिंढोरा पीट रहे हैं। अगर वे अपने पूर्वजों की करतूतों को याद कर लेंगे तो जनता के बीच उन्हें जाने की हिम्मत नहीं होगी। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में देश विकास के पथ पर अग्रसर है और उनके नेतृत्व में लोकतंत्र मजबूत हुआ है। सीएम ने कहा कि भाजपा संघर्ष करके यहां तक पहुंची है। कांग्रेस पार्टी अब



गाली-गलौज पर उतर आयी है। चुनाव चाहे बैलेट पेपर से हुआ हो या ईवीएम से कांग्रेस चुनाव हारती रही है। वह चुनाव नहीं जीत पा रही है, इसलिए इस तरह की हरकत कर रही है।

मिलर हाई स्कूल परिसर आकर्षक रूप में होगा विकसित

पटना (एनएसबी)। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने बुधवार को राजधानी के मिलर हाई स्कूल परिसर स्थित ऐतिहासिक पानी टंकी के जीर्णोद्धार, सौंदर्गीकरण एवं कैफेटेरिया निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। परियोजना के तहत ऐतिहासिक पानी टंकी के मूल स्वरूप को संरक्षित रखते हुए उसका जीर्णोद्धार एवं नवीनीकरण किया जाएगा। इस परियोजना के अंतर्गत पानी टंकी के चारों ओर गोलाकार पाथ-वे का निर्माण, लैंडस्केपिंग तथा आधुनिक प्रकाश व्यवस्था विकसित की जाएगी। इसके अतिरिक्त पर्यटकों एवं अन्य आगंतुकों की सुविधा के लिए परिसर में एक



आधुनिक कैफेटेरिया भवन का निर्माण भी किया जाएगा। सीएम ने ऐतिहासिक पानी टंकी परिसर का निरीक्षण किया और अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये। कहा कि राज्य सरकार शहरी आधारभूत संरचना के विकास, ऐतिहासिक स्थलों के संरक्षण और नागरिकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। पटना की महत्वपूर्ण,

■ ऐतिहासिक पानी टंकी के जीर्णोद्धार एवं कैफेटेरिया निर्माण कार्य का शिलान्यास

ऐतिहासिक धरोहर का संरक्षण करते हुये मिलर हाई स्कूल परिसर को एक सुव्यवस्थित एवं आकर्षक विरासत स्थल के रूप में विकसित किया जायेगा।इसके पहले पटना नगर निगम के आयुक्त यशपाल मीणा ने प्रस्तुतीकरण के माध्यम से पानी टंकी के जीर्णोद्धार, सौंदर्गीकरण के संबंध में मुख्यमंत्री को विस्तृत जानकारी दी।

यारपुर ब्रिज पर केबल वायर में लगी आग

रेलवे ट्रैक पर गिरे जलते तार, परिचालन बाधित

पटना (एनएसबी)। सचिवालय हॉल्ट के पास यारपुर ब्रिज पर बुधवार शाम केबल वायर में आग लगने से रेल परिचालन बाधित हो गया। खंभे के सहारे लटक रही केबल में आग लगने के बाद जलता हुआ तार रेलवे ट्रैक और ओवरहेड वायर पर गिरने लगा। इस दौरान आग के गोले भी नीचे गिर रहे थे। घटना के समय एक ट्रेन भी वहां से गुजर रही थी। गनीमत रही कि ट्रेन आग की चपेट में नहीं आई, अन्यथा बड़ा हादसा हो सकता था। घटना के बाद रेलवे अधिकारियों ने एहतियातन अप और डाउन, दोनों लाइनों पर ट्रेनों का परिचालन रोक दिया। इससे पटना जंक्शन और राजेंद्र नगर टर्मिनल से गुजरने वाली ट्रेनों पर असर पड़ा। संपूर्ण क्रांति एक्सप्रेस करीब एक घंटे तक पटना जंक्शन पर खड़ी रही, जबकि तेजस राजधानी एक्सप्रेस को

■ कई ट्रेनें हुईं लेट, बड़ा हादसा टला



ट्रेनों में रात 11 बजे से सुबह 5 बजे तक बंद रहेंगे चार्जिंग पाइंट

पटना। दीपावली और छठ के दौरान ट्रेनों में बढ़ने वाली यात्रियों की भीड़ के बीच रेलवे ने सुरक्षा को लेकर सख्ती बढ़ा दी है। अब ट्रेनों में रात 11 बजे से सुबह पांच बजे तक मोबाइल, पावर बैंक और अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों की चार्जिंग पर प्रतिबंध रहेगा।

भी 71 मिनट तक रुकना पड़ा। राजेंद्र नगर से दिल्ली जाने वाली अमृत भारत एक्सप्रेस निर्धारित समय से 66 मिनट देर से रवाना हुई।

शीतकालीन सत्र 30 नवंबर से 4 दिसंबर तक चलेगा

पटना (एनएसबी)। बिहार विधानमंडल के शीतकालीन सत्र की तिथि निर्धारित कर दी गई है। यह सत्र 30 नवंबर से शुरू होकर चार दिसंबर तक चलेगा। बुधवार को मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी की अध्यक्षता में हुई राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में सत्र बुलाने के प्रस्ताव पर सहमति दे दी गई है। इस दौरान विधानसभा और विधान परिषद की कुल पांच बैठकें होंगी। शीतकालीन सत्र सोमवार से शुरू होकर शुक्रवार तक चलेगा। पांच दिनों के इस सत्र में राज्य सरकार विधायी कार्यों को आगे बढ़ाएगी। सत्र के दौरान विभिन्न विभागों से जुड़े विषयों पर चर्चा के साथ विधेयकों और अन्य सरकारी कार्यों को सदन के समक्ष रखा जा सकता है। वहीं, विपक्ष को भी जनहित से जुड़े मुद्दों पर सरकार को घेरने का अवसर मिलेगा। विधानमंडल का यह सत्र नई सरकार के लिए भी महत्वपूर्ण होगा।

नीरज चौथी बार जीते, 30 साल बाद नवल किशोर हारे

पटना (एनएसबी)। बिहार विधान परिषद की 8 सीटों में से 7 सीटों का रिजल्ट आ गया है। बता दें चार स्नातक और चार शिक्षक सीट पर 23 अक्टूबर को हुए चुनाव में कुल 150 प्रत्याशी मैदान में थे। शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र की सभी 4 सीटों में बीजेपी, राजद, जन सुराज और निर्दलीय ने सीटें जीती हैं। इन



शिक्षक सीटों से 3 भूमिहार, 1 राजपूत विधान पार्षद बने। वहीं स्नातक निर्वाचन क्षेत्रों की बात करें तो कोसी स्नातक से बीजेपी के डॉ. एनके यादव तीसरी बार चुनाव जीत गए हैं। पटना स्नातक सीट पर नीरज कुमार चौथी बार विजयी हुए। अनंत सिंह के खास अनुज सिंह तीसरे नंबर पर रहे। पटना स्नातक सीट पर जीत दर्ज करने के बाद जदयू प्रत्याशी नीरज

■ एमएलसी चुनाव : 8 सीटों में से 7 सीटों के नतीजे आए

■ पटना शिक्षक राजद के पाले में, दरभंगा स्नातक के नतीजे आज

कुमार अखंड वासिनी मंदिर पहुंचे और पूजा-अर्चना की। वहीं तिरहुत स्नातक सीट से वंशीधर जीत चुके हैं। वहीं दरभंगा स्नातक निर्वाचन क्षेत्र में एनडीए समर्थित बीजेपी प्रत्याशी सर्वेश कुमार लगातार बढ़त बनाए हुए हैं। दरभंगा स्नातक सीट का रिजल्ट गुरुवार सुबह तक आने की संभावना है। डीएम कौशल कुमार ने बताया कि मतगणना की प्रक्रिया चल रही है। गुरुवार सुबह तक परिणाम आ जाएगा।

हमने बहुत सालों बाद शिक्षक सीट जीती : तेजस्वी यादव



पटना शिक्षक सीट पर राजद प्रत्याशी डॉ. संजीव की जीत पर तेजस्वी यादव ने बधाई दी है। उन्होंने कहा, चाहे विश्वविद्यालय हो या कॉलेज, शिक्षा ठीक से नहीं दी जा रही है। जो लोग जीते हैं, वे सदन में शिक्षकों और स्नातकों की समस्याओं को उठाएंगे। मैं पार्टी के सभी कार्यकताओं, नेताओं और उन सभी लोगों को दिल से धन्यवाद देता हूं, जिन्होंने राजद के पक्ष में वोट दिया। यह खुशी की बात है कि हमने एक ऐसी सीट जीती है, जो पहले भाजपा का गढ़ हुआ करती थी।

तूफान अर्नब से आंध्रप्रदेश में भारी तबाही, 5 की मौत

नई दिल्ली (एजेंसी)। बंगाल की खाड़ी से उठा चक्रवाती तूफान ह्यअर्नबह्न मंगलवार देर रात 3:30 बजे आंध्र प्रदेश के तट से टकराया। यहां 125 से 135 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवाओं के साथ भारी बारिश हो रही है। आंध्र प्रदेश में 5 की हुई मौत। राज्य के 31 घरों को नुकसान पहुंचा। 57 हजार लोगों को शिफ्ट किया गया है। तूफान के कारण 50 ट्रेनें और विजयवाड़ा-विशाखापट्टनम एयरपोर्ट पर 21 फ्लाइट्स रद्द की गईं। ओडिशा में भारी बारिश के चलते 16 जिलों में स्कूल बंद हैं। यहां 30 हजार लोगों को सुरक्षित जगहों पर पहुंचाया गया है। आंध्र प्रदेश और ओडिशा में 4,000 साइक्लोन शेल्टर बनाए गए हैं।

बिहार में अर्नब तूफान का असर, पटना में बारिश : बिहार में साइक्लोन ऑर्नब का असर दिखने लगा है। पटना में बारिश शुरू हो गई है। वहीं,



■ 57 हजार लोग शिफ्ट, 50 ट्रेनें-21 फ्लाइट रद्द, बिहार,एमपी-यूपी में भी बारिश

बक्सर समेत कई जिलों में बादल छाए हैं। मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार, राज्यभर में 28 अक्टूबर यानी आज से तेज हवा, बारिश और वज्रपात का सिलसिला शुरू होगा। राज्य के 13 जिलों में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। कुछ इलाकों में बिजली गिरने की भी आशंका है। मौसम विभाग के मुताबिक, 28 अक्टूबर से 1 नवंबर तक बिहार में बारिश हो सकती हैं। इस दौरान राज्य के कुछ स्थानों पर 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चलने का अनुमान है। 29 और 30 अक्टूबर को मौसम ज्यादा खराब रहेगा।

गड़खा में भीषण सड़क हादसा, चार की मौत

छपरा कार्यालय (एनएसबी)। सारण जिले के गड़खा थाना क्षेत्र के भैंसमारा गांव के समीप देर रात भीषण सड़क हादसे में चार लोगों की मौत हो गई, जबकि तीन अन्य गंभीर रूप से घायल बताए जा रहे हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार, एक अनियंत्रित ट्रक की चपेट में आने से सवारियों से भरा टेंपो बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया।

हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई और घटनास्थल पर अफरा-तफरी का माहौल कायम हो गया। इसी दौरान 112 पुलिस की गाड़ी वहां से गुजर रही थी। हादसे की गंभीरता को देखते हुए एसआई अंकित कुमार सिंह ने तत्परता दिखाई और घायलों के साथ बच्चों को भी तत्काल अस्पताल पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई। उनकी इस त्वरित कार्रवाई से घायलों को समय पर इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाने में मदद मिली। बताया जा रहा है कि घायलों को भैंसमारा स्थित श्रीनिवास अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां तीन लोगों की हालत गंभीर बताई जा रही है। वहीं, हादसे में चार लोगों की मौत की खबर से इलाके में शोक का माहौल है।

केंद्रीय कर्मचारियों का डीए 3% बढ़ा

नई दिल्ली (एजेंसी)। केंद्र सरकार ने अपने कर्मचारियों और पेंशनभोगियों को दिवाली से पहले तोहफा दिया है। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने बुधवार को कर्मचारियों के महंगाई भत्ते (डीए) और पेंशनभोगियों की महंगाई राहत (डीआर) में तीन प्रतिशत की बढ़ोतरी को मंजूरी दे दी।

मंत्रिमंडसल के इस फैसले से करीब 1.17 करोड़ केंद्रीय कर्मचारियों और पेंशनभोगियों को फायदा होगा। सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मंत्रिमंडल के फैसले की जानकारी देते हुए इसे 'दिवाली का तोहफा' बताया। आधिकारिक बयान के मुताबिक, महंगाई भत्ते और महंगाई राहत में बढ़ोतरी का फैसला एक जुलाई, 2026 से लागू होगा। इसका मतलब है कि कर्मचारियों और पेंशनभोगियों को इसका लाभ जुलाई से मिलेगा। इस बढ़ोतरी के बाद केंद्रीय कर्मचारियों का महंगाई भत्ता उनके मूल वेतन के 60 प्रतिशत से बढ़कर 63 प्रतिशत हो जाएगा। इसी तरह, पेंशनभोगियों की महंगाई राहत भी मूल पेंशन के 60 प्रतिशत से बढ़कर 63 प्रतिशत हो जाएगी। इसके अलावा मोदी

सबसे निचले कर्मचारी को 540 रुपए व कैबिनेट सचिव लेवल के अफसर को 7500 रुपए महीने का फायदा



कैबिनेट ने कंटेनर मैन्युफैक्चरिंग प्रमोशन स्कीम के तहत देश में कंटेनर निर्माण को बढ़ावा देने के लिए 10,000 करोड़ के बजट परिव्यय के साथ इस स्कीम को मंजूरी दी है। यह योजना वित्त वर्ष 2040 तक लागू रहेगी। केन्द्रीय कैबिनेट ने प्रधानमंत्री विकसित ग्राम स्वराज योजना के तहत ग्रामीण स्तर पर योजना बनाने और क्षमता निर्माण पर ध्यान केंद्रित करने के लिए 7,395 करोड़ के आवंटन के साथ इस योजना को मंजूरी दी है। एक अन्य महत्वपूर्ण फैसले में युवा खिलाड़ियों और खेल प्रतिभाओं को सशक्त बनाने तथा स्पोर्ट्स गुड्स के निर्माण को बढ़ावा देने के लिए वर्ष 2026-27 से 2030-31 तक की अवधि के लिए 36,441 करोड़ रुपए के कुल परिव्यय को मंजूरी दी गई है।

1.17 करोड़ से अधिक परिवारों को सीधा फायदा

सरकार के इस बड़े फैसले से देश के करीब 48.54 लाख केंद्रीय कर्मचारियों और 68.71 लाख पेंशनभोगियों को सीधा फायदा पहुंचेगा। रक्षा और रेलवे कर्मियों सहित कुल मिलाकर 1.17 करोड़ से ज्यादा लोगों की जेब में अब हर महीने ज्यादा पैसे आएंगे। त्योहारी सीजन में आई इस खुशखबरी से कर्मचारियों के परिवारों में दिवाली की खुशियां दोगुनी हो गई हैं। कैबिनेट के इस फैसले से सरकारी खजाने पर सालाना 10,016.10 करोड़ रुपए का वित्तीय बोझ पड़ेगा।

दुष्कर्म मामले में आरोपी को हुई बीस साल की सजा

छपरा (एनएसबी)। छपरा विशेष न्यायालय पोक्सो की न्यायाधीश स्मिता राज ने नाबालिक लड़के के साथ दुष्कर्म मामले में दर्ज प्राथमिकी अवतार नगर थाना कांड संख्या 296/ 24 के पोक्सो वाद संख्या 152/25 में अवतार नगर थाना के मठिया कमालपुर निवासी जहांगीर आलम को पोक्सो की धारा 4 के अंतर्गत 20 साल कठिन कारावास एवं पच्चीस हजार अर्थ दंड नहीं देने पर अतिरिक्त छह माह की सजा एवं पोक्सो की धारा 6 के अंतर्गत भी 20 साल कठिन कारावास की सजा एवं पच्चीस हजार अर्थ नहीं देने पर अतिरिक्त छह माह की सजा सुनाई है ।दोनों सजाएं साथ-साथ चलेगी ।अभियोजन की ओर से विशेष लोक अभियोजक पोक्सो सर्वजीत ओझा एवं उनके सहायक अधिवक्ता अश्वनी कुमार ने न्यायालय में सरकार का पक्ष रखा और कुल सात गवाहों की गवाही न्यायालय में कराई। सूचिका की ओर से अधिवक्ता अजय प्रकाश सिंह ने न्यायालय में अपना पक्ष रखा। विदित होगी नाबालिक लड़के की मां ने अवतार नगर थाना में दिनांक 16 सितंबर अक्टूबर 2024 को प्राथमिक की दर्ज कराई थी।

खबरें : एक नजर में

स्वास्थ्य मंत्री निशांत ने दवाओं की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के दिए निर्देश

पटना (दैनिक नवसंदेश)। बिहार में आम नागरिकों को सुरक्षित एवं गुणवत्तापूर्ण दवाएं उपलब्ध कराने तथा नकली एवं अवमानक दवाओं के कारोबार पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा निगरानी एवं शिकायत निवारण व्यवस्था को सुदृढ़ किया जा रहा है। स्वास्थ्य मंत्री निशांत ने दवाओं की गुणवत्ता सुनिश्चित करने, निर्धारित मानकों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध नियमानुसार सख्त कार्रवाई करने के लिए आवश्यक कदम उठाने का निर्देश दिया है। उन्होंने इस दिशा में जनभागीदारी बढ़ाने और आम नागरिकों को जागरूक करने पर भी जोर दिया है।



स्वास्थ्य मंत्री निशांत।

स्वास्थ्य विभाग द्वारा अवमानक एवं निर्धारित गुणवत्ता मानकों पर खरी नहीं उतरने वाली दवाओं से संबंधित शिकायतों के लिए विशेष ई-मेल आईडी तथा फोन नंबर 0612-4619634 जारी किए गए हैं। आम नागरिक ई-मेल के माध्यम से किसी भी समय अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं, जबकि फोन नंबर पर सोमवार से शुक्रवार तक सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे के बीच शिकायत की जा सकेगी। स्वास्थ्य मंत्री निशांत ने दवाओं की वैज्ञानिक जांच, गुणवत्ता मानकों के अनुपालन, नियमित निरीक्षण तथा नकली एवं अवमानक दवाओं के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक कदम उठाने का निर्देश दिया है। साथ ही, आम नागरिकों के बीच गुणवत्तापूर्ण दवाओं के प्रति जागरूकता बढ़ाने पर भी जोर दिया गया है।

देसी शराब के साथ एक गिरफ्तार

फतुहा / पटना (दैनिक नवसंदेश)। नदी थाने की पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर बुधवार को गढ़ोचक में छापेमारी कर करीब 21 लीटर देसी चुलाई शराब के साथ धंधेबाज गढ़ोचक निवासी अरुण कुमार को गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष सद्दाम हुसैन ने बताया कि आरोपित को न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया एवं मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

प्रत्याशियों की जीत पर बधाई

फतुहा / पटना (दैनिक नवसंदेश)। पटना शिक्षक निर्वाचन से राजद के डा संजीव सिंह की जीत पर राजद के शिवपूजन प्रशांत, अरविंद यादव, मनोज यदुवंशी, ऋषिकेश यादव आदि ने उन्हें बधाई दी है। दूसरी ओर पटना ातक से विजयी जदयू के नीरज कुमार की जीत पर स्थानीय राजग कार्यकर्ताओं में खुशी का माहौल है। उनकी जीत पर श्यामसुंदर उर्फ मोनी सिंह, टीपू सिंह, मुन्ना सिंह, रंजना पटवा, शोभा देवी, अनामिका अग्रवाल, मनीषा कुमारी आदि ने उन्हें जीत की बधाई दी है।

जालसाजों ने खाते से अड्ढवन हजार रुपए उड़ाए

फतुहा / पटना (दैनिक नवसंदेश)। थाना क्षेत्र के देवीचक स्थित बैंक अफ बड़ौदा के एटीएम में एक ग्राहक के फंसे कार्ड से जालसाजों ने बुधवार को 58 हजार रुपए उड़ा लिए। पीड़ित रेलवे कलोनी निवासी अनिकेत कुमार ने बुधवार को फतुहा थाने में लिखित शिकायत की है। पीड़ित देवीचक स्थित एटीएम से रुपया निकालने गया था। रुपए निकालने के दौरान उसका एटीएम कार्ड मशीन में ही फंस गया। वहां मदद के लिए लिखे एक नम्बर पर फोन करने के बाद ठगों ने उसे बाजार में बुलाया। उसके वहां पहुंचते ही उसके खाते से 58 हजार रुपए कटने का मैसेज उसके मोबाइल पर आ गया। जब वह पुनः उस एटीएम मशीन के पास गया तो देखा कि मशीन में उसका कार्ड नहीं है तभी उसे ठगी का अहसास हुआ। पुलिस आसपास के सीसीटीवी कैमरे की पड़ताल करते हुए आगे की कार्रवाई में जुटी है।

बीडीओ और बीसीओ ने दिया योगदान

दनियावां / पटना (दैनिक नवसंदेश)। दनियावां प्रखंड विकास पदाधिकारी के पद पर मुकेश कुमार यादव ने बुधवार को योगदान दिया। निवर्तमान प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रियंका कुमारी के लंबी छुट्टी में चले जाने पर नए बीडीओ को प्रभार दिया गया है। वहीं अर्से से प्रखंड सहकारिता पदाधिकारी का पद रिक्तरहने के उपरांत नए सहकारिता पदाधिकारी अमर कुमार ने बुधवार को प्रखंड में योगदान दिया।उन्होंने योगदान के बाद सभी पैक्स अध्यक्षों के साथ बैठक कर धान खरीद सहित अन्य मुद्दों पर विचार विमर्श किया।

इनर व्हील क्लब न आयोजित किया दिवाली मिलन व सांस्कृतिक संध्या

पटना (दैनिक नवसंदेश)। इनर व्हील क्लब, पाटलिपुत्र द्वारा आयोजित दिवाली मिलन सांस्कृतिक कार्यक्रम आराधना उत्साह और उल्लास के वातावरण में संपन्न हुआ। पूरे सप्ताह चले रिहर्सल और सदस्यों की मेहनत के बाद सजी इस महफिल ने उपस्थित दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम की शुरुआत भक्तिमय वातावरण में हुई, जहाँ क्लब की पीपी पुष्पा सिंह के सुमधुर भजनों ने भाव-विभोर कर दिया। सांस्कृतिक



प्रस्तुतियों की कड़ी में पूनम और कंचन के नृत्य ने दर्शकों की तालियाँ बटोरीं। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण नरकासुर बध नाटक रहा, जिसमें मुख्य भूमिका में पीडीसी श्वेता सिन्हा और नीलांजना भट्टाचार्य ने निभाया। निशा विद्यार्थी ने पृथ्वी की भूमिका निभाया। पीपी किरण शिरोमणि , पीपी कंचन रॉय , पीपी पूनम सिन्हा, पीपी प्रीति कश्यप , पुष्पा प्रकाश निशा पोद्दार , राजश्री , जया श्रीवास्तव आदि ने बहुत सुंदर अभिनय से सबको मंत्रा मुग्ध कर दिया । श्रुति ,रानी , शालू और आन्या के सशक्त अभिनय व प्रस्तुति ने कार्यक्रम में चार चाँद लगा दिए। इसके साथ ही सुनीता जोशी जी के सुरीले गायन, शिल्पी चाचन व संगीता केयल के उत्कृष्ट तालमेल और नीतू बिरला, सीमा पचीसिया, श्रुति बंसल एवं मीनू की जोशीली थिरकन ने समां बाँध दिया। संध्या जी द्वारा की गई आकर्षक लाइट व्यवस्था, उपहारों के विशेष सहयोग और कुशल प्रबंधन ने आयोजन को भव्यता प्रदान की। इस अवसर पर रेखा, निशा, प्रीति , किरण, स्मिता, शालिनी, सुनीता राय, सुनीता खेमका, जया सहित क्लब की अनेक सदस्यों ने भागीदारी निभाई।

विकास योजनाओं में कनीय अभियंताओं की भूमिका महत्वपूर्ण

एलएन मिश्रा संस्थान में शहरी विकास एवं आवास विभाग के कनीय अभियंताओं का 28-दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न

पटना (दैनिक नवसंदेश)। राज्य के शहरी विकास एवं आवास विभाग के कनीय अभियंताओं के लिए आयोजित 28-दिवसीय अभिमुखीकरण एवं क्षमता-संवर्धन कार्यक्रम का समापन समारोह एलएन मिश्रा आर्थिक विकास एवं सामाजिक परिवर्तन संस्थान, पटना के प्रबंधन विकास केंद्र (एमडीसी) में आयोजित किया गया। समारोह में शहरी विकास एवं आवास तथा सूचना प्रौद्योगिकी विभाग के मंत्री नीतीश मिश्रा बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहे।

समारोह को संबोधित करते मंत्री ने सरकारी नीतियों और विकास योजनाओं को धरातल पर प्रभावी परिणाम में परिवर्तित करने में कनीय अभियंताओं की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित किया। इस अवसर पर योजना एवं विकास विभाग की अपर मुख्य सचिव तथा एलएन मिश्रा संस्थान की निदेशक डा. एन. विजया लक्ष्मी एवं संस्थान के कुलसचिव सुधांशु शेखर सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी और संस्थान के प्रतिनिधि उपस्थित थे।



शहरी विकास एवं आवास तथा सूचना प्रौद्योगिकी विभाग के मंत्री नीतीश मिश्रा का स्वागत करते योजना एवं विकास विभाग की अपर मुख्य सचिव तथा एलएन मिश्रा संस्थान की निदेशक डा. एन. विजया लक्ष्मी एवं संस्थान के कुलसचिव सुधांशु शेखर।

डा. एन. विजया लक्ष्मी ने तकनीकी शुद्धता, गुणवत्तापूर्ण निर्माण, समयबद्ध कार्य निष्पादन, वित्तीय अनुशासन तथा सार्वजनिक संसाधनों के उपयोग में जवाबदेही के महत्व पर बल दिया। उन्होंने प्रशासनिक दक्षता, पारदर्शिता और शहरी सेवाओं की बेहतर आपूर्ति के लिए डिजिटल प्रौद्योगिकियों के जिम्मेदार उपयोग को भी महत्वपूर्ण बताया। यह कार्यक्रम सरकारी विभागों के लिए क्षमता-संवर्धन संबंधी पहल को सुगम बनानेमें एलएन मिश्रा संस्थान के निरंतर योगदान को दर्शाता है।

एलएन मिश्रा संस्थान की उप कुलसचिव एवं प्रबंधन विकास केंद्र (एमडीसी) की प्रभारी ड़ प्रीति सिंह ने प्रशिक्षण कार्यक्रम के समन्वय में महत्वपूर्णभूमिका निभाई। उनके प्रयासों तथा एमडीसी की टीम, संकाय सदस्यों और विषय विशेषज्ञों के सहयोग से कार्यक्रम का सुचारु संचालन और प्रशिक्षण सत्रों का प्रभावी आयोजन सुनिश्चित हुआ। कार्यक्रम का उद्देश्य कनीय अभियंताओं की तकनीकी, प्रशासनिक, वित्तीय तथा डिजिटल दक्षताओं को सुदृढ़ करना था, ताकि वे अपने दायित्वों का अधिक प्रभावी ढंग से निर्वहन कर सकें और शहरी विकास परियोजनाओं के कुशल क्रियान्वयन में योगदान दे सकें।



28-दिवसीय अभिमुखीकरण एवं क्षमता-संवर्धन कार्यक्रम का समापन समारोह एलएन मिश्रा आर्थिक विकास एवं सामाजिक परिवर्तन संस्थान, पटना के प्रबंधन विकास केंद्र (एमडीसी) में आयोजित किया गया।

प्रशिक्षण के दौरान सूचना प्रौद्योगिकी तथा उभरते डिजिटल साधनों पर विशेष बल दिया गया। प्रतिभागियों को कंप्यूटर अनुप्रयोगों, माइक्रोसफ्ट अफिस, डेटा प्रबंधन, त्रिम बुद्धिमत्ता (एआई), मशीन लर्निंग, प्रम्प्ट इंजीनियरिंग, साइबर सुरक्षा तथा भौगोलिक सूचना प्रणाली (जीआईएस) से परिचित कराया गया। इन सत्रों का उद्देश्य दस्तावेजीकरण, परियोजना निगरानी, डेटा विश्लेषण और तथ्य-आधारित निर्णय-निर्माण में प्रौद्योगिकी-सक्षम कार्यप्रणालियों के उपयोग की समझ विकसित करना था।

संस्थान के प्रबंधन विकास केंद्र के माध्यम से आयोजित इस कार्यक्रम ने कनीय अभियंताओं के व्यावसायिक अधिगम, ज्ञान-विनिमय तथा तकनीकी एवं प्रशासनिक क्षमताओं के विकास के लिए सुव्यवस्थित मंच प्रदान किया। समारोह का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

बिहार म्यूजियम का वैश्विक सम्मान, बिहार के लिए गौरव का क्षण : डा. प्रेम कुमार

पटना (दैनिक नवसंदेश)। बिहार विधान सभा के अध्यक्ष डा. प्रेम कुमार ने जर्मनी की प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय पत्रिका 'वर्थ अ जर्नी' की वर्ष 2026 की वैश्विक रैंकिंग में बिहार म्यूजियम (पटना) को दुनिया का नौवां और एशिया का नंबर-1 संग्रहालय घोषित किए जाने पर प्रसन्नता जताते हुए इस उपलब्धि के लिए समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई दी है। उन्होंने इस अभूतपूर्व उपलब्धि को राज्य के लिए ऐतिहासिक क्षण बताते हुए कहा कि 3,700 से अधिक वैश्विक स्थलों के मूल्यांकन में शीर्ष स्थान पाना हमारी प्राचीन धरोहरों के संरक्षण के प्रति नीतिगत प्रयासों का सुखद प्रतिफल है। आदिम युग से आधुनिक कालखंड तक के इतिहास, विशिष्ट स्थापत्य कला और दीदारगंज यक्षी जैसी दुर्लभ कलाकृतियों को समेटे यह परिसर आज वैश्विक सांस्कृतिक चेतना का जीवंत केंद्र बन चुका है। बिहार म्यूजियम जैसी संस्थाएं नई पीढ़ी को अपनी जड़ों व मूल परंपराओं से जोड़ने का सबसे सशक्त माध्यम हैं।



डा. प्रेम कुमार।

बिहार के कलाकारों को नियमित मंच उपलब्ध कराना और उभरती सांस्कृतिक प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करना प्राथमिकता : डा. प्रमोद कुमार

पटना (दैनिक नवसंदेश)। बिहार सरकार के कला एवं संस्कृति विभाग के मंत्री डा. प्रमोद कुमार की अध्यक्षता में विभागीय कार्यो एवं विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों की समीक्षा के लिए बैठक आयोजित की गई। बैठक में राज्य की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण, संवर्धन तथा कलाकारों को प्रोत्साहित करने के साथ-साथ सांस्कृतिक गतिविधियों को व्यापक स्तर पर बढ़ावा देने से जुड़े विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई।

बैठक का प्रमुख उद्देश्य राज्य के विभिन्न जिलों में सक्रिय कलाकारों को समय-समय पर अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने के लिए उचित मंच उपलब्ध कराना रहा। इस दौरान आम्रपाली प्रशिक्षण केंद्र से प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे बच्चों एवं उभरती प्रतिभाओं को सांस्कृतिक कार्यक्रमों में अवसर देने पर भी विशेष जोर दिया गया, ताकि उनकी कला को पहचान मिले और उन्हें अपनी प्रतिभा निखारने का अवसर प्राप्त हो।

बैठक में राष्ट्रीय युवा महोत्सव में बिहार की भागीदारी, छठ महापर्व के अवसर पर आयोजित होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रमों तथा राज्य की लोककला, लोकसंगीत, नृत्य और पारंपरिक सांस्कृतिक विधाओं को प्रोत्साहित करने जैसे विषयों पर भी विचार-विमर्श किया गया। उद्देश्य यह है कि बिहार की विशिष्ट सांस्कृतिक पहचान को राष्ट्रीय स्तर पर सशक्त रूप से प्रस्तुत किया जाए तथा नई पीढ़ी को अपनी सांसतिक जड़ों से जोड़ने के लिए निरंतर प्रयास किए जाएं।

मंत्री डा. प्रमोद कुमार ने कहा कि बिहार की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत हमारी पहचान है। राज्य के कलाकारों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने के लिए नियमित रूप से मंच उपलब्ध कराना तथा नई पीढ़ी की सांस्कृतिक प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करना हमारी प्राथमिकता है। आम्रपाली प्रशिक्षण केंद्र के प्रशिक्षुओं को भी विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों में अवसर देने की दिशा में प्रयास किए जाएंगे, ताकि उनकी प्रतिभा को उचित पहचान मिल सके। राष्ट्रीय युवा महोत्सव और छठ महापर्व जैसे अवसरों पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से बिहार की लोककला, लोकसंगीत, नृत्य और पारंपरिक विधाओं को व्यापक पहचान दिलाई जाएगी। हमारा प्रयास है कि बिहार की सांसतिक विरासत का संरक्षण एवं संवर्धन हो और हमारी कला-परंपराएं नई पीढ़ी तक प्रभावी ढंग से पहुंचें। बैठक में विभागीय सचिव प्रणव कुमार, सांस्कृतिक कार्य निदेशालय की निदेशक श्रीमती रूबी, पुरातात्विक निदेशालय के निदेशक कृष्ण कुमार, महमूद आलम सहित विभाग के अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।



कला एवं संस्कृति मंत्री की अध्यक्षता में विभागीय समीक्षा बैठक।

नगर आयुक्त ने 16 गंगा घाटों का किया निरीक्षण छठ महापर्व की तैयारियों में तेजी लाने के निर्देश

पटना (दैनिक नवसंदेश)। छठ महापर्व के मद्देनजर पटना नगर निगम द्वारा गंगा घाटों पर तैयारियों को तेज कर दिया गया है। इसी क्रम में बुधवार को नगर आयुक्त यशपाल मीणा ने नगर निगम क्षेत्रांतर्गत विभिन्न गंगा घाटों का स्थल निरीक्षण कर तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को घाटों पर श्रद्धालुओं की सुविधा, सुरक्षा एवं स्वच्छता सुनिश्चित करने के लिए सभी आवश्यक कार्य निर्धारित समय-सीमा में पूरा करने के निर्देश दिए।



जलस्तर घटने के साथ घाटों पर साफ-सफाई, जलजमाव हटाने और पहुंच पथ दुरुस्त करने का कार्य शीघ्र पूरा करने का निर्देश।

नगर आयुक्त ने दीघा पाटीपुल, जेपी सेतु घाट, मीनार घाट, बालू पर, एलसीटी घाट, राजापुर पुल, बांस घाट, कलेक्ट्रेट घाट एवं महेंद्रू घाट सहित कुल 16 घाटों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने घाटों की वर्तमान स्थिति, साफ-सफाई, पहुंच पथ, जलजमाव तथा श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए की जा रही व्यवस्थाओं की समीक्षा की।

मानसून के दौरान गंगा का जलस्तर बढ़ने से कई घाट जलमग्न हो गए थे। नगर आयुक्त ने निर्देश दिया कि जैसे-जैसे घाटों से पानी निकल रहा है, वैसे-वैसे संबंधित स्थलों पर साफ-सफाई का कार्य प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जाए। घाटों के विभिन्न हिस्सों में जमा पानी एवं कीचड़ को हटाने तथा जलजमाव वाले स्थानों को पोकलेन सहित अन्य मशीनों की सहायता से दुरुस्त करने का निर्देश दिया गया, ताकि छठवतियों एवं श्रद्धालुओं को आवागमन में परेशानी न हो।

गंगा में बाढ़ के कारण बांस घाट, पहलवान घाट सहित कुछ कच्चे घाटों पर कटाव की समस्या उत्पन्न हुई है। ऐसे स्थलों पर श्रद्धालुओं की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए नगर आयुक्त ने कटाव प्रभावित घाटों को चिति करने तथा आवश्यकतानुसार वैकल्पिक व्यवस्था के तहत तालाब निर्माण की तैयारी करने का निर्देश दिया ताकि श्रद्धालुओं को सुरक्षित स्थान पर अर्घ्य अर्पित करने की सुविधा उपलब्ध कराई जा सके।

निरीक्षण के दौरान अभियंताओं ने नगर आयुक्त को जानकारी दी कि इस वर्ष कलेक्ट्रेट घाट एवं महेंद्रू घाट के लिए अलग-अलग पहुंच पथ तैयार किए जा रहे हैं।

मुख्यमंत्री जीवंत लोकतंत्र के लिए आम जनों के हित में पदयात्रा करनी चाहिए, जिससे लोकतंत्र जीवंत रहे : एजाज अहमद

पटना (दैनिक नवसंदेश)। बिहार प्रदेश राष्ट्रीय जनता दल के प्रवक्ता एजाज अहमद ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी सत्ता के माध्यम से किस तरह से संस्थाओं का इस्तेमाल राजनीतिक हित के लिए और लोकतांत्रिक व्यवस्था को कमजोर करने के लिए कर रही है यह स्पष्ट रूप से सामने आ चुका है। देश स्तर चुनाव आयोग के माध्यम से किस तरह से देश के साढ़े तेरह करोड़ लोगों के वोट के अधिकार को छीनकर नागरिक अधिकार से वंचित किया गया है उसके संबंध में बताना चाहिए कि आखिर ज्ञानेश कुमार गुप्ता ने किसके इशारे देश के लोगों को वोटर लिस्ट से नाम विलोपित करके उन्हें नागरिकता के लिए ऑफिस ऑफिस का चक्कर लगाने के लिए मजबूर किया जा रहा है । और उन लोगो की बातें नहीं सुनी जा रही है। हद तो यह है कि माननीय सर्वोच्च न्यायालय के द्वारा मुख्य चुनाव आयुक्त और चुनाव आयोग को जो दिशा निर्देश एस आई आर के समय दिए गए थे उसका भी अनुपालन नहीं किया गया ।और भारतीय जनता पार्टी के अनुसार चुनाव आयोग ने वोट चोरी के माध्यम से लोकतंत्र और लोकतांत्रिक व्यवस्था को कमजोर करने का कार्य किया। और वोट चोरी करके बिहार, पश्चिम बंगाल और अन्य पांच राज्यों में भाजपा और एनडीए की सरकार बनवाई। एजाज ने कहा जिस तरह से लोकतंत्र को कमजोर करने वाली कार्रवाई केंद्र की भाजपा सरकार द्वारा की जा रही है उसके खिलाफ देश के लोगों में गुस्सा है और उसी गुस्से का प्रकटीकरण सड़कों पर दिख रहा है।



एजाज अहमद।

खबरें खास-खास

श्रेष्ठ की घातक गेंदबाजी, सीएबी सेमीफाइनल में

विमला देवी मेमोरियल इंटर स्कूल क्रिकेट टूर्नामेंट में श्रेष्ठ सुमन ने झटके चार विकेट, ट्रैम्फैंट सीसी ने भी अंतिम चार में बनाई जगह

पटना (दैनिक नवसंदेश)। श्रेष्ठ सुमन की घातक गेंदबाजी के दम पर क्रिकेट एकेडमी अफ बिहार (सीएबी) ने द्वितीय विमला देवी मेमोरियल इंटर स्कूल क्रिकेट टूर्नामेंट के चौथे क्वार्टरफाइनल में करुणा क्रिकेट एकेडमी को तीन विकेट से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। श्रेष्ठ ने पांच ओवर में 34 रन देकर चार विकेट चटकाए। वहीं, दिन के तीसरे क्वार्टरफाइनल में ट्रैम्फैंट सीसी ने रॉयल रुल्स को 14 रन से हराकर अंतिम चार में जगह बनाई।



श्रेष्ठ के चार विकेट से करुणा 129 पर सिमटी : सीएबी ग्राउंड पर बुधवार को खेले गए दूसरे मुकाबले में पहले बल्लेबाजी करते हुए करुणा क्रिकेट एकेडमी की टीम 20.2 ओवर में 129 रन पर अलआउट हो गई। सीएबी के श्रेष्ठ सुमन ने शानदार गेंदबाजी करते हुए चार बल्लेबाजों को पवेलियन भेजा। राहुल कुमार और शिवम सम्राट ने दो-दो विकेट हासिल किए।

लक्ष्य का पीछा करने उतरी सीएबी की टीम ने शिवम सम्राट की 57 रन की शानदार पारी और आर्यन सिन्हा के 22 रन की मदद से 19.4 ओवर में सात विकेट पर 130 रन बनाकर मुकाबला जीत लिया। अतिरिक्तके रूप में 26 रन मिले। करुणा की ओर से पांडेय कुमार ने दो, जबकि आयुष और आदित्य राज ने एक-एक विकेट लिया। शानदार गेंदबाजी के लिए श्रेष्ठ सुमन को प्लेयर अफ द मैच चुना गया।

ट्रैम्फैंट सीसी ने 14 रन से दर्ज की जीत : दिन के पहले मुकाबले में रयल रुल्स ने टस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया। ट्रैम्फैंट सीसी ने 21 ओवर में छह विकेट पर 139 रन बनाए। स्पर्श ने 35, आकर्ष राज ने 25 और अंश ने नाबाद 27 रन की पारी खेली। टीम को अतिरिक्तके रूप में 27 रन मिले। रॉयल रुल्स के मौर्य ने तीन और कुणाल ने दो विकेट लिए।

लक्ष्य का पीछा करने उतरी रयल रुल्स की टीम 20.1 ओवर में 125 रन पर सिमट गई। मौर्य ने 28, इशु राज ने 24 और आरजू नवाब खान ने 20 रन बनाए। ट्रैम्फैंट के प्रिंस राज ने तीन विकेट झटके, जबकि करन, आदर्श और शिव यादव को दो-दो सफलताएं मिलीं। प्रिंस राज को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।

चैम्बर द्वारा साइबर सिक्योरिटी पर संवाददात्मक सेमिनार का आयोजन

पटना (दैनिक नवसंदेश)। बिहार चैम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इण्डस्ट्रीज प्रांगण में सी॰डैक एवं बिहार पुलिस के साइबर क्राइम एंड सिक्यूरिटी यूनिट के सहयोग से साइबर सुरक्षा विषय पर एक संवाददात्मक सेमिनार का आयोजन किया गया जिसमें सदस्यों को साइबर सुरक्षा के बारे में विस्तार पूर्वक अवगत कराया गया। चैम्बर अध्यक्ष पी. के. अग्रवाल ने सी॰डैक एवं बिहार पुलिस के साइबर क्राइम एंड सिक्यूरिटी यूनिट के पदाधिकारियों का स्वागत करते हुए कहा कि साइबर सिक्योरिटी वर्तमान समय में काफी महत्वपूर्ण हो गया है क्योंकि आज के समय में प्रत्येक कार्य इलेक्ट्रोनिक माध्यम से हो रहा है और उसकी सुरक्षा हमलोग कैसे बनाए रखें इसकी जानकारी बहुत आवश्यक है । इसी उद्देश्य से आज के सेमिनार का आयोजन किया गया है । उन्होंने आगे बताया कि साइबर सिक्योरिटी एक प्रकार की सुरक्षा होती जिसका कार्य इंटरनेट से जुड़े डिजिटल डिवाइस के डाटा को सुरक्षा प्रदान करना होता है । इसके माध्यम से इंटरनेट पर हो रही गलत गतिविधियों को रोका जाता है जिससे कि आपका डाटा सुरक्षित रहे । यह सुरक्षा कंप्यूटर सर्वर मोबाइल और नेटवर्क को इंटरनेट पर होनेवाले साइबर हमलों से बचाता है । इस अवसर पर सी॰ डैक के अधिकारी साकेत कुमार झा एवं शैलेन्द्र प्रताप सिंह ने साइबर क्राइम के विभिन्न पहलुओं जैसे यूपीआई पेमेंट फ्रॉड, ओटीपी और केवाइसी फ्रॉड, डिजिटल आरेस्ट फिसिंग और फेक लिंक्स जब लोन इनवेस्टमें फ्रॉड सोशल मीडिया फ्रॉड आदि के बारे में विस्तृत जानकारी दी और इससे बचने के बारे में सलाह दी कि एक स्ट्रांग पासवार्ड बनाना है और अपने डिवाइस को अपडेट भी रखना है । किसी भी प्रकार का फिनानसियल ट्रांजेक्शन के लिए पब्लिक प्लेश पर स्थापित वाईफ़ाई का उपयोग नहीं करना है । फिशिंग से बचने के लिए किसी भी संदिग्ध ईमेल और व्हाटसऐप का जवाब नहीं देना है । अपने सेंसेटिव और पर्सनल डाटा को सोशल मीडिया पर डालने से बचना चाहिए । बिहार पुलिस के साइबर क्राइम एण्ड सिक्यूरिटी यूनिट के अधिकारी पुलिस उपाधीक्षक संजीत कुमार सिन्हा एवं पुलिस इंस्पेक्टर संजीव कुमार ने साइबर घटना होने के बाद तत्काल क्या करें , शिकायत कैसे और कहां दर्ज कराएं तथा आवश्यक साक्ष्य कैसे सुरक्षित रखें की जानकारी देते हुए बताया कि इस तरह के घटना होने पर तुरन्त डरना नहीं चाहिए और उस पर तुरन्त जवाब नहीं देना चाहिए । इसके बारे में वैरीफिकेशन करना चाहिए और चेक करना चाहिए कि इमेल या कान्टेक्टर नम्बर सहीं है या नहीं और किसी भी तरह का ओटीप और पासवर्ड एवं पीन को शेयर नहीं करना चाहिए । इस प्रकार की घटना होने पर तुरन्त 1930 पर या पोर्टल पर सूचना देते हुए साइबर थाना में केस दर्ज करना चाहिए जिससे कि ठगी की गई रकम को फ्रीज किया जाए ऐसी स्थिति में ठगी रकम वापस होने की संभावना अधिक होती है । सेमिनार में उपाध्यक्ष एन. के. ठाकुर एवं विशाल टेकरीवाल, कोषाध्यक्ष राजेश जैन, महामंत्री मुकेश कुमार जैन, आईटी सब कमिटी के चेयरमैन अखिलेश कुमार, प्रदीप चौरसिया, आशीश प्रसाद, पवन भगत, विकास कुमार, अजय गुप्ता, डा. रमेश गंधी, अशोक कुमार, मुकेश कुमार, बिनोद कुमार, एकेपी सिन्हा, सच्चिदानन्द, श्रवण गोयनका, के साथ-साथ काफी संख्या में उद्यमी एवं व्यवसायी सम्मिलित हुए । आईटी सब कमिटी के चेयरमैन अखिलेश कुमार के धन्यवाद ज्ञापन के उपरान्त सेमिनार का समापन हुआ ।



बिहार चैम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इण्डस्ट्रीज प्रांगण में सी॰डैक एवं बिहार पुलिस के साइबर क्राइम एंड सिक्यूरिटी यूनिट के सहयोग से साइबर सुरक्षा विषय पर एक संवाददात्मक सेमिनार का आयोजन किया गया।

जी. जे. कॉलेज, रामबाग, बिहटा में एफडीडीआई पटना का वाणिज्य के छात्रों के लिए विशेष करियर मार्गदर्शन कार्यक्रम हुआ आयोजित

बिहटा / पटना (दैनिक नवसंदेश)। स्थानीय जीज़े. कॉलेज, रामबाग, बिहटा (पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय की अंगीभूत इकाई, स्थापना - 1959) में भारत सरकार के वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के अधीन राष्ट्रीय महत्व के संस्थान 'फुटवियर डिजाइन एंड डेवलपमेंट इंस्टीट्यूट, पटना, मेगा इंडस्ट्रियल पार्क, बिहटा' के तत्वाधान में वाणिज्य के छात्रों के लिए एक विशेष करियर मार्गदर्शन सह संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम का नेतृत्व एफडीडीआई, पटना के कार्यकारी निदेशक नीरज कुमार' ने किया। उनके साथ संस्थान के वरिष्ठ अधिकारियों 'डा. आरक़े सिंह, गोल्डी आनंद, सुश्री श्रेया' सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

महाविद्यालय परिवार की ओर से प्राचार्य 'प्रो ड़ा अरविन्द कुमार सिन्हा' की अध्यक्षता में वाणिज्य अध्यक्ष 'डा. सकलदेव सिंह', हिन्दी अध्यक्ष सह बर्सर 'डा. मुकेश कुमार', 'डा. चन्द्र मोहन त्रिपाठी, डा. अरमान आलम, डा. लक्ष्मण साह, डा. प्रीति प्रसाद, डा. धीरेन्द्र कुमार' सहित सभी प्राध्यापकगण एवं वाणिज्य विषय के सैकड़ों विद्यार्थी उपस्थित रहे।

वाणिज्य के छात्रों के लिए अत्यंत लाभकारी : पदाधिकारियों ने बारी-बारी से छात्रों को बताया कि एफडीडीआई सिर्फ फुटवियर डिजाइन तक सीमित नहीं है, बल्कि यह वाणिज्य के छात्रों के लिए करियर का एक सुनहरा अवसर है।

1 'रिटेल एवं फैशन मर्चेंडाइजिंग : ' बीकाम के बाद छात्र एमबीए रिटेल एंड फैशन मर्चेंडाइज कर सकते हैं।

2 'कारपोरेट सेक्टर में सीधा प्रवेश : ' एफडीडीआई से पढ़ाई के बाद टाटा, बाटा, एडिडास, नाइकी, रिलायंस ट्रेंड्स, अजियो, मिंत्रा जैसी बड़ी कंपनियों में मैनेजर, मर्चेंडाइजर, बिजनेस डेवलपमेंट अफिसर के पद पर 100 प्रतिशत प्लेसमेंट।

3 'उद्यमिता का अवसर : ' छात्र अपना स्वयं का स्टार्टअप, ब्रांड, शोरूम और निर्यात का व्यवसाय शुरू कर सकते हैं, जिसमें भारत सरकार की मुद्रा योजना से सहायता मिलती है।

4 'अल्प अवधि के सर्टिफिकेट कोर्स' ग्रेजुएशन के साथ-साथ कम समय के प्रोफेशनल कोर्स कर छात्र अपनी आय बढ़ा सकते हैं।

एफडीडीआई अधिकारियों ने कहा कि एफडीडीआई अधिनियम 2017 के तहत यह संस्थान अब आईआईटी और आईआईएम की तरह ही राष्ट्रीय महत्व का संस्थान बन गया है, जिसकी डिग्री पूरे विश्व में मान्य है। बिहटा मेगा इंडस्ट्रियल पार्क में स्थित होने से यहाँ के छात्रों को लोकल इंडस्ट्री में इंटर्नशिप और ट्रेनिंग का विशेष लाभ मिलेगा।

'प्राचार्य ने कहा' कि इस तरह के आयोजन से ग्रामीण क्षेत्र के छात्र भी राष्ट्रीय स्तर की जानकारी प्राप्त कर रहे हैं। आयोजन को सफल बनाने में 'भौतिकी विभाग के ड़ धीरेन्द्र कुमार' का विशेष योगदान रहा, जिनके प्रयास से

संक्षिप्त खबरें

देश की एकता, अखंडता एवं राष्ट्रीय एकजुटता के प्रति जन-जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए यात्रियों का दल रवाना

राष्ट्रीय एकता दिवस के मद्देनजर जिला पदाधिकारी ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना



आरा (दैनिक नवसंदेश)। राष्ट्रीय एकता दिवस के मद्देनजर जिला पदाधिकारी मनेश कुमार मीणा द्वारा भोजपुर से यात्रियों के दल को स्टैचू ऑफ यूनिटी, केवड़िया (गुजरात) के लिए हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस यात्रा का उद्देश्य देश की एकता, अखंडता एवं राष्ट्रीय एकजुटता के प्रति जन-जागरूकता को बढ़ावा देना तथा लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल के योगदान, आदर्शों एवं राष्ट्र निर्माण में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका से लोगों को परिचित कराना है। स्टैचू ऑफ यूनिटी सरदार वल्लभभाई पटेल के प्रति कृतज्ञता का प्रतीक है, जो देश की एकता एवं अखंडता के संकल्प को सुदृढ़ करता है। इस मौके पर जिला पदाधिकारी ने राष्ट्रीय एकता, आपसी सौहार्द एवं देश की विविधता में एकता की भावना को मजबूत बनाने का संदेश दिया तथा यात्रियों के दल को शुभकामनाओं के साथ रवाना किया। कार्यक्रम में डीडीसी, प्रभारी पदाधिकारी, सामान्य शाखा, कला एवं संस्कृति पदाधिकारी, जिला मत्स्य प्रसार पदाधिकारी, जिला परियोजना पदाधिकारी, नमामि गंगे सहित अन्य वरीय पदाधिकारी उपस्थित रहें।

पावर ग्रिड ने सतर्कता जागरूकता सप्ताह का किया शुभारंभ



आरा (दैनिक नवसंदेश)। पावर ग्रिड कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया, आरा की ओर से बुधवार को सतर्कता जागरूकता सप्ताह का शुभारंभ हुआ। इस दौरान वीर कुंवर सिंह स्टेडियम गेट के पास आरा रंगमंच के कलाकारों के द्वारा ह्यह्यभ्रष्टाचारह्यह्य विषय पर नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत कर लोगों को भ्रष्टाचार के प्रति जागरूक किया। अंत में सतर्कता रथ को मुख्य अतिथि द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। मुख्य अतिथि पावर ग्रिड के उप महाप्रबंधक मो. नदीम अल्ताफ और विशिष्ट अतिथि आरा रंगमंच के महासचिव व रंगकर्मी अशोक मानव थे। संचालन पावर ग्रिड के शैलेन्द्र सिंह और धन्यवाद ज्ञापन रंगकर्मी अनिल तिवारी (दीपू) ने किया। नाटक के प्रमुख कलाकारों में डॉ. अनिल सिंह, संजय पाल, सारिका पाठक, आरती वर्मा, अंजनी शर्मा, लाडू भोपाली, करन कुमार थे। नुक्कड़ नाटक के माध्यम से कलाकारों ने भ्रष्टाचार के दुष्परिणामों को उजागर करते हुए लोगों से ईमानदारी, पारदर्शिता और सतर्कता अपनाने की अपील की। कार्यक्रम का उद्देश्य आम लोगों में भ्रष्टाचार के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा इसके उन्मूलन के लिए सामूहिक जिम्मेदारी का भाव विकसित करना था। अवसर पर पावर ग्रिड के जे.ई. बिजय कुमार, रंगकर्मी साहेब लाल, आलोक कुमार, गोरख मिश्रा अधिवक्ता सुनील कुमार श्रीवास्तव, अनिल त्रिपाठी उपस्थित रहें।

नारायणपुर पंचायत में सहयोग शिविर में पडे कुल 60 आवेदन

अगिआंव (दैनिक नवसंदेश)। नारायणपुर पंचायत में सबका सम्मान-जीवन आसान कार्यक्रम के तहत सहयोग शिविर का आयोजन किया गया। यहां आयोजित इन शिविरों में काफी संख्या में लोग अपनी समस्या के निदान के लिए पहुंचे थे। इस दौरान इन शिविरों मेंअलग-अलग विभागों से संबंधित कुल 60 से भी अधिक आवेदन प्राप्त हुए। आयोजित सहयोग शिविर में सामाजिक सुरक्षा पेंशन, दाखिल खारिज, भूमि स्वामित्व प्रमाण पत्र के अलावे कृषि, शिक्षा,स्वास्थ्य, बिजली सहित कई अन्य मामलों से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए। शिविर में उपसमाहर्ता आपदा पंचायत मुखिया भूपेंद्र सिंह यादव, प्रखंड विकास पदाधिकारी अर्चना कुमारी आपूर्ति पदाधिकारी प्रखंड सांख्यिकी पदाधिकारी लेखपाल स्वच्छता पर्यवेक्षक राकेश कुमार पंचायत रोजगार सेवक समेत उपस्थित थे।

ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत, घर में मचा कोहराम

आरा (दैनिक नवसंदेश)। दानापुर-पीडीडीयू रेलखंड पर आरा जंक्शन के प्लेटफार्म नंबर एक के समीप डाउन लाइन पर मंगलवार की देर शाम ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत हो गई। घटना को लेकर लोगों के बीच अफरा-तफरी का आलम रहा। जानकारी के अनुसार मृतक चांदी थाना क्षेत्र के जोकटा वार्ड नंबर-2 निवासी चंदेश्वर सिंह का 35 वर्षीय पुत्र प्रमोद सिंह है। वह गुजरात के सूरत स्थित साड़ी के कंपनी में काम करता था। इधर, मृतक के बेटे सुजीत कुमार ने बताया कि वह रविवार को सूरत से ट्रेन द्वारा आरा आ रहे थे। उनके पॉकेट से मिले नंबर के माध्यम से रेल पुलिस द्वारा फोन कर इसकी जानकारी परिजनों को दी गई। बताया जाता है कि मृतक अपने चार भाई व एक बहन में तीसरे स्थान पर था। उसके परिवार में पत्नी कांति देवी व एक पुत्री सुरुचि कुमारी एवं में पुत्र सुजीत कुमार है।

लोहई गांव के जयप्रकाश बने सेना में जेसीओ



पीरो (दैनिक नवसंदेश)। पीरो प्रखंड के लोहई गांव निवासी संतोष कुमार सिंह व सुषमा देवी के पुत्र जयप्रकाश के सेना में जेसीओ बनने पर परिवार के साथ साथ पूरे गांव में जश्न का माहौल देखा गया। बताया जा रहा है कि पहली बार गांव के किसी युवा का सेना में महत्वपूर्ण पद पर चयन हुआ है। जेसीओ पद पर चयन के पश्चात बुधवार को गांव पहुंचने पर जयप्रकाश का ढोल-नगाडे के साथ गर्मजोशी से स्वागत किया गया। जयप्रकाश का सेना के महत्वपूर्ण पद पर चयन इसलिए भी मायने रखता है क्योकि उन्होंने गांव से ही अपनी शिक्षा पूरी है। जयप्रकाश एमडीजे स्कूल लोहई के छात्र रहे हैं। जयप्रकाश की इस सफलता पर पूरे गांव के लोग गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं। एयार पंचायत के मुखिया द्रवी देवी, श्रीनाथ प्रसाद, एमडीजे स्कूल के निदेशक नंदकिशोर सिंह सहित कई अन्य लोगों ने जयप्रकाश को बधाई दी है।

धनबल व बाहुबल को जनता ने नकाराः मनोज उपाध्याय



पीरा (दैनिक नवसंदेश)। विधान परिषद चुनाव में जदयू प्रवक्ता नीरज कुमार की जीत पर उन्हें बधाई देते हुए भोजपुर बक्सर स्थानीय प्राधिकार क्षेत्र से एमएलसी प्रत्याशी रहे जनता दल यू के पूर्व प्रदेश महासचिव मनोज उपाध्याय ने कहा कि अब धनबल बाहुबल को प्रदेश की जनता नकार चुकी है। नीरज कुमार की जीत ने यह सिद्ध कर दिया कि ना तो किसी प्रबुद्ध मतदाता को डरा धमका कर उनका मत लिया जा सकता है ना ही पैसों के बूते उन्हें खरीदा जा सकता है।प्रदेश में आज भी एनडीए के पक्ष में लोग गोलबंद है विशेषकर नीरज कुमार जैसे विशुद्ध राजनैतिक कार्यकर्ता की जीत लोकतंत्र को जिंदा रखने के लिए निहायत जरूरी था। कोरोना जैसे महामारी में जहाँ कई राजनेता व धनाढ्य लोग घरों में दुबके रहते थे वैसे में नीरज कुमार अपनी जान की परवाह किए बगैर हजारों लोगों को अस्पताल में भर्ती कराने में तल्लीन थे। अपनी जान की परवाह किए बगैर कोरोना काल में भी वे प्रतिदिन यानी साल के तीन सौ पैसठों दिन जिस तरीके से वे वातानुकूलित कमरे से बाहर कुर्सी निकाल सुबह आठ बजे से दर्जनों लोगों से मिलने का क्रम जारी रखे और सबका भला किया वह आम जनता का आशीर्वाद ही है की आज उन्हें विजय श्री मिली। श्री उपाध्याय ने जदयू से संबंधित एक प्रश्न के जवाब में कहा कि दल से भले उनका निष्कासन हुआ है लेकिन दल आज भी उनके दिल में है। उन्होंने स्पष्ट किया की लोकतंत्र में सभी को चुनाव लड़ने का अधिकार है। इस अधिकार के तहत वे भी चुनाव लडे लेकिन कभी संगठन की या दल के नेताओं के प्रति आपत्तिजनक टिप्पणी या बुरा भला नहीं कहा। केंद्रीय मंत्री ललन सिंह से अपने संबंधों के बारे में उन्होंने कहा कि ललन बाबू मेरे अभिभावक हैं।

प्रेस क्लब का भव्य उद्घाटन, पत्रकारिता को मिला नया मंच

एसडीपीओ ने कहा - लोकतंत्र के चैथे स्तंभ की भूमिका समाज के लिए बेहद महत्वपूर्ण



कोइलवर (दैनिक नवसंदेश)। प्रखंड क्षेत्र में पत्रकारिता को संगठित, सशक्त और नई दिशा देने की पहल के तहत बुधवार को कपिलदेव चैक के समीप प्रेस क्लब कोईलवर का विधिवत उद्घाटन किया गया। सदर एसडीपीओ-2 रणजीत कुमार सिंह एवं राजस्व अधिकारी राजभूषण सिंह ने संयुक्त रूप से फीता काटकर प्रेस क्लब का उद्घाटन किया। इसके बाद नारियल फोड़कर विधिवत कार्यालय में प्रवेश किया गया। इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों, पुलिस पदाधिकारियों, प्रशासनिक अधिकारियों और पत्रकारों की उपस्थिति ने कार्यक्रम को खास बना दिया। प्रेस क्लब के उद्घाटन से स्थानीय पत्रकारों को एक साझा मंच उपलब्ध हुआ है, जहां वे आपसी विचार-विमर्श, जनसमस्याओं के संकलन और जनहित से जुड़े मुद्दों को प्रभावी ढंग से उठाने की दिशा में काम कर सकेंगे। कार्यक्रम के दौरान पत्रकारिता की सामाजिक जिम्मेदारी, निष्पक्ष समाचार संकलन और प्रशासन एवं आम जनता के बीच संवाद को मजबूत बनाने पर विशेष जोर दिया गया। उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए सदर एसडीपीओ-2 रणजीत कुमार सिंह ने कहा कि मीडिया लोकतंत्र का चैथा स्तंभ है। समाज में पत्रकारों की भूमिका केवल घटनाओं की जानकारी देने तक सीमित नहीं है, बल्कि जनता की आवाज को बुलंद करना, जनसमस्याओं को सामने लाना और व्यवस्था को उसकी जिम्मेदारियों के प्रति सजग बनाना भी पत्रकारिता का महत्वपूर्ण दायित्व है। एक जिम्मेदार पत्रकार समाज में जागरूकता पैदा करता है और प्रशासन तथा आम जनता के बीच सेतु का काम करता है। उन्होंने कहा कि पत्रकारिता की असली ताकत उसकी निष्पक्षता, निर्भीकता और विश्वसनीयता में निहित है। एसडीपीओ ने कहा कि सदर अनुमंडल-2 के गठन के दो वर्ष बाद प्रेस क्लब कोईलवर के उद्घाटन का अवसर मिलना उनके लिए प्रसन्नता की बात है। उन्होंने उम्मीद जताई कि प्रेस क्लब के माध्यम से क्षेत्र में स्वस्थ, निष्पक्ष और जनोन्मुख पत्रकारिता को बढ़ावा मिलेगा। पत्रकार आपसी समन्वय और सहयोग के साथ समाज की वास्तविक समस्याओं को सामने लाएंगे तथा जनहित के मुद्दों को प्राथमिकता देंगे। उन्होंने यह भी कहा कि पत्रकार और प्रशासन दोनों की अपनी-अपनी महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां हैं। मौके पर अध्यक्ष संजीत रजक, चांदी थानाध्यक्ष सुनीत कुमार सिंह, थानाध्यक्ष सुशांत कुमार मंडल, थानाध्यक्ष सुभाष कुमार मंडल, कुल्हड़िया के उपमुखिया सुरेंद्र कुमार सिंह, पूर्व मुखिया सुरेंद्र यादव, राष्ट्रीय लोक मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष जागा कुशवाहा, मिथिलेश राय तथा भाजपा युवा जिला उपाध्यक्ष राकेश शर्मा वीरमन्यु यादव एवं पत्रकारों में आमोद कुमार, दीपक सिंह, नीरज कुमार, कृष्ण कुमार रंजन, दीपक गुप्ता, आलोक कुमार और अश्विनी कुमार पिंटू आदि थे।

प्राकृतिक खेती से घटेगी लागत, बढ़ेगी मिट्टी की उर्वरा शक्ति



शाहपुर (दैनिक नवसंदेश)। प्रखंड क्षेत्र में किसानों को प्राकृतिक खेती के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से ई. किसान भवन में रबी महाभियान के तहत प्रशिक्षण सह उपादान वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन बीडीओ शत्रुंजय कुमार सिंह, आत्मा के उपनिदेशक राणा राजीव रंजन, बीएओ देवानंद रजक, बीस सूत्री अध्यक्ष अंकित पांडे द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम कृषि समन्वयकों के माध्यम से किसानों को कृषि विभाग की विभिन्न योजनाओं और आधुनिक खेती की तकनीकों की जानकारी दी गई। इस दौरान मिट्टी की जांच, प्राकृतिक खेती और अनुदानित दर पर बीज उपलब्ध कराने वाली योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया गया। आत्मा के उप निदेशक राणा राजीव रंजन ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि मिट्टी की जांच के आधार पर ही संतुलित मात्रा में उर्वरकों का प्रयोग करना चाहिए। इससे मिट्टी की उर्वरा शक्ति बनी रहती है और खेती की लागत कम करने में मदद मिलती है। प्राकृतिक खेती अपनाकर किसान रासायनिक उर्वरकों पर निर्भरता कम कर सकते हैं और कम लागत में बेहतर उत्पादन प्राप्त कर सकते हैं। चैपाल में बीएओ देवानंद रजक ने किसानों को रबी फसलों की बुआई, उन्नत कृषि तकनीकों को अपनाने और सरकारी कृषि योजनाओं का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया गया। साथ ही अनुदानित दर पर बीज प्राप्त करने की प्रक्रिया की जानकारी भी दी गई। बीडीओ शत्रुंजय कुमार सिंह ने किसानों से अपील किया कि वे मिट्टी के स्वास्थ्य को ध्यान में रखकर खेती करें तथा कृषि विशेषज्ञों की सलाह के अनुसार खाद और उर्वरकों का उपयोग करें। संबोधित करने वाले पूर्व आत्मा अध्यक्ष उमेश चंद्र पांडे,रबींद्र ओझा, बीस सूत्री अध्यक्ष अंकित पांडे, पैक्स अध्यक्ष कृष्ण कुमार ने कहा कि कम लागत व अधिक लाभ देने वाले फसलों को लगाए। कार्यक्रम में समन्वयक प्रशांत पांडे, राजीव सैनी, अखिलेश ओझा, बंटी पांडे, तकनीकी सहायक नीतीश कुमार, विश्वकर्मा प्रसाद, रविभूषण सहित सभी समन्वयक व किसान सलाहकार उपस्थित रहे।

बिजली चोरी के आरोप में दो लोगों पर प्राथमिकी, 7.62 लाख रुपये का जुर्माना

करनामेपुर में विद्युत विभाग की छापेमारी, अवैध कनेक्शन से बिजली जलाने का मामला



शाहपुर (दैनिक नवसंदेश)। विद्युत ऊर्जा चोरी के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत विद्युत विभाग की टीम ने करनामेपुर थाना क्षेत्र में छापेमारी कर दो लोगों को बिजली चोरी करते पकड़ा है। दोनों के विरुद्ध विद्युत अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज करने के लिए आवेदन दिया गया है। विभाग ने दोनों मामलों में कुल 7 लाख 62 हजार 676 रुपये का राजस्व नुकसान आकलित किया है। विद्युत आपूर्ति अवर प्रमंडल जगदीशपुर के सहायक विद्युत अभियंता नवीन कुमार के नेतृत्व में 27 अक्टूबर को गठित छापेमारी दल ने कार्रवाई की। टीम में कनीय विद्युत अभियंता पवन कुमार राय, तकनीशियन एवं मानवबल के कर्मी शामिल थे। यहां शंकरनाथ यादव के घरेलू परिसर में जांच के दौरान मीटर बाइपास कर बिजली का उपयोग किए जाने का मामला सामने आया। आरोप है कि मीटर से पहले सर्विस तार को आंशिक रूप से काटकर विद्युत ऊर्जा की चोरी की जा रही थी। इस मामले में विभाग ने 3 लाख 30 हजार 816 रुपये की राजस्व क्षति का आकलन किया है। वहीं दूसरी कार्रवाई करनामेपुर बाजार स्थित एक व्यावसायिक परिसर में की गई। विभाग के अनुसार, इस मामले में 4 लाख 32 हजार 360 रुपये की राजस्व क्षति हुई है। विद्युत विभाग ने दोनों मामलों में विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 135 के तहत कार्रवाई की अनुशंसा की है। आवेदन के आधार पर करनामेपुर थाने में 28 अक्टूबर को कांड संख्या 96/26 दर्ज किया गया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

एटीएम से पैसा निकालकर घर लौट रहे आठवीं के छात्र की पीट-पीटकर हत्या, सनसनी



आरा (दैनिक नवसंदेश)। जिले के तरारी थाना क्षेत्र के करथ गांव के समीप मंगलवार की शाम एटीएम से पैसा निकाल कर घर लौट रहे आठवीं के छात्र की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। उसका शव बुधवार की सुबह थाना क्षेत्र के करथ गांव स्थित बिरहर करहा के पास से बरामद हुआ। मृतक के बाएं ललाट, आंख के ऊपर जख्म का निशान एवं जीभ बाहर निकला हुआ पाया गया। जानकारी के अनुसार मृतक तरारी थाना क्षेत्र के दुर्गपुर गांव निवासी सत्येंद्र सिंह उर्फ अलगू का 14 वर्षीय पुत्र मोहित राज है। वह वर्ग आठवीं का छात्र था। इधर, मृत किशोर के पिता सत्येंद्र सिंह उर्फ अलगू ने बताया कि मंगलवार की शाम सात बजे करथ गांव स्थित एटीएम में पैसा निकालने गया था। एटीएम से उसने छह हजार की निकासी की और वापस घर लौट रहा था। तभी गांव के ही दो युवकों ने उसे पैसा निकालते हुए देख लिया और उसका पीछा करते हुए उसे दबोच लिया। उसके बाद उन्होंने पीट-पीटकर उसकी हत्या कर दी। देर शाम जब घर वापस नहीं लौटा तो, परिजनों ने खोजबीन की। लेकिन कुछ पता नहीं चल सका। इसी बीच बुधवार की सुबह करथ गांव स्थित बिरहर करहा के पास से उसका शव बरामद हुआ। सूचना पाकर परिजन एवं स्थानीय थाना घटनास्थल पर पहुंची। इसके पश्चात पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम सदर अस्पताल में करवाया। वहीं दूसरी तरफ मृत किशोर के पिता सत्येंद्र सिंह उर्फ अलगू ने गांव के ही अशोक एवं उसके साथ रहे युवक पर पैसे की लालच को लेकर अपने पुत्र की पीट-पीटकर हत्या करने का आरोप लगाया है।

विहंगम योग संत समाज द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन



आरा (दैनिक नवसंदेश)। विहंगम योग संत समाज आरा के तत्वाधान में अखिल भारतीय विहंगम योग संस्थान के द्वारा सुपूज्य संत प्रवर श्री विज्ञान देव जी महाराज के जन्मोत्सव के अवसर पर रक्तदान शिविर का आयोजन रेड क्रॉस सोसाइटी में हुआ। इस अवसर पर 50 यूनिट से ऊपर रक्तदान का लक्ष्य निर्धारित था, जो संपूर्ण हुआ। विहंगम योग का निष्कर्ष है कि संपूर्ण विश्व के मानवता का कल्याण संस्थान न केवल आध्यात्मिक मार्ग को प्रशस्त कर करता है, बल्कि सामाजिक कल्याण को जो मानव मात्र के कल्याण के लिए है उसके लिए भी तत्पर रहता है। संपूर्ण विश्व के जनमानस का कल्याण हो, सबका संपूर्ण विकास हो, इस प्रार्थना के साथ सभी विहंगम ज्ञान धारा से जुड़कर स्वयं का और समाज का दोनों का कल्याण करें। सतगुरु देव जी से यही प्रार्थना है कि आज के रक्तदान शिविर के माध्यम से इस अवसर पर यह संकल्प पूरा हो। इस अवसर पर संस्थान के महामंत्री भूपेंद्र राय, सचिव विजय पांडे, उप सचिव योगेंद्र सिंह, संयोजिका रीना गुप्ता, प्रभावती देवी, युवा संयोजक जयधीर सिंह, आशीष कुमार, राजवंशजी, कंचन तिवारी, उमेश पांडेय, शिव शंकर सिंह एवं सैकड़ो भाई बहन के साथ जिला संयोजक कृष्णा प्रसाद, दिनेश पाल की उपस्थिति रही। संचालन एवं व्यवस्था रेड क्रॉस की सचिव डॉ. विभा कुमारी के द्वारा की गई। अवसर पर रेडक्रॉस के संरक्षक एवं रक्तदान समिति के अध्यक्ष डॉ. दिनेश प्रसाद सिन्हा, उप संरक्षक सरफराज अहमद खान, डॉ. वीरेंद्र प्रसाद सिंह चिकित्सा प्रभारी, एवं अन्य सदस्यों की उपस्थिति भी रही। मौके पर गोरख प्रसाद, उमेश पांडेय, कृष्ण प्रसाद, शिव शंकर सिंह, पंकज पांडेय, आदर्श राज चैबे, मिथिलेश कुमार, नीलम देवी, रवि शंकर पांडेय, शीला साह, आशीष कुमार रंजन, जयधीर कुमार, अंकित तिवारी, ऋतुराज, रणधीर कुमार सिंह, दिनेश पाल, पूजा देवी, रजनीश कुमार, आलोक कुमार, रेखा देवी, शिवकेश्वर पंडित, मयंक कुमार पांडेय, अभय कुमार सिंह, बलिराज सिंह, शमशेर बहादुर सिंह, अरविंद कुमार, हीरालाल, कुंती रानी शर्मा, मनजीत कुमार सिंह, अरुण कुमार चैबे, पवन कुमार पांडे, अर्चना कुमार, अमित कुमार सिंह, प्रशांत कुमार आदि थे।

पिता-पुत्र, पति-पत्नी एवं भाई-भाई के रिश्ते को प्रगाढ़ बनता है भगवान राम का चरित्र : डॉ.अर्चना सिंह

आरा/उदवंतनगर (दैनिक नवसंदेश)। उदवंतनगर प्रखंड के कारीसाथ गांव स्थित शिव देवी हनुमत धाम में चल रहे भव्य श्री रामलीला महोत्सव के चैथे दिन मंगलवार को श्री परशुराम लक्ष्मण संवाद एवं श्री राम सीता विवाह का मंचन हुआ। इसके पहले कार्यक्रम का शुभारंभ प्रभु श्री राम की आरती से हुआ। इस दौरान आरा नगर रामलीला समिति ट्रस्ट की अध्यक्ष डॉ. अर्चना सिंह, कोषाध्यक्ष कर्नल राणा प्रताप सिंह, नगर रामलीला समिति ट्रस्ट के उपाध्यक्ष सह श्री रामनवमी शोभायात्रा महोत्सव के संयोजक शंभू प्रसाद चैरसिया, समाजसेवी सूरजभान सिंह, नगर रामलीला समिति ट्रस्ट के अवधेश कुमार पांडेय, डॉ. कृष्ण कुमार, सनातनी गंगा फाउंडेशन के कार्यकारिणी सदस्य राम अनुज सिंह, त्रेता सवालिया सिंह समेत अन्य लोगों ने प्रभु श्रीराम का आरती कर किया। इस मौके पर आरा नगर रामलीला समिति ट्रस्ट की अध्यक्ष डॉ. अर्चना सिंह ने कहा कि मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान राम के चरित्र को आज के दौर में आत्मसात करने की जरूरत है। प्रभु श्री राम की जीवनी पिता-पुत्र, पति-पत्नी, भाई-भाई के संबंधों को और प्रगाढ़ बनता है, उन्होंने कहा कि जब हम जन्म लेते हैं, उस समय भी प्रभु श्री राम का नाम लिया जाता है और जब हमारा यह नश्वर शरीर पंचतत्व में विलीन हो जाता है, उस समय भी हम भगवान राम के नाम को लेते हैं। यानि राम का नाम ही सत्य है। समाजसेवी सूरजभान सिंह ने रामायण के कई प्रसंगों की चर्चा करते हुए कहा कि आप कभी भी भगवान राम का नाम ले सकते हैं। नगर रामलीला समिति ट्रस्ट के उपाध्यक्ष सह श्री रामनवमी शोभा यात्रा के महोत्सव के संयोजक शंभू प्रसाद चैरसिया ने कहा आज के दौर में लोग पाश्चात्य संस्कृति की ओर जा रहे हैं। ऐसे में यूपी के काशी (बनारस) से आई रामलीला मंडली लोगों को अपने सनातन संस्कृति के प्रति जोड़ने का काम कर रही है। नगर रामलीला समिति ट्रस्ट के अवधेश कुमार पांडेय ने कहा कि प्रभु श्री राम का नाम से ही आपका सारे कार्य पूर्ण हो जाएंगे। यहां के उपस्थित जनसमूह को देखने से यह पता चलता है कि भगवान के प्रति लोगों को कितनी श्रद्धा है। नगर रामलीला समिति ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष कर्नल राणा प्रताप सिंह ने कहा कि नगर रामलीला समिति ट्रस्ट द्वारा आने वाले समय में शहर के आसपास के गांव में रामलीला का मंचन कराया जाएगा, ताकि गांव के लोग प्रभु श्री राम के चरित्र को अपनाने और अपने सनातन संस्कृति के प्रति समर्पित रहे। रामलीला के मंचन के पूर्व नगर रामलीला समिति ट्रस्ट की अध्यक्ष डॉ. अर्चना सिंह, सुरजभान सिंह समेत अन्य अतिथियों को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। रामलीला के चैथे दिन श्री परशुराम लक्ष्मण संवाद एवं श्री राम-सीता विवाह का मंचन हुआ। इस मौके पर कारीसाथ एवं आसपास के गांव के भारी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

नगर रामलीला समिति ट्रस्ट चला गांव की ओर-कर्नल राणा प्रताप

रामलीला के चैथे दिन परशुराम लक्ष्मण संवाद एवं श्री राम-सीता विवाह का हुआ मंचन

प्रभु श्री राम के नाम मात्र से ही आपका कल्याण संभव-सूरजभान सिंह



रबी महाअभियान के तहत प्रखंड स्तरीय कार्यशाला का आयोजन

पीरो (दैनिक नवसंदेश)। वासंतिक (रबी) महाअभियान 2026 अंतर्गत प्रखंड स्तरीय कार्यशाला का विधिवत आयोजन किया गया। पीरो अनुमंडल मुख्यालय स्थित ई-किसान भवन में आयोजित कार्यशाला का उद्घाटन आत्मा के प्रबंध निदेशक सोमपाल, अनुमंडल कृषि पदाधिकारी पवन कुमार, कृषि वैज्ञानिक डा. अनिल कुमार, आत्मा के प्रखंड अध्यक्ष वकील चैधरी व प्रखंड



कृषि पदाधिकारी सतीश मौर्य ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यशाला में किसानों को आगामी रबी मौसम में बोई जाने वाली फसलों की वैज्ञानिक एवं तकनीकी जानकारी दी गई। इसके अलावे कृषि विभाग के अधिकारियों द्वारा किसानों को बीज वितरण की विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही कृषि वैज्ञानिक अनिल कुमार द्वारा जैविक खेती, मिट्टी जांच, यंत्रीकरण, बीज उपचार, रोग एवं कीट प्रबंधन के बारे में विस्तार से बताया गया। मौके पर प्रखंड के विभिन्न गांवों से आए बड़ी संख्या में किसान मौजूद थे।

संक्षिप्त खबरें

अनियंत्रित टेंपो के पलटने से सवार समस्तीपुर युवक की मौत व बीमार महिला जख्मी

बहेड़ी (एनएसबी)। थाना क्षेत्र के बांदा चौक पर मंगलवार रात अनियंत्रित टेंपो पलटने से युवक की मौत हो गई एवं बीमार महिला जख्मी हो गई। टेंपो चालक गाड़ी छोड़ फरार हो गया। स्थानीय लोग दौड़ कर आया एवं दोनों को उठाकर पीएचसी ले गए डॉक्टर ने युवक को मौत घोषित कर दिया। वह युवक शिवाजी नगर थाना क्षेत्र के रढियार कोच्चि वार्ड नंबर 10 निवासी ढोरिराय सहनी के पुत्र श्री राम सहनी 18 वर्ष थे। जबकि मृत का ग्रामीण महिला राम परी देवी उम्र 50 साल को बेहतर इलाज के लिए डीएमसीएच भेज दिया गया। बहेरी थाना पुलिस ने लाश को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। आज पोस्टमार्टम होकर लाश उनके परिजनों को सौंप दिया गया है।

सड़क पर अतिक्रमण से आवागमन बाधित अंचलाधिकारी से कारवाई की गुहार

तारडीह (एनएसबी)। शेरपुर नारायणपुर पंचायत अंतर्गत नारायणपुर गांव में सार्वजनिक सड़क के अतिक्रमण का मामला सामने आया है। इसको लेकर 38 ग्रामीणों ने अंचलाधिकारी को आवेदन देकर उक्त सड़क की जांच कर अतिक्रमण मुक्त कराने की मांग की है। दिए आवेदन में बलराम सिंह,ललन सिंह, सुजीत राम, विदेश्वर राम, रीना कुमारी, मनीष कुमार, अर्जुन सिंह, मोहन कुमार सिंह सहित दर्जनों ग्रामीणों ने कहा है कि ग्राम-नारायणपुर, थाना-362, खाता संख्या-517, खेसरा-2096, 1958 सहित अन्य खेसरा में स्थित सड़क जो पटेल हाई स्कूल, नारायणपुर से एम०के०एस० मॉडर्न इंग्लिश स्कूल तक जाती है, पर कुछ व्यक्तियों द्वारा अवैध कब्जा कर लिया गया है।खतियान के अनुसार सड़क की चौड़ाई 18, 20, 27, 29 से 49 फीट तक है, लेकिन अतिक्रमण के कारण सड़क की चौड़ाई काफी कम हो गई है। इससे आम ग्रामीणों को आवागमन में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। स्थिति ऐसी है कि यदि सड़क पर कोई छोटा वाहन या दोपहिया वाहन आ जाये तो जाम लग जाता है। इसलिए संबंधित सड़क का सीमांकन कर अतिक्रमण मुक्त किया जाये। आवेदन के साथ सड़क का खतियान एवं नक्शा भी संलग्न किया गया है।इस आवेदन की प्रतिलिपि जिला पदाधिकारी दरभंगा, थाना अध्यक्ष सकतपुर, अनुमंडल पदाधिकारी सदर दरभंगा एवं भूमि सुधार उप समाहर्ता दरभंगा को भी भेजी गई है।

छोटे भाई ने नशेड़ी बड़े भाई को कराया पुलिस के हवाले

सिंहवाड़ा (एनएसबी)। स्थानीय थानाक्षेत्र के भवानीपुर में नशे की हालत मे घर में हंगामा कर रहे एक युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। छोटे भाई की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने बड़े भाई हिरासत में ले लिया। भवानीपुर के गणपति चौक निवासी रवि कुमार यादव ने इस मामले मे सिंहवाड़ा थाना मे लिखित आवेदन दिया है। उसने पुलिस को बताया कि 27 अक्टूबर की रात वह अपने घर पर बैठा था। इसी दौरान उसका बड़ा भाई अजय यादव कहीं से शराब पीकर घर आया और हल्ला-हंगामा करने लगा। समझाने पर भी जब वह नहीं माना तो छोटे भाई ने डायल-112 पर पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने अजय यादव से पूछताछ कर उसे अपने साथ पुलिस गाड़ी में बैठाकर थाना ले गई। जांच में शराब पीने की पुष्टि होने पर उसे गिरफ्तार कर लिया । प्रभारी थानाध्यक्ष कमलेश कुमार मिश्रा ने बताया कि आरोपी को न्यायिक हिरासत मे भेजा जा रहा है।

मछैता में सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा शुरू कलश यात्रा से भक्तिमय हुआ माहौल



कार्यक्रम में भाग लेते श्रद्धालु।

तारडीह (एनएसबी)। प्रखंड क्षेत्र के मछेता गांव में बुधवार को धार्मिक अनुष्ठान के साथ सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ हुआ। आयोजन को लेकर गांव में सुबह से ही उत्साह का माहौल रहा। वैदिक मंत्रोच्चार के बीच निकाली गई कलश शोभायात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया।सेवानिवृत्त शिक्षक सियाराम झा के आवास पर आयोजित कथा के प्रथम दिन श्रद्धालुओं की सक्रिय भागीदारी देखने को मिली। कलश यात्रा का नेतृत्व लगमा ब्रह्मचर्य आश्रम के महंत बौआ भगवान ने किया। यात्रा गांव से निकलकर कमला नदी के तट पर पहुंची, जहां आचार्य कुंदन झा के निर्देशन में वैदिक रीति-रिवाज के साथ कलश में जल भरा गया। इसके बाद श्रद्धालु कलश लेकर कथा स्थल पहुंचे।आयोजन के दौरान धार्मिक मंत्रों और भक्ति गीतों से वातावरण भक्तिमय बना रहा। सात दिनों तक चलने वाले इस धार्मिक कार्यक्रम में आचार्य राधेश्याम जी महाराज श्रद्धालुओं को श्रीमद्भागवत की महिमा, भगवान की लीलाओं और भक्ति के महत्व से अवगत कराएंगे।आयोजकों के अनुसार, कथा के माध्यम से श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक ज्ञान प्राप्त करने का अवसर मिलेगा। आयोजन को लेकर स्थानीय लोगों में खासा उत्साह है। कथा के आगामी दिनों में भी बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के जुटने की उम्मीद है।

बाइक के आमने सामने की टक्कर में तीन जख्मी

सिंहवाड़ा (एनएसबी)। अतरवेल भरवाड़ा एसएच पर सिंहवाड़ा थाना के समीप दो बाइक की आमने-सामने की टक्कर में तीन सवार घायल हो गए। घायल गौरीनाथ ब्रह्मपुरा प्लस टू हाई स्कूल के शिक्षक संत कुमार झा एवं यशवंत कुमार एवं दूसरे बाइक पर सवार खपरपुर निवासी जितेंद्र सहनी को इलाज के लिए सिंहवाड़ा सीएससी पहुंचाया। बताया गया है कि शिक्षक अपने एक सहयोगी के साथ बाइक पर सवार होकर स्कूल से दरभंगा शहर स्थित डेरा जा रहे थे। इसी क्रम में सिंहवाड़ा थाना के पास सामने से तेज रफ्तार से आ रही बाइक सवार ने टक्कर मार दी। घटना के बाद दोनों बाइक सवार गिरकर घायल हो गए।प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डा प्रेमचंद ने तीनों जख्मियों की हालत स्थिर बताया है। मौके पर पहुंचे सिंहवाड़ा थाना के प्रभारी थानाध्यक्ष कमलेश कुमार मिश्रा ने जख्मियों को उपचार के लिए सिंहवाड़ा सीएचसी में भर्ती कराया।

दरभंगा एयरपोर्ट पर निमार्णाधीन टर्मिनल भवन का सांसद ने किया निरीक्षण

- कहा दरभंगा हवाई अड्डे पर नए टर्मिनल भवन पूरा होने के बाद मिथिला के गौरव और विकास के नए अध्याय की होगी शुरूआत
- एयरपोर्ट से फोरलेन तक 762 करोड़ की लागत से बनने वाली इंटरचेंज ट्रम्पटेड फ्लाईओभर के निर्माण कार्य को शुरू करने का निर्देश

दरभंगा (एनएसबी)। दरभंगा हवाई अड्डे पर 912 करोड़ की लागत से निमार्णाधीन अत्याधुनिक टर्मिनल भवन के पूरा हो जाने के बाद मिथिला के गौरव और विकास के नए अध्याय की शुरूआत होगी। दरभंगा हवाई अड्डा न केवल यात्रियों के विमान सुविधा के लिए उपयोगी साबित हो रहा है बल्कि इस हवाई अड्डे के माध्यम से दरभंगा को हवाई संपर्क रोजगार निवेश तथा व्यापार का मुख्य केंद्र बनाने की पहल तेजी से की जा रही है।इसी क्रम में बुधवार को स्थानीय सांसद सह दरभंगा एयरपोर्ट सलाहकार समिति के चेयरमैन डा गोपाल जी ठाकुर ने दरभंगा हवाई अड्डे पर लगभग 912 करोड़ की लागत से निमार्णाधीन नए सिविल एन्क्लेव एवं अत्याधुनिक टर्मिनल भवन का स्थल निरीक्षण किया तथा एयरपोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया के वरिष्ठ अधिकारियों एवं निर्माण एजेंसी के अभियंताओं के साथ निर्माण कार्यों की प्रगति और तकनीकी पहलुओं की विस्तृत समीक्षा बैठक की।

बैठक में सांसद डा ठाकुर ने परियोजना को निर्धारित समय-सीमा के भीतर उच्च गुणवत्ता एवं आधुनिक मानकों के अनुरूप पूरा करने पर विशेष जोर देते हुए कहा कि यह परियोजना



दरभंगा हवाई अड्डे का निरीक्षण करते सांसद डॉ. गोपाल जी ठाकुर।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में हवाई संपर्क के विस्तार और आधुनिक बुनियादी ढाँचे के विकास के संकल्प का महत्वपूर्ण उदाहरण है तथा उड़ान योजना के माध्यम से दरभंगा हवाई अड्डे ने मिथिला सहित उत्तर बिहार के लाखों लोगों के लिए हवाई यात्रा के नए अवसर खोले हैं। नया टर्मिनल पूरा होने के बाद इस क्षेत्र की कनेक्टिविटी, व्यापार, पर्यटन और रोजगार को नई गति प्रदान करेगा तथा मिथिला क्षेत्र के लिए वरदान साबित होगा।सांसद डॉ ठाकुर ने इस महत्वपूर्ण परियोजना को आगे बढ़ाने में सहयोग के लिए केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री राम मोहन नायडू एवं नागर विमानन मंत्रालय के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि दरभंगा हवाई अड्डे की तकनीकी आवश्यकताओं, यात्री सुविधाओं और स्थायी टर्मिनल के निर्माण से जुड़े विषयों पर निरंतर समन्वय तथा समीक्षा की जा रही है। सांसद डॉ ठाकुर ने एयरपोर्ट से फोरलेन तक 762 करोड़ की लागत से बनने वाली इंटरचेंज ट्रम्पटेड फ्लाईओभर के निर्माण कार्य को शुरू करने का निर्देश दिया तथा एयरपोर्ट पर बन रहे 7 एप्रन,10 एक्सलेटर,12 लिफ्ट, 5 एयरोब्रिज,शेड , रैंप, 64 स्क्वायर मीटर में ढाई सौ वाहन के लिए कार पार्किंग का निरीक्षण कर बारीकी से प्रगति की जानकारी ली। सांसद डॉ ठाकुर ने निरीक्षण के क्रम में एयरपोर्ट के बगल से गुजरने वाली नदी के सौंदर्यीकरण का निर्देश दिया तथा एयरपोर्ट के बाहर भीतर मिथिला पेंटिंग से टर्मिनल भवन को सुसज्जित करने के लिए निर्देशित किया। सांसद डॉ ने बैठक में दरभंगा एयरपोर्ट की महत्ता को रेखांकित करते हुए कहा कि यह एयरपोर्ट मिथिला की सांस्कृतिक विरासत और आधुनिक विमानन सुविधाओं का संगम बनेगा। सांसद डॉ ठाकुर ने निमार्णाधीन टर्मिनल भवन में प्रस्तावित यात्री सुविधाओं, आधुनिक चेक-इन व्यवस्था, एयरोब्रिज तथा अन्य तकनीकी सुविधाओं के विषय पर विस्तार से जानकारी प्राप्त की साथ ही कम दृश्यता के दौरान सुरक्षित उड़ान संचालन के लिए आवश्यक तकनीकी सुविधाओं के उन्नयन पर भी विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया।सांसद डॉ ठाकुर दरभंगा एयरपोर्ट को मिथिला के विकास का पैमाना बताते हुए कहा कि अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट बन जाने के बाद यहां की पहचान वैश्विक मंच पर स्थापित होगी तथा रोजगार के एक नए अध्याय की शुरूआत करेगी। बैठक तथा निरीक्षण के क्रम में सांसद डा ठाकुर के साथ एयरपोर्ट के डायरेक्टर डॉ दिलीप कुमार, एयरपोर्ट अथॉरिटी के जीएम अमिताभ चक्रवर्ती, प्रोजेक्ट डायरेक्टर सुधीर शर्मा, अश्विनी कुमार नीरज प्रकाश गौतम साहा अखिलेश कुमार एयरपोर्ट सलाहकार समिति के सदस्य गोपाल चौधरी, नेहरू आदि मौजूद थे।

शिक्षक सीट पर हार से निराश नहीं, संघर्ष से सुनिश्चित करेंगे अगली जीत : ईश्वर मंडल

दरभंगा (एनएसबी)। दरभंगा स्नातक एवं शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के चुनाव परिणाम सामने आने के बाद जदयू जिलाध्यक्ष सह दरभंगा ग्रामीण विधायक राजेश कुमार मंडल उर्फ ईश्वर मंडल ने शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र में नीरज कुमार, डॉ नरेंद्र प्रसाद सिंह एवं स्नातक निर्वाचन क्षेत्र से बढ़त बनाने वाले सर्वेश कुमार सिंह, जीते डॉ एन के यादव को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि नीरज कुमार,सर्वेश कुमार सिंह, डॉ एन के यादव, डॉ नरेंद्र प्रसाद सिंह मतदाताओं की अपेक्षाओं पर खरा उतरते हुए शिक्षक एवं स्नातक समुदाय की समस्याओं के समाधान तथा उनके अधिकारों और हितों की रक्षा के लिए निरंतर प्रयास करेंगे।

वहीं, दरभंगा शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र में मिली शिकस्त पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए ईश्वर मंडल ने कहा कि चुनाव में हार-जीत लोकतांत्रिक प्रक्रिया का अभिन्न हिस्सा है। किसी एक चुनाव का परिणाम



ईश्वर मंडल ।

कार्यकताओं के मनोबल या उनके संघर्ष की दिशा तय नहीं करता। उन्होंने कहा कि शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र में मिली हार की समीक्षा कर कमियों को दूर करने, शिक्षकों के बीच संगठन की पहुंच को और मजबूत बनाने तथा उनकी समस्याओं एवं अपेक्षाओं को प्राथमिकता के साथ उठाने की जरूरत है।

जिला स्तरीय युवा उत्सव में अतुल कुमार मिश्र को कविता लेखन में द्वितीय पुरस्कार

दरभंगा (एनएसबी)। कला एवं संस्कृति विभाग, बिहार, पटना तथा जिला प्रशासन, दरभंगा के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित 30वें जिला स्तरीय युवा उत्सव-2026 की कविता लेखन प्रतियोगिता में युवा कवि अतुल कुमार मिश्र ने द्वितीय स्थान प्राप्त कर जिले का नाम रोशन किया।

उनकी इस उपलब्धि से साहित्यिक जगत में हर्ष का माहौल है।इस अवसर पर जिला कला एवं संस्कृति पदाधिकारी चंदन कुमार तथा कविता लेखन प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल के सदस्य पूर्व संकायाध्यक्ष डॉ. वीरेंद्र नारायण सिंह (संस्कृत विश्वविद्यालय, दरभंगा) एवं डॉ. उमेश कुमार उत्पल (विभागाध्यक्ष, ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय, दरभंगा) सहित अन्य पदाधिकारियों ने अतुल कुमार मिश्र को पुरस्कार चिह्न प्रदान कर सम्मानित किया। साथ ही उन्हें पुरस्कार राशि भी प्रदान की गई। उल्लेखनीय है कि अतुल



कविता लेखन प्रतियोगिता में युवा कवि अतुल कुमार मिश्र।

कुमार मिश्र दरभंगा जिले के जाले प्रखंड अंतर्गत मुरैठा गाँव के निवासी हैं। वे कामेश्वर सिंह दरभंगा संस्कृत विश्वविद्यालय, दरभंगा में वरिष्ठ लिपिक के पद पर कार्यरत डॉ. रविन्द्र कुमार मिश्र के ज्येष्ठ पुत्र हैं। इस उपलब्धि पर साहित्य एवं कला जगत से जुड़े लोगों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए अतुल कुमार मिश्र को बधाई एवं शुभकामनाएँ दीं। बधाई देने वालों में समाहार मंच के अध्यक्ष अखिलेश चौधरी, सचिव अमिताभ सिन्हा, डॉ. प्रतिभा स्मृति, भारती रंजन, डॉ. चंद्रमोहन पोद्दार, डॉ. राजकुमार भारती, डॉ. हीरालाल सहनी, कुमार अनुराग, रीतू प्रज्ञा एवं मुकेश झा सहित अनेक ग्रामीण एवं शुभचिंतक शामिल हैं।

मुखिया और जेई पर घोटाले का आरोप, ग्रामीणों ने कहा मिलीभगत से राशि डकार ली

दरभंगा (एनएसबी)। सदर प्रखंड के धोई पंचायत वार्ड नंबर 3 में षष्टम वित्त योजना के तहत पिछले साल पीसीसी रोड की स्वीकृति हुई थी। यह योजना लल्लू साहनी के घर से राहुल साहनी के घर तक करीब 300 फीट पीसीसी सड़क का निर्माण होना था, जिसकी लागत 6 लाख रुपये बताई जा रही है।

लेकिन स्थल पर हकीकत कुछ और ही बात बता रही है। ग्रामीणों का आरोप है कि मुखिया रेखा देवी ने मात्र 200 फीट ही सड़क बनबाई और जे ई से 300 फीट की माप का विपत्र बनाकर राशि निकाल ली ।स्थानीय लल्लू साहनी ने बताया कि उनके घर तक सड़क बनाने की बात कही गई थी, लेकिन उनका घर छोड़कर सड़क को अधूरा छोड़ दिया गया। ग्रामीणों का कहना है कि मुखिया और जेई की मिलीभगत से इस घोटाले को अंजाम दिया गया है।जब इस मामले को लेकर जेई अबू बकर से फोन पर संपर्क करने की कोशिश की गई तो उनका मोबाइल स्विच ऑफ मिला। ग्रामीणों का कहना है कि इस तरह का भ्रष्टाचार सिर्फ धोई पंचायत में ही नहीं बल्कि कई अन्य पंचायतों में भी हो रहा है,



पीसीसी रोड की हालत ।

लेकिन प्रखंड के अधिकारियों को इसकी भनक तक नहीं है। ग्रामीणों का कहना है कि कि बिना काम पूरा किए ही मोटा कमीशन लेकर बिल पास कैसे कर दिया जाता है? इसकी मॉनिटरिंग क्यों नहीं होती।आखिर इस भ्रष्टाचार पर लगाम कौन लगाएगा?

मद्यनिषेध विभाग की तीन स्थानों पर सख्त कार्रवाई, अवैध शराब के साथ एक गिरफ्तार, स्कूटी से विदेशी शराब जब्त

दरभंगा (एनएसबी)। सहायक आयुक्त, मद्यनिषेध प्रदीप कुमार के नेतृत्व में जिले में अवैध शराब के निर्माण, भंडारण, परिवहन एवं सेवन के विरुद्ध मद्यनिषेध विभाग द्वारा सघन अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में जिले के विभिन्न चौक-चौराहों, मुख्य मार्गों तथा गुप्त सूचना के आधार पर मद्यनिषेध पुलिस टीम ने तीन अलग-अलग स्थानों पर कार्रवाई करते हुए अवैध शराब की बरामदगी एवं शराब सेवन के मामले में दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है। वहीं, स्कूटी से विदेशी शराब ले जा रहा एक अभियुक्त मौके से फरार हो गया।

मद्यनिषेध टीम ने खराजपुर निवासी अरुण सहनी को 20 लीटर चुलाई शराब एवं 360 मिलीलीटर विदेशी शराब के साथ गिरफ्तार किया। बरामद शराब को जब्त करते हुए गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध नियमानुसार अग्रेतर कानूनी कार्रवाई की जा रही है।दूसरी कारवाई में गुप्त सूचना के आधार पर मिजार्पुर में वाहन जाँच के दौरान मद्यनिषेध पुलिस टीम ने एक दुपहिया वाहन (स्कूटी) से 19.500 लीटर विदेशी शराब बरामद की। कार्रवाई के दौरान संबंधित अभियुक्त मौके से फरार हो गया। पुलिस टीम द्वारा फरार अभियुक्त की पहचान एवं गिरफ्तारी के लिए आवश्यक कार्रवाई की जा रही है। जब्त शराब के संबंध में अग्रेतर कानूनी प्रक्रिया जारी है, जबकि तीसरी कारवाई में खराजपुर चौक पर जांच के दौरान रंजीत सहनी की ब्रेथ एनालाइजर से जांच की गई।

बहादुरपुर प्रखंड के वर्तमान बीडीओ आनंद कुमार विभूति को सरकार ने किया निलंबित

बहादुरपुर (एनएसबी)। प्रखंड के वर्तमान बीडीओ आनंद कुमार विभूति को बिहार सरकार के ग्रामीण विकास विभाग ने मंगलवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है।ग्रामीण विकास विभाग द्वारा जारी पत्र के अनुसार,आर्थिक अपराध इकाई पटना बिहार के पत्रांक-7848 14 अक्टूबर द्वारा प्रतिवेदित किया गया था कि आनंद कुमार विभूति के विरुद्ध अप्रत्याशित धनार्जन के मामले में आर्थिक अपराध थाना कांड संख्या 21/26 प्राथमिक की दर्ज की गई थी।दर्ज प्राथमिकी में धारा 13(2) सहपठित धारा-13(1)(बी) भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 1988 (यथा संशोधित 2018) के तहत कांड दर्ज कर अनुसंधान प्रारंभ किया गया।इस



आनंद कुमार विभूति।

मामले में न्यायालय से विधिवत तलाशी अधिपत्र प्राप्त कर तत्कालीन बीडीओ विभूति के निवास एवं अन्य ठिकानों पर आठ अक्टूबर को 06 स्थानों पर संघन छापेमारी की कार्रवाई की गई थी।आर्थिक अपराध इकाई द्वारा प्रतिवेदित आरोप की समीक्षा के बाद विभाग ने इसे समुचित पाया कि दर्ज कांड सं 21/26 में चल रहे अनुसंधान को निर्विघ्न रूप से पूर्ण करने के लिए विभूति को निलंबित करना समुचित है।बिहार सरकारी सेवक वर्गीकरण नियंत्रण एवं अपील नियमावली 2005 के नियम-9 (1) (ग) के आलोक में तत्काल प्रभाव से निलंबित करने का निर्णय लिया गया है।निलंबन अवधि में विभूति का मुख्यालय आयुक्त कार्यालय तिरहुत प्रमंडल मुजफ्फरपुर निर्धारित किया गया है।निलंबन अवधि में उन्हें बिहार सरकारी सेवक नियमावली 2005 के नियम 10 के तहत सामान्य जीवन निर्वाह भत्ता देय होगा।

एजीबीजे के 27वें वार्षिक सम्मेलन एवं राष्ट्रीय संगोष्ठी 31 से , आयोजन समिति की हुई समीक्षा बैठक

दो दिवसीय संगोष्ठी मे जुटेंगे बिहार झारखंड के भूगोलविद

दरभंगा (एनएसबी)। ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय के भूगोल विभाग में एसोसिएशन ऑफ जियोग्राफर्स, बिहार एवं झारखंड के 27वें वार्षिक सम्मेलन एवं राष्ट्रीय संगोष्ठी आयोजित की जा रही है। इसके आयोजन को लेकर आयोजित समीक्षा बैठक की अध्यक्षता विश्वविद्यालय भूगोल विभागाध्यक्ष एवं सम्मेलन संयोजक डॉ अनुरंजन ने की। बैठक में उन्होंने कहा कि भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद्, नई दिल्ली द्वारा प्रायोजित इस राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन 31 अक्टूबर एवं 1 नवंबर को किया जाएगा। संगोष्ठी का मुख्य विषय 'कृषि-जलवायवीय परिवर्तनशीलता एवं सतत विकास : विकसित भारत @2047 की दिशा में मार्ग' तय है ।

बैठक का प्रारंभ सह-संयोजक डॉ मनु राज शर्मा के प्रारंभिक वक्तव्य से हुआ। उन्होंने सम्मेलन की कार्यसूची प्रस्तुत करते हुए आयोजन से संबंधित विभिन्न तैयारियों एवं समितियों की प्रगति की जानकारी दी। बैठक में आयोजन सचिव डॉ सुनील कुमार सिंह, डॉ रश्मि शिखा सहित आयोजन समिति के अन्य सदस्य उपस्थित रहे। बैठक के दौरान विभागाध्यक्ष एवं सम्मेलन संयोजक डॉ अनुरंजन ने विभिन्न आयोजन समितियों को उनके दायित्वों के निर्वहन के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने सम्मेलन के सुव्यवस्थित संचालन के लिए सभी समितियों के बीच बेहतर समन्वय, समयबद्ध कार्य निष्पादन और जवाबदेही सुनिश्चित करने पर बल दिया। उद्घाटन सत्र की तैयारियों, प्रतिभागियों के पंजीकरण एवं सत्यापन, सार-संग्रह तथा स्मारिका के अंतिम संपादन और प्रकाशन से संबंधित कार्यों की समीक्षा की गई। तकनीकी एवं सत्र समितियों को सभी शैक्षणिक सत्रों का संचालन निर्धारित समय-सारणी के अनुसार सुनिश्चित करने तथा दृश्य-श्रव्य सुविधाओं को व्यवस्थित रखने का निर्देश दिया गया। प्रेस एवं मीडिया समिति के सदस्यों को सम्मेलन से संबंधित सूचनाओं, प्रेस विज्ञप्तियों और कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी का समय पर प्रसार सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी दी गई। इसके अतिरिक्त सांस्कृतिक कार्यक्रमों की अंतिम रूपरेखा, प्रतिभागियों की संख्या के अनुरूप भोजन एवं जलपान की व्यवस्था तथा बाहर से आने वाले प्रतिनिधियों के आवासन और परिवहन की व्यवस्थाओं की समीक्षा की गई। आयोजन से संबंधित बैनर, प्रमाण-पत्र, कार्यक्रम-सारणी और अन्य आवश्यक सामग्री की समय पर छपाई एवं सत्यापन को भी प्राथमिकता देने का निर्देश दिया गया। बैठक में सम्मेलन की वित्तीय एवं प्रशासनिक व्यवस्थाओं को पारदर्शी और सभी समितियों के बीच प्रभावी समन्वय स्थापित करने पर विशेष बल दिया गया। आयोजन की तैयारियों को अंतिम रूप देने के लिए संबंधित सदस्यों को निर्धारित समय-सीमा के भीतर कार्य पूरा करने और प्रगति की जानकारी आयोजन संयोजक मंडल को उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया। बैठक के समापन पर विभागाध्यक्ष एवं सम्मेलन संयोजक डॉ अनुरंजन ने सभी समिति सदस्यों से अपने-अपने दायित्वों का निर्वहन करने तथा सम्मेलन को सफल बनाने का आग्रह किया। अन्त में आयोजन सचिव डॉ सुनील कुमार सिंह ने धन्यवाद ज्ञापन किया। बैठक में उपस्थित सदस्यों ने सम्मेलन को सफल, सुव्यवस्थित एवं अकादमिक दृष्टि से सार्थक बनाने की अपील की।

आज 13 प्रखंडों की 38 पंचायतों में होंगे संत रविदास शिविर

■ जिले के 21 प्रखंडों के 1,063 महादलित टोलों में शिविर आयोजन का लक्ष्य, अब तक 748 टोलों में लग चुके हैं शिविर

■ आयुष्मान कार्ड के 3,278 तथा ई-श्रम कार्ड के 1,095 आवेदनों का निष्पादन



बैठक करते उप विकास आयुक्त।

मधुबनी (एनएसबी)। उप विकास आयुक्त श्री तुषार कुमार की अध्यक्षता में कायाकल्प योजना के तहत संचालित कार्यों तथा संत रविदास शिविरों की प्रगति की प्रखंडवार समीक्षा की गई। समीक्षा बैठक में संबंधित अधिकारियों को योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन, लंबित आवेदनों के शीघ्र निष्पादन तथा निर्धारित समय-सीमा के भीतर कार्यों को गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूरा करने के निर्देश दिए गए।

बैठक में बताया गया कि आगामी 29 अक्टूबर को जिले के 13 प्रखंडों की 38 पंचायतों में संत रविदास शिविरों का आयोजन किया जाएगा। जिले के सभी 21 प्रखंडों के कुल 1,063 महादलित टोलों में शिविर आयोजित करने का लक्ष्य निर्धारित है। इसके विरुद्ध अब तक 748 महादलित टोलों में शिविरों का आयोजन किया जा चुका है। ज्ञात हो कि 27 अगस्त से प्रारंभ इन शिविरों के माध्यम से महादलित परिवारों को सरकार की विभिन्न विकासात्मक एवं जनकल्याणकारी योजनाओं से जोड़कर उन्हें लाभान्वित किया जा रहा है। प्रत्येक गुरुवार को महादलित टोलों में आयोजित होने वाले इन शिविरों का उद्देश्य पात्र लाभुकों तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाना तथा उनकी समस्याओं का स्थानीय स्तर पर समाधान सुनिश्चित करना है।

आवेदनों के निष्पादन में हुई प्रगति

समीक्षा के दौरान संत रविदास शिविरों के माध्यम से प्राप्त आवेदनों तथा उनके निष्पादन की अद्यतन स्थिति की जानकारी दी गई। औपचारिक शिक्षा के तहत विद्यालयों में नामांकन के लिए प्राप्त 469 आवेदनों में से 464 का निष्पादन किया गया है। इसी प्रकार, ई-श्रम कार्ड के लिए प्राप्त 1,177 आवेदनों में से 1,095 तथा आयुष्मान कार्ड के लिए प्राप्त 3,325 आवेदनों में से 3,278 का निष्पादन किया जा चुका है। बुनियाद केंद्र से संबंधित 141 आवेदनों में से 132, मनरेगा जॉब कार्ड के लिए प्राप्त 1,483 आवेदनों में से 1,236 तथा जीविका समूह से संबंधित 233 आवेदनों में से 213 का निष्पादन किया गया है। वहीं, आंगनबाड़ी केंद्रों से संबंधित 523 आवेदनों में से 520 का निष्पादन किया जा चुका है। उप विकास आयुक्त ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को शेष आवेदनों के निष्पादन में तेजी लाने तथा पात्र लाभुकों को योजनाओं का लाभ उपलब्ध कराने का निर्देश दिया।

प्रधानमंत्री अनुसूचित जाति अभ्युदय योजना की भी हुई समीक्षा

बैठक में प्रधानमंत्री अनुसूचित जाति अभ्युदय योजना (पीएम-अजय) के क्रियान्वयन की जानकारी भी दी गई। बताया गया कि जिले के 39 महादलित टोलों में यह योजना संचालित है। इन टोलों के समग्र विकास के लिए वर्तमान में ग्राम विकास प्लान तैयार किए जा रहे हैं। इसके माध्यम से आवश्यकतानुसार पेयजल, शिक्षा, स्वास्थ्य, बिजली सहित अन्य बुनियादी सुविधाओं से संबंधित कार्यों को चिह्नित कर योजनाबद्ध तरीके से क्रियान्वित किया जाएगा। उप विकास आयुक्त ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि ग्राम विकास प्लान तैयार करते समय स्थानीय आवश्यकताओं और आम लोगों की जरूरतों को प्राथमिकता दी जाए, ताकि इन टोलों में आधारभूत सुविधाओं का समुचित विकास हो सके।

कायाकल्प योजना के कार्यों को गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूरा करने का निर्देश

बैठक में कायाकल्प योजना के तहत आधारभूत संरचनाओं के निर्माण, जीर्णोद्धार एवं अन्य विकासात्मक कार्यों की अद्यतन स्थिति की भी समीक्षा की गई। इस दौरान सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों को निर्देश दिया गया कि अपने-अपने प्रखंडों में संचालित कार्यों को निर्धारित समय-सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूरा कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने कार्यों की प्रगति का नियमित अनुश्रवण करने तथा निर्माण कार्य शुरू होने से पहले और कार्य पूर्ण होने के बाद की स्थिति को दर्शाने वाले फोटो एवं वीडियो साझा करने का निर्देश दिया। इन फोटो एवं वीडियो को जिला स्तरीय सोशल मीडिया हैंडल के माध्यम से साझा कर विकास कार्यों की जानकारी आम लोगों तक पहुंचाई जाएगी। उप विकास आयुक्त ने कहा कि विकास योजनाओं का उद्देश्य आम नागरिकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना है। इसलिए सभी संबंधित पदाधिकारी आधारभूत संरचनाओं के निर्माण एवं जीर्णोद्धार के कार्यों में गुणवत्ता, पारदर्शिता और समयबद्धता सुनिश्चित करें, ताकि अधिक से अधिक लोगों को इन योजनाओं का प्रत्यक्ष लाभ मिल सके।

जिला प्रशासन के फेसबुक, एक्स, इंस्टाग्राम व यूट्यूब अकाउंट के लिए क्यूआर कोड जारी

मधुबनी (एनएसबी)। सरकारी योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक लोगों, विशेषकर समाज के अंतिम पायदान पर खड़े वंचित एवं जरूरतमंद व्यक्तियों तक पहुंचाने तथा आम नागरिकों को सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं, विकासात्मक कार्यों एवं प्रशासनिक गतिविधियों की जानकारी सुलभ कराने के उद्देश्य से जिला पदाधिकारी श्री आनंद शर्मा द्वारा एक नई पहल की गई है। इस पहल के तहत जिला प्रशासन के विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म को आम लोगों से जोड़ने के लिए क्यूआर कोड तैयार कर जारी किए गए हैं। जिला पदाधिकारी ने इन क्यूआर कोड के व्यापक प्रचार-प्रसार एवं अधिकाधिक नागरिकों को जिला प्रशासन के आधिकारिक सोशल मीडिया अकाउंट से जोड़ने का निर्देश दिया है।

इस संबंध में जिला मुख्यालय से लेकर प्रखंड मुख्यालयों, कॉलेजों एवं विद्यालयों तक क्यूआर कोड के प्रचार-प्रसार की व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा गया है, ताकि जिले के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों के अधिक से अधिक लोग आसानी से जिला प्रशासन के सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म से जुड़ सकें। क्यूआर कोड के माध्यम से नागरिक जिला प्रशासन के आधिकारिक फेसबुक, एक्स , इंस्टाग्राम एवं यूट्यूब अकाउंट तक सीधे पहुंच सकेंगे। इससे प्रशासनिक गतिविधियों, सरकारी योजनाओं, जनहितकारी निर्णयों,



विकासात्मक कार्यों तथा विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों से संबंधित सूचनाएं आम लोगों तक त्वरित एवं सहज तरीके से पहुंच सकेंगी। बदलते समय में सोशल मीडिया सूचना के आदान-प्रदान, जनजागरूकता एवं संवाद का एक महत्वपूर्ण माध्यम बनकर उभरा है। डिजिटल तकनीक के बढ़ते उपयोग के साथ सरकारी योजनाओं एवं प्रशासनिक गतिविधियों से संबंधित जानकारी को व्यापक स्तर पर प्रसारित करने में सोशल मीडिया की भूमिका लगातार महत्वपूर्ण हो रही है। इसके माध्यम से नागरिक अपने मोबाइल फोन पर ही विभिन्न योजनाओं, पात्रता संबंधी प्रावधानों, आवेदन प्रक्रिया, आवश्यक दस्तावेजों, निर्धारित समय-सीमा तथा सरकारी कार्यक्रमों से जुड़ी जानकारियां प्राप्त कर सकते हैं। जिला प्रशासन की इस पहल का उद्देश्य डिजिटल माध्यमों का प्रभावी उपयोग करते हुए प्रशासन और आम नागरिकों के बीच सूचना एवं संवाद की दूरी को कम करना है। विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों, दूर-दराज के इलाकों तथा समाज के कमजोर एवं वंचित वर्गों तक सरकारी योजनाओं की जानकारी पहुंचाने में यह पहल उपयोगी साबित होगी। आधिकारिक सोशल मीडिया अकाउंट से जुड़ने के बाद नागरिक जिला प्रशासन द्वारा साझा की जाने वाली सूचनाओं एवं अद्यतन जानकारियों से नियमित रूप से अवगत हो सकेंगे।

योजनाओं की जानकारी से लेकर बहुपयोगी लाभ से आमजन होंगे लाभान्वित

जिला प्रशासन के सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म नागरिकों को केवल सूचनाएं उपलब्ध कराने तक सीमित नहीं हैं, बल्कि इनके माध्यम से जनहित से जुड़े विषयों पर संवाद एवं प्रतिक्रिया की संभावनाएं भी बढ़ती हैं। नागरिक विभिन्न योजनाओं एवं प्रशासनिक पहलों के संबंध में अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव तथा समस्याएं संबंधित माध्यमों पर साझा कर सकते हैं। इससे जनसमस्याओं को समझने, जनभागीदारी को प्रोत्साहित करने तथा प्रशासनिक कार्यों के प्रति जागरूकता बढ़ाने में सहायता मिलेगी। सरकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए यह आवश्यक है कि पात्र लाभार्थियों को योजनाओं की जानकारी समय पर मिले और वे निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार उनका लाभ प्राप्त कर सकें। सोशल मीडिया के माध्यम से योजनाओं के प्रचार-प्रसार से इस दिशा में सहयोग मिल सकता है। साथ ही, प्रशासनिक गतिविधियों एवं विकासात्मक कार्यों की जानकारी सार्वजनिक रूप से सहज रूप मे आम लोगों को सुलभ हो जायेगी। जिलाधिकारी ने जिले के सभी नागरिकों, युवाओं, विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं विभिन्न सामाजिक समूहों से अपील की है कि वे जिला प्रशासन के आधिकारिक सोशल मीडिया अकाउंट से जुड़ने के लिए उपलब्ध कराए गए क्यूआर कोड का उपयोग करें। साथ ही, इन क्यूआर कोड को अधिकाधिक लोगों तक पहुंचाने में सहयोग करें, ताकि सरकारी योजनाओं एवं जनकल्याणकारी कार्यक्रमों की जानकारी समाज के प्रत्येक वर्ग तक पहुँचे तथा जानकारी के अभाव मे कोई भी पात्र व्यक्ति सरकारी योजनाओं का लाभ लेने से वंचित न रहे।

करवा चौथ को लेकर बाजारों में उमड़ी महिलाओं की भीड़, सिमरी बाजार में लगा जाम

बिस्फी (एनएसबी)। करवाचौथ पर्व को लेकर बिस्फी प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न गांवों और बाजारों में बुधवार को महिलाओं की भारी भीड़ देखने को मिली। पर्व की तैयारी को लेकर महिलाएं खरीदारी के लिए बाजार पहुंचीं। इससे बाजारों में दिनभर चहल-पहल बनी रही।

करवाचौथ को लेकर महिलाएं साड़ी, श्रृंगार सामग्री, चूड़ी, मेहंदी और पूजा से जुड़ी वस्तुओं की खरीदारी करती नजर आईं। बाजारों में दुकानदारों की भी अच्छी-खासी भीड़ रही। वहीं, सिमरी बाजार में खरीदारों की भीड़ के कारण सड़क पर जाम की स्थिति उत्पन्न हो गई। वाहनों की आवाजाही प्रभावित होने से



बाजार में जाम।

राहगीरों और वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ा। पर्व को लेकर बाजारों में रौनक बढ़ने से दुकानदारों के चेहरे भी खिले नजर आए।

दरभंगा शिक्षक स्नातक एसपी राय में विजय पर मिथिलांचल क्षेत्रीय प्रभारी विचार मंच के मनीष झा ने बच्चों को मिठाई खिलाकर विजय का जश्न मनाया



मिठाई खिलाते बच्चे।

जयनगर (एनएसबी)। दरभंगा शिक्षक विधान परिषद में द्वितीय वरीयता के मत गिनती के बाद 400 से अधिक मत से दरभंगा शिक्षक से जनसुराज पार्टी के एस पी राय बिजय हुए। कुल 7495 मत में एस पी राय प्रथम वरीयता में 2587 मत और मदन मोहन झा को 2187 मत प्राप्त हुआ। बिजेता बनने के आवश्यक मत 3749 रहा , जिससे द्वितीय वरीयता से मत प्राप्त कर बिजेता बने।

मिथिलांचल में जनसुराज पार्टी के जीत से मिथिलांचल के राजनीति में जनसुराज पार्टी का दबदबा प्रारंभ हुआ। इस अवसर पर सभी मिथिलांचल वासीयों को बिहार बदलाव के लिए शुभकामना और बधाई। मिथिलांचल के शिक्षकों को बदलाव और जनसुराज पार्टी के बिचारधारा को पसंद करने के साथ समाज के अन्य लोगों को जनसुराज बिचार धारा चुनने की शिक्षा और ज्ञान प्रदान करने के पैगाम देने के लिए तहे दिल से धन्यवाद। साथ ही मनीष झा, को क्षेत्रीय प्रभारी,बिचार मंच, मिथिलांचल क्षेत्र के हैसियत से इस बदलाव के कार्य में जयनगर, लदनिया बासोपट्टी, खजौली और कलुआही पांच प्रखण्ड का प्रभार रहने में सभी अनुमंडल, प्रखण्ड, पंचायत प्रभारी , बुथ एजेंट और अन्य सभी को सहयोग के लिए धन्यवाद और आभार।

आयुर्वेद व औषधीय पौधों के संरक्षण-संवर्धन की दिशा में पहल

■ जयनगर के आयुर्वेदिक चिकित्सक डॉ. अशोक कुमार प्रसाद की सहभागिता में एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम

जयनगर (एनएसबी)। भारत सरकार के आयुष मंत्रालय के अंतर्गत राष्ट्रीय औषधीय पादप बोर्ड और कोलकाता स्थित यादवपुर विश्वविद्यालय से संबद्ध संस्थान द्वारा औषधीय पौधों की नर्सरी, संरक्षण और मूल्य संवर्धन पर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसका उद्देश्य आयुर्वेद को बढ़ावा देना तथा औषधीय वनस्पतियों के संरक्षण और उपयोग के प्रति जागरूकता बढ़ाना था।कार्यक्रम में जयनगर के आयुर्वेदिक चिकित्सक डॉ. अशोक कुमार प्रसाद ने सहभागिता की।



प्रशिक्षण शिविर।

उन्होंने औषधीय पौधों के पारंपरिक उपयोग और चिकित्सा व जनकल्याण में उनकी भूमिका पर जोर दिया।डॉ. प्रसाद जैसे चिकित्सकों की सहभागिता से आयुर्वेद के व्यावहारिक महत्व को बढ़ावा देने, पारंपरिक चिकित्सा ज्ञान को जनसामान्य तक पहुंचाने और औषधीय पौधों के संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने के प्रयासों को बल मिलता है।कार्यक्रम में श्री सुबोध कुमार अधिकारी सहित अन्य सहयोगियों की भी सहभागिता रही। वक्ताओं ने औषधीय पौधों की नर्सरी के विकास, रखरखाव और मूल्य संवर्धन के जरिए ग्रामीण विकास व स्वरोजगार की संभावनाओं पर चर्चा की।डॉ. अशोक कुमार प्रसाद ने कहा कि आयुर्वेद का विकास केवल चिकित्सा तक सीमित नहीं है। औषधीय वनस्पतियों का संरक्षण, प्रकृति के प्रति जिम्मेदारी और जनस्वास्थ्य के प्रति जागरूकता भी इसका महत्वपूर्ण हिस्सा हैं।यह पहल आयुर्वेद के प्रचार-प्रसार तथा औषधीय वनस्पतियों के संरक्षण और संवर्धन की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

ई कचरा प्रबंधन को लेकर चलाया गया जागरुकता अभियान

बिस्फी (एनएसबी)। बिहार शिक्षा परियोजना परिषद के दिशा निर्देश के आलोक में प्रखंड क्षेत्र के सभी सरकारी गैर सरकारी शैक्षणिक संस्थाओं पर बुधवार को स्वच्छता स्पेशल कैपेन 6 के तहत ई कचरा प्रबंधन एवं जागरूकता अभियान संचालित किया गया. सभी विद्यालयों में विशेष कार्यक्रम आयोजित कर ई कचरा संग्रहण का कार्य किए गए. इस मौके पर विद्यालयों के द्वारा ई कचरा प्रबंधन विषय पर विशेष चेतना सत्र, छात्र छात्रा क्विज प्रतियोगिता एवं एकत्र किए गए ई कचरा के निस्तारण को लेकर एक दिवसीय कार्यक्रम आयोजित किया गया. प्रावधानों के अनुरूप सभी सरकारी एवं निजी विद्यालयों में हरा, नीला, लाल और कला रंग के डिब्बे की व्यवस्था लागू किए गए. इस व्यवस्था के तहत ई कचरा प्रबंधन जागरूकता एवं एकत्रीकरण अभियान भी चलाया गया. इसमें ईको क्लब के सदस्यों ने भी भाग लिया. विद्यालय प्रधान राजेश कुमार झा, शत्रुघ्न राय, हरिशंकर प्रसाद दास, अशोक साफी, जयंत चौधरी, कमोद साफी, डॉ विनोद कुमार झा, राजेश रंजन, हेमंत कुमार मिश्रा, मीनाक्षी कुमारी, ललिता देवी, विभा कुमारी, डॉ कौशलेंद्र कुमार सिंह, महेश प्रसाद शाह ने कहा कि अभियान 6 के तहत स्वच्छता, साफ-सफाई, हाथों की स्वच्छता एवं जैव चिकित्सीय अपशिष्ट प्रबंधन को लेकर जागरूकता चलाया गया।

मिथिलांचल का गौरव बढ़ाएंगे डॉ. शैलेश, बलिया में मिलेगा सम्मान

जयनगर (एनएसबी)। डी.बी. कॉलेज के वाणिज्य विभागाध्यक्ष एवं भोजपुरी संस्था मंच के राष्ट्रीय प्रवक्ता डॉ. शैलेश सिंह ह्यशौर्यह्न को 11 नवंबर 2026 को उत्तर प्रदेश के बलिया में आयोजित समारोह में ह्यविकल युवा चेतना सम्मानह्न से सम्मानित किया जाएगा। डॉ. राम सेवक विकल साहित्य कला संगम ट्रस्ट, बलिया (उप्र) ने उन्हें इस सम्मान के लिए चयनित किया है।ट्रस्ट के सचिव आनंद कुमार द्वारा जारी पत्र के अनुसार, राष्ट्रीय संगोष्ठीझ2026 एवं सम्मान समारोह में डॉ. शैलेश सिंह को यह सम्मान उनके साहित्यिक योगदान, राष्ट्रीय चिंतन, वैचारिक प्रतिबद्धता तथा सामाजिक-सांस्कृतिक क्षेत्र में सक्रिय भूमिका के लिए प्रदान किया जा रहा है। इस अवसर पर वे ह्यसृजन-संवाद : डॉ. आदित्य अंशु के रचना-कर्मह्न विषय पर आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी को मुख्य वक्ता के रूप में संबोधित भी करेंगे। उनके चयन से डी.बी. कॉलेज, जयनगर सहित मिथिलांचल के शैक्षणिक एवं साहित्यिक जगत में हर्ष का वातावरण है।प्रधानाचार्य डॉ. अयाज अहमद ने डॉ. शैलेश सिंह को बधाई देते हुए कहा कि उनकी यह उपलब्धि शिक्षा, साहित्य और सामाजिक-सांस्कृतिक विमर्श के क्षेत्र में उनके सक्रिय योगदान को नई पहचान प्रदान करेगी।

बेनीपट्टी में विधिक जागरूकता शिविर आयोजित विद्यार्थियों को पॉक्सो एक्ट की दी गई जानकारी

बेनीपट्टी (एनएसबी)। अनुमंडल विधिक सेवा समिति, बेनीपट्टी की ओर से स्थानीय श्री लीलाधर उच्च विद्यालय में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन बुधवार को किया गया। शिविर में विद्यार्थियों को पॉक्सो एक्ट के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई।शिविर के दौरान पैनल अधिवक्ताओं ने बालक-बालिकाओं को पॉक्सो एक्ट के प्रावधानों, बच्चों के अधिकारों तथा उनकी सुरक्षा से जुड़े महत्वपूर्ण पहलुओं के बारे में बताया। विद्यार्थियों को कानूनी जानकारी के प्रति जागरूक किया गया तथा उन्हें अपनी जिज्ञासाओं और सवालों को रखने का अवसर भी मिला।

इस दौरान छात्र-छात्राओं ने अपने विचार व्यक्त किए और कानून से संबंधित जानकारियां प्राप्त कीं। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों में कानूनी जागरूकता बढ़ाना तथा उन्हें अपने अधिकारों और सुरक्षा के प्रति सजग बनाना था। शिविर में अनुमंडल न्यायिक पदाधिकारी सह सचिन अनुमंडल विधिक सेवा समिति बेनीपट्टी मनीष राय, अधिवक्ता प्रशांत कुमार ठाकुर, देवनाथ घोष, विधिक स्वयं सेवक संदीप कुमार मिश्रा, प्रभारी अनुमंडल विधिक सेवा समिति बेनीपट्टी मोहम्मद सलमान, लाल पंडित, रविंद्र कुमार अध्यक्ष बाल कल्याण समिति मधुबनी, सज्जन कुमार विद्यालय अध्यापक प्रोजेक्ट गर्ल हाई स्कूल बेनीपट्टी,पुष्पा कुमारी विशिष्ट शिक्षक, मोहम्मद नुरुल्लाह प्रधानाध्यापक श्री लीलाधर उच्च विद्यालय बेनीपट्टी, मोहम्मद हारुन, गंगा प्रसाद, सुजीत कुमार,राम किशोर मिश्रा, संजय कुमार सभी शिक्षक ने भाग लिया!



विधिक जागरूकता शिविर में उपस्थित।

नगर भवन में जिला स्तरीय युवा उत्सव-2026 का आयोजन, पांच विधाओं में हुई प्रतियोगिताएं

मधुबनी (एनएसबी)। युवाओं की प्रतिभा को मंच प्रदान करने तथा कला एवं संस्कृति के संरक्षण और संवर्धन के उद्देश्य से बुधवार को नगर भवन, मधुबनी में जिला स्तरीय युवा उत्सव-2026 का आयोजन किया गया। उत्सव के अंतर्गत समूह लोकगीत, समूह नृत्य, चित्रकला, कविता लेखन एवं नुक्कड़ नाटक सहित पांच विधाओं में प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं।

कार्यक्रम के प्रथम सत्र का उद्घाटन विधान पार्षद (एमएलसी) घनश्याम ठाकुर, अपर समाहर्ता मुकेश रंजन, अनुमंडल पदाधिकारी चंदन कुमार झा, उत्पाद अधीक्षक विजय कांत ठाकुर एवं जिला कला एवं संस्कृति पदाधिकारी श्री नीतीश कुमार, मधुबनी द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। उद्घाटन सत्र के पश्चात कार्यक्रम के दूसरे सत्र में विभिन्न विधाओं की प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। इसमें प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अपनी कलात्मक प्रतिभा, रचनात्मकता एवं सांस्कृतिक अभिरुचि का



उद्घाटन करते एमएलसी घनश्याम ठाकुर।

प्रदर्शन किया। जिला के प्रतिभाशाली कलाकारों ने अपने-अपने विधा में उल्लेखनीय प्रतिभा का परिचय दिया। प्रतिभागियों में काफी उत्साह देखा गया। प्रत्येक कलाकार समूह की प्रस्तुति के उपरांत निर्णायक मंडल के द्वारा आवश्यक मार्गदर्शन भी प्रदान किए गए ताकि उन्हें अपनी कलात्मक प्रस्तुति में आवश्यक सुधार भी किया जा सके। जिला स्तरीय युवा उत्सव का उद्देश्य युवाओं को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने के लिए अवसर उपलब्ध कराने के साथ-साथ उनमें कला, साहित्य एवं सांस्कृतिक गतिविधियों के प्रति रुचि विकसित करना है। इस प्रकार के आयोजन युवाओं की रचनात्मक क्षमता को प्रोत्साहित करने तथा जिले की समृद्ध सांस्कृतिक परंपराओं को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

तिरहुत स्नातक निर्वाचन सीट पर लगातार दूसरी बार बजी निर्दलीय बंशीधर ब्रजवासी की 'बंसी'

सियासी तान से चारो खाने चित हुए जन सुराज के साथ जदयू व राजद

लगभग चौबीस घंटे तक चली मतगणना के बाद परिणाम की हुई घोषणा, अपने निकटतम प्रतिद्वन्दी जदयू प्रत्याशी अभिषेक झा को 9,147 मतों से हराया

मुजफ्फरपुर(एनएसबी)। बिहार की राजनीति में शिक्षक नेता के रूप में बंशीधर ब्रजवासी ने एक बार फिर 'सब दल में दलदल बा, सबसे अच्छा निर्दल बा' का नारा बुलंद करते हुए स्नातक मतदाताओं में अपनी पकड़ को प्रमाणित कर दिया है। इस बार के तिरहुत स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के चुनाव में बंशीधर की ऐसी बंशी बजी कि उसकी सियासी तान से जदयू, राजद और जन सुराज के उम्मीदवार चारो खाने चित हो गए। शिक्षकों के हित में आवाज उठाने वाले बंशीधर ब्रजवासी ने निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में बड़ी जीत दर्ज की है।

इस बार अपनी सिटिंग सीट बचाने के लिए दूसरी बार निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में तिरहुत स्नातक विधान परिषद सीट से चुनाव मैदान में उतरे बंशीधर ब्रजवासी ने 17 लड़ाके को मात देते हुए अपनी कुर्सी को बरकरार रखने मे सफलता हासिल कर ली। मंगलवार की शाम से लेकर बुधवार की शाम तक लगभग चौबीस घंटे तक चली 17 राउंड की मतगणना के बाद घोषित हुए चुनाव परिणाम के अनुसार निर्दलीय प्रत्याशी बंशीधर बृजवासी को कुल 31, 832 मत मिले। जबकि जदयू प्रत्याशी अभिषेक झा को कुल 22, 685 वोट प्राप्त हुए। इस तरह बंशीधर ब्रजवासी ने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी जदयू के अभिषेक झा को दूसरी बार मात देते हुए 9, 147 मतों से विजयी घोषित किए गए। लगभग 8 बजे तिरहुत प्रमंडल के आयुक्त गिरीवर दयाल सिंह ने विजयी प्रत्याशी बंशीधर ब्रजवासी को जीत का प्रमाण पत्र सौपा। उधर, अपने उम्मीदवार की जीत की घोषणा होते हीं मतगणना केंद्र पर डटे बंशीधर के समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ गई। सैंकड़ो की संख्या में मौके पर मौजूद समर्थको ने बैंड बाजा की धुन पर नाचने के साथ जीत की जश्न में मग्न हो गए। ज्ञात हो कि पहले एक शिक्षा मित्र और फिर युवा शिक्षक नेता के रूप मे अपनी पहचान बनाने के बाद बंशीधर शिक्षक नेता की हैसियत से शिक्षा विभाग के तत्कालीन अपर मुख्य सचिव केके पाठक से अदावत मोल ले ली और शिक्षक हितों से जुड़े मुद्दों पर मुखर रहने के कारण उन्हें निलंबन का सामना करना पड़ा था। इसके बावजूद उन्होंने शिक्षकों के सवालों को उठाना जारी रखा। इसके बाद देवेश चंद्र ठाकुर के सीतामढ़ी से सांसद चुने जाने के बाद तिरहुत स्नातक की सीट रिक्त होने की स्थिति में इस सीट के लिए हुए उपचुनाव में उन्होंने पहली बार शिक्षकों के हित के लिए निलंबित होने को मुद्दा बनाकर निर्दलीय चुनाव मैदान में उतरे और शिक्षकों के समर्थन से जीत हासिल कर पहली बार सदन पहुँचे। इसके बाद इन्होने शिक्षकों और युवाओं की समस्याओं और मुद्दे को लेकर सड़क से सदन तक अपनी सक्रियता जारी रखते हुए अपनी एक अलग राजनीतिक पहचान बनाई। तिरहुत क्षेत्र में शिक्षकों और स्नातकों के बीच लगातार संपर्क बनाए रखने का उन्हें पूर्व की तरह इस चुनाव में भी फायदा मिला। एक निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में उनकी जीत ने स्थापित राजनीतिक दलों के सामने भी चुनौती पेश की है। इस चुनाव में एनडीए की ओर से जेडीयू के अभिषेक झा, महागठबंधन की ओर से राजद की रश्मि विनायक गौतम और जन सुराज के डॉ विमोहन कुमार मैदान में थे। इनके अलावा भी कई प्रत्याशियों ने अपनी किस्मत आजमाई। इसके बावजूद ब्रजवासी ने दूसरी बार शानदार जीत हासिल कर राजनीतिक सारे समीकरणों को ध्वस्त कर दिया। बृजवासी की जीत से तिरहुत क्षेत्र में शिक्षक हितों, युवाओं की समस्याओं और उच्च शिक्षा से जुड़े मुद्दों को विधान परिषद में उठाए जाने की उम्मीद बढ़ी है। बृजवासी की राजनीतिक यात्रा ने यह भी साबित किया है कि स्थानीय स्तर पर लगातार सक्रिय रहने वाला कोई नेता निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में भी प्रमुख राजनीतिक दलों को चुनौती दे सकता है।



तिरहुत स्नातक निर्वाचन के विजयी प्रत्याशी बंशीधर ब्रजवासी को जीत का प्रमाण पत्र सौपते प्रमंडलीय आयुक्त गिरीवर दयाल सिंह।



जीत के बाद समर्थको के साथ जश्न में शामिल बंशीधर ब्रजवासी।

एमडीएम बंद करने की मजबूरी, प्रधानाध्यापकों ने डीईओ को आवेदन सौपा

सीतामढ़ी (एनएसबी)। एमडीएम व्यय का मई से अक्टूबर तक बकाया राशि का भुगतान एक सप्ताह में भेडर को नहीं करने पर नवंबर से प्रारंभिक विद्यालय में एमडीएम बंद करने को मजबुर होने की लिखित सूचना दर्जनों प्रधानाध्यापक ने डीईओ सीतामढ़ी को सौंपा। इस अवसर पर डीपीओ एमडीएम सुजीत दास से शिक्षकों का प्रतिनिधिमंडल वार्ता कर अविलंब उत्पन्न समस्या को सुगमता पूर्वक समाधान कराने तथा प्रधानाध्यापक को संकुल समन्वयक पद से एवं शिक्षकों की नियुक्ति की जांच से मुक्त करने का आग्रह किया। प्रतिनिधि मंडल मे अराजपत्रित प्रारंभिक शिक्षक संघ के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष दिलीप कुमार शाही, जिला अध्यक्ष बिनोद बिहारी मंडल, संयुक्त सचिव संजय कुमार कर्ण, हरिवंश पासवान, चंद्रशेखर कुमार, इत्यादि शामिल थे। लिखित आवेदन में प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष सत्येंद्र नारायण मिश्रा, प्राथमिक शिक्षक संघ गोप गुट के संयुक्त सचिव बिपिन कुमार प्रसाद, संजय कुमार, रमेश कुमार, मो मुज़फ़्फ़र आलम, प्रमोद कुमार, अंजार अहमद, राजेश दास, विजय कुमार, जाकिर हुसैन, नागेंद्र प्रभाकर, संजय कुमार झा, ब्रजेश कुमार विमल किशोर, रविंद्र राम, अंजू कुमारी सहित दर्जनों प्रधानाध्यापक शामिल थे।

संक्षिप्त खबरें

गुजरात के एकता नगर में आयोजित राष्ट्रीय एकता दिवस समारोह में शामिल होंगे कांटी के युवा समाजसेवी प्रकाश कुमार

मुजफ्फरपुर(एनएसबी)। बिहार के 22 नक्सलमुक्त जिलों से चयनित 1,100 प्रतिभागियों को राष्ट्रीय एकता दिवस समारोह में शामिल होने के लिए बुधवार को पाटलिपुत्र जंक्शन से गुजरात के एकता नगर (केवड़िया) के लिए रवाना किया गया। इनमें मुजफ्फरपुर जिले के कांटी प्रखंड क्षेत्र के युवा समाजसेवी एवं यूट्यूबर प्रकाश कुमार का भी चयन हुआ है। प्रकाश कुमार अपने क्षेत्र में सामाजिक कार्यों



पाटलिपुत्र जंक्शन से गुजरात के लिए रवाना होते प्रकाश कुमार।

बिहार के 22 नक्सलमुक्त जिलों के 1,100 प्रतिभागियों के साथ एकता नगर (केवड़िया) के लिए हुए रवाना

और सड़क दुर्घटनाओं के दौरान लोगों की मदद सहित विभिन्न जनहित के कार्यों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते रहे हैं। उनके उत्कृष्ट कार्यों और सामाजिक योगदान को देखते हुए उन्हें राष्ट्रीय एकता दिवस समारोह में शामिल होने के लिए बिहार सरकार की ओर से आमंत्रित किया गया है। इस उपलब्धि से कांटी क्षेत्र में खुशी का माहौल है। राष्ट्रीय स्तर के इस समारोह में शामिल होने का अवसर मिलने पर प्रकाश कुमार ने इसे अपने लिए गौरव और सम्मान का विषय बताया। उन्होंने कहा कि समाज के हित में कार्य करना और जरूरतमंद लोगों की मदद करना उनकी प्राथमिकता रही है। यह सम्मान उन्हें भविष्य में भी जनसेवा के कार्यों के लिए प्रेरित करेगा।

छठ से चार दिन पहले नगर सहित ग्रामीण क्षेत्र की सभी जर्जर सड़कों को दुरुस्त करें संबंधित विभागीय अधिकारी : जिलाधिकारी

मुजफ्फरपुर(एनएसबी)। छठ महापर्व पर श्रद्धालुओं और आम लोगों को आवागमन में किसी तरह की परेशानी नहीं हो, इसके लिए जिला प्रशासन ने सड़कों की मरम्मत की तैयारी तेज कर दी है। जिलाधिकारी कुमार गौरव ने पथ निर्माण विभाग, ग्रामीण कार्य विभाग और एनएचएआई के अधिकारियों को शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों की सड़कों को दुरुस्त करने का निर्देश दिया है। उन्होंने स्पष्ट कहा है कि छठ पूजा से चार दिन पहले तक सभी संबंधित जर्जर सड़कों की स्थिति बेहतर हो जानी चाहिए। जिलाधिकारी ने संबंधित कार्यपालक अभियंताओं और एनएचएआई के परियोजना निदेशकों को निर्देश दिया है कि जिन सड़कों की मरम्मत आवश्यक है, वहां समय रहते काम पूरा कराया जाए। उन्होंने हाल में आई बाढ़ या अन्य कारणों से क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मत निर्धारित समय-सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण तरीके से करने पर विशेष जोर दिया है। सड़कों की वर्तमान स्थिति का आकलन करने और क्षतिग्रस्त सड़कों की पहचान के लिए जिला स्तर पर टीम गठित कर स्थल निरीक्षण कराया जा रहा है। इसके आधार पर संबंधित विभागों को मरम्मत कार्य पूरा करने का निर्देश दिया जाएगा। वहीं, उप विकास आयुक्त को पूरे कार्य की निगरानी की जिम्मेदारी सौंपी गई है, ताकि निर्धारित समय-सीमा में सभी जरूरी कार्य पूरे हो सकें। जिलाधिकारी कुमार गौरव ने कहा कि वे स्वयं भी ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों की सड़कों का औचक निरीक्षण करेंगे। इस दौरान मरम्मत कार्यों की प्रगति और गुणवत्ता की जांच की जाएगी। काम में शिथिलता, लापरवाही या अनियमितता मिलने पर संबंधित विभाग के अभियंताओं की जिम्मेदारी तय कर कार्रवाई की जाएगी। गौरतलब है कि इस वर्ष छठ महापर्व 13 से 16 नवंबर तक मनाया जाएगा। 13 नवंबर को नहाय-खाय, 14 नवंबर को खरना, 15 नवंबर को संध्या अर्घ्य और 16 नवंबर को उषा अर्घ्य दिया जाएगा। पर्व के दौरान घाटों तक पहुंचने और अन्य जरूरी कार्यों के लिए सड़कों पर आवाजाही बढ़ने की संभावना को देखते हुए प्रशासन समय रहते सड़कों को सुलभ बनाने में जुटा है।



विभागीय अधिकारियो को निर्देश जारी करते डीएम कुमार गौरव।

पीएम- राहत योजना : सड़क हादसे में घायलों को मिलेगा 1.5 लाख रुपये तक का कैशलेस इलाज

आर्थिक तंगी के कारण इलाज में नहीं होगी देरी

मुजफ्फरपुर (एनएसबी)। सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्तियों को समय पर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने और आर्थिक परेशानी के कारण इलाज में होने वाली देरी को रोकने के उद्देश्य से बुधवार को समाहरणालय सभाकक्ष में पीएम -राहत योजना को लेकर जिला स्तरीय कार्यशाला आयोजित की गई। जिला सड़क सुरक्षा समिति के तत्वावधान में आयोजित इस कार्यशाला में योजना के प्रभावी क्रियान्वयन, कैशलेस उपचार की प्रक्रिया और विभिन्न विभागों के बीच समन्वय पर विस्तार से चर्चा की गई।

कार्यशाला का शुभारंभ जिला परिवहन पदाधिकारी प्रियंका सिन्हा ने किया। उन्होंने बताया कि पीएम- राहत योजना के तहत पात्र सड़क दुर्घटना पीड़ितों को अधिकतम सात दिनों तक 1.5 लाख रुपये तक का कैशलेस उपचार उपलब्ध कराने का प्रावधान है। सड़क दुर्घटना के बाद का पहला घंटा बेहद महत्वपूर्ण होता है। इस दौरान घायल को त्वरित चिकित्सा सुविधा मिलने से उसकी जान बचने की संभावना बढ़ जाती है। इसलिए आर्थिक स्थिति या भुगतान की चिंता के कारण किसी भी घायल के इलाज में देरी नहीं होनी चाहिए। उन्होंने बताया कि सड़क दुर्घटना की स्थिति में आपातकालीन सहायता के लिए 112 नंबर पर संपर्क किया जा सकता है। घायल को योजना से संबद्ध नजदीकी अस्पताल में पहुंचाया जा सकता है। यदि आसपास संबद्ध अस्पताल उपलब्ध नहीं हो, तो निकटतम उपयुक्त अस्पताल में तत्काल प्राथमिक उपचार शुरू किया जाना चाहिए।

कार्यशाला में डीटीओ प्रियंका सिन्हा बोलीं-पुलिस को 24 घंटे में करना होगा सत्यापन

सड़क दुर्घटना की स्थिति में आपातकालीन सहायता के लिए 112 नंबर पर संपर्क करें लोग

कार्यशाला में योजना के तहत उपचार और सत्यापन की प्रक्रिया की जानकारी दी गई। बताया गया कि अस्पताल में घायल का उपचार शुरू करने के बाद संबंधित विवरण टीएमएस पोर्टल पर दर्ज कर सत्यापन के लिए पुलिस थाने को भेजा जाएगा। संबंधित थानाध्यक्ष या नामित नोडल पदाधिकारी को एसएमएस के माध्यम से सूचना मिलेगी। इसके बाद पुलिस को निर्धारित 24 घंटे की समय-सीमा में मामले की जांच और सत्यापन करना होगा। सत्यापन के बाद पात्र दुर्घटना पीड़ित को योजना के प्रावधानों के अनुसार कैशलेस उपचार का लाभ मिलेगा। जिला परिवहन पदाधिकारी ने स्पष्ट किया कि ऑनलाइन प्रक्रिया और प्रशासनिक औपचारिकताओं के कारण उपचार शुरू करने में किसी प्रकार की देरी नहीं होनी चाहिए। घायल को तत्काल चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराते हुए आवश्यक प्रक्रियाएं समानांतर रूप से पूरी की जानी चाहिए। सिविल सर्जन डॉ. सुधीर कुमार ने योजना से संबद्ध अस्पतालों के प्रतिनिधियों और संचालकों को अस्पताल परिसर में प्रमुख स्थानों पर बैनर एवं फ्लेक्स लगाने का निर्देश दिया। इनमें योजना के प्रावधानों, कैशलेस उपचार की सीमा और लाभ प्राप्त करने की प्रक्रिया की जानकारी प्रदर्शित की जाएगी।

उन्होंने अस्पताल कर्मियों को भी योजना के प्रति जागरूक रहने और दुर्घटना पीड़ितों के उपचार में संवेदनशीलता एवं तत्परता बरतने को कहा। कार्यशाला में यातायात पुलिस उपाधीक्षक अभिजीत अखिलेश, आयुष्मान भारत की नोडल पदाधिकारी बिमला कुमारी, जिले के विभिन्न थानों के थानाध्यक्ष तथा योजना से संबद्ध अस्पतालों के प्रतिनिधि एवं संचालक उपस्थित रहे। अधिकारियों ने कहा कि योजना का लाभ पात्र लोगों तक पहुंचाने के लिए पुलिस, स्वास्थ्य विभाग, परिवहन विभाग और अस्पताल प्रबंधन के बीच बेहतर समन्वय जरूरी है। जिला सड़क सुरक्षा समिति ने आम नागरिकों से अपील की कि सड़क दुर्घटना में किसी व्यक्ति के घायल होने पर तत्काल सहायता उपलब्ध कराएं और आपातकालीन मदद के लिए 112 पर संपर्क करें।



कार्यशाला में योजना के नियम शर्तो की जानकारी देतीं डीटीओ प्रियंका सिंहा।

नल जल योजना की बड़ी राशि गबन के आरोप में पूर्व वार्ड सदस्य गिरफ्तार

मुजफ्फरपुर(एनएसबी)। जिले के गायघाट थाना क्षेत्र में नल-जल योजना की राशि गबन करने के आरोप में पुलिस ने पूर्व वार्ड सदस्य बृजनन्दन पासवान को गिरफ्तार किया है। वह बठवाड़ा गांव के निवासी हैं। कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। मामला शिवदाहा पंचायत के वार्ड संख्या-2 से जुड़ा है। सात निश्चय योजना के तहत वर्ष 2017 से 2020 के बीच वार्ड में नल-जल योजना की दो यूनिट लगाई जानी थीं। इसके लिए वार्ड क्रियान्वयन समिति को 21 लाख 22 हजार 800 रुपये दिए गए थे। आरोप है कि राशि मिलने के बावजूद योजना का काम पूरा नहीं कराया गया। इस मामले में तत्कालीन पंचायत सचिव अशोक कुमार प्रभाकर ने 18 अगस्त 2023 को बृजनन्दन पासवान और वार्ड सचिव मोहम्मद खुर्शीद के खिलाफ गायघाट थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई थी। गायघाट थानाध्यक्ष जयप्रकाश गुप्ता के अनुसार, मोहम्मद खुर्शीद को पहले ही गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा जा चुका है। अब गुप्त सूचना के आधार पर बृजनन्दन पासवान को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।



गायघाट में 21.22 लाख रुपये गबन के आरोप में जेल गए बृजनंदन पासवान

राजेपुर में लूट की साजिश नाकाम, अवैध हथियारों के साथ चार आरोपी गिरफ्तार



मामले की जानकारी देते पुलिस पदाधिकारी।

मुजफ्फरपुर(एनएसबी)। जिले के राजेपुर ओपी क्षेत्र में पुलिस ने लूट की कथित साजिश का खुलासा करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने 27 अक्टूबर को अण्डौल पुल के पास छापेमारी कर आरोपियों को पकड़ा। तलाशी के दौरान उनके पास से एक पिस्तौल, छह जिंदा कारतूस, दो मैगजीन और तीन मोबाइल फोन बरामद किए गए है।

सरैया एसडीपीओ अभिजीत कौर ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि अण्डौल पुल के पास कुछ संदिग्ध किसी आपराधिक वारदात को अंजाम देने की फिराक में हैं। सूचना के आधार पर विशेष टीम गठित कर छापेमारी की गई। पुलिस को देखकर संदिग्धों ने भागने की कोशिश की, लेकिन टीम ने घेराबंदी कर चारों को गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए अपराधियों की पहचान मो. नासिर, मो. नन्हे, राजा बाबू और अमन कुमार के रूप में हुई है।

चारों राजेपुर ओपी क्षेत्र के निवासी बताए गए हैं। इस मामले में साहेबगंज थाने के अंतर्गत राजेपुर ओपी में कांड संख्या 918/26 दर्ज किया गया है। पुलिस ने बरामद हथियारों और अन्य सामान को जब्त कर आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।

सुरक्षित बचपन अभियान के तहत बच्चों को पॉक्सो कानून और साइबर अपराध से बचाव की दी गई जानकारी

प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने बच्चों को किया जागरूक

मुजफ्फरपुर(एनएसबी)। बच्चों को यौन शोषण, बाल विवाह, बाल श्रम और साइबर अपराध से बचाने के उद्देश्य से जिले में सुरक्षित बचपन अभियान चलाया जा रहा है। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार, नई दिल्ली के निर्देश पर 26 से 31 अक्टूबर तक आयोजित इस अभियान के तीसरे दिन बुधवार को चक्कर मैदान स्थित प्रभात तारा स्कूल में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह जिला विधिक सेवा प्राधिकार की अध्यक्ष श्वेता कुमारी सिंह ने बच्चों को उनके अधिकारों और सुरक्षा से जुड़े कानूनी प्रावधानों की जानकारी दी।

उन्होंने कहा कि प्रत्येक बच्चे को सुरक्षित, सम्मान जनक और भयमुक्त वातावरण में रहने तथा शिक्षा प्राप्त करने का अधिकार है। बच्चों को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहना चाहिए और किसी भी प्रकार के शोषण या उत्पीड़न के खिलाफ आवाज उठानी चाहिए। उन्होंने बच्चों से अपील की कि वे किसी गलत प्रलोभन में न आएं और परेशानी होने पर अपने अभिभावकों या शिक्षकों को तत्काल जानकारी दें। कार्यक्रम में बच्चों को पॉक्सो अधिनियम-2012, बाल अधिकार, बाल विवाह, बाल श्रम, साइबर अपराध और नशे की लत से बचाव के बारे में विस्तार से बताया गया। न्यायिक पदाधिकारियों ने विशेष रूप से ऑनलाइन यौन उत्पीड़न और सोशल मीडिया के खतरों के प्रति सतर्क रहने की सलाह दी। बच्चों को समझाया गया कि वे अपनी निजी जानकारी, फोटो और वीडियो अनजान लोगों के साथ साझा न करें, क्योंकि इनका दुरुपयोग किया जा सकता है। जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव तेज कुमार प्रसाद ने बताया कि अभियान का मुख्य उद्देश्य बच्चों को गलत प्रलोभनों से बचाना और उनके संरक्षण के लिए बनाए गए कानूनों के प्रति जागरूक करना है। अभियान के तहत जिले के सरकारी और गैर सरकारी विद्यालयों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि अभियान में न्यायिक पदाधिकारी, बाल कल्याण पुलिस पदाधिकारी, बाल कल्याण समिति, पॉक्सो कोर्ट, किशोर न्याय परिषद के पीठासीन पदाधिकारी, पैनल अधिवक्ता और विषय विशेषज्ञ भाग लेकर बच्चों को जागरूक करेंगे। कार्यक्रम में जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव तेज कुमार प्रसाद, शिक्षा विभाग के जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, पैनल अधिवक्ता श्वेता ठाकुर, काजी मोहम्मदपुर थाना के बाल कल्याण पुलिस पदाधिकारी, समाजसेवी बच्चा भगवान पाठक सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

शोषण के खिलाफ आवाज उठाने का किया आव्हान



स्कूली बच्चों को पॉक्सो कानून और साइबर अपराध से बचाव की जानकारी देती जिला जज श्वेता कुमारी सिंह।

राष्ट्रीय कार्यशाला में मुजफ्फरपुर के दो शिक्षकों ने किया बिहार का प्रतिनिधित्व

कौशल आधारित शिक्षा का लिया प्रशिक्षण



कार्यशाला में प्रशिक्षण लेते जिले के दोनों शिक्षक।

मुजफ्फरपुर (एनएसबी)। भुवनेश्वर स्थित वर्ल्ड स्किल सेंटर में 26 और 27 अक्टूबर को आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय क्षमता संवर्धन कार्यशाला में मुजफ्फरपुर जिले के दो शिक्षकों ने बिहार का प्रतिनिधित्व किया। कार्यशाला में शिक्षकों को कौशल आधारित शिक्षा, बैगलेस डे, जीवन कौशल और विद्यार्थियों के करियर मार्गदर्शन से संबंधित विभिन्न पहलुओं पर प्रशिक्षण दिया गया। कार्यशाला में कांटी प्रखंड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय सलेमपुर ढाब के विद्यालय अध्यापक सह जिला तकनीकी दल के लीड कुमार अभिषेक तथा सरैया प्रखंड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय गोपालपुर नेउरा के विद्यालय अध्यापक सह जिला तकनीकी दल के सदस्य अभिषेक कुमार शामिल हुए। इसका आयोजन शिक्षा मंत्रालय के अंतर्गत एनसीईआरटी की इकाई पंडित सुंदरलाल शर्मा केंद्रीय व्यावसायिक शिक्षा संस्थान, भोपाल की ओर से किया गया।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 और राष्ट्रीय पाठ्यचर्या रूपरेखा 2023 के अनुरूप आयोजित इस कार्यशाला में कौशल आधारित बैगलेस डे, कौशल बोध और माई करियर एडवाइजर ऐप के प्रभावी उपयोग की जानकारी दी गई। शिक्षकों को बताया गया कि किस प्रकार विद्यार्थियों को नियमित पढ़ाई के साथ व्यावहारिक गतिविधियों और कौशल आधारित शिक्षा से जोड़ा जा सकता है। साथ ही, विद्यार्थियों की रुचि एवं क्षमता के अनुरूप करियर मार्गदर्शन उपलब्ध कराने के तरीकों पर भी चर्चा हुई।

कार्यशाला के दौरान प्रतिभागियों ने जीवन कौशल, मशीनों एवं विभिन्न सामग्रियों के उपयोग और मानव सेवाओं से संबंधित गतिविधियों का व्यावहारिक अनुभव प्राप्त किया। प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य शिक्षकों की क्षमता बढ़ाना था, ताकि वे विद्यार्थियों को किताबी ज्ञान के साथ व्यावहारिक कौशल और भविष्य में करियर चुनने के लिए उचित मार्गदर्शन दे सकें। दोनों शिक्षकों की सहभागिता पर जिला शिक्षा पदाधिकारी कुमार अरविंद सिन्हा, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी आयुष कुमार, जिला शिक्षक शिक्षा समन्वयक मनोज कुमार तथा जिला तकनीकी दल के लीड केशव कुमार ने प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने इसे जिले की शिक्षा व्यवस्था में कौशल आधारित शिक्षण को बढ़ावा देने की दिशा में महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया।

कॉलेज में टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



जागरूकता कार्यक्रम मे शामिल बच्चे शिक्षक एवं अन्य लोग।

दैनिक नवसंदेश ब्यूरो

मुजफ्फरपुर। लंगट सिंह कॉलेज और 32 बिहार बटालियन एनसीसी के संयुक्त तत्वावधान में बुधवार को कॉलेज परिसर में टी बी मुक्त भारत अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर प्राचार्या प्रो कनुप्रिया ने कहा कि टी बी कोई लाईलाज बीमारी नहीं है, लेकिन समय पर इसका इलाज नहीं कराया गया तो यह सेहत के लिए गंभीर संकट उत्पन्न कर सकता है।

एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट डॉ राजीव कुमार ने टी बी के लक्षणों की पहचान, बीमारी से बचने के उपाय तथा सरकार की ओर से निःशुल्क उपलब्ध कराए जा रहे स्वास्थ्य सेवाओं की जानकारी दी। इस अवसर पर हवलदार नीरज सलारिया, सीनियर अंडर ऑफिसर आशुतोष राज, अंडर ऑफिसर सृष्टि, नमृता सुधीर, फखरुद्दीन, ज्योति लाल सहित अन्य कैडेट के अतिरिक्त शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारी मौजूद रहे।

संक्षिप्त खबरें

बैरगनिया में यूथ इको क्लब के माध्यम से ई-कचरा संग्रह जागरूकता अभियान कार्यक्रम आयोजित

बैरगनिया/सीतामढ़ी (एनएसबी)। राजकीयकृत उच्च माध्यमिक विद्यालय, बैरगनिया में यूथ इको क्लब के माध्यम से ई-कचरा संग्रह जागरूकता अभियान कार्यक्रम चलाया गया है। प्रभारी प्रधानाध्यापक श्यामबाबू पाल ने अभियान के उद्देश्ययो पर प्रकाश डालते हुए कहा कि विद्यालय एवं सरकारी कार्यालयों में



कार्यक्रम को सम्बोधित करते प्रभारी प्रधानाध्यापक।

खराब हो चुके इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों और अन्य ई-कचरे को एक जगह एकत्रित करना है, ताकि अनुपयोगी सामान को अलग किया जा सके और उपयोग योग्य उपकरणों का दोबारा इस्तेमाल किया जा सके। छात्र-छात्राओं को ई-कचरे के महत्व और उसके उचित प्रबंधन के बारे में विस्तार से समझाया। उन्होंने बताया कि जिस प्रकार हम सूखे और गीले कचरे को अलग-अलग रखते हैं, उसी प्रकार इलेक्ट्रॉनिक कचरे को भी सामान्य कचरे से अलग रखना चाहिए। इससे पर्यावरण को सुरक्षित रखने और संसाधनों के सही उपयोग में मदद मिलती है। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। इनमें जितेंद्र साह, निलेश मिश्रा, रामाशंकर कुमार, नरेंद्र आर्या, दीनानाथ कुमार तथा लिपिक आनंद कुमार शामिल थे। यूथ इको क्लब के उपस्थित छात्र-छात्राओं में वंदना कुमारी, आराध्या गरिमा, वर्षा कुमारी, आयुषी कुमारी, अर्चना कुमारी और राधिका कुमारी शामिल रहीं वहीं क्लब के छात्र सदस्यों में आदित्य कुमार, आदर्श राज, अनमोल कुमार, हर्षित कुमार और अरशद खान की उपस्थिति रही। विद्यालय में आयोजित इस पहल के माध्यम से विद्यार्थियों को ई-कचरे के सुरक्षित संग्रह, पुनः उपयोग और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया गया। ऐसे अभियान बच्चों में स्वच्छता, जिम्मेदारी और पर्यावरण के प्रति सकारात्मक सोच विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

कायाकल्प अभियान के तहत जिले के स्वास्थ्य संस्थानों को बेहतर बनाने को किए जा रहे कार्य

सीतामढ़ी (एनएसबी)। जिलाधिकारी तनय सुल्तानिया के निर्देश के आलोक में कायाकल्प अभियान के तहत जिले के स्वास्थ्य संस्थानों में स्वच्छता, साफ-सफाई एवं आधारभूत सुविधाओं को बेहतर बनाने की दिशा में लगातार कार्य किए जा रहे हैं। इसी क्रम में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, रूनीसैदपुर में अस्पताल परिसर की



कायाकल्प अभियान के तहत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, रूनीसैदपुर में अस्पताल परिसर की रंग-रोगन, मरम्मती में जुटा कर्मी।

साफ-सफाई, शौचालयों की स्वच्छता, रंग-रोगन, मरम्मती एवं आधारभूत संरचनाओं के सुदृढ़ीकरण पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। अस्पताल परिसर में स्वच्छता व्यवस्था को बेहतर बनाए रखने के लिए साफ-सफाई पर विशेष जोर दिया जा रहा है। संबंधित एजेंसी को मानव बल की संख्या बढ़ाने तथा साफ-सफाई एवं अन्य कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है, ताकि अस्पताल परिसर में स्वच्छ एवं स्वास्थ्यकर वातावरण बना रहे। इसके साथ ही मरीजों एवं उनके परिजनों की सुविधा के लिए बैठने की व्यवस्था, शुद्ध पेयजल तथा अन्य आवश्यक सुविधाओं को सुदृढ़ करने की दिशा में भी प्रयास किए जा रहे हैं। स्वच्छता के बेहतर मानकों को अपनाकर स्वास्थ्य संस्थानों को मरीजों के लिए अधिक सुरक्षित, सुविधाजनक एवं भरोसेमंद बनाना जिला प्रशासन की प्राथमिकता है।

30 अक्टूबर को नगर निकाय कार्यालयों को घेराव करने तथा 03 नवंबर से हड़ताल पर जाने का निर्णय

सीतामढ़ी (एनएसबी)। बुधवार को नगर निगम के कार्यालय में बिहार लोकल बॉडीज इम्प्लाइज फेडरेशन एवं नगर निगम कर्मचारी संघ की एक आवश्यक बैठक संघ के अध्यक्ष चन्दन राउत की अध्यक्षता में हुई। बैठक का संचालन करते हुए नगर निगम कर्मचारी संघ के संरक्षक सह मंत्री संजय कुमार पप्पू ने बताया कि कर्मचारियों के हित के लिए लगभग ग्यारह सूत्री माँगो के समर्थन में प्रदेश संगठन ने सरकार से कई स्तर की वार्ता की। परन्तु सरकार के द्वारा कोई भी ठोस नतीजा नहीं निकलने की स्थिति में प्रदेश संगठन ने दिनाँक 30.10.26 को बिहार के लगभग सभी नगर निकाय कार्यालयों को घेराव करने तथा दिनाँक 03.11.26 से अनिश्चित काल तक हड़ताल पर जाने का निर्णय लिया है। श्री पप्पू के द्वारा प्रदेश संगठन के निर्णयों की सूचना देने पर बैठक में उपस्थित सभी कर्मचारियों ने सर्वसम्मति से प्रदेश संगठन के निदेर्शों के अनुसार सीतामढ़ी में भी दिनाँक 30.10.26 को घेराव तथा दिनाँक 03.11.26 से अनिश्चित काल तक हड़ताल पर जाने का निर्णय लिया। इस बैठक में नगर निगम के कर्मचारी बड़ा बाबू अरुण चौबे, कालिका नंदन प्रसाद, दिनेश तिवारी, विजय पाल, दिनकर, रामाशीष साह, रामबृक्ष राउत, मिलन देवी सहित सैकड़ों सफाई कर्मचारियों ने भाग लिया।

गन्ना किसानों ने मिल बाजार में किया प्रदर्शन



संयुक्त किसान संघर्ष मोर्चा, उत्तर बिहार के बैनर तले आयोजित प्रदर्शन में शामिल किसान व अन्य।

सीतामढ़ी (एनएसबी)। नये पेराई सत्र में गन्ना का दाम 750 रुपए क्विंटल घोषित करने, गन्ना फसल की क्षति पर क्षतिपूर्ति अनुदान देने, यूनियन बैंक के केसीसीधारी किसानों का ऋण माफ करने तथा गन्नामूल्य के बकाये भुगतान पर ब्याज देने की बिहार सरकार से मांग को लेकर संयुक्त किसान संघर्ष मोर्चा, उत्तर बिहार के बैनर तले सैकड़ो किसानों ने मिल बाजार में प्रदर्शन किया तथा जमकर नारेबाजी की।

मोर्चा नेता डा.आनन्द किशोर ने बताया कि चार सूत्री मांगों पर किसानों में भारी गुस्सा है। गन्ना उत्पादन की बढती लागत को जोडने पर लागत प्रति क्विंटल 750 रुपए आता है। कायदे से तो किसानों को लागत का ड्योढा मिलना चाहिए।

सितम्बर मे बंगाल की खाडी में आये चक्रबाती तूफान से 26-28 सितम्बर को भारी वर्षा तथा आंधी से रीगा चीनी मिल क्षेत्र के सीतामढी तथा शिवहर जिले में 20हजार एकड गन्ना क्षेत्र में करीब 50 प्रतिशत गन्ना खेतों में गिरने से भारी बबार्दी हुई है भारी लागत से किये गये वार्षिक फसल की क्षति की भरपाई होनी चाहिए। किसानों के आन्दोलन की मांग के आलोक में बिहार सरकार ने रीगा चीनी मिल बंद होने के कारण किसानों के अटके 51.30 करोड गन्नामूल्य का भुगतान किया है परन्तु केन एक्ट के अनुसार14 दिनों के बाद के भुगतान पर ब्याज का भुगतान करना है जो अभी तक सरकार नही करा रही है। यूपी में बकाये पर 15 प्रतिशत ब्याज का भुगतान हो रहा है। बिहार सरकार रीगा चीनी मिल से जुडे गन्ना किसानों के वर्ष 2017-18, 18-19 तथा 20-21 वर्ष के बकाये की राशि पर ब्याज का शीघ्र भुगतान कराये।

गन्ना का दाम 750 रुपए क्विंटल तय करने की मांग

मोर्चा अध्यक्ष जलंधर यदुबंशी ने कहा बैंक आफ इंडिया जिस तरह से किसानों को केसीसी ऋण से मुक्त किया है उसी तरह यूनियन बैंक रीगा रीगा चीनी मिल से जुडे किसानों के लिए ऋणमुक्ति की कार्रवाई करे अन्यथा आन्दोलन तेज होगा।

प्रदर्शन का नेतृत्व मोर्चा अध्यक्ष जलंधर यदुबंशी, रीगा अध्यक्ष पारसनाथ सिंह, उपाध्यक्ष रामजनम गिरी, युवा किसान नेता सत्यम सिंह, राजेश कुमार सिंह बागी, जिला सचिव अश्विनी कुमार मिश्र, उपाध्यक्ष शशिधर शर्मा, रणधीर यादव, रामपुकार साह, नरेन्द्र यादव, धीरेंद्र किशोर सिंह, प्रेमचन्द्र सिंह, महेन्द्र महतो, भूपेंद्र महतो, हरिकिशोर सिंह, पंकज कुमार सिंह, डा.रबीन्द्र सिंह, मनोज कुमार सिंह, राजीव कुमार सिंह, कौशल किशोर राय, मदन प्र.सिंह, राम विनय कुशवाहा, चंचल कुमार सिंह, बिलट महतो, रामरेखा सिंह, धनंजय सिंह, अरविन्द कुमार सिंह, चन्देश्वर चौधरी सहित सैकड़ो किसान शामिल थे।

खेल कर्मयोगियों की क्षमता संवर्धन के लिए होगा बिहार स्पोर्ट्स डायलॉग-सीजन 2

मुजफ्फरपुर (एनएसबी)। स्वामी विवेकानंद क्रीड़ा एवं योग संस्थान, मुजफ्फरपुर द्वारा शारीरिक शिक्षा शिक्षकों, खेल प्रशिक्षकों एवं खेल प्रोत्साहकों की दक्षता और क्षमता संवर्धन के उद्देश्य से बिहार स्पोर्ट्स डायलॉगझसीजन 2: द खेल कर्मयोगी एडिशन का आयोजन 1 नवंबर 2026 को किया जाएगा। ह्यएक्टिव चाइल्ड , स्ट्रांग नेशनह्ल थीम पर आयोजित इस एकदिवसीय कार्यशाला में देश के प्रख्यात विशेषज्ञ खेल एवं शारीरिक शिक्षा से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर अपने विचार और अनुभव साझा करेंगे।

स्वामी विवेकानंद क्रीड़ा एवं योग संस्थान के अध्यक्ष डॉ संजय सिन्हा के मुताबिक एलएन मिश्रा कॉलेज ऑफ बिजनेस मैनेजमेंट, मुजफ्फरपुर के सहयोग से कॉलेज परिसर स्थित सभागार में आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यालयों एवं जमीनी स्तर पर खेल विकास के लिए कार्यरत खेल कर्मयोगियों को नवीनतम जानकारी, व्यावहारिक ज्ञान और बेहतर कार्यकौशल से सशक्त बनाना है। कार्यशाला में शारीरिक शिक्षा की भूमिका, युवा खिलाड़ियों का मनोविज्ञान, फिटनेस का महत्व, किड्स एथलेटिक्स एवं अन्य खेलों के लिए प्रतिभा चयन की आवश्यकता तथा राष्ट्रीय एवं बिहार की खेल नीतियों और कार्यक्रमों पर अलग-अलग सत्र आयोजित किए जाएंगे। इनमें बच्चों में खेल के प्रति रुचि विकसित करने, युवा खिलाड़ियों में आत्मविश्वास एवं अनुशासन बढ़ाने, विद्यालयों में फिटनेस की संस्कृति विकसित करने तथा सरकारी खेल योजनाओं को जमीनी स्तर पर प्रभावी बनाने जैसे विषयों पर चर्चा होगी। संस्थान की यह पहल इस दृष्टि से महत्वपूर्ण है कि खेलों के विकास के लिए प्रतिभाशाली खिलाड़ियों के साथ-साथ सक्षम शिक्षक, प्रशिक्षक और खेल प्रोत्साहक तैयार करना भी आवश्यक है। यही खेल कर्मयोगी बच्चों की खेल प्रतिभा को पहचानने, उन्हें सही दिशा देने और स्वस्थ एवं सक्रिय जीवनशैली के प्रति प्रेरित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। संस्थान का विश्वास है कि बिहार स्पोर्ट्स डायलॉगह्ल खेल शिक्षा, खेल प्रशिक्षण और खेल प्रशासन से जुड़े लोगों के बीच ज्ञान एवं अनुभव साझा करने का एक प्रभावी मंच बनेगा तथा बिहार में खेल संस्कृति को मजबूत करने की दिशा में योगदान देगा। कार्यक्रम सुबह 9:30 बजे से प्रारंभ होगा।

भुतही महावीरी झंडा को ले शांति समिति की बैठक



आदर्श मध्य विद्यालय, भूतही बाजार में शांति समिति की बैठक में एसडीपीओ सदर-2, अंचलाधिकारी व अन्य।

सीतामढ़ी (एनएसबी)। आगामी 1 एवं 2 नवंबर को आयोजित होने वाले भुतही महावीरी झंडा को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने को लेकर बुधवार को आदर्श मध्य विद्यालय, भूतही बाजार में एडीशनल एसपी सह एसडीपीओ सदर-2 की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक हुई। इसमें जनप्रतिनिधियों, स्थानीय गणमान्य व्यक्तियों एवं पुलिस-प्रशासन के अधिकारियों ने हिस्सा लिया।

बैठक में सुरक्षा व्यवस्था, जुलूस के निर्धारित रूट, पेयजल, चापाकल, लाइट एवं सड़क संबंधी समस्याओं पर चर्चा हुई। प्रशासन ने बताया कि कई समस्याओं को नोट किया गया है तथा कुछ का समाधान भी किया जा चुका है। फूलकाहां जाने वाली सड़क की झाड़ियों को हटाने और अन्य समस्याओं के समाधान का भी आश्वासन दिया गया। एडिशनल एसपी सह सदर डीएसपी-2 आशीष आनंद ने कहा कि स्थानीय समस्याओं के समाधान के लिए मोबाइल ग्रुप बनाया गया है, जहां लोग अपनी समस्याएं रख सकते हैं। उन्होंने झंडा समिति से कम से कम 50 वॉलंटियर्स की सूची उपलब्ध कराने तथा जुलूस को निर्धारित समय और रूट से निकालने की अपील की। उन्होंने कहा कि डायल-112 के साथ अतिरिक्त पुलिस पेट्रोलिंग भी होगी। लाइसेंस की शर्तों का पालन करने, अफवाहों से बचने और प्रशासन का सहयोग करने की अपील की गई।

लाइसेंस की शर्तों का पालन और प्रशासन का करें सहयोग : एडीशनल एसपी

अंचलाधिकारी पंकज कुमार ने कहा कि झंडा को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने में सभी की भागीदारी जरूरी है। समिति के सदस्य वॉलंटियर्स नियुक्त करें, अनुशासन बनाए रखें और आपसी भाईचारे के साथ त्योहार मनाएं। बीडीओ मृत्युंजय कुमार ने भी लोगों से सामाजिक सद्भाव बनाए रखने तथा अफवाहों पर ध्यान नहीं देने की अपील की। बैठक में अधिकारियों ने लोगों से किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को देने और कानून-व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करने की अपील की। बैठक में पुलिस निरीक्षक परशुराम सिंह, भुतही थानाध्यक्ष चंद्रगुप्त कुमार, सोनबरसा थानाध्यक्ष धर्मेंद्र कुशवाहा, पुअनि रणवीर कुमार, कनीय अभियंता विधुत, भुतही स्वास्थ्य प्रभारी गुंजन कुमार, जिला पार्षद संजय कुमार, भुतही मुखिया अखिलेश कुमार, भुतही झंडा समिति के अध्यक्ष राम स्वार्थ साह, फूलकाहां झंडा समिति नागेंद्र महतो, हबीबुर्रहमान उर्फ मुंशी, पैक्स अध्यक्ष संजय पूर्वे, मुखिया प्रतिनिधि ज्याउद्दीन उर्फ तन्नु, पूर्व मुखिया मनोज कुमार , मो. सदरे आलम खान, पंसस जयकिशोर उर्फ ललित, पूर्व पैक्स अध्यक्ष शंकर साह, भाजपा नेता संजय पूर्वे, भुतही उप मुखिया, सरपंच चंद्रेश्वर नायक, जहांगीर अहमद खान, राहुल सिंह, मो. हैदर अली, मो. इरफान, अब्दुल बारी खान, चुन्नु मिश्रा, सन्नी भारती समेत दर्जनों मौजूद रहे।

तेजस्वी यादव ने मरहूम हाजी शफीक खां को दी खिराज-ए-अकीदत

शोकाकुल परिवार से मिलकर बंधाया ढांढस

मेहसौल कब्रिस्तान में चादरपोशी की, मदनी मुसाफिरखाना में चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर दी भावभीनी श्रद्धांजलि



मरहूम हाजी मो. शफीक खां के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर दी श्रद्धांजलि देते नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव।

सीतामढ़ी (एनएसबी)। बिहार विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष एवं राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के कार्यकारी अध्यक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव ने बुधवार को सीतामढ़ी पहुंचकर राजद के वरिष्ठ नेता, बिहार प्रदेश राजद के पूर्व उपाध्यक्ष एवं पूर्व जिलाध्यक्ष मरहूम हाजी मो. शफीक खां को खिराज-ए-अकीदत पेश की।

इस अवसर पर तेजस्वी प्रसाद यादव ने मेहसौल स्थित कब्रिस्तान में मरहूम हाजी शफीक खां की कब्र पर चादरपोशी की तथा उनके लिए दुआ की। इसके बाद मेहसौल चौक स्थित मदनी मुसाफिरखाना में उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी।

तत्पश्चात तेजस्वी प्रसाद यादव मरहूम हाजी शफीक खां के आवास पर पहुंचे, जहां उन्होंने शोकाकुल परिवार के सभी सदस्यों से मुलाकात की और उन्हें सांत्वना दी। उन्होंने परिवार के सदस्यों का ढांढस बंधाते हुए कहा कि इस दुःख की घड़ी में वे स्वयं और पूरा राष्ट्रीय जनता दल परिवार उनके साथ खड़ा है और हमेशा खड़ा रहेगा।

श्री यादव ने मरहूम हाजी शफीक खां के पार्टी एवं समाज के प्रति योगदान को याद करते हुए कहा कि हाजी शफीक खां साहब ने अपना पूरा जीवन राष्ट्रीय जनता दल की सेवा में समर्पित कर दिया था। उन्होंने धर्मनिरपेक्षता, सामाजिक न्याय और साम्प्रदायिक ताकतों के खिलाफ संघर्ष में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने कभी समाज को जाति और धर्म के आधार पर बांटने की राजनीति नहीं की, बल्कि हमेशा समाज के सभी वर्गों को साथ लेकर चलने और आपसी भाईचारा, सद्भाव एवं एकता को मजबूत करने का काम किया।

उन्होंने कहा कि आज हाजी शफीक खां साहब के निधन से न केवल राजद परिवार, बल्कि समाज के हर वर्ग के लोग दुखी हैं। उनका जाना पार्टी और समाज के लिए अपूरणीय क्षति है। हम सभी ने एक ऐसे समर्पित नेता को खो दिया है, जिन्होंने अपना जीवन सामाजिक न्याय और वंचितों की आवाज बुलंद करने के लिए समर्पित किया। उन्होंने परिवार के सदस्यों को धैर्य रखने की सलाह देते हुए कहा कि मरहूम हाजी शफीक खां साहब के आदर्शों, विचारों और सामाजिक न्याय के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को आगे बढ़ाना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

इस अवसर पर मरहूम हाजी मो. शफीक खां के पुत्र एवं राजद के निवर्तमान जिला प्रधान महासचिव तथा पूर्व सभापति, नगर परिषद सीतामढ़ी मो. जलालुद्दीन खां, पूर्व विधायक सुनील कुमार कुशवाहा, मुकेश यादव, संजय गुप्ता, मुन्ना यादव, रून्नीसैदपुर के पूर्व प्रत्याशी चंदन राय सहित राजद के अनेक नेता, कार्यकर्ता एवं स्थानीय लोग उपस्थित रहे। सभी ने मरहूम हाजी शफीक खां को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके सामाजिक एवं राजनीतिक योगदान को याद किया और शोकाकुल परिवार के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त की।

सम्पादकीय

शिक्षा और रोजगार के बीच की दूरी कम करनी होगी

बेरोजगारी का एक महत्वपूर्ण पहलू शिक्षा और रोजगार के बीच का अंतर भी है। विद्यालय और महाविद्यालय युवाओं को ज्ञान प्रदान करते हैं, लेकिन रोजगार बाजार कई बार व्यावहारिक कौशल और अनुभव की मांग करता है। इस दूरी को कम करने के लिए व्यावसायिक शिक्षा, अप्रेंटिसशिप, उद्योग आधारित प्रशिक्षण और स्थानीय स्तर पर रोजगार परामर्श को बढ़ावा दिया जा सकता है। कॉलेज की डिग्री के बाद युवा को पहली नौकरी के लिए महीनों या वर्षो तक भटकना न पड़े, इसके लिए शिक्षा संस्थानों और नियोक्ताओं के बीच बेहतर संवाद की आवश्यकता है।

बिहार के सभी जिलों की आर्थिक संरचना एक जैसी नहीं है। इसलिए पूरे राज्य के लिए एक समान रोजगार नीति के साथ-साथ जिला-विशिष्ट रणनीति भी उपयोगी हो सकती है। जिस जिले में कृषि और बागवानी की संभावनाएं अधिक हैं, वहां कृषि-प्रसंस्करण और खाद्य उद्योग विकसित किए जा सकते हैं। जहां हस्तशिल्प या पारंपरिक कौशल मौजूद है, वहां बाजार और ब्रांडिंग की व्यवस्था मजबूत की जा सकती है। शहरी क्षेत्रों में सेवा क्षेत्र और छोटे उद्योगों को बढ़ावा दिया जा सकता है। इस प्रकार रोजगार नीति स्थानीय अर्थव्यवस्था की वास्तविक क्षमता से जुड़ सकती है। युवा केवल नौकरी खोजने वाला नहीं, रोजगार पैदा करने वाला भी बन सकता है। रोजगार की चर्चा में उद्यमिता का महत्व भी बढ़ रहा है। हर युवा सरकारी या निजी नौकरी नहीं कर सकता। कुछ युवा व्यवसाय, स्टार्टअप, दुकान, सेवा केंद्र, कृषि-उद्यम या डिजिटल कारोबार के माध्यम से अपनी आय का स्रोत बना सकते हैं और दूसरों को भी रोजगार दे सकते हैं। लेकिन उद्यमिता केवल प्रेरक भाषणों से विकसित नहीं होती। इसके लिए पूंजी, प्रशिक्षण, बाजार, तकनीक, सलाह और जोखिम उठाने के लिए उपयुक्त वातावरण चाहिए। इसलिए युवा उद्यमियों को केवल ऋण देना पर्याप्त नहीं, व्यवसाय शुरू होने के बाद बाजार से जोड़ना और उसकी निरंतरता सुनिश्चित करना भी जरूरी है।

रोजगार की चर्चा में महिलाओं को केंद्र में रखना भी आवश्यक है। यदि परिवार में केवल एक व्यक्ति कमाता है तो आर्थिक दबाव अधिक रहता है। महिलाओं के लिए स्थानीय और सुरक्षित रोजगार के अवसर बढ़ने से परिवार की कुल आय में वृद्धि हो सकती है। घर-आधारित उद्योग, स्वयं सहायता समूह, खाद्य प्रसंस्करण, शिक्षा, स्वास्थ्य, डिजिटल सेवाएं, छोटे व्यवसाय और अन्य क्षेत्रों में महिलाओं की भागीदारी के अवसर बढ़ाए जा सकते हैं। इसके लिए प्रशिक्षण के साथ बाजार, वित्त और सुरक्षित कार्य वातावरण भी जरूरी है। रोजगार का सवाल केवल आर्थिक नहीं, सामाजिक भी है। जब किसी परिवार का कमाने वाला सदस्य लंबे समय तक बाहर रहता है तो उसका असर परिवार के सामाजिक जीवन पर भी पड़ता है। बच्चों की देखभाल, बुजुर्गों की जिम्मेदारी और पारिवारिक निर्णयों में दूरी जैसी स्थितियां पैदा हो सकती हैं। लेकिन यह भी ध्यान रखना होगा कि प्रत्येक परिवार का अनुभव अलग होता है। अनेक परिवारों के लिए पलायन आर्थिक उन्नति का माध्यम भी बना है। इसलिए इसे केवल नकारात्मक सामाजिक घटना के रूप में देखना उचित नहीं होगा।

नीति का उद्देश्य लोगों की पसंद और जरूरतों को सीमित करना नहीं, बल्कि उनके सामने सम्मानजनक विकल्पों की संख्या बढ़ाना होना चाहिए। रोजगार का प्रश्न केवल सरकार हल नहीं कर सकती। सरकार आधारभूत ढांचा और नीतिगत वातावरण तैयार कर सकती है। उद्योग रोजगार पैदा कर सकते हैं। शिक्षा संस्थान कौशल दे सकते हैं। वित्तीय संस्थाएं पूंजी उपलब्ध करा सकती हैं और समाज उद्यमिता के लिए अनुकूल वातावरण तैयार कर सकता है। इसलिए रोजगार नीति को साझेदारी की दृष्टि से देखने की आवश्यकता है। बिहार में बेरोजगारी और पलायन पर बहस को राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप तक सीमित करना समस्या की गंभीरता को कम कर देता है। यह एक दीर्घकालिक आर्थिक विषय है, जिसके लिए निरंतर नीति, निवेश और संस्थागत प्रयास की आवश्यकता है। रोजगार के अवसर बढ़ाने के लिए बुनियादी ढांचे, उद्योग, कृषि, सेवा क्षेत्र, शिक्षा, कौशल, उद्यमिता और महिला रोजगार को एक साथ देखना होगा। साथ ही रोजगार के आंकड़ों की नियमित और विश्वसनीय निगरानी जरूरी है, ताकि नीति वास्तविक स्थिति के आधार पर बनाई जा सके। बिहार के युवाओं की सबसे बड़ी आकांक्षा केवल नौकरी नहीं, बल्कि अपने भविष्य के लिए स्थिर और सम्मानजनक अवसर है। कोई युवा अपने गांव में रहकर काम करे या देश के किसी दूसरे हिस्से में जाकरउसके पास सुरक्षित रोजगार और उचित आय का अवसर होना चाहिए।

हिमालय कांप रहा है



सुरेश भाई ।

मनुष्य चाहे जितनी भी लागत का घर बना लें, उसमें आधुनिक सुख- सुविधाएं जुटा लें लेकिन जब धरती ही डोलने लग जाय तो सारी कमाई ताश के पत्तों की तरह गिरने लगती है। इंसान भी मकान के मलबे के नीचे आकर दब जाते हैं।

कहावत है कि गुफाओं, विलों और घोंसलों पर रहने वाले जीव-जंतु जब बाहर अधिक मात्रा में दिखाई दें तो समझना चाहिए कि या तो भारी बारिश होगी या भूकंप भी आ सकता है। यह संकेत इस दौरान देखने को मिल रहे हैं।

22 अक्टूबर 2026 को तिब्बत में रात 8.03 बजे 7.0 तीवता का भूकंप आया। इसके बाद भी रात भर 5.0 तीवता के भूकंप के 16 झटके आते रहे।अगले दिन भी फिर 12: 01 बजे 4.3 तीवता का झटका रिकॉर्ड किया गया। जिसमें 16 लोग मारे गये। 400 से अधिक मकान जमींदोज हुये और दर्जनों लोग घायल अवस्था में हैं।

भूगर्भिक सर्वेक्षणों के अनुसार भूकंप का केंद्र पहाड़ी इलाके में था जो नागचू शहर से करीब 190 किमी पूर्व- उत्तर दिशा में और क्षेत्रीय राजधानी ल्हासा से लगभग 400 किमी दूर स्थित है। भूकंप की गहराई जमीन के अंदर करीब 15 किमी नीचे थी। इससे पहले 26 अगस्त को ग्लेशियर टूटने के बाद तिब्बत में ही भूकंप आया था। जिसके बाद यहां से आ रही भोटेकोशी नदी ने नेपाल में बाढ़ से भीषण तबाही की है जिसका प्रभाव भारत तक भी पड़ा।

गत वर्ष 7 जनवरी 2025 को दक्षिण पश्चिमी चीन के तिब्बत स्वायत्त क्षेत्र में शिगात्से प्रांत स्तरीय शहर टिंगरी काउंटी में 6.8 का भूकंप आया था जिसमें लगभग 126-400 लोग मारे गए थे। इस दौरान पाकिस्तान और चीन में भी तेज झटके महसूस किए गये थे।

उत्तराखंड में भी पिछले 26 वर्षो में 700 से अधिक बार भूकंप के झटके महसूस किये गये है। इसी 6 अक्टूबर को चमोली जिले में 4.9 तीवता का भूकंप आया जिसके झटके दिल्ली तक महसूस किए गये। फिर 10 अक्टूबर को भी उत्तरकाशी और टिहरी में 4.2 तीवता का भूकंप आया। यहां भटवाड़ी तहसील और यमुनोत्री घाटी में भूकंप आते रहते हैं। इससे पहले 9 अगस्त को भी यहां धरती कांपी।

चमोली, रुद्रप्रयाग, पिथौरागढ़ भूकंप के लिए बेहद संवेदनशील है जहां हर वर्ष कई बार भूकंप के झटके महसूस किये जा रहे हैं। बागेश्वर जिले में भी जनवरी और अक्टूबर में धरती कांपी। 20 अक्टूबर 1991को उत्तरकाशी में 6.8 और 28 मार्च 1999 को चमोली में भी 6.6 तीवता का भूकंप आया था जिसमें क्रमशः 768 और 100 लोग मारे गये थे।

अक्टूबर के महिने में भूकंप अधिक आ रहे हैं। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र के अनुसार 25 अक्टूबर को ही दोपहर 12: 51 बजे पिथौरागढ़ में 3.7 तीवता और 27 अक्टूबर 2026 सायं को भी बागेश्वर जिले में भूकंप आया है।

4 अप्रैल 1905 में देहरादून हिमाचल प्रदेश के कांगड़ा में 7.9 का भूकंप आया था जो पिछले 126 वर्षो में सबसे शक्तिशाली भूकंप दर्ज किया गया है। इसके बाद भी आगे स्थिति चिंताजनक है।

भारत, नेपाल, चीन, पाकिस्तान, अफगानिस्तान का हिमालय क्षेत्र भूकंप से कांप रहा है।

तिब्बत में आये भूकंप के बाद वैज्ञानिक एक बार फिर सचेत कर रहे हैं कि भारतीय और तिब्बती प्लेट की टक्कर की अधिक संभावनाएं बढ़ रही है जो सेंट्रल हिमालय सेस्मिक जोन के अंतर्गत आता है। यहां 40 प्रतिशत लोग प्रभावित हो सकते हैं। उत्तराखंड इसके बहुत निकट है जहां पर बड़े भूकंप की संभावना है जो दिल्ली, लखनऊ पटना तक तबाही मचा सकता है। जिसमें 38 प्रतिशत इमारतों को नुकसान हो सकता है।

वैज्ञानिकों के अनुसार धरती के नीचे की 7 प्लेटें घूमती रहती है। जिस स्थान पर टेक्टोनिक प्लेटों के खिसकने, टकराने से ऊर्जा उत्पन्न होती है वह जगह एक फाल्ट लाइन बन जाती है। जहां पर अधिक ऊर्जा बनने लगती है। जिसके बाद भूकंप की संभावनाएं अधिक बढ़ जाती है।

तिब्बत में आये भूकंप के बाद वैज्ञानिक एक बार फिर सचेत कर रहे हैं कि भारतीय और तिब्बती प्लेट की टक्कर की अधिक संभावनाएं बढ़ रही है जो सेंट्रल हिमालय सेस्मिक जोन के अंतर्गत आता है। यहां 40 प्रतिशत लोग प्रभावित हो सकते हैं। उत्तराखंड इसके बहुत निकट है जहां पर बड़े भूकंप की संभावना है जो दिल्ली, लखनऊ पटना तक तबाही मचा सकता है। जिसमें 38 प्रतिशत इमारतों को नुकसान हो सकता है।

आईआईटी मुंबई और अमेरिका की यूनिवर्सिटी आफ न्यू मैक्सिको समेत शोध संस्थाओं के शोधकर्ताओं द्वारा उपग्रह से लिए गये आंकड़ों के आधार पर पाया गया कि उत्तराखंड के नीचे मेन हिमालयन थ्रस्ट में लगातार दबाव के कारण ऊर्जा जमा होने के संकेत हैं। जिसमें करीब 115 किमी चौड़ा हिस्सा घर्षण के कारण आपस में बुरी तरह फंस गया यानी लक हो गया है। और प्लेटों की गति और भ्रंश पर फिसलन के बीच का अनुमानित अंतर लगभग 18 मिलीमीटर प्रतिवर्ष है जो हर 100 साल में 8.1 तीवता के भूकंप की संभावना पैदा करता है, अर्थात दशकों से रुकी यह ऊर्जा जब भी रिलीज होगी तो बड़ी तीवता का भूकंप आ सकता है।

भूकंप का प्रभाव ग्लेशियरों, पहाड़ों, आवासीय भवनों, जल स्रोतों पर भी पड़ता है। इन संवेदनशील जगहों पर दरारें आने से ग्लेशियर टूटने लगते हैं। बरसात के समय पहाड़ों पर भूकंप से पड़ी दरारों से भूस्खलन होता है। धरती कांपने से जल स्रोत में पानी अधिक या कम और सूख भी सकता है।

लेकिन वैज्ञानिक अभी तक किसी बड़े भूकंप की सटीक तारीख, समय और तीव्रता का पूर्वानुमान नहीं लगा सकते हैं। इसलिए यह जरूरी भी नहीं है कि हर सौ साल में ही भूकंप आयेगा। लेकिन यह अचानक कभी भी आ सकता है।

अतः भूकंप की चेतावनी के बीच सावधानियों पर ध्यान देने की जरूरत है। विशेषकर गृह निर्माण की शैली पुराने समय की भूकंप रोधी तकनीकी के अनुरूप हो। इस तरह का प्रयास जहां लोग कर भी रहे हैं वहीं दूसरी ओर बहुमंजिली इमारतों का निर्माण बहुत तेजी से हो रहा है। जो भूकंप को सहन नहीं कर पाएगी। क्योंकि ढालदार पहाड़ों पर किए जा रहे बड़े निर्माण संरचनाओं में भूकंप को सहन करने की शक्ति नहीं होती है। कभी भी अकस्मात भूस्खलन और भूकंप आने से वहां के पेड़- पौधे, मिट्टी, पत्थर नीचे की ओर टूटने लगते हैं। बड़े भूकंप का सामना करने के लिए भवनों के निर्माण में भूकंप रोधी तत्व एक मंजिली इमारत में ही अधिक टिकाऊहो सकते हैं।

वैज्ञानिकों द्वारा बताये गये भूकंप संभावित क्षेत्रों में भवन निर्माण और अन्य विकास कार्यो के नाम पर बन रही संरचनाओं को भूकंप की दृष्टि से टिकाऊ और मजबूत बनाने की कोई गाइडलाइन है भी तो उसका क्रियान्वयन नहीं होता है। इसलिए भूकंप से बड़ी आबादी को प्रभावित होने से नहीं रोका जा सकता है।

(लेखक, पर्यावरण सामाजिक कार्यकर्ता है।)
(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

एआई प्लस स्मार्टफोन के चुनिंदा मॉडल्स 15 नवंबर से होंगे महँगे

ग्राहकों के पास मौजूदा कीमतों पर एआईप्लस स्मार्टफोन खरीदने के लिए 14 नवंबर तक का शानदार मौका

पटना (दैनिक नवसंदेश) । एआई प्लस स्मार्टफोन ने 15 नवंबर, 2026 से अपने पोर्टफोलियो के चुनिंदा मॉडल्स की कीमतें बढ़ाने का ऐलान किया है। खासकर कम कीमत वाले स्मार्टफोन सेगमेंट में लागत का दबाव लगातार बना हुआ है।

एआई प्लस स्मार्टफोन अब तक इस दबाव के असर का आकलन करते हुए ग्राहकों के लिए फोन की कीमतें किफायती बनाए रखने की कोशिश करता रहा है।



हालाँकि, बढ़ती लागत के चलते कंपनी ने कीमतों में एक बार फिर सीमित बढ़ोतरी करने का फैसला किया है, ताकि फोन की कीमतों को किफायती बनाए रखने के साथ ग्राहकों को बेहतर अनुभव भी दिया जा सके। कीमतों में 3,000 रुपए तक की बढ़ोतरी होने वाली है। ऐसे में, ग्राहक 14 नवंबर तक अपने पसंदीदा एआई प्लस स्मार्टफोन मौजूदा कीमतों पर खरीद सकते हैं।

नई कीमतों के तहत एआई प्लस पल्स 2 एफई, पल्स 2, नोवा 2 5जी, नोवा 2 नियो 5जी, नोवा 2 पावर 5जी, नोवा 2 प्रो 5जी और नोवा 2 अल्ट्रा 5जी के चुनिंदा वैरिएंट्स 1,000 से 3,000 रुपए तक महँगे होंगे। वहीं, एआई प्लस नोवाफ्लिप 5जी की कीमत में कोई बदलाव नहीं होगा और यह 49,999 रुपए में उपलब्ध रहेगा। इंडस्ट्री में लागत से जुड़ी चुनौतियों के बावजूद, एआई प्लस स्मार्टफोन भारतीय ग्राहकों को किफायती कीमतों पर बेहतर अनुभव देने के लिए प्रतिबद्ध है। कंपनी आगे भी कंपोनेंट की लागत और बाजार के बदलते हालात पर नजर रखेगी। साथ ही, ग्राहकों को किफायती तकनीक, भरोसेमंद परफॉर्मेंस और लंबे समय तक बेहतर वैल्यू देने पर अपना ध्यान बनाए रखेगी।

आदित्य बिड़ला कैपिटल ने किया गोल्ड लोन कारोबार में किया प्रवेश, मधुबनी में शुरू की समर्पित शाखा

मधुबनी, (दैनिक नवसंदेश)। भारत की प्रमुख विविधीकृत वित्तीय सेवा कंपनियों में से एक, आदित्य बिड़ला कैपिटल लिमिटेड (एबीसीएल) के एनबीएफसी कारोबार ने मधुबनी में समर्पित शाखा शुरू करने की घोषणा की। यह शुरुआत आदित्य बिड़ला कैपिटल के व्यापक वित्तीय समाधान पोर्टफोलियो में एक महत्वपूर्ण विस्तार है और ग्राहकों को पारदर्शी, सुरक्षित तथा सुविधाजनक तरीके से संगठित स्वर्ण-आधारित ऋण उपलब्ध कराने की उसकी प्रतिबद्धता को मजबूत करती है।

बिहार संगठित गोल्ड लोन कारोबार के लिए उच्च संभावनाओं वाले बाजार के रूप में उभर रहा है। राज्य की बड़ी आबादी, बढ़ता वित्तीय समावेशन, संगठित गोल्ड लोन प्रदाताओं की अपेक्षाकृत कम पहुंच और औपचारिक सुरक्षित ऋण की बढ़ती मांग संगठित ऋणदाताओं के लिए व्यापक अवसर प्रदान करती है।

मिथिला क्षेत्र के प्रमुख शहरी एवं व्यावसायिक केंद्र के रूप में मधुबनी आसपास के अर्ध-शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों के ग्राहकों को भी सेवाएं प्रदान करता है। इसी वजह से कंपनी ने अपने शुरुआती विस्तार के लिए मधुबनी को महत्वपूर्ण केंद्र के रूप में चुना है।

विश्वास और पारदर्शिता को केंद्र में रखते हुए आदित्य बिड़ला कैपिटल की गोल्ड लोन सेवा में समर्पित शाखा-आधारित सेवा मॉडल के साथ डिजिटल माध्यम से जुड़ने की सुविधा भी शामिल है। इस सेवा के तहत पारदर्शी मूल्य निर्धारण, गिरवी रखे गए आभूषणों की सुरक्षित देखरेख और शहरी तथा अर्ध-शहरी बाजारों में विभिन्न ग्राहक वर्गो के लिए सरल ऋण प्रक्रिया उपलब्ध कराई जाएगी। कंपनी की योजना मार्च 2027 तक अधिक संभावनाओं वाले बाजारों में 200 से 300 समर्पित गोल्ड लोन शाखाएं स्थापित करने की है।

इस शुरुआत के बारे में आदित्य बिड़ला कैपिटल लिमिटेड के कार्यकारी निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी-एनबीएफसी, राकेश सिंह ने कहा, हमारे गोल्ड लोन कारोबार की शुरुआत आदित्य बिड़ला कैपिटल के व्यापक और ग्राहक-केंद्रित वित्तीय सेवा तंत्र के निर्माण की यात्रा में एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि है।

मिथिला क्षेत्र के एक प्रमुख वाणिज्यिक और शैक्षणिक केंद्र के रूप में मधुबनी का महत्व तथा संगठित वित्तीय सेवाओं की बढ़ती मांग इसे हमारे गोल्ड लोन कारोबार के लिए एक महत्वपूर्ण बाजार बनाती है। हमारी चरणबद्ध विस्तार योजना मजबूत गवर्नेंस, परिचालन उत्कृष्टता और आदित्य बिड़ला कैपिटल से जुड़े विश्वास के आधार पर निर्बाध ओम्नीचैनल अनुभव के माध्यम से विश्वसनीय, पारदर्शी और सुविधाजनक सुरक्षित ऋण समाधानों को अधिक लोगों तक पहुंचाने की हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

मधुबनी में अपनी मौजूदगी मजबूत करते हुए हम शहर और आसपास के बाजारों में ग्राहकों की बदलती वित्तीय जरूरतों को पूरा करके उनके साथ दीर्घकालिक संबंध बनाने की दिशा में आगे बढ़ेंगे।

आदित्य बिड़ला कैपिटल की गोल्ड लोन सेवा दरभंगा के शहरी और अर्ध-शहरी बाजारों में विभिन्न ग्राहक वर्गो की जरूरतों को पूरा करेगी और कंपनी के विविधीत वित्तीय समाधान पोर्टफोलियो को और मजबूत करेगी। एबीसीएल और उसकी सहायक कंपनियों संयुक्त उपक्रमों का देशभर में 1,759 से अधिक शाखाओं का नेटवर्क है। 30 जून 2026 तक उनका समेकित ऋण कारोबार 2.19 लाख करोड़ रुपये को पार कर गया था। गोल्ड लोन कारोबार का चरणबद्ध विस्तार बिहार में विश्वसनीय और सुविधाजनक सुरक्षित ऋण समाधानों तक पहुंच को बढ़ाएगा।

आदित्य बिड़ला कैपिटल का एनबीएफसी कारोबार कंपनी के प्रमुख विकास इंजन के रूप में कार्य करता है और भारत के शीर्ष पांच एएए-रेटेड विविधीकृत एनबीएफसी में शामिल है। यह खुदरा, एसएमई और कॉरपोरेट ग्राहकों के लिए सुरक्षित और असुरक्षित ऋण समाधानों की व्यापक श्रृंखला उपलब्ध कराता है। इसके चार प्रमुख कारोबार क्षेत्रों में व्यक्तिगत एवं उपभोक्ता ऋण, असुरक्षित कारोबारी ऋण, सुरक्षित कारोबारी ऋण तथा करपोरेटध्मिड-मार्केट ऋण शामिल हैं।

वित्त वर्ष 2026 में एनबीएफसी की परिसंपत्ति प्रबंधन के तहत राशि (एयूएम) सालाना आधार पर 27 प्रतिशत बढ़कर 1,59,916 करोड़ रुपये हो गई। इसमें खुदरा और एसएमई कारोबार की हिस्सेदारी करीब 68 प्रतिशत रही। इस दौरान ऋण वितरण 25 प्रतिशत बढ़कर 84,204 करोड़ रुपये और कर-पूर्व लाभ (पीबीटी) 20 प्रतिशत बढ़कर 4,023 करोड़ रुपये रहा। वित्त वर्ष 2027 की पहली तिमाही में भी विकास की गति जारी रही। इस दौरान एयूएम सालाना आधार पर 28 प्रतिशत बढ़कर 1,67,456 करोड़ रुपये, ऋण वितरण 34 प्रतिशत बढ़कर 21,201 करोड़ रुपये और कर-पूर्व लाभ 32 प्रतिशत बढ़कर 1,222 करोड़ रुपये हो गया।

ADITYA BIRLA CAPITAL
आदित्य बिरला कैपिटल लिमिटेड
गोल्ड लोन
GOLD LOAN

महज 18 वर्ष की उम्र में शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान, मंत्री ने मौली सिंह को दिया 'बिहार ज्योति अवार्ड'

पटना (दैनिक नवसंदेश)। मात्र 18 वर्ष की उम्र में शिक्षा के क्षेत्र में सराहनीय कार्य करने और गरीब एवं जरूरतमंद बच्चों को पढ़ाने के प्रति समर्पण के लिए मौली सिंह को प्रतिष्ठित 'बिहार ज्योति अवार्ड' से सम्मानित किया गया। बिहार कला एवं संस्कृति परिषद द्वारा बिहार के प्रथम मुख्यमंत्री एवं बिहार केसरी स्वर्गीय डा. श्रीकृष्ण सिंह की 139वीं जयंती के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में बिहार सरकार के ग्रामीण विकास एवं सूचना एवं जन-सम्पर्क मंत्री श्रवण कुमार ने उन्हें यह सम्मान प्रदान किया।

कम उम्र में ही शिक्षा के प्रति मौली सिंह की प्रतिबद्धता और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना ने उन्हें विशेष पहचान दिलाई है। गरीब एवं आर्थिक रूप से कमजोर बच्चों को पढ़ाने में उनकी विशेष रुचि है। उनका मानना है कि शिक्षा समाज में समान अवसर उपलब्ध कराने और बच्चों के भविष्य को बेहतर बनाने का सबसे प्रभावी माध्यम है। वह चाहती हैं कि आर्थिक अभाव के कारण कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे। मौली को उनकी कम उम्र में शिक्षा के क्षेत्र में किए जा रहे सराहनीय कार्यो, जरूरतमंद बच्चों के प्रति संवेदनशीलता और समाज में सकारात्मक बदलाव लाने की सोच के लिए सम्मानित किया गया। उनकी यह पहल युवाओं के लिए प्रेरणादायक है और यह संदेश देती है कि समाज सेवा के लिए उम्र नहीं, बल्कि सोच, समर्पण और कार्य करने की इच्छाशक्ति महत्वपूर्ण होती है।



मौली की इस उपलब्धि पर उनके पिता डा. सुनील कुमार सिंह, शिक्षाविद् एवं जेनिथ कॉमर्स एकेडमी के संस्थापक, ने प्रसन्नता व्यक्त की।

उन्होंने कहा कि जरूरतमंद बच्चों को शिक्षित करना समाज के प्रति एक महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि मौली भविष्य में भी शिक्षा और सामाजिक सेवा के क्षेत्र में अपना योगदान जारी रखेंगी तथा अधिक से अधिक बच्चों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने का प्रयास करेंगी।

मात्र 18 वर्ष की उम्र में 'बिहार ज्योति अवार्ड' से सम्मानित होना मौली सिंह के लिए गौरवपूर्ण उपलब्धि है। उनकी यह सफलता युवा पीढ़ी को शिक्षा, सामाजिक जिम्मेदारी और जरूरतमंद लोगों की सेवा के लिए प्रेरित करती है।

होम क्रेडिट इंडिया का दीवाली कैंपेन, अपनों के साथ दीवाली

जश्न लोगों के साथ जो हर जगह को महसूस करा दें घर जैसा

पटना (दैनिक नवसंदेश)। माता-पिता के लिए, बच्चे के पास लौटने के लिए हमेशा एक घर होता है। लेकिन क्या होता है जब बच्चा बड़ा हो जाता है, दूसरे शहर चला जाता है और अपना एक घर बनाता है इस दिवाली अग्रणी कंज्यूमर फाइनेंस कंपनी, होम क्रेडिट इंडिया अपने नए कैंपेन : अपनों के साथ दीवाली के जरिए से इस शांत लेकिन गहराई से जुड़ने वाले बदलाव को दर्शा रही है, जो घर वहां, घरवाले जहां की सोच पर आधारित है।



यह अभियान फिल्म अब यूट्यूब, इंस्टाग्राम, फेसबुक और लिंक्डइन पर उपलब्ध है। इस अभियान के केंद्र में बड़े होने, दूर जाने और जुड़े रहने के नए तरीके खोजने की एक जानी-पहचानी कहानी है। मनीष, एक युवा पेशेवर, जो अपने गृहनगर शिमला से मुंबई आ गया है, काम के कारण दिवाली पर घर नहीं जा पाता। वह अपने माता-पिता से कहता है, आप लोग यहां आ जाओ ना। जिन माता-पिता ने सालों यह सुनिश्चित करने में बिताए कि उनका बेटा हमेशा घर जैसा महसूस करे, उनके लिए उसके घर में कदम रखना एक नया अनुभव है। उनके लिए, यह उसका घर था, जो एक ऐसे जीवन से आकार ले रहा था जिसका वे हर दिन हिस्सा नहीं रहे थे। जैसे ही उसके पिता उसके द्वारा खरीदे गए घरेलू उपकरण देखते हैं, मनीष उन्हें बताता है कि यह उसकी अपनी कड़ी मेहनत का नतीजा है, और बाकी में होम क्रेडिट की मदद है, ताकि उसकी बचत सुरक्षित रहे। यह सुनकर पिता का मन गर्व से भर जाता है। पिता को अहसास होता है कि जिस बच्चे की उन्होंने कभी देखभाल की थी, वह अब खुद अपनी देखभाल करने में सक्षम है।

अपने समय के जीवित शब्द-कोष थे आचार्य श्रीरंजन सूरिदेव

एक बटोहिया-गीत से अमर हो गए बाबू रघुवीर नारायण

पटना (दैनिक नवसंदेश)। अपने समय के जीवित शब्द-कोष थे आचार्य श्रीरंजन सूरिदेव। संस्कृत सहित अनेक भारतीय भाषाओं के वे महापण्डित और प्राकृत तथा अपभ्रंश के अंतिम अधिकारी विद्वान थे। वे सरस्वती के लोक-प्रसिद्ध वरद-पुत्र और एक साहित्यिक ऋषि थे। उन्होंने एक संत की भाँति साहित्य की साधना की। वहीं पुरा-पीढ़ी के प्रणम्य साहित्यकार बाबू रघुवीर नारायण एक ऐसे कवि थे, जिनकी एक गीति-रचना बटोहिया ने उन्हें साहित्य-संसार में सदा के लिए अमर कर दिया।

यह बातें बुधवार को बिहार हिन्दी साहित्य सम्मेलन में आयोजित जयंती-समारोह एवं कवि-सम्मेलन की अध्यक्षता करते हुए, सम्मेलन अध्यक्ष डा अनिल सुलभ ने कही। डा सुलभ ने कहा कि, वर्षो से अधिक समय तक अविराम साहित्य-साधना में लीन रहने वाले आचार्यजी अपनी युवावस्था में, सम्मेलन-पत्रिका साहित्य के वर्ण-शोधक के रूप में सम्मेलन से जुड़े थे और सम्मेलन के प्रधानमंत्री के पद को भी सुशोभित किया। वर्ष की आयु में उन्होंने अपना लौकिक देह छोड़ा, किंतु माह पूर्व तक साहित्य-सेवा में सक्रिए रहे। आज से उनका जन्म-शती-वर्ष आरम्भ हो रहा है। सम्मेलन का अगला अधिवेशन उनकी स्मृति को समर्पित रहेगा।



जयंती पर साहित्य सम्मेलन ने दो विभूतियों को किया श्रद्धापूर्वक स्मरण, दी काव्यांजलि ।

वरिष्ठ साहित्यकार जियालाल आर्य ने कहा कि बाबू रघुवीर नारायण की ही प्रेरणा से बनैली के राजा कीर्त्यानंद सिंह जी ने साहित्य-सम्मेलन के भवन निर्माण हेतु में एकमुश्त दस हजार रूपए की सहायता दी थी। बटोहिया गीत महात्मा गाँधी और देशरत्न डा राजेंद्र प्रसाद को बहुत प्रिय था। कांग्रेस के कार्यक्रमों में इसे वंदना-गीत के रूप में प्रस्तुत किया जाता था। आंदोलन-काल में इसे पूर्वांचल का राष्ट्रीय-गीत माना जाता था।

विद्वान साहित्यकार मार्कण्डेय शारदेय ने कहा कि सूरिदेव जी एक बड़े साहित्यकार ही नहीं, साहित्यकारों के बड़े परिष्कारक थे। उन्होंने बहुत कुछ लिखा, किन्तु उससे भी अधिक अन्य साहित्यकारों का परिष्कार किया प्रोत्साहन दिया और अनेकानेक पुस्तकों की भूमिका लिखी। वे अत्यंत महान साहित्यसेवी और बिहार के गौरव थे।

वरिष्ठ पत्रकार ज्ञानवर्धन मिश्र ने कहा कि बिहार सरकार को आचार्य श्रीरंजन सूरिदेव के नाम से राजभाषा-पुरस्कार आरम्भ करना चाहिए। वरिष्ठ साहित्यकार डा रत्नेश्वर सिंह, डा सुमेधा पाठक, डा समरेंद्र नारायण आर्य, डा मेहता नगेंद्र सिंह, अभिजीत कश्यप, सुमन कुमार मिश्र, सूरिदेव के पुत्र संगम कुमार रंजन तथा पुत्रवधु विभा रंजन ने भी अपने उद्गार व्यक्त किए।

इस अवसर पर आयोजित कवि-सम्मेलन का आरंभ चंदा मिश्र ने वाणी-वंदना से किया। वरिष्ठ कवि प्रो सुनील कुमार उपाध्याय, चित्तरंजन भारती, सुनील कुमार मलंग, डा ओम् प्रकाश पाण्डेय, सिद्धेश्वर, विद्या चौधरी, सुनीता रंजन, तनुजा सिन्हा, जय प्रकाश पुजारी, नेहाल कुमार सिंह निर्मल आदि कवियों और कवयित्रियों ने अपनी रचनाओं से काव्यांजलि दी। अतिथियों का स्वागत सम्मेलन के संगठन मंत्री ईं अशोक कुमार ने, मंच का संचालन ब्रह्मानन्द पाण्डेय ने तथा धन्यवाद-ज्ञापन कृष्ण रंजन सिंह ने किया।

सम्मेलन के पुस्तकालय मंत्री डा नागेश्वर प्रसाद यादव, ईं बाँके बिहारी साव, शंकर शरण मधुकर, डा मिथिलेश कुमार, परवेज आलम, अभिराम बुद्धवाहा, कौसर जहां,सुमन कुमार मिश्रा आदि सुधीजन उपस्थित थे।

दैनिक नवसंदेश

वायस 4 बिहार डॉटकाम की इकाई, दैनिक नवसंदेश (डेली डिजिटल न्यूज पेपर), स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक, संपादक- यू. सिंह के द्वारा वार्ड-28, नियर पानी टंकी, रानीपुर, ब्रह्मपुर, फुलवारीशरीफ, पटना-801505 से डिजिटली प्रकाशित और संपूर्ण बिहार में प्रसारित ।
इस डिजिटल समाचार पत्र में प्रकाशित सामग्री से संपादक, मुद्रक, प्रसारक का सहमत होना आवश्यक नहीं है। प्राप्त स्पष्टीकरण प्रकाशित किया जायेगा। समाचारों से संबंधित सभी विवादों का न्याय क्षेत्र पटना न्यायालय (बिहार) ही होगा। (सभी पद अवैतनिक है।)

एसडीओ ने सरकारी संस्थानों व छठ घाटों का किया निरीक्षण

अरेराज (एनएसबी)। अनुमंडल पदाधिकारी सुजीत कुमार ने बुधवार को अरेराज अनुमंडल क्षेत्र के विभिन्न सरकारी संस्थानों एवं छठ घाटों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पिपरा, पंचायत सरकार भवन पिपरा सहित सिरनी स्थित पुरंदरपुर एवं खजुरिया छठ घाटों का जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

पीएचसी पिपरा के निरीक्षण के दौरान एसडीओ ने दवाओं की उपलब्धता, चिकित्सकों एवं स्वास्थ्यकर्मियों की उपस्थिति, ओपीडी, नियमित टीकाकरण, एंबुलेंस, कोल्ड चेन तथा अन्य स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी ली। निरीक्षण में अस्पताल के प्रभारी उपस्थित मिले। वर्तमान में केवल ओपीडी संचालित पाए जाने पर एसडीओ ने उपलब्ध छह बेड के आधार पर छह बेड वाले अस्पताल का पूर्ण संचालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। वार्ड में आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने और



निरीक्षण करते अधिकारी।

अक्सीजन सिलेंडर की व्यवस्था करने को कहा। उन्होंने पीएचसी के अधीन 17 स्वास्थ्य उपकेंद्रों, जिनमें नौ आयुष्मान आरोग्य मंदिर के रूप में संचालित हैं, की स्थिति की भी समीक्षा की। अस्पताल में चिकित्सकों एवं कर्मियों का ड्यूटी रोस्टर प्रमुख स्थानों पर स्पष्ट रूप से प्रदर्शित करने, कायाकल्प अभियान के तहत रंग-रोगन एवं सौंदर्यीकरण कराने तथा दवा वितरण व्यवस्था सुचारू रखने का निर्देश दिया। एंबुलेंस एवं उसके रोस्टर की भी भौतिक जांच की गई। बीएचएम की स्थायी व्यवस्था के लिए सिविल सर्जन से पत्राचार करने की बात कही गई।

पंचायत सरकार भवन पिपरा के निरीक्षण में कार्य अवधि के दौरान भवन एवं आरटीपीएस काउंटर बंद मिला। इस पर एसडीओ ने नाराजगी जताते हुए प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी से बात की और सभी पंचायतों में रोस्टर के अनुसार कर्मियों की उपस्थिति सुनिश्चित कराने का निर्देश दियास छठ पूजा को लेकर एसडीओ ने पुरंदरपुर एवं खजुरिया घाटों का भी निरीक्षण किया। उन्होंने पहुंच पथ, साफ-सफाई, बैरिकेडिंग, प्रकाश व्यवस्था, चेंजिंग रूम और सुरक्षा इंतजामों का जायजा लिया। अंचलाधिकारी को खतरनाक घाटों को चिति कर लाल झंडा लगाने तथा गहरे पानी वाले स्थानों पर मजबूत बैरिकेडिंग कराने का निर्देश दिया। पूजा समितियों के साथ समन्वय कर छठ से पहले सभी तैयारियां पूरी करने को कहा।

एमजेके बालिका विद्यालय में डीएम ने परखी शैक्षणिक व मूलभूत व्यवस्थाएं

मोतिहारी(एनएसबी)। जिलाधिकारी सौरभ सुमन यादव ने बुधवार को शहर स्थित एमजेके बालिका उच्चतर माध्यमिक विद्यालय का औचक निरीक्षण किया। सुबह करीब 10 बजे पहुंचे डीएम ने विद्यालय परिसर की साफ-सफाई, शैक्षणिक व्यवस्था सहित विभिन्न सुविधाओं का जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने विद्यालय में संचालित लेबोरेटरी, स्मार्ट क्लास, खेलकूद सामग्री और संगीत कक्ष का निरीक्षण किया। उन्होंने संबंधित शिक्षकों से इन सुविधाओं के संचालन और विद्यार्थियों को मिल रहे लाभ की जानकारी ली। डीएम ने विद्यालय प्रबंधन को परिसर में साफ-सफाई की समुचित व्यवस्था बनाए रखने का निर्देश दिया। साथ ही अभियान कायाकल्प के तहत विद्यालय भवन एवं चाहरदीवारी का रंग-रोगन कराने को कहास जिलाधिकारी ने प्राचार्य से शिक्षकों की उपस्थिति और विद्यार्थियों की उपस्थिति की भी जानकारी ली। इसके



कार्यक्रम में उपस्थित बच्चे और शिक्षक।

बाद उन्होंने कक्षा नौ में पहुंचकर वर्ग संचालन देखा। बच्चों से संवाद करते हुए पढ़ाए जा रहे पाठ को आगे बढ़ाया और विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया। डीएम ने विद्यार्थियों को नियमित रूप से पढ़ाई करने तथा बेहतर व्यक्तित्व निर्माण के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि शिक्षा के साथ अनुशासन और अच्छे व्यक्तित्व का विकास भी जरूरी है। निरीक्षण के दौरान सदर मोतिहारी के प्रखंड विकास पदाधिकारी भी मौजूद थे।

संक्षिप्त खबरें

फेनहारा में किसानों को मिला आधुनिक खेती का प्रशिक्षण

फेनहारा(एनएसबी)। फेनहारा प्रखंड स्थित आईबी भवन में बुधवार को प्रखंड स्तरीय प्रशिक्षण सह उपादान वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में षि समन्वयक राजेश कुमार ने किसानों को आधुनिक खेती, षि योजनाओं और वैज्ञानिक पद्धति से खेती करने की जानकारी दी।प्रशिक्षण के दौरान रबी फसल की तैयारी, बीज उपचार, संतुलित उर्वरकों के इस्तेमाल तथा जैविक खेती को बढ़ावा देने पर विशेष जोर दिया गया। षि समन्वयक ने कहा कि किसान आधुनिक षि तकनीकों को अपनाकर अपनी फसल की पैदावार और आय में वृद्धि कर सकते हैं।कार्यक्रम में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, फसल बीमा योजना, बीज वितरण योजना और षि यंत्रीकरण योजना के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी गई। किसानों से अपील की गई कि वे षि सलाहकारों के संपर्क में रहकर वैज्ञानिक तरीके से खेती करें और सरकारी योजनाओं का लाभ उठाएंस इस मौके पर प्रखंड षि पदाधिकारी प्रभात कुमार, जिला पार्षद आकाश गुप्ता, अवधेश राय, सुबोध पटेल, आलोक सिंह, शम्भू सिंह, षि सलाहकार संजय यादव, षि समन्वयक संतोष कुमार, पप्पू कुमार समेत कई षि सलाहकार और बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे।

पुलिस ने पुराने मोबाइल खरीद बिक्री करने वाले गिरोह का किया भंडाफोड़

चकिया(एनएसबी)। साइबर फ्रड की बढ़ती घटनाओं को लेकर पुलिस सतर्क है। इसी क्रम में चकिया पुलिस ने पुराने मोबाइल खरीदकर साइबर अपराध में उपयोग करने वाले गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए 315 पीस पुराने एंड्रयड और की पैड मोबाइल बरामद किए हैं। इस मामले में पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले के पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। इस संबंध में अपर थानाध्यक्ष धनंजय कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर थाना क्षेत्र के बनझुला फ्लाईओवर के निकट एनएच-28 पर सीवान गोपालगंज की ओर से आ रही एक बस को रोककर यात्रियों की तलाशी ली गई। इसी क्रम में पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले के हजरत शेख,माशीदुल शेख, मोख्तार रहमान, अजारुल शेख और तोहिदुल शेख के बैग की तलाशी लेने पर 315 पुराने एंड्रयड और कीपैड मोबाइल बरामद हुए। जिसमें टूटे मोबाइल भी थे।

पाम हॉस्पिटल में ऑनलाइन अप्वाइंटमेंट सेवा शुरू, घर बैठे ले सकेंगे डॉक्टर से मिलने का समय

मोतिहारी (एनएसबी)। श्रीकृष्ण नगर स्थित पाम हॉस्पिटल में बुधवार को ऑनलाइन अप्वाइंटमेंट सेवा की शुरुआत की गई। अस्पताल के चिकित्सक ड़ पुष्कर कुमार सिंह ने अस्पताल की वेबसाइट चंडीवेचपजंसपद और अनलाइन अपइंटमेंट सेवा का शुभारंभ किया। नई सुविधा के तहत मरीज अब घर बैठे डक्टर से परामर्श के लिए अपइंटमेंट ले सकेंगे।डॉ. पुष्कर ने बताया कि अनलाइन अपइंटमेंट सेवा शुरू करने का उद्देश्य मरीजों को सुविधा प्रदान करना और अस्पताल में नंबर लगाने की प्रक्रिया को सरल बनाना है। मरीजों को केवल अपइंटमेंट लेने के लिए अस्पताल आने की आवश्यकता नहीं होगी। वे वेबसाइट के माध्यम से उपलब्ध समय की जानकारी लेकर अपनी सुविधा के अनुसार अपइंटमेंट ले सकेंगे।उन्होंने कहा कि डिजिटल तकनीक के बढ़ते उपयोग को देखते हुए स्वास्थ्य सेवाओं को भी अधिक सुविधाजनक बनाने की जरूरत है।



जानकारी देते डॉ. पुष्कर।

अनलाइन अपइंटमेंट से मरीजों के समय की बचत होगी। वहीं, दूर-दराज से आने वाले मरीजों को अस्पताल पहुंचने से पहले डक्टर से मिलने का समय निर्धारित करने में सुविधा मिलेगी। अस्पताल प्रबंधन के अनुसार, मरीज अनलाइन अपइंटमेंट तथा उपलब्ध समय की जानकारी के लिए चंडीवेचपजंसपद पर जा सकते हैं।

पॉलिटेक्निक छात्रों को स्टार्टअप और स्वरोजगार के अवसरों की दी जानकारी

मोतिहारी(एनएसबी)। राजकीय पलिटेक्निक, मोतिहारी में बुधवार को स्टार्टअप एवं उद्यमिता को लेकर जागरूकता संगोष्ठी आयोजित की गई। इसका विषय 'स्टार्टअप के लिए सरकारी नीतियां एवं वित्तीय सहायतारू नवाचार और उद्यमिता के माध्यम से डिप्लोमा इंजीनियरों को सशक्त बनाना' था। कार्यक्रम में जिला उद्योग केंद्र के महाप्रबंधक अंकित कुमार ने विद्यार्थियों को पारंपरिक रोजगार के साथ उद्यमिता और स्वरोजगार को करियर विकल्प के रूप में अपनाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि तकनीकी शिक्षा प्राप्त युवा अपने ज्ञान और कौशल के माध्यम से स्थानीय समस्याओं के समाधान पर आधारित व्यावसायिक विचार विकसित कर सकते हैं। सरकारी योजनाओं और वित्तीय सहायता के माध्यम से ऐसे विचारों को उद्यम का रूप दिया जा सकता हैस जिला नियोजन पदाधिकारी अंकित राज ने विद्यार्थियों को रोजगार एवं स्वरोजगार के अवसरों की जानकारी देते हुए तकनीकी कौशल को उद्योगों की जरूरत के अनुरूप विकसित करने पर जोर दियास प्राचार्य ड़ सत्यदेव कुमार राम ने कहा कि पलिटेक्निक



स्टार्टअप एवं उद्यमिता को लेकर जागरूकता संगोष्ठी आयोजित।

के विद्यार्थी अपनी तकनीकी दक्षता और व्यावहारिक ज्ञान के माध्यम से नवाचार के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान दे सकते हैंस संगोष्ठी में स्टार्टअप शुरू करने की प्रक्रिया, व्यावसायिक विचारों की पहचान, सरकारी योजनाओं के तहत वित्तीय सहायता, उद्यम स्थापना में मार्गदर्शन तथा तकनीकी नवाचार को उत्पाद एवं सेवाओं में बदलने की जानकारी दी गईस मौके पर स्टार्टअप समन्वयक एवं व्याख्याता किशन कुमार, आईटीआई अनुदेशक सुमन कुमार सहित अन्य अधिकारी व विद्यार्थी मौजूद रहेस

संक्षिप्त खबरें

इकरा पब्लिक स्कूल में सुरक्षित बचपन अभियान बच्चों को अधिकारों व सुरक्षा की दी जानकारी

मोतिहारी(एनएसबी)। स्थानीय इकरा पब्लिक स्कूल में बुधवार को 'सुरक्षित बचपन अभियान' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश राजेंद्र कुमार सिन्हा ने बच्चों को उनके अधिकारों एवं सुरक्षा के प्रति जागरूक किया। उन्होंने बच्चों को गुड टच-बैड टच के बारे में जानकारी देते हुए आपातकालीन हेल्पलाइन नंबरों की उपयोगिता बताई।इस अवसर पर विद्यालय के निदेशक हसन शाहिद ने कहा कि बच्चों को सुरक्षित और भयमुक्त वातावरण उपलब्ध कराना विद्यालय की प्राथमिकता है। उन्होंने बाल शोषण से बचाव के लिए घर, समाज और विद्यालय को मिलकर कार्य करने तथा बच्चों में नैतिक मूल्यों के विकास पर जोर दिया।कार्यक्रम में पीएलवी चंदन कुमार सहित विद्यालय की आबिदा शाहिद, हुसैन राशिद, वसीम खान, शहीद अनवर, रोकैय्या, आफरा सहित अन्य शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।



कार्यक्रम के मुख्य अतिथि।

नशा मुक्त बिहार अभियान को लेकर डीएम ने की बैठक

मोतिहारी(एनएसबी)। 'नशे की जंजीर तोड़ो, खुशहाल जीवन से नाता जोड़ो' के संदेश के साथ जिले में नशा मुक्त बिहार अभियान को प्रभावी बनाने की तैयारी शुरू हो गई है। बुधवार को जिलाधिकारी सौरभ सुमन यादव की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में संबंधित विभागों के अधिकारियों की बैठक हुई।बैठक में जिले में एक माह तक चलने वाले जनजागरूकता अभियान की तैयारियों की समीक्षा की गई। सहायक आयुक्त मद्य निषेध ने बताया कि अभियान को चार चरणों में बांटा गया है। 27 से 31 अक्टूबर तक 'नगर की प्रतिज्ञा', 1 से 7 नवंबर तक 'गांव का संकल्प', 8 से 16 नवंबर तक 'पर्व और परिवार' तथा 17 से 25 नवंबर तक 'युवा जोश' अभियान चलाया जाएगास पहले चरण में नगर निगम, नगर परिषद और नगर पंचायत क्षेत्रों में दीवारों पर मद्य निषेध संबंधी स्लोगन लिखे जाएंगे। बस स्टैंड और सार्वजनिक बाजारों में पोस्टर-बैनर लगाए जाएंगे। नगर निकायों के वाहनों से जागरूकता अडियो जिंगल का प्रसारण और नुक्कड़ नाटक भी कराया जाएगा।पंचायती राज विभाग के माध्यम से पंचायत भवनों पर स्लोगन एवं बैनर-पोस्टर लगाए जाएंगे। पंचायत प्रतिनिधियों के माध्यम से ग्रामीणों को नशे के दुष्प्रभावों की जानकारी दी जाएगी। एलईडी वैन और नशा मुक्ति वाहनों से भी जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। जीविका दीदियों को अभियान में महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी गई है। प्रत्येक ग्राम पंचायत में एक 'नशा मुक्ति मित्र' के माध्यम से प्रचार-प्रसार कराया जाएगा। शिक्षा विभाग स्कूलों में निबंध, वाद-विवाद सहित विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित करेगा। डीएम ने जिला स्तर पर बड़े जागरूकता कार्यक्रम के आयोजन को लेकर सहायक आयुक्त मद्य निषेध को आवश्यक तैयारी करने का निर्देश दिया। बैठक में नगर आयुक्त आशीष कुमार, जिला पंचायत राज पदाधिकारी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी सहित स्वास्थ्य, शिक्षा एवं जीविका के अधिकारी मौजूद थे।

डीएम की जनसुनवाई में 18 लोगों ने रखी समस्याएं अधिकारियों को त्वरित कार्रवाई का निर्देश

मोतिहारी(एनएसबी)। सबका सम्मान, जीवन आसान' कार्यक्रम के तहत बुधवार को जिलाधिकारी सौरभ सुमन यादव ने अपने कार्यालय कक्ष में जनसुनवाई की। शाम चार बजे से आयोजित जनसुनवाई में कुल 18 लोगों की समस्याएं सुनी गईं। डीएम ने संबंधित अधिकारियों को मामलों की जांच कर शीघ्र कार्रवाई करने का निर्देश दिया।ढाका अंचल के मो नेजाम आलम ने बताया कि उनके पिता ढाका थाना में दफादार के पद पर कार्यरत थे और वर्ष 2025 में सेवा के दौरान उनकी मृत्यु हो गई। उन्होंने अनुकंपा के आधार पर नियुक्ति का आवेदन दिया था। डीएम ने आवेदन स्थापना उप समाहर्ता को भेजते हुए शीघ्र कार्रवाई का निर्देश दिया। तुरकौलिया के वासुदेव राय ने पुश्तैनी जमीन पर अवैध कब्जे की शिकायत की। डीएम ने वीडियो कन्फ्रेंसिंग के माध्यम से अंचल अधिकारी से बात कर मामले की जांच और कार्रवाई का निर्देश दिया।चकिया की अंजली देवी ने बासगीत जमीन का पर्चा दिलाने की मांग की। उनके आवेदन को आवश्यक निर्देश के साथ अंचल अधिकारी चकिया को भेजने का निर्देश दिया गयास पकड़ीदयाल के चितरंजन सिंह ने जमीन पर अवैध कब्जे की शिकायत करते हुए बताया कि आवेदन देने के बावजूद कार्रवाई नहीं हुई है। डीएम ने अंचल अधिकारी पकड़ीदयाल से वीडियो कन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जानकारी ली और शीघ्र कार्रवाई का निर्देश दिया।हरसिद्धि की रीना देवी ने अतिक्रमण अपील वाद में आदेश पारित होने के बावजूद जमीन को अतिक्रमणमुक्त नहीं कराए जाने की शिकायत की। डीएम ने अंचल अधिकारी हरसिद्धि को पुनः जांच कर शीघ्र कार्रवाई करने का निर्देश दियास जनसुनवाई के दौरान उप विकास आयुक्त ड़ प्रदीप कुमार भी मौजूद थे। विभिन्न अंचलों के अंचल अधिकारी अनलाइन माध्यम से जुड़े हुए थे।

अमूल, सेजल और अशादुहल्ला ने जीते सब-जूनियर बैडमिंटन खिताब

मोतिहारी(एनएसबी)। शहर के लुम्नी भवन में 24 से 28 अक्टूबर तक आयोजित हंड्रेड बिहार स्टेट सब-जूनियर अंडर-13 एवं अंडर-15 बालक-बालिका बैडमिंटन टूर्नामेंट का बुधवार को समापन हो गया। समापन समारोह में जिलाधिकारी, नगर आयुक्त और बिहार बैडमिंटन संघ के सचिव के।एन. जायसवाल ने विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया।अंडर-13 बालक सिंगल्स में पटना के अमूल कुमार ने अपने ही जिले के षलय कुमार को 15-10, 15-8 से हराकर खिताब जीता। बालिका अंडर-13 सिंगल्स में मुजफ्फरपुर की सेजल सिंह विजेता बनीं। उन्होंने पटना की इश्नवी सिंह को 15-11, 15-3 से पराजित किया।अंडर-15 बालक सिंगल्स में मुंगेर के अशादुहल्ला ने मुजफ्फरपुर के प्रांजल वीर को 15-4, 15-12 से हराकर खिताब अपने नाम किया।अंडर-13 बालक डबल्स में अमूल कुमार और षलय कुमार की पटना की जोड़ी विजेता रही। इस जोड़ी ने बेगूसराय के अक्षज भारती और नवनीत कुमार को 15-9, 15-6 से हराया।अंडर-15 बालक डबल्स में अशादुहल्ला और प्रांजल वीर की जोड़ी ने पूर्णिया के अथर्व और ऋषभ पटेल को 15-8, 15-12 से हराकर खिताब जीता।बालिका डबल्स में सेजल सिंह और नेहा कुमारी की जोड़ी ने फाइनल मुकाबला 16-14, 15-7 से जीतकर खिताब हासिल कियास समारोह में मोतिहारी बैडमिंटन संघ के सचिव त्रिलोक कुमार, एनआईएस कोच नितेश कश्यप, सुजीत कुमार गुप्ता, सरवर अली सहित कई गणमान्य लोग मौजूद थे।

सुरक्षित बचपन अभियान के तहत छात्रों को दी गई पॉक्सो एक्ट की जानकारी

तुरकौलिया(एनएसबी)। श्री राजाराम उच्चतर माध्यमिक विद्यालय (मडल स्कूल) में मंगलवार को 'सुरक्षित बचपन अभियान' के तहत विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकार, मोतिहारी की ओर से आयोजित इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों को पक्सो एक्ट, बाल अधिकार और बच्चों की सुरक्षा से जुड़े कानूनी प्रावधानों की जानकारी दी गई। साथ ही बच्चों को किसी भी तरह के शोषण और अनुचित व्यवहार के खिलाफ आवाज उठाने के लिए जागरूक किया गया। कार्यक्रम में जिला विधिक सेवा प्राधिकार, मोतिहारी से पहुंचीं अधिवक्ता जाहिदा तवस्सुम ने विद्यार्थियों को पक्सो एक्ट के प्रावधानों की जानकारी देते हुए कहा कि बच्चों को अपने अधिकारों और कानून से मिलने वाली सुरक्षा के प्रति जागरूक रहना जरूरी है। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार के अनुचित व्यवहार या असुरक्षित परिस्थिति का सामना करने पर चुप नहीं रहना चाहिए। इसकी जानकारी तत्काल अपने अभिभावक, शिक्षक या किसी जिम्मेदार व्यक्ति को देनी चाहिए।

राजकीय पॉलिटेक्निक में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एवं प्रॉम्प्ट इंजीनियरिंग पर सेमिनार आयोजित



ओरिएंटेशन सेमिनार में प्राचार्य व अन्य।

सहरसा शहर (एनएसबी)। राजकीय पॉलिटेक्निक में नेक्सुयल एआई के सहयोग से बुधवार को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जनरेटिव एआई एवं प्रॉम्प्ट इंजीनियरिंग विषय पर दो घंटे के निःशुल्क ओरिएंटेशन सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमिनार का उद्देश्य छात्र-छात्राओं को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की बुनियादी अवधारणाओं, उसके व्यावहारिक उपयोग तथा भविष्य में उपलब्ध रोजगार एवं करियर के अवसरों से परिचित कराना था।

कार्यक्रम में एआई के मूल सिद्धांतों, जनरेटिव एआई प्रॉम्प्ट इंजीनियरिंग, विभिन्न एआई टूल्स के व्यावहारिक उपयोग, वास्तविक जीवन में उनके अनुप्रयोग तथा एआई के जिम्मेदार उपयोग पर चर्चा की गई। लाइव डेमोंस्ट्रेशन, व्यावहारिक उदाहरणों एवं प्रश्नोत्तर सत्र के माध्यम से छात्र-छात्राओं को नई तकनीक को समझने और उसका प्रभावी उपयोग करने की जानकारी दी गई। सेमिनार में बिना किसी पूर्व कोडिंग या एआई ज्ञान के भी भाग लेने की सुविधा रही। इस अवसर पर संस्थान के प्राचार्य प्रो. मिथुन कुमार ने कहा कि वर्तमान तकनीकी युग में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और प्रॉम्प्ट इंजीनियरिंग का ज्ञान तकनीकी शिक्षा प्राप्त कर रहे छात्र-छात्राओं के लिए अत्यंत उपयोगी है। नेक्सुयल एआई की ओर से सेमिनार में शामिल सीइओ प्रवीण कुमार, सीटीओ पीयूष, यश मिश्रा जेनरेटिव एआई इंजीनियर एवं दिलखुश कुमार मशीन लर्निंग एवं एआई इंजीनियर ने संयुक्त रूप से छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की संभावनाओं, प्रॉम्प्ट तैयार करने की प्रभावी तकनीकों, एआई टूल्स के उपयोग तथा उद्योग में इन तकनीकों की बढ़ती भूमिका के बारे में जानकारी दी। उन्होंने व्यावहारिक उदाहरणों के माध्यम से समझाया कि एआई का उपयोग पढ़ाई, समस्या-समाधान, नवाचार और कार्यक्षमता बढ़ाने में किस प्रकार किया जा सकता है। साथ ही, उन्होंने छात्र-छात्राओं को नई तकनीकों को सीखने, प्रयोग करने और जिम्मेदारी के साथ उनका उपयोग करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रो. शुभम, प्रो. सौरभ, प्रो. श्वेता सहित संस्थान के अन्य व्याख्याताओं एवं कर्मियों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

श्री उग्रतारा सांस्कृतिक महोत्सव 2026 की समीक्षात्मक बैठक आयोजित

महोत्सव के उद्घाटन में मुख्यमंत्री सम्राट चैधरी को आमंत्रित करने का भी प्रस्ताव



बैठक में डीएम, डीडीसी, एसडीओ व एसडीपीओ।

सहरसा शहर (एनएसबी)। विकास भवन के सभागार में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में श्री उग्रतारा सांस्कृतिक महोत्सव-2026 की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। महोत्सव अगले महीने 19-21 नवंबर को आयोजित होना है। बैठक में ह्यप्रभात परिक्रमाह्य सेमिनार एवं वाद विवाद, स्मारिका प्रकाशन एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम के आयोजन पर विचार किया गया। साफ-सफाई, स्वास्थ्य एवं सड़क मरम्मति से सम्बंधित भी कई निर्णय लिये।

महोत्सव के उद्घाटन हेतु मुख्यमंत्री सम्राट चैधरी को आमंत्रित करने का भी प्रस्ताव रखा गया है। महोत्सव के प्रथम दिन सुबह में ह्यप्रभात परिक्रमाह्य कार्यक्रम को इस वर्ष से ही प्रारंभ किये जाने हैं, जिसका मुख्य उद्देश्य मंदिर परिसर और मंडनधाम परिसर को महोत्सव के मूल कार्यक्रमों से जोड़कर ग्रामीणों, सेवायत सदस्यों और बुद्धिजीवियों को महोत्सव में सक्रिय रखकर सम्मिलित करना है। सेमिनार और वाद विवाद समिति को महोत्सव की आत्मा बताया गया और इसमें दिल्ली विश्वविद्यालय, जेएनयू, बीएचयू, लाल बहादुर शास्त्री संस्कृत विश्वविद्यालय, साउथ एशियन विश्वविद्यालय से विषय विशेषज्ञ विद्वानों को बुलाकर मंडन मिश्र की मीमांसा दर्शन, सनातन एवं बौद्धों में उग्रतारा के साथ साथ मिथिला के धर्म, दर्शन, संस्कृति और जीवन पद्धति पर वाद-विवाद एवं विमर्श कराने का निर्णय लिया गया है। अन्य वर्ष की भांति इस वर्ष भी स्मारिका का प्रकाशन किया जाएगा जिस हेतु राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय विश्वविद्यालयों के प्रोफेसरों एवं शोधकत्र्ताओं से 9 नवंबर 2026 तक गुणवत्तापूर्ण एवं मौलिक आलेख मांगे गये हैं। स्मारिका की प्रिंट कापी के साथ साथ इसके डिजिटल फार्म को महोत्सव के साइट पर उपलब्ध कराया जाएगा। बैठक मे स्टॉल, फुड कोट और पुस्तक मेला से संबंधित भी कई निर्णय लिये गये हैं। पर्यटन द्वारा प्रायोजित राशि कम पड़ने पर ह्यफ्रैंड्स आप फेस्टिवलह्य के माध्यम से अनुदानकत्र्ताओं से फंड जेनरेशन का भी निर्णय लिया गया है। जिसके तहत डिजिटल-नॉन डिजिटल विज्ञापन की सुविधा प्रदान की जायेगी। पर्यटन विभाग के अधीन महिषी में अवस्थित रेस्टहाउस में कलाकारों के आवासन की संभावना पर विचार करने से पुर्व जिलाधिकारी द्वारा स्थल निरीक्षण के उपरांत आगे का निर्णय लिया जाएगा। बैठक में उप विकास आयुक्त, एसडीओ सदर, एसडीपीओ, जिला कला एवं संस्कृति पदाधिकारी एवं आयोजन समिति के सदस्य उपस्थित हुए।

संक्षिप्त खबरें

भाजपा युवा मोर्चा द्वारा आरजेएम कॉलेज में युवा संवाद कार्यक्रम आयोजित



कार्यक्रम में पूर्व मंत्री, युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष।

सहरसा शहर (एनएसबी)। भाजपा युवा मोर्चा द्वारा रमेश झा महिला कॉलेज में युवा संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस युवा संवाद कार्यक्रम के आयोजन का मुख्य उद्देश्य युवाओं को अपने लोकतंत्र के प्रति जागरूक करने के लिए संदेश देना था युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष सुरजीत सिंह कुशवाहा ने कहा कि यह युवा संवाद कार्यक्रम पूरे भारत में आयोजित किया जा रहा है और युवाओं के बीच इस कार्यक्रम को लेकर जाया जा रहा है इस कार्यक्रम के माध्यम से हम सभी युवाओं को एकत्रीकरण कर उन्हें लोकतंत्र के विषयों को अच्छी तरीके से समझने के लिए प्रेरित कर रहे हैं ताकि लोकतंत्र का नाम लेकर देश में जो अराजकता का माहौल बनाया जा रहा है उस माहौल को खत्म किया जा सके और लोकतंत्र की रक्षा हो सके आज देश में विपक्ष के द्वारा युवाओं को गलत दिशा में भ्रमित कर देश में अराजकता का माहौल बनाया जा रहा है इस कार्यक्रम मैं मुख्य अतिथि के तौर पर बिहार सरकार के पूर्व मंत्री व सहरसा के पूर्व विधायक आलोक रंजन झा बिहार बीजेपी की पूर्व प्रदेश महामंत्री लाजवंती झा, जिलाध्यक्ष साजन शर्मा ने हिस्सा लिया। वही कार्यक्रम में कॉलेज की छात्राओं ने बढ़-कर कर हिस्सा लिया और लोकतंत्र के विषयों पर अपनी बातों को रखा छात्राओं ने अपनी बातों में लोकतंत्र को सर्वोपरि बताया और शिक्षा को एक बहुत बड़ा माध्यम बताया शिक्षा ही एक ऐसा माध्यम है जिससे जुड़कर हम अपने मौलिक अधिकारों को समझते हैं और उसका उपयोग कर सकते हैं। कार्यक्रम को सफल बनाने में जिला महामंत्री भैरव झा, जिला उपाध्यक्ष राजीव रंजन शाह, युवा मोर्चा के जिला महामंत्री राजकुमार शाह, युवा मोर्चा जिला मंत्री गुंजन कुमारी, राधिका कुमारी, युवा मोर्चा के सैकड़ो कार्यकत्र्ताओं ने मिलकर इस कार्यक्रम का सफल आयोजन किया।

मनखाहा में अवैध हथियार बनाने का खुलासा, उपकरण व कारतूस के साथ एक गिरफ्तार, घर में हथियार बनाने और दूसरे स्थानों पर बेचने का आरोप



प्रेसवार्ता में बसनही थानाध्यक्ष व गिरफ्तार आरोपी।

सोनवर्षाराज (सहरसा) (एनएसबी)। बसनही थाना क्षेत्र अंतर्गत मनखाहा गांव में बुधवार की सुबह पुलिस और एसटीएफ की संयुक्त टीम ने छापेमारी कर कथित अवैध हथियार निर्माण का खुलासा किया। इस दौरान पुलिस ने हथियार बनाने में इस्तेमाल होने वाले उपकरण, अर्द्धनिर्मित हथियारों के पुर्जे, एक जिंदा कारतूस और दो खोखे बरामद किए। मौके से गांव के ही गजाधर शर्मा (42) को गिरफ्तार किया गया है। बसनही थानाध्यक्ष विकास कुमार के अनुसार, पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि गजाधर शर्मा अपने घर में अवैध रूप से हथियार बनाता है। सूचना के सत्यापन के बाद विशेष छापेमारी दल का गठन किया गया। बुधवार सुबह करीब 4,45 बजे पुलिस और एसटीएफ की टीम ने उसके घर पर छापेमारी की। तलाशी के दौरान हथियार निर्माण में इस्तेमाल होने वाले कई उपकरण और पुर्जे बरामद किए गए। पुलिस के अनुसार, बरामद सामान में चार बैरल, दो अर्द्धनिर्मित मस्केट बॉडी, राइफल का पुराना मैगजीन, छह ट्रिगर, तीन ड्रिल मशीन और दो ग्राइंडर शामिल हैं। इसके अलावा एक जिंदा कारतूस, दो खोखे और एक मोबाइल फोन भी जब्त किया गया है। पुलिस के मुताबिक, पूछताछ के दौरान गिरफ्तार गजाधर शर्मा ने घर में हथियार बनाकर दूसरे स्थानों पर बेचने की बात स्वीकार की है। पुलिस मामले में आर्म्स एक्ट की विभिन्न धाराओं के तहत कार्रवाई कर रही है। बरामद सामान के संबंध में आगे की जांच की जा रही है।

दुर्गा देवी के आकस्मिक निधन पर श्रृद्धांजलि सभा आयोजित



फाइल फोटो दुर्गा देवी।

फोटो कैप्शनः 7 फाइल फोटो दुर्गा देवी

महिषी (सहरसा) (एनएसबी)। व्यापार मंडल के अध्यक्ष जवाहर ठाकुर के 72 वर्षीय धर्म परायण, समाजसेवी, गृहिणी पत्नी दुर्गा देवी के आकस्मिक निधन पर बुधवार को श्रृद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार लंबे समय से बीमार चल रही दुर्गा देवी ने शरद पूर्णिमा की रात कोजगरा पर्व के अवसर पर अपने पुत्र के धार्मिक आयोजन में लोगों के बीच मखान एवं मिठाई बांटते अंतिम सांस ली। श्रृद्धांजलि सभा में उपस्थित लोगों को सम्बोधित करते बुद्धिजीवी परमानंद खां, निशाकांत ठाकुर, दुर्गा झा, शैल पाठक, भवनाथ चैधरी, राकेश चैधरी वौआ आदि ने कहा कि आजादी के वाद अपने ससुर मायानंद ठाकुर उर्फ चुल्हाई ठाकुर को अपने आवास महिषी स्थित ठाकुरवाड़ी में सदावर्त बांटते देखने के वाद स्व देवी ने भी निर्धन व्यक्तियों को सहायता करना ही अपना कर्म माना जिससे उनके निधन पर गरीब गुड़वा की भीड़ उमर पड़ी। मौके पर मधुकांत चैधरी, भगवान जी चैधरी, भरत चैधरी, जगदीश झा, आचार्य उदय कांत झा, रितेश चैधरी, किष्टो झा, पवन ठाकुर आदि उपस्थित थे।

पतरघट में 25.920 लीटर विदेशी शराब जब्त, कारोबारी गिरफ्तार



विदेशी शराब के साथ गिरफ्तार आरोपी।

पतरघट (सहरसा) (एनएसबी)। पतरघट थाना पुलिस ने मंगलवार को कार्रवाई करते हुए 25.920 लीटर विदेशी शराब जब्त की है। इस दौरान पुलिस ने एक कथित शराब कारोबारी को भी गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार कारोबारी की पहचान पतरघट थाना क्षेत्र के गोलमा बासा टोला निवासी जयकुमार भगत उर्फ जयकिशुन भगत, पिता गणेश भगत के रूप में हुई है। इस संबंध में पतरघट थानाध्यक्ष शशि कुमार ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी। सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए 25.920 लीटर विदेशी शराब बरामद की गई तथा एक कारोबारी को गिरफ्तार किया गया।उत्पाद अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर न्यायिक हिरासत भेज दिया गया है।

अन्नू हॉस्पिटल में नवजात की मौतरू 15 दिन बाद भी जांच अधूरी, स्वास्थ्य विभाग की कार्यशैली पर उठे सवाल, सिविल सर्जन ने तीन सदस्यीय टीम गठित कर एक सप्ताह में मांगी थी रिपोर्ट, अब तक जांच की स्थिति स्पष्ट नहीं। सोनवर्षाराज (सहरसा) (एनएसबी)। काशनगर बाजार में कथित रूप से अवैध तरीके से संचालित अन्नू हॉस्पिटल में बीते 9 अक्टूबर को इलाज के दौरान नवजात शिशु की मौत के मामले में स्वास्थ्य विभाग की जांच प्रक्रिया सवालों के घेरे में है। घटना के बाद सिविल सर्जन द्वारा जांच के आदेश दिए जाने के 15 दिन से अधिक समय बीत चुका है, लेकिन अब तक जांच पूरी होने और रिपोर्ट सौंपे जाने की जानकारी सामने नहीं आई है। इससे स्वास्थ्य विभाग की कार्यशैली पर सवाल उठने लगे हैं। वहीं, क्षेत्र में कथित रूप से अवैध नर्सिंग होम के संचालन पर रोक लगाने को लेकर विभाग की गंभीरता भी चर्चा का विषय बन गई है। जानकारी के अनुसार, घटना के बाद 13 अक्टूबर को सिविल सर्जन डॉ. राजनारायण प्रसाद ने मामले की जांच और अन्नू हॉस्पिटल के वैध कागजातों की पड़ताल के लिए तीन सदस्यीय टीम गठित की थी। टीम में जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी डॉ. विवेकानंद को अध्यक्ष बनाया गया था, जबकि सीएचसी सोनवर्षाराज के प्रभारी चिकित्सक डॉ. लक्ष्मण कुमार और डॉ. हरि शेखर को सदस्य बनाया गया था। सिविल सर्जन ने टीम को एक सप्ताह के भीतर जांच रिपोर्ट सौंपने का निर्देश दिया था। हालांकि, निर्धारित समय सीमा बीतने के बाद भी जांच की प्रगति और रिपोर्ट को लेकर स्थिति स्पष्ट नहीं हो सकी है। नवजात की मौत जैसे गंभीर मामले में जांच में हो रही देरी से विभागीय कार्रवाई की पारदर्शिता पर सवाल उठ रहे हैं। स्थानीय स्तर पर यह भी सवाल किया जा रहा है कि आखिर जांच टीम अब तक घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की पड़ताल क्यों नहीं कर सकी है। जांच टीम के सदस्यों ने दी अलग-अलग प्रतिक्रिया इस संबंध में सीएचसी प्रभारी चिकित्सक डॉ. लक्ष्मण कुमार ने बताया कि जांच टीम के अध्यक्ष जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी डॉ. विवेकानंद हैं। मामले में विस्तृत जानकारी वही दे सकते हैं। वहीं, जांच टीम के अध्यक्ष डॉ. विवेकानंद ने बताया कि वह फिलहाल पटना आए हुए हैं। मामले को लेकर सीएस ने कहा कि वही इस मामले को देखते हैं। अब देखना यह है कि नवजात की मौत के इस मामले में जांच कब पूरी होती है और अस्पताल के संचालन से जुड़े कागजातों की जांच के बाद स्वास्थ्य विभाग क्या कार्रवाई करता है।

दो दिवसीय जिला स्तरीय युवा उत्सव कार्यक्रम का डीएम ने किया उद्घाटन



उत्सव का शुभारंभ करते डीएम, डीडीसी व अन्य।

सहरसा शहर (एनएसबी)। बिहार सरकार युवा एवं कला संस्कृति विभाग द्वारा बुधवार को प्रेक्षागृह में दो दिवसीय जिला स्तरीय युवा उत्सव कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी दीपेश कुमार, डीडीसी गौरव कुमार, एडीएम निशांत कुमार, एसडीओ श्रेयांश तिवारी, सीएस राज नारायण प्रसाद, डीटीओ सुजीत कुमार बरनवाल, जिला कृषि पदाधिकारी संजय कुमार, डीपीआरओ राजीव कुमार, जिला कला संस्कृति पदाधिकारी स्नेहा झा, जिला शिक्षा डीपीओ शालिनी कुमारी एवं सुपौल जिला कला संस्कृति पदाधिकारी तारकेश्वर पटेल के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया गया। वही राजकीय शिक्षक सम्मान से सम्मानित शिक्षक आनंद झा के संचालन में आयोजित इस कार्यक्रम में इस अवसर पर स्वागत भाषण एवं धन्यवाद ज्ञापन जिला कला संस्कृति पदाधिकारी स्नेहा झा के द्वारा किया गया।

इस दो दिवसीय प्रतियोगिता में कुल पांच विद्या में कार्यक्रम आयोजित किया जा रहे हैं जिसके अंतर्गत समूह लोकगीत, समूह लोक नृत्य, कविता लेखन, चित्रकला एवं नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया जा रहा है। इन कलाकारों के प्रदर्शन के लिए 15 निर्णायक मंडल बनाए गए हैं जो काफी अनुभवी है एवं पारदर्शिता के साथ निष्पक्ष रूप से कलाकारों को प्रोत्साहित करेंगे। इस कार्यक्रम में सहरसा, मधेपुरा, सुपौल के कलाकार भाग ले रहे हैं। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी दीपेश कुमार ने स्कूल कॉलेज छात्र-छात्राओं एवं कलाकारों का स्वागत करते हुए प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि बिहार सरकार के द्वारा नशा मुक्त बिहार एक महीना तक अभियान चलाया जा रहा है। इसमें अधिक से अधिक युवा भाग लेकर कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग करने की अपील की। इस कार्यक्रम के दौरान डीडीसी गौरव कुमार एवं निशांत कुमार ने भी संबोधित किया। इस मौके पर आम्रपाली प्रशिक्षण केंद्र के बच्चों द्वारा नशा उन्मूलन हेतु नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। कला संस्कृति पदाधिकारी स्नेहा झा ने कहा कि कला संस्कृति विभाग की तरफ से राज्य के सभी कलाकारों का पंजीकरण पोर्टल पर पंजीकरण किया जा रहा है। इसके साथ ही पांडूलिपि संरक्षण सर्वेक्षण में बेहतर कार्य किए गए हैं। आम्रपाली प्रशिक्षण केंद्र के 120 बच्चे शास्त्रीय संगीत शास्त्रीय नृत्य कत्थक एवं तबला वादन का प्रशिक्षण ले रहे हैं। उन्होंने कहा कि कलाकारों को मुख्यमंत्री कलाकार पेंशन दी जा रही है। उन्होंने कहा कि राज स्तरीय युवा महोत्सव में जिले की शानदार उपलब्धि रही है। इसके अंतर्गत तीन विद्या में तीन पुरस्कार प्राप्त हुए हैं। महोत्सव के माध्यम से सांस्कृतिक पहचान आयोजन की नई दिशा मिलती है। वहीं मंच इस मंच के माध्यम से कलाकारों को ख्याति प्राप्त होती है। नए कलाकारों की संख्या में अभिवृद्धि हुई है। श्रीमती झा ने कहा कि जिले की धरोहर के लिए एवं ऐतिहासिक विरासत को सहेजने के लिए नए संग्रहालय की पहल की जा रही है।

कायाकल्प अभियान की रफ्तार धीमी, सोनवर्षा की अधिकांश पंचायतों में योजनाएं शुरू नहीं, 30 नवंबर तक पूरा करना है सरकारी परिसंपत्तियों की मरम्मत व उन्नयन का कार्य, दो-चार पंचायतों में ही चल रहा काम



बैठक में बीडीओ, मुखिया व अन्य।

सोनवर्षाराज (सहरसा) (एनएसबी)। प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न पंचायतों में बुनियादी ढांचे, सरकारी परिसंपत्तियों और जनसुविधाओं को बेहतर बनाने के उद्देश्य से शुरू किए गए कायाकल्प अभियान की रफ्तार काफी धीमी है। अभियान की निर्धारित समय-सीमा समाप्त होने में करीब एक माह शेष है, लेकिन प्रखंड की महज दो-चार पंचायतों में ही योजनाओं पर काम चल रहा है। अधिकांश पंचायतों में अब तक योजनाओं का काम शुरू नहीं होने से अभियान के निर्धारित लक्ष्य को समय पर पूरा करने पर सवाल उठने लगे हैं। योजनाओं में तेजी लाने को लेकर बुधवार को बीडीओ अमित आनंद के कक्ष में क्षेत्र के मुखियाओं की बैठक हुई। बैठक में बीडीओ अमित आनंद एवं बीपीआरओ पीयूष चैधरी ने पंचायतवार योजनाओं की प्रगति रिपोर्ट की समीक्षा की। इस दौरान जिन पंचायतों में अब तक योजनाएं शुरू नहीं हुई हैं, वहां के मुखियाओं से जल्द से जल्द काम शुरू कराने का आग्रह किया गया। बताते चलें कि मुख्यमंत्री सम्राट चैधरी द्वारा 17-18 सितंबर 2026 को इस अभियान की शुरूआत की गई थी।

वृक्ष बना छत व धरती बना बेंच, मामला मध्य विद्यालय भटपुरा का, दो कमरे उपलब्ध कराने का था आदेश

अब तक एक ही कमरा मिलने का आरोप, पढ़ाई प्रभावित होने की आशंका

संजीव श्रीवास्त ब्यूरो चीफ



एक कलाश वृक्ष के निचे।



दूसरा जमीन पर।

सहरसा कार्यालय। जिले के सिमरी बख्तियारपुर प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत भटपुरा विद्यालय में कमरों की कमी के कारण बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। पर्याप्त कमरे नहीं होने से कुछ बच्चों को पेड़ के नीचे तो कुछ को बरामदे में बैठकर पढ़ाई करनी पड़ रही है। इससे विद्यार्थियों को कक्षा संचालन के दौरान परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। मिली जानकारी के अनुसार, भटपुरा विद्यालय के लिए दो कमरे उपलब्ध कराने का आदेश दिया गया था। हालांकि, आरोप है कि अब तक विद्यालय को केवल एक कमरा ही उपलब्ध कराया गया है। इसके कारण बच्चों को बैठाने और कक्षाओं का संचालन करने में परेशानी हो रही है।

खासकर बारिश के दिनों में बच्चों की पढ़ाई प्रभावित होने की आशंका बनी रहती है। बताया जाता है कि विद्यालय में कक्षा एक से आठवीं तक की पढ़ाई होती है। विद्यालय में करीब 15 कमरे होने की बात भी सामने आई है। इसके बावजूद बच्चों को बैठने के लिए पर्याप्त जगह नहीं मिल पा रही है। ऐसे में कमरों की उपलब्धता और उनके उपयोग को लेकर सवाल उठ रहे हैं। स्थानीय स्तर पर बच्चों की पढ़ाई के लिए पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की जा रही है। लोगों का कहना है कि संबंधित अधिकारियों को मामले की जांच कर वास्तविक स्थिति का जायजा लेना चाहिए, ताकि विद्यार्थियों को पेड़ के नीचे या बरामदे में बैठकर पढ़ने की मजबूरी से राहत मिल सके। अब देखना है कि शिक्षा विभाग इस समस्या को दूर करने के लिए क्या कदम उठाता है। बताते चले कि इस मामले को लेकर सिमरी बख्तियारपुर बीडीओ सह बीईओ प्रधानाध्यापक को निर्देश दिया कि छोटे-छोटे बच्चें के लिए कमरा उपलब्ध कराया जाय। बाबजूद इसके प्रधानाध्यापक ने बुधवार तक कमरा उपलब्ध नही कराया था।

संक्षिप्त खबरें

बच्चों ने सीखा गीले-सूखे कचरे और ई-वेस्ट का सही निस्तारण

खगड़िया (एनएसबी)। पर्यावरण संरक्षण की दिशा में बच्चों की भागीदारी सुनिश्चित करने और स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से मध्य विद्यालय चातरघाट में विद्यार्थियों द्वारा स्वच्छता पर जागरूकता अभियान आयोजित किया गया। विद्यालय परिवार के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम में बच्चों को कचरे के उचित पृथक्करण और सुरक्षित निस्तारण की जानकारी दी गई। अभियान के दौरान विद्यार्थियों को नीले, हरे, काले और लाल डस्टबिन के उपयोग के बारे में बताया गया। उन्हें समझाया गया कि गीला कचरा, सूखा कचरा, सेनेटरी कचरा और इलेक्ट्रॉनिक कचरे (ई-वेस्ट) को अलग-अलग रखना क्यों जरूरी है। साथ ही, विभिन्न प्रकार के कचरे को निर्धारित डस्टबिन में डालने और उनके सुरक्षित निस्तारण के तरीकों की जानकारी दी गई।कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों में स्वच्छता की आदत विकसित करने के साथ उन्हें पर्यावरण संरक्षण का जिम्मेदार प्रहरी बनाना था। इस अभियान के माध्यम से विद्यार्थियों को संदेश दिया गया कि कचरे को सही तरीके से अलग करना और उसका सुरक्षित निस्तारण करना स्वच्छ एवं स्वस्थ पर्यावरण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।कार्यक्रम के संचालन में प्रभारी प्रधानाध्यापिका सुदामा कुमारी, लवली कुमारी, गीता सिंह, ज्योति कुमारी, अनिला कुमारी, शशि कला कुमारी, प्रीति कुमारी, प्रियंका कुमारी सहित विद्यालय परिवार के सभी सदस्यों ने सक्रिय भूमिका निभाई।

नशा के उपयोग करनेवालो पर पुलिस करें कार्रवाई

बेलदौर(एनएसबी)। थाना क्षेत्र के अंतर्गत नशे का काला कारोबार तेजी से पांव पसार रहा है। आलम यह है कि अब स्मैक और अन्य नशीले पदार्थो का सेवन करनेवाला हर गली और मोहल्ले में आम हो गया है। हैरानी की बात यह है कि इस गंभीर समस्या पर नकेल कसने में स्थानीय प्रशासन और पुलिस महकमा फिसड्डी साबित हो रही है, जिससे नशेड़ियों के हौसले बुलंद हैं। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, बेलदौर नगर पंचायत क्षेत्र स्थित कई महत्वपूर्ण और संवेदनशील सार्वजनिक स्थल इन दिनों नशेड़ियों का सुरक्षित ठिकाना बना चुके हैं। इनमें आदर्श मध्य विद्यालय बेलदौर, पुराना पंचायत भवन, सहायता प्राप्त मध्य विद्यालय श्रीपुर और खंडहर में तब्दील हो चुका गांधी इंटर विद्यालय प्रमुख रूप से शामिल हैं। इन परिसरों में शाम ढ़लते ही य स्मैकर्स और संदिग्ध युवकों की चहलकदमी अप्रत्याशित रूप से बढ़ जाती है। दिन ढलते ही शिक्षण संस्थानों और सरकारी भवनों के आसपास असामाजिक तत्वों का जमावड़ा लग जाने से स्थानीय नागरिकों में का माहौल है। जिन परिसरों में बच्चों का भविष्य गढ़ा जाना चाहिए, वहां इस तरह की अवैध गतिविधियों के संचालन से क्षेत्र की कानून-व्यवस्था पर एक बड़ा प्रश्नचि खड़ा हो रहा है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि पुलिस गश्त की कमी से शाम के वक्त इन सुनसान पड़े स्कूलों और सरकारी भवनों में खुलेआम नशे का सेवन किया जा रहा है। स्थानीय प्रबुद्ध नागरिकों ने जिला प्रशासन और बेलदौर थाना पुलिस से मांग की है कि इन चिन्हित ठिकानों पर विशेष अभियान चलाकर छापेमारी की जाए। साथ ही, शाम के समय संवेदनशील और शैक्षणिक परिसरों के आसपास पुलिस गश्त को तेज किया जाए, ताकि इस अवैध कारोबार पर रोक लग सके और युवा पीढ़ी को बर्बाद होने से बचाया जा सके।

परिवार नियोजन शिविर में 21 महिलाओं का हुआ बंध्याकरण

बेलदौर (एनएसबी)। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में मंगलवार को परिवार नियोजन शिविर में 21 महिलाओं का बंध्याकरण किया गया। बंध्याकरण के बाद सभी महिलाओं को चिकित्सकों की निगरानी में रखा गया है। अस्पताल प्रबंधन के अनुसार, बुधवार को आवश्यक स्वास्थ्य जांच के बाद सभी महिलाओं को छुट्टी दे दी जाएगी। शिविर में बंध्याकरण से पहले सभी चयनित महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। इस दौरान हीमोग्लोबिन, रक्तचाप और मधुमेह सहित अन्य जरूरी जांच की गई। जांच में योग्य पाए जाने के बाद महिलाओं का बंध्याकरण किया गया, ताकि अपरेशन के दौरान किसी तरह की परेशानी नहीं हो। परिवार नियोजन शिविर में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी सह सर्जन मुकेश कुमार ने सभी 21 महिलाओं का बंध्याकरण किया। वहीं, शिविर के सफल संचालन और चिकित्सकीय कार्यो में प्रतिनियुक्त एएनएम नीलम कुमारी, रंजना कुमारी, सोनी कुमारी, वंदना कुमारी, वीणा कुमारी और श्वेता भारती ने आवश्यक सहयोग किया। इसके अलावा ड्रेसर अभिनव कुमार ने भी अपनी जिम्मेदारी निभाई।स्वास्थ्य केंद्र में आयोजित इस शिविर के माध्यम से योग्य महिलाओं को परिवार नियोजन की सुविधा उपलब्ध कराई गई। बंध्याकरण के बाद महिलाओं की स्थिति पर नजर रखी जा रही है।

रोज बड एकेडमी में बच्चों के बीच जागरूकता कार्यक्रम

जिला विधिक सेवा प्राधिकार के द्वारा कार्यक्रम का आयोजन

खगड़िया (एनएसबी)। जिला विधिक सेवा प्राधिकार के द्वारा बुधवार को रोज बड एकेडमी में बच्चों को व्यक्तिगत सुरक्षा, यौन शोषण से बचाव, बाल विवाह एवं बाल श्रम की रोकथाम के कानूनी प्रावधान को लेकर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित की गयी। शिविर में जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश चतुर्थ प्रवाल दत्ता, विशेष न्यायाधीश उत्पाद द्वितीय प्रभाकर झा, जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश पंचमरूम्पा कुमारी तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकार, खगड़िया के सचिव चंदन कुमार ने भाग लेकर विद्यालय के बच्चों को पक्सो अधिनियम, 2012, बाल अधिकार, बाल सुरक्षा, बाल श्रम की रोकथाम, बाल विवाह एवं साइबर अपराध से संबंधित महत्वपूर्ण कानूनी प्रावधानों की जानकारी दी। जागरूकता शिविर के दौरान वक्ताओं ने कहा कि प्रत्येक बच्चे को सुरक्षित वातावरण में जीवन जीने, शिक्षा प्राप्त करने, सम्मानपूर्वक व्यवहार पाने तथा अपने अधिकारों के संरक्षण का अधिकार है। बच्चों को अपने अधिकारों और कानूनी संरक्षण की जानकारी होना आवश्यक है, ताकि वे किसी भी प्रकार के शोषण, उत्पीड़न अथवा अनुचित व्यवहार की स्थिति में बिना भय के सहायता प्राप्त कर सकें। बच्चों को पक्सो अधिनियम, 2012 के प्रमुख प्रावधानों की जानकारी देते हुए बताया गया कि यह कानून 18 वर्ष से कम आयु के बच्चों को यौन अपराधों से संरक्षण प्रदान करता है। बच्चों को सुरक्षित एवं असुरक्षित स्पर्श की पहचान, व्यक्तिगत सीमाओं तथा किसी भी अनुचित व्यवहार का विरोध करने के महत्व के बारे में बताया गया। साथ ही उन्हें प्रेरित किया गया कि यदि उनके



कार्यक्रम में न्यायिक पदाधिकारी।

साथ या किसी अन्य बच्चे के साथ कोई गलत घटना होती है, तो वे चुप न रहें और अपने माता-पिता, शिक्षक अथवा किसी विश्वसनीय वयस्क को इसकी जानकारी दें, ताकि समय पर उचित सहायता एवं संरक्षण उपलब्ध कराया जा सके। शिविर में बाल श्रम की रोकथाम पर विशेष जोर देते हुए वक्ताओं ने बताया कि बच्चों से कम उम्र में काम कराना उनके शिक्षा, स्वास्थ्य, सुरक्षा और समुचित विकास के अधिकारों को प्रभावित करता है। बच्चों का स्थान विद्यालय में है, न कि ऐसे कार्यस्थलों पर जहां उनके शारीरिक, मानसिक या भावनात्मक विकास को नुकसान पहुंच सकता है। बच्चों को बाल श्रम से संबंधित कानूनी प्रावधानों की जानकारी देते हुए बताया गया कि कानून के तहत बच्चों को खतरनाक एवं प्रतिबंधित कार्यो में नियोजित करना निषिद्ध है तथा बाल श्रम की रोकथाम के लिए निर्धारित कानूनी नियमों का पालन करना आवश्यक है। वक्ताओं ने कहा कि आर्थिक कठिनाइयों अथवा अन्य परिस्थितियों के कारण किसी भी बच्चे की शिक्षा और बचपन प्रभावित नहीं होना चाहिएं। बाल श्रम को रोकने के लिए परिवार, विद्यालय, समाज और संबंधित विभागों की सक्रिय भूमिका आवश्यक है। यदि कहीं बच्चों से अवैध रूप से काम कराया जा रहा हो या उनके साथ शोषण हो रहा हो, तो इसकी सूचना संबंधित सक्षम प्राधिकार को दी जानी चाहिए। वक्ताओं ने बाल विवाह के दुष्परिणामों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि कम उम्र में विवाह बच्चों, विशेषकर बालिकाओं, की शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वतंत्रता और भविष्य की संभावनाओं पर प्रतिकूल प्रभाव डाल सकता है। बच्चों को बताया गया कि बाल विवाह की रोकथाम के लिए कानून में प्रावधान किए गए हैं और समाज के प्रत्येक व्यक्ति का दायित्व है कि ऐसी घटनाओं को रोकने में सहयोग करे। बच्चों को उनके शिक्षा, सुरक्षा, समानता, सम्मान तथा विकास से जुड़े अधिकारों के प्रति जागरूक किया गया। साथ ही बताया गया कि बच्चों के अधिकारों का संरक्षण केवल परिवार की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि विद्यालय, प्रशासन और पूरे समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। न्यायिक पदाधिकारी ने कहा कि वर्तमान डिजिटल युग में बच्चों को साइबर अपराधों से बचाने के उद्देश्य से अनलाइन ठगी, साइबर उत्पीड़न, सोशल मीडिया के दुरुपयोग तथा अनजान व्यक्तियों से अनलाइन संपर्क के खतरों के बारे में जानकारी दी गई। बच्चों को समझाया गया कि वे इंटरनेट का सावधानीपूर्वक उपयोग करें तथा अपनी निजी जानकारी, पासवर्ड, ओटीपी और तस्वीरें अनजान व्यक्तियों के साथ साझा न करें। जिला विधिक सेवा प्राधिकार, के सचिव चंदन कुमार ने बच्चों को अपने अधिकारों के प्रति सजग रहने, किसी भी समस्या को बिना भय के साझा करने तथा जरूरत पड़ने पर कानूनी सहायता प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि सुरक्षित बचपन अभियान का उद्देश्य केवल कानूनों की जानकारी देना नहीं है, बल्कि बच्चों में आत्मविश्वास विकसित करना और उन्हें अपने संरक्षण के लिए जागरूक एवं सक्षम बनाना भी है। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकार के समन्वित प्रयासों से जिले के विभिन्न विद्यालयों में इस प्रकार के जागरूकता शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। अभियान के अगले चरण में सहभागी विद्यालयों से दो-दो शिक्षकों को चिति कर प्रशिक्षित करने की योजना है, ताकि वे विद्यालय स्तर पर बाल सुरक्षा, पक्सो अधिनियम, बाल अधिकार, बाल श्रम की रोकथाम एवं अन्य संबंधित विषयों पर जागरूकता गतिविधियों को निरंतर आगे बढ़ा सके।

बच्चों को सिखाये जा रहे ई कचरा निस्तारण के गुर

चौथम (एनएसबी)। पर्यावरण संरक्षण और स्वास्थ्य सुरक्षा को लेकर चौथम प्रखंड के विभिन्न विद्यालयों में स्कूली बच्चों को कचरा प्रबंधन के प्रति जागरूक किया जा रहा है। बच्चों को सामान्य कचरे के साथ-साथ ई-कचरा यानी इलेक्ट्रॉनिक कचरे के सही निस्तारण, सुरक्षित भंडारण और उससे होने वाले नुकसान के बारे में जानकारी दी जा रही है। इसका उद्देश्य बच्चों के माध्यम से घर-परिवार और समाज तक स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण का संदेश पहुंचाना है। विद्यालयों में बच्चों को बताया जा रहा है कि प्लास्टिक, पलीथिन, इस्तेमाल किए गए डायपर और अन्य घरेलू कचरे को इधर-उधर फेंकने से पर्यावरण प्रदूषित होता है। वहीं, इलेक्ट्रॉनिक कचरे का अनुचित निस्तारण मानव स्वास्थ्य और मिट्टी के लिए गंभीर खतरा बन सकता है। बच्चों को कचरे की विभिन्न श्रेणियों की जानकारी देकर उन्हें सही तरीके से अलग-अलग रखने और सुरक्षित निस्तारण के प्रति जागरूक किया जा रहा है। ई-कचरे की श्रेणी में पुराने मोबाइल फोन, स्मार्टफोन, कंप्यूटर, लैपटप,टैबलेट,प्रिंटर, राउटर, टेलीविजन, फ्रिज, एयर कंडीशनर, माइक्रोवेव, वशिंग मशीन, कैमरे, इलेक्ट्रॉनिक खिलौने और बैटरी सहित कई उपकरण शामिल हैं। इन उपकरणों में मौजूद हानिकारक रसायन और विषैले तत्व पर्यावरण



कार्यक्रम में बच्चें व अन्य।

में फैलकर लोगों के स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचा सकते हैं। इसलिए इनका सामान्य घरेलू कचरे के साथ निस्तारण करने के बजाय निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार प्रबंधन करना जरूरी है। इस अभियान के तहत स्कूली बच्चों को अपने-अपने घरों से अनुपयोगी इलेक्ट्रॉनिक सामान एकत्र कर विद्यालय में जमा कराने का कार्य भी दिया गया है। इसके तहत विभिन्न विद्यालयों में बच्चों द्वारा ई-कचरा जमा कराया गया है। एकत्रित कचरे को विभागीय निर्देश के अनुसार प्रखंड संसाधन केंद्र के माध्यम से जिला स्तर पर भेजने की तैयारी की जा रही है। इस संबंध में प्रखंड प्रभारी शिक्षा पदाधिकारी मनोज कुमार ने बताया कि ई-कचरा स्वास्थ्य और पर्यावरण दोनों के लिए खतरनाक है। इसमें मौजूद हानिकारक रसायन एवं अन्य विषैले तत्व मनुष्य के स्वास्थ्य, मिट्टी और पर्यावरण पर प्रतिकूल प्रभाव डाल सकते हैं। उन्होंने बताया कि सरकार के निर्देशानुसार विद्यालयों के माध्यम से बच्चों को जागरूक करने का उद्देश्य कचरा प्रबंधन की बेहतर आदत विकसित करना और इस अभियान को समाज तक पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि बच्चों में कचरा प्रबंधन के प्रति जागरूकता बढ़ने से वे अपने घरों और आसपास के लोगों को भी इसके सही तरीकों के बारे में बता सकेंगे। इससे स्वच्छता को बढ़ावा देने के साथ पर्यावरण संरक्षण की दिशा में भी सकारात्मक पहल होगी।

शिविर के दौरान 526 पशुओं की स्वास्थ्य जांच

चौथम (एनएसबी)। प्रखंड के पिपरा पंचायत के ब्रह्मा इंटर विद्यालय में पशुपालकों की सुविधा एवं पशुओं के स्वास्थ्य संरक्षण हेतु पशु स्वास्थ्य शिविर का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस शिविर में कुल 235 पशुपालक ने सक्रिय रूप से भाग लिया। शिविर के दौरान 526 पशुओं की स्वास्थ्य जांच की गई, जिनमें से बीमार एवं प्रभावित पशुओं का समुचित उपचार किया गया। साथ ही, पशुओं को टीकाकरण एवं मिनाशक दवाओं का लाभ प्रदान किया गया।



शिविर में पशुओं के साथ पशुपालक।

पशुपालकों को पशु स्वास्थ्य के महत्व, नियमित देखभाल, एवं समय-समय पर टीकाकरण की आवश्यकता के बारे में जागरूक किया गया ताकि वे अपने पशुओं को स्वस्थ रख सकें और पशुधन से अधिक लाभ प्राप्त कर सकें। शिविर में पशुपालक दीदियों के पशुओं के समुचित इलाज हेतु पशुपालन विभाग एवं मोबाइल पशु वैन की व्यवस्था की गई थी। इस अवसर पर ड़ मनीष कुमार सिंह, बीपीएम अंजनी कुमार ,जीविकोपार्जन विशेषज्ञरश्मि कुमारी,पारस कुमार,विकाश कुमार,पशु सखी एवं समस्त चौथम ब्लक जीविका टीम उपस्थित थे।

जागरूकता रैली एवं क्विज प्रतियोगिता आयोजित

खगड़िया(एनएसबी)। जिला मुख्यालय के बापू मध्य विद्यालय बलुआही, के बच्चों ने 'सुरक्षित बचपन अभियान' के तहत निकाली जागरूकता रैली और जि प्रतियोगिता आयोजित की गयी। जागरूकता रैली को वार्ड पार्षद प्रतिनिधि रणवीर कुमार और विद्यालय के प्रभारी ब्रजेश कुमार झा ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली के माध्यम से छात्र-छात्राओं ने पूरे क्षेत्र में तख्तियों और नारों के जरिए बाल अधिकारों और सुरक्षा के प्रति आम नागरिकों को जागरूक किया। इसके बाद विद्यालय परिसर में बच्चों के बीच एक जि प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बच्चों को मिलने वाले संवैधानिक अधिकार के प्रति उन्हें जागरूक करना था । इस कार्यक्रम के केंद्र



हरी झंडी दिखाते जनप्रतिनिधि व शिक्षक।

में पोक्सो एक्ट से संबंधित बातों को साझा किया गया। इस कार्यक्रम में विद्यालय के अध्यापक अमरेश ठाकुर, मो वसीम अकरम,रीता कुमारी प्रसाद एवं सीता कुमारी उपस्थित थे।

ससुराल में युवक की संदिग्ध मौत से सनसनी

पिता ने गला दबाकर हत्या का लगाया आरोप

परबत्ता (एनएसबी)। मानसी थाना क्षेत्र में ससुराल में एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत का मामला सामने आने से इलाके में सनसनी फैल गई है। मृतक के पिता ने अपने बेटे की गला दबाकर हत्या किए जाने का आरोप लगाते हुए ससुराल पक्ष के पांच लोगों के खिलाफ मानसी थाने में आवेदन दिया है। वहीं, पुलिस का कहना है कि प्रथम ष्टया मामला फांसी लगाकर आत्महत्या किए जाने जैसा प्रतीत हो रहा था। फिलहाल पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर जांच कर रही है। मृतक की पहचान परबत्ता थाना क्षेत्र के मुरादपुर गांव के वार्ड संख्या-10 निवासी बिंदेश्वरी शर्मा के पुत्र अविनाश कुमार के रूप में हुई है। मृतक के पिता के अनुसार, 27 अक्टूबर को दिन करीब 11 बजे उन्हें मोबाइल फोन के माध्यम से बेटे की मौत की सूचना मिली। बताया गया है कि अविनाश ने करीब एक वर्ष पहले अंतरजातीय विवाह किया था और उसका एक पुत्र भी है। वह घटना से दो दिन पहले अपने ससुराल गया था। मृतक के पिता बिंदेश्वरी शर्मा ने मानसी थानाध्यक्ष को दिए आवेदन में ससुराल पक्ष के पांच लोगों पर साजिश के तहत मारपीट कर गला दबाकर हत्या करने का आरोप लगाया है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया है



-रोते-विलखते परिजन।

कि घटना के बाद आरोपित घर से चले गए और घर में आग लगा दी गई। हालांकि, इन आरोपों की पुलिस जांच कर रही है और अभी इनकी स्वतंत्र पुष्टि नहीं हुई है। मानसी थानाध्यक्ष दीपक कुमार ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया गया है। प्रथमष्टया मामला फांसी लगाकर आत्महत्या किए जाने जैसा प्रतीत हो रहा था। घटनास्थल पर पहुंची एफएसएल टीम ने साक्ष्य एकत्र किए हैं। परिजन हत्या का आरोप लगा रहे हैं। उनसे आवेदन देने को कहा गया था। आवेदन मिलने के बाद उसके आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। पुलिस मामले के सभी पहलुओं की जांच कर रही है। परिजनों ने बताया कि मानसी थाने में आवेदन देने के बाद उन्होंने खगड़िया के एसपी भानु प्रताप सिंह से भी मुलाकात की। परिजनों के मुताबिक, एसपी ने मामले को गंभीरता से लेते हुए उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया है। इसके बाद परिजन शव का अंतिम संस्कार करने के लिए रवाना हो गए। फिलहाल युवक की मौत के पीछे की वास्तविक वजह जांच का विषय बनी हुई है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट, एफएसएल जांच और पुलिस की पड़ताल के बाद ही मामले की तस्वीर स्पष्ट हो सकेगी।

संक्षिप्त खबरें

एनडीए नेताओं ने एनके यादव को दिया बधाई

खगड़िया (एनएसबी)। कोसी ातक निर्वाचन क्षेत्र से एनडीए गठबंधन के उम्मीदवार डक्टर एनके यादव के लगातार तीसरी बार जीत हासिल करने पर भारतीय जनता पार्टी खगड़िया और से बधाई दिया गया है। भाजपा नेता जितेंद्र यादव ने कहा की



डॉ. एनके यादव।

यह जीत कार्यकर्ता एवं कोसी ातक क्षेत्र के तमाम वोटर की है जिन्होंने लगातार तीसरी बार जिताने का काम और एनडीए की सरकार पर भरोसा जताया। भाजपा जिला अध्यक्ष शत्रुघन भगत, जिला उपाध्यक्ष जितेंद्र यादव, राजेश सिंह प्रमोद ,लक्ष्मी देवी ,प्रीति प्रिया,जिला मंत्री विजय यादव,अजीत कुमार नटवर,नवीन सिन्हा,मधु देवी प्रवक्ता धर्मेंद्र यादव,प्रदेश परिषद सदस्य मुन्ना यादव, पूर्व जिला अध्यक्ष सुनील सिंह रामानुज चौधरी,अर्जन शर्मा,कंचन पटेल, शशि भूषण प्रसाद एवं सभी मंडल अध्यक्ष एनडीए के साथी खगड़िया विधायक बबलू मंडल,परबत्ता विधायक बाबूलाल शौर्य,अलौली विधायक पन्नालाल सिंह पटेल,अलौली विधायक रामचंद्र सदा,जिला अध्यक्ष जदयू अनुराधा सिंह, लोजपा रामविलास जिला अध्यक्ष मनीष कुमार, राकेश सिंह ने बधाई दिया है।

एमडीएम का चावल बेचने के छह माह बाद भी कार्रवाई नहीं

बेलदौर(एनएसबी)। प्रखंड क्षेत्र के कुर्बन पंचायत के मिडिल स्कूल सठमा में एमडीएम का चावल बेचने का मामला प्रकाश में आने के छह माह बाद भी दोषियों पर कोई कार्रवाई संभव नहीं हो पाई। इससे पोषक क्षेत्र के अभिभावकों में विभाग के प्रति नाराजगी है। पोषक क्षेत्र के लोगों के मुताबिक बीते 20 अप्रैल 2026 को छात्र-छात्राओं के मध्या भोजन के लिए रखे गए 10 बोरा यानी पांच टिल चावल को दिन के करीब 10 बजे टोटो पर लोडकर चोरी-छिपे बिक्री कर दिया। इसकी जानकारी स-समय बीईओ और एमडीएम प्रभारी को दी गई थी। लेकिन छह महीने बीत जाने के बाद भी आरोपी शिक्षक पर कोई कार्रवाई नहीं हुई है।मामला प्रकाश में आने पर तत्कालीन बीडीओ सतीश कुमार के आदेश पर एमडीएम बीआरपी रोहित कुमार रावत ने मिडिल स्कूल सठमा पहुंचकर मामले की जांच की थी। जांच के दौरान विद्यालय के शिक्षकों ने बताया कि 20 अप्रैल को एमडीएम के 10 पैकेट चावल बेच दिया गया था। स्टक पंजी से मिलान करने पर पांच टिल चावल कम पाया गया। प्रधानाध्यापक का कहना था कि बिक्री के पैसों से विद्यालय की मरम्मत करवाई है, जबकि ग्रामीणों का आरोप है कि विद्यालय में कोई मरम्मत कार्य हुआ ही नहीं है। एमडीएम बीआरपी रोहित रावत और बीईओ मनोहर कुमार ने माना कि पांच टिल चावल की बिक्री प्रधानाध्यापक द्वारा की गई है और इसकी रिपोर्ट वरीय पदाधिकारियों को भेज दी गई है। अब देखना होगा कि इस मामले में षिक्षा विभाग कबतक कार्रवाई करती है।

तीन बार जेल जाने के बाद भी नहीं छोड़ा शराब का धंधा, गिरफ्तार

चौथम(एनएसबी)। चौथम थाना पुलिस ने शराब के खिलाफ कार्रवाई करते हुए तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों में एक शराब के नशे में धुत मिला, जबकि दूसरे के पास से पांच लीटर देसी शराब बरामद की गई। वहीं, तीसरे आरोपी को नशे की हालत में वाहन चलाते हुए पकड़ा गया। पुलिस ने तीनों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।मिली जानकारी के अनुसार, चौथम थाना क्षेत्र के सोनबरसा घाट से गोगरी थाना क्षेत्र के बलतारा निवासी ईश्वर सिंह के पुत्र विपिन कुमार को शराब के नशे में गिरफ्तार किया गया। वहीं, मालपा गांव निवासी श्यामल किशोर सिंह के पुत्र रंजीत सिंह को पांच लीटर देसी शराब के साथ पकड़ा गया। बताया जाता है कि रंजीत सिंह को जिला उत्पाद टीम पहले भी शराब के मामले में तीन बार गिरफ्तार कर चुकी है। इसके बावजूद वह शराब के अवैध कारोबार से बाज नहीं आए और एक बार फिर पुलिस की कार्रवाई में पकड़े गए। इधर, मालपा गांव निवासी नागो पटेल के पुत्र साजन पटेल को नशे की हालत में वाहन चलाते हुए गिरफ्तार किया गया। थानाध्यक्ष अजीत कुमार ने बताया कि साजन पटेल वर्ष 2022 में भी शराब पीकर वाहन चलाने के मामले में पकड़े गए थे, जिसके बाद उन्हें जेल जाना पड़ा था। इसके बावजूद दोबारा नशे की हालत में वाहन चलाते हुए पकड़े गए। थानाध्यक्ष ने बताया कि शराब से जुड़े मामलों में गिरफ्तार तीनों आरोपियों को कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद न्यायिक हिरासत में खगड़िया भेज दिया गया है। पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्र में शराब के सेवन और अवैध कारोबार के खिलाफ सख्ती का संदेश दिया गया है।

प्रखंड प्रमुख के पहल पर खुला ताला यूनियन बैंक ने लगाया था प्लांट

गोगरी। प्रखंड मुख्यालय परिसर में लगे आरओ प्लांट का ताला आखिरकार सोमवार को खुलवा दिया गया। प्रखंड प्रमुख अशोक पंत की पहल पर इसे खुलवाया गया है। इसके खुलने से प्रखंड मुख्यालय आने वाले आम लोगों और कर्मियों को शुद्ध पेयजल मिलने की उम्मीद है। बताया जाता है कि यूनियन बैंक की ओर से लोगों को साफ पानी उपलब्ध कराने के उद्देश्य से परिसर में आरओ प्लांट लगाया गया था। लेकिन कुछ कर्मियों द्वारा इस पर ताला लगा दिए जाने के कारण इसका उपयोग नहीं हो पा रहा था। आरओ प्लांट बंद रहने से प्रखंड मुख्यालय आने वाले लोगों और वहां कार्यरत कर्मियों को पीने के पानी के लिए काफी परेशानी उठानी पड़ रही थी। लोगों को पानी के लिए दूसरे इंतजाम करने पड़ रहे थे।प्रखंड प्रमुख अशोक पंत ने पहल कर सोमवार को प्लांट का ताला खुलवा दिया। उन्होंने सोमवार दोपहर करीब तीन बजे इसकी जानकारी दी। अब प्लांट खुलने से लोगों को परिसर में ही शुद्ध पेयजल मिलने की सुविधा बहाल होने की उम्मीद है।

जीविका से जुड़कर आत्मनिर्भर बनीं कुन्नू कुमारी

खगड़िया (एनएसबी)। जिले के पश्चिमी ठाठा पंचायत की रहने वाली कुन्नू कुमारी आज महिला सशक्तीकरण और आत्मनिर्भरता की प्रेरणादायक मिसाल बन चुकी हैं। कभी आर्थिक तंगी और सीमित संसाधनों के कारण परिवार की जरूरतों को पूरा करने के लिए संघर्ष करने वाली कुन्नू दीदी आज अपनी मेहनत और लगन से तीन व्यवसायों का सफलतापूर्वक संचालन कर रही हैं। जीविका से जुड़ने से पहले उनके परिवार की आर्थिक स्थिति कमजोर थी। उनके पति सिकेंदर दास मजदूरी करके परिवार का भरण-पोषण करते थे। मजदूरी नियमित नहीं मिलने के कारण घर का खर्च चलाना, बच्चों की पढ़ाई और अन्य जरूरतों को पूरा करना मुश्किल होता था। कई बार आर्थिक परेशानियों के कारण दूसरों से उधार लेना पड़ता था। इन परिस्थितियों ने कुन्नू दीदी को स्वयं कुछ करने और परिवार की आर्थिक स्थिति सुधारने के लिए प्रेरित किया। कुन्नू कुमारी के जीवन में बदलाव की शुरुआत तब हुई, जब वे अमृत जीविका स्वयं सहायता समूह से जुड़ीं। समूह की नियमित बैठकों, बचत और वित्तीय प्रबंधन की जानकारी से उनका आत्मविश्वास बढ़ा। उन्होंने महसूस किया कि स्वयं का व्यवसाय शुरू करके वे परिवार की आर्थिक स्थिति में सुधार ला सकती हैं। गांव में आटा चक्की की सुविधा सीमित होने के कारण लोगों को अनाज पिसवाने के लिए दूर जाना पड़ता था। इस समस्या को देखते हुए उन्होंने आटा चक्की उद्योग स्थापित करने का निर्णय लिया। इसके लिए उन्होंने प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम के अंतर्गत यूनाइटेड बैंक अफ इंडिया, खगड़िया शाखा से 2,27,000 का ऋण प्राप्त किया। इस राशि से उन्होंने आटा चक्की मशीन, बिजली कनेक्शन एवं अन्य आवश्यक संसाधनों की व्यवस्था की। शुरुआत में ग्राहकों को जोड़ने और मशीन संचालन में कठिनाइयां आईं, लेकिन उन्होंने मेहनत और धैर्य से व्यवसाय को आगे बढ़ाया। आटा चक्की व्यवसाय से आमदनी शुरू होने के बाद कुन्नू दीदी ने अपनी आय बढ़ाने के लिए कपड़े की दुकान भी खोली। इसके साथ ही उन्होंने सिलाई का काम भी शुरू किया। आज वे आटा चक्की, कपड़े की दुकान और सिलाई कार्य तीनों का संचालन कर रही हैं। इन तीनों व्यवसायों से वर्तमान में उनकी कुल मासिक आमदनी लगभग 40,000 से 50,000 के बीच है। इससे परिवार की आर्थिक स्थिति में काफी सुधार हुआ है। अब वे बच्चों की शिक्षा, स्वास्थ्य और घरेलू जरूरतों को बेहतर तरीके से पूरा कर पा रही हैं। आर्थिक आत्मनिर्भरता के साथ कुन्नू दीदी के आत्मविश्वास और सामाजिक पहचान में भी वृद्धि हुई है।

काली पहाड़ी नहर छठ घाट बनेगा आकर्षण का केंद्र, मुख्य पार्षद ने लिया तैयारियों का जायज

सुरक्षा और स्वच्छता पर विशेष जोर, नप अधिकारियों व कर्मियों को दिए आवश्यक निर्देश

जमालपुर (मुंगेर) (एनएसबी)। जमालपुर नगर परिषद क्षेत्र के प्रमुख छठ घाटों को सुरक्षित, स्वच्छ और आकर्षक बनाने की कवायद तेज हो गई है। काली पहाड़ी नहर छठ घाट को विशेष रूप से सुंदर और व्यवस्थित बनाने के लिए मुख्य पार्षद पार्वती देवी गंभीर हैं। नगर परिषद क्षेत्र के काली पहाड़ी नर प्रभाव सहित अन्य छठ घाटों पर पिछले एक महीने से साफ-सफाई और व्यवस्था दुरुस्त करने का कार्य चल रहा है।बुधवार को मुख्य पार्षद पार्वती देवी अपनी टीम के साथ काली पहाड़ी नहर छठ घाट पहुंचीं और वहां चल रहे कार्यो का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सफाई व्यवस्था का जायजा लेते हुए संबंधित कर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के समय नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी विजयशील गौतम, वार्ड पार्षद आलोक कुमार, कैलाश सिंह और सोनू मंडल के अलावा सामाजिक नेत्री मधु देवी एवं अंकित कुमार भी मौजूद थे।मुख्य पार्षद ने सफाई निरीक्षक सत्यनारायण मंडल से घाट की साफ-सफाई और व्यवस्था की जानकारी ली। वहीं, छठ वतियों की सुरक्षा को लेकर नगर परिषद कर्मी प्रेमशंकर से आवश्यक इंतजामों के संबंध में पूछताछ की। उन्होंने निर्देश दिया कि घाट पर आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए, ताकि वतियों को अर्घ्य देने के दौरान किसी प्रकार की परेशानी न हो।नगर परिषद कर्मी प्रेमशंकर ने मुख्य पार्षद को आश्वस्त किया कि काली पहाड़ी नहर छठ घाट को जिले में आकर्षण का केंद्र बनाने के उद्देश्य से काम कराया जा रहा है। घाट पर साफ-सफाई के साथ अन्य आवश्यक सुविधाओं को बेहतर बनाने पर भी जोर दिया जा रहा है।



छठ घाट का निरीक्षण करते मुख्य पार्षद।

संक्षिप्त खबरें

नीरज कुमार की जीत पर युवा जेडीयू नेता संजय कुमार ने दी बधाई, जताया हर्ष

बाढ़ (दैनिक नवसंदेश)। पटना ातक निर्वाचन क्षेत्र से जेडीयू प्रत्याशी नीरज कुमार की जीत पर युवा जेडीयू नेता संजय कुमार ने उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने नीरज कुमार की जीत पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए इसे पार्टी के लिए उत्साहजनक बताया। संजय कुमार ने नीरज कुमार के प्रति अपनी शुभकामनाएं व्यक्त करते हुए आशा जताई कि वे अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी निष्ठा और प्रतिबद्धता के साथ करेंगे तथा ातक मतदाताओं की अपेक्षाओं पर खरा उतरने का प्रयास करेंगे। उनकी जीत से पार्टी कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल है।

छह लेन सड़क पर पलटा पेट्रोल टैंकर, आवागमन बाधित होने से लगा जाम

बाढ़ (दैनिक नवसंदेश)। छह लेन सड़क पर पेट्रोल टैकर पलटने से यातायात प्रभावित हो गया। हादसे के बाद सड़क पर वाहनों की आवाजाही बाधित होने से जाम की स्थिति उत्पन्न हो गई। सड़क पर वाहनों की कतार लगने से राहगीरों और वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ा।घटना की सूचना मिलने के बाद टैकर को हटाने और यातायात सामान्य करने की कार्रवाई की आवश्यकता पड़ी। पेट्रोल टैकर पलटने के कारणों तथा संभावित नुकसान के संबंध में विस्तृत जानकारी की प्रतीक्षा है।

निष्कासन का कोई दर्द नहीं, जब तक जिंदा रहेंगे नीतीश के साथ रहेंगे रू अनंत सिंह

बाढ़ (दैनिक नवसंदेश)। मोकामा के विधायक अनंत कुमार सिंह ने जनता दल (यूनाइटेड) से छह वर्षो के लिए निष्कासित किए जाने के बाद अपनी राजनीतिक स्थिति स्पष्ट करते हुए कहा है कि उन्हें निष्कासन का कोई दर्द नहीं है। उन्होंने कहा, जब तक जिंदा रहेंगे, नीतीश कुमार के साथ रहेंगे। नीरज कुमार का विरोध था और आगे भी अपनी राजनीतिक स्थिति पर कायम हैं। अनंत सिंह का यह बयान जदयू से निष्कासन के बाद उनके राजनीतिक रुख को लेकर चल रही चर्चाओं के बीच महत्वपूर्ण माना जा रहा है। पटना ातक निर्वाचन क्षेत्र के विधान परिषद चुनाव में जदयू प्रत्याशी नीरज कुमार के विरोध और जनसुराज प्रत्याशी अनुज सिंह के समर्थन को लेकिर पार्टी ने उनके खिलाफ कार्रवाई की थी। पार्टी की ओर से इसे पार्टी विरोधी गतिविधियों से जुड़ा मामला बताया गया है। वहीं, अनंत सिंह ने निष्कासन को लेकर किसी तरह की पीड़ा से इनकार करते हुए नीतीश कुमार के प्रति अपनी निष्ठा दोहराई है। उनके बयान से यह संकेत मिलता है कि नीरज कुमार के साथ राजनीतिक मतभेद के बावजूद वे नीतीश कुमार के प्रति अपने समर्थन को अलग नजरिए से देखते हैं।इस घटनाक्रम ने बिहार की राजनीति में जदयू के भीतर उभरे मतभेदों और पटना ातक निर्वाचन क्षेत्र के चुनाव को लेकर जारी राजनीतिक सरगर्मी को फिर चर्चा में ला दिया है।

डिस्लेक्सिया के प्रति बच्चों को किया गया जागरूक, शिक्षिका कीर्ति सौम्या की अनूठी पहल

जमालपुर (मुंगेर) (एनएसबी)। प्रखंड के मध्य विद्यालय हलीमपुर में छोटे बच्चों को पढ़ाई से जुड़ी समस्याओं के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से डिस्लेक्सिया को लेकर विशेष जागरूकता अभियान चलाया गया। कक्षा एक और दो के विद्यार्थियों के बीच आयोजित इस अभियान का नेतृत्व विद्यालय की शिक्षिका कीर्ति सौम्या ने किया। उनकी इस अनूठी पहल का उद्देश्य बच्चों में सीखने की कठिनाइयों के प्रति समझ विकसित करना और समय रहते समस्या की पहचान के महत्व को बताना था।अभियान के दौरान शिक्षिका कीर्ति सौम्या ने बच्चों को सरल, सहज और संवादात्मक तरीके से डिस्लेक्सिया के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कुछ बच्चों को अक्षरों और शब्दों को पहचानने, पढ़ने तथा लिखने में परेशानी होती है। ऐसी कठिनाइयों को अक्सर बच्चे की कमजोरी या पढ़ाई में रुचि की कमी समझ लिया जाता है,



बच्चों को जागरूक करती शिक्षिका।

जबकि इसके पीछे डिस्लेक्सिया जैसी विशिष्ट अधिगम संबंधी कठिनाई हो सकती है।उन्होंने बच्चों को समझाया कि सीखने की गति हर बच्चे में अलग-अलग होती है। किसी बच्चे को पढ़ने-लिखने में कठिनाई होने पर उसका मजाक उड़ाने या उसे कमजोर समझने के बजाय सहयोग और प्रोत्साहन देना चाहिए। सही समय पर पहचान, उचित शैक्षणिक सहायता और सकारात्मक वातावरण से ऐसे बच्चों को सीखने में काफी मदद मिल सकती है।इस पहल के माध्यम से विद्यार्थियों में संवेदनशीलता, सहयोग और आपसी समझ विकसित करने का प्रयास किया गया। शिक्षिका कीर्ति सौम्या की यह पहल विद्यालय में समावेशी शिक्षा को बढ़ावा देने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। इससे बच्चों को यह संदेश मिला कि प्रत्येक बच्चा विशेष है और उसे आगे बढ़ने के लिए समान अवसर, धैर्य तथा प्रोत्साहन मिलना चाहिए।

जमालपुर में पटाखा कारोबारी के पांच ठिकानों पर छापेमारी, अवैध भंडारण का खुलासा पुलिस ने किया खुलासा

जमालपुर (मुंगेर) (एनएसबी)। दीपावली के बाद भी जमालपुर में पटाखों के अवैध भंडारण और बिक्री का मामला सामने आया है। अवैध रूप से पटाखा बिक्री और भंडारण किए जाने की सूचना पर मंगलवार की देर रात अंचलाधिकारी प्रीति कुमारी की मौजूदगी में जमालपुर



पटाखा गोदाम में छापेमारी करती पुलिस।

थानाध्यक्ष पंकज कुमार पासवान के नेतृत्व में पुलिस टीम ने छापेमारी की। इस दौरान पटाखा कारोबारी के दुकान, मकान और गोदाम सहित पांच ठिकानों पर तलाशी लेकर पटाखे बरामद किए गए। पुलिस ने बरामद पटाखों को जब्त कर लिया है।करीब पांच घंटे तक चली इस कार्रवाई से शहर के पटाखा कारोबारियों में हड़कंप मच गया। छापेमारी की खबर फैलते ही अन्य दुकानदारों और व्यवसायियों के बीच भी कार्रवाई को लेकर चर्चा तेज हो गई। पुलिस और प्रशासन की संयुक्त टीम ने अलग-अलग ठिकानों पर पटाखों के भंडारण की जांच की।अंचलाधिकारी प्रीति कुमारी ने बताया कि सूचना के आधार पर पटाखा विक्रेता राजीव पटवा के दुकान-मकान में अवैध रूप से पटाखों का भंडारण किए जाने को लेकर छापेमारी की गई। जांच के दौरान एक ही कारोबारी के पांच अलग-अलग स्थानों पर गोदाम होने की बात सामने आई। इन जगहों पर सुरक्षा मानकों की अनदेखी करते हुए जरूरत से अधिक पटाखे रखे जाने की जानकारी मिली है।सीओ ने बताया कि जब्त पटाखों की सूची तैयार कराई गई है। मामले में कानूनी कार्रवाई के लिए वरीय पदाधिकारियों को लिखा गया है। उनके निर्देश मिलने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन की इस कार्रवाई को अवैध पटाखा कारोबार पर शिकंजा कसने की दिशा में महत्वपूर्ण माना जा रहा है। हालांकि, जब्त पटाखों की कुल मात्रा और मामले में आगे की कार्रवाई के संबंध में विस्तृत जानकारी सामने आना बाकी है।

दो साल बाद अवैध लॉटरी पर जमालपुर पुलिस का शिकंजा, 102 टिकटों के साथ कारोबारी गिरफ्तार

जमालपुर (मुंगेर) (एनएसबी)। देर से ही सही आखिरकार जमालपुर पुलिस ने अवैध लटरी के कारोबार के खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी है। सदर बाजार क्षेत्र में छापेमारी कर पुलिस ने एक लटरी कारोबारी को गिरफ्तार किया। उसके पास से 102 लटरी टिकट बरामद किए गए हैं।गिरफ्तार कारोबारी की पहचान खलासी मोहल्ला निवासी चंदन कुमार, पिता उपेंद्र प्रसाद के रूप में हुई है। थानाध्यक्ष पंकज कुमार पासवान ने गिरफ्तारी और लटरी टिकटों की बरामी की पुष्टि की है। उन्होंने स्पष्ट किया कि थाना क्षेत्र में संचालित अवैध कारोबार के खिलाफ पुलिस सख्त कार्रवाई करेगी और आगे भी नियमित छापेमारी जारी रहेगी।जमालपुर में लंबे अंतराल के बाद अवैध लटरी के खिलाफ हुई पुलिस कार्रवाई से इस धंधे से जुड़े अन्य लोगों में भी हलचल तेज हो गई है। स्थानीय स्तर पर ईह रेलवे नंबर वन स्कूल के पास और केशोपुर स्थित शिव साईं धाम के आसपास लटरी कारोबार से जुड़े संचालकों की चर्चा हो रही है। हालांकि, इन लोगों की संलिप्तता को लेकर पुलिस की ओर से आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है।करीब दो साल बाद हुई इस कार्रवाई को लेकर अब पुलिस की अगली रणनीति पर नजरें टिकी हैं। सवाल यह भी है कि क्या यह छापेमारी अवैध लटरी के कारोबार पर प्रभावी रोक लगाने की शुरुआत साबित होगी या कार्रवाई सिर्फ एक गिरफ्तारी तक सीमित रह जाएगीफिलहाल पुलिस ने अवैध कारोबार के खिलाफ सख्ती का संदेश दिया है। अब देखना होगा कि आने वाले दिनों में इस धंधे से जुड़े अन्य लोगों के खिलाफ भी कार्रवाई होती है या नहीं।



गिरफ्तार लॉटरी कारोबारी को जेल भेजती पुलिस।

संक्षिप्त खबरें

बरौनी स्टेशन पर नुक्कड़ नाटक के माध्यम से यात्रियों को किया गया जागरूक

सोनपुर (एन एसबी) पूर्व मध्य रेल के सोनपुर मंडल के अंतर्गत आज दिनांक 28 अक्टूबर, 2026 को सतर्कता जागरूकता सप्ताह-2026 के अवसर पर हाजीपुर स्थित सतर्कता विभाग की टीम द्वारा बरौनी स्टेशन पर नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। इसके माध्यम से यात्रियों को सत्यनिष्ठा, ईमानदारी, पारदर्शिता एवं भ्रष्टाचार के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया गया। नुक्कड़ नाटक के माध्यम से आमजन को भ्रष्टाचार के दुष्परिणामों से अवगत कराते हुए अपने कार्यो एवं व्यवहार में ईमानदारी तथा नैतिक मूल्यों को अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। इस पहल का उद्देश्य सतर्कता के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाना तथा समाज में सत्यनिष्ठा एवं पारदर्शिता की भावना को सुढ़ करना है। इस अवसर पर सतर्कता विभाग, हाजीपुर की ओर से श्री हिमांशु कुमार सहित स्टेशन अधीक्षक श्री हेमंत कुमार, डीसीआई बरौनी आमिर साह, सीआरएस बरौनी, सीएस बरौनी तथा सीटीटीआईध्एसएल बरौनी उपस्थित रहे। सोनपुर मंडल द्वारा सतर्कता जागरूकता सप्ताह के अंतर्गत विभिन्न जागरूकता गतिविधियों के माध्यम से रेलकर्मियों एवं आमजन को ईमानदारी, जवाबदेही और भ्रष्टाचार मुक्त कार्यसंस्कृति अपनाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। सत्यनिष्ठा से समृद्धि ईमानदारी और पारदर्शिता ही सुशासन का आधार है।



नुक्कड़ नाटक करते कलाकार।

केंद्रीय विद्यालय के 12वीं के छात्र की मौत, सुसाइड नोट में डिप्रेशन का जिक्र

जमालपुर (मुंगेर) (एनएसबी)। जमालपुर के ईस्ट कालोनी थाना क्षेत्र





केंद्रीय विद्यालय, फाइल फोटो छात्र संस्कार राज।

अंतर्गत नयागांव सत्संग मंदिर के समीप बुधवार को केंद्रीय विद्यालय के 12वीं कक्षा के एक छात्र की मौत से इलाके में सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान स्थानीय निवासी दिनेश प्रसाद यादव के 18 वर्षीय पुत्र संस्कार राज के रूप में हुई है। घटना के बाद परिजनों और आसपास के लोगों में शोक का माहौल है।संस्कार राज पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय में 12वीं कक्षा का छात्र था। वह अपनी मां के साथ घर में रहता था। बुधवार को घर में पंखे से लटका हुआ उसका शव मिला। घटना की जानकारी मिलने के बाद आसपास के लोग भी मौके पर पहुंचे। घटना के कारणों को लेकर इलाके में तरह-तरह की चर्चाएं होती रहीं।बताया जाता है कि संस्कार एक भाई और एक बहन था। उसकी बहन इंजीनियरिंग की पढ़ाई पूरी करने के बाद मुंबई में नौकरी कर रही है। स्थानीय लोगों के अनुसार, छात्र पिछले कुछ समय से मानसिक तनाव में रहता था।सुसाइड नोट में एक साल से डिप्रेशन में रहने का जिक्र ईस्ट कालोनी थानाध्यक्ष वीरभद्र सिंह ने बताया कि छात्र के पास से सुसाइड नोट मिला है। उसमें उसने खुद को पिछले एक साल से डिप्रेशन में रहने की बात कही है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। घटना के पीछे की परिस्थितियों का पता लगाने के लिए आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

कॉलिन्स स्कूल में अंग्रेजी एक्सटेंम्पोर प्रतियोगिता



प्रतियोगिता में शामिल स्कूली बच्चे।



प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित करते हुए।

जमालपुर (मुंगेर) (एनएसबी)। कॉलिन्स इंटरनेशनल स्कूल में बुधवार को कक्षा तीन से आठ तक के विद्यार्थियों के लिए अंग्रेजी एक्सटेंम्पोर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अपनी भाषण-कला, त्वरित सोचने की क्षमता और अभिव्यक्ति कौशल का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता के विजेताओं को विद्यालय के प्रधानाचार्य राकेश कुमार सिंह ने मेडल एवं प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया।प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने बुक्स आर आवर बेस्ट कंपैनियन, सेव टी सेव लाइफ और द ग्लोबल लेगेसी अफ महात्मा गांधी जैसे विषयों पर अपने विचार प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किए। अनिका, आद्या, वैष्णवी, सार्थक, आद्विक, प्रज्ञा, सृष्टि, प्रत्यूष, स्वरांश और गौरी सहित अन्य विद्यार्थियों ने बेहतर प्रदर्शन किया। उनके आत्मविश्वास और प्रस्तुति कौशल की शिक्षकों ने सराहना की।प्रधानाचार्य राकेश कुमार सिंह ने कहा कि सफलता केवल प्रतिभा से नहीं, बल्कि निरंतर अभ्यास, आत्मविश्वास और ढ़ संकल्प से प्राप्त होती है। मंच पर बोलने का प्रत्येक अवसर स्वयं को बेहतर बनाने का मौका देता है। उन्होंने विद्यार्थियों को झिझक दूर करने, सकारात्मक सोच रखने और हर चुनौती का साहस के साथ सामना करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि प्रतियोगिताओं में भाग लेना भी जीत जितना महत्वपूर्ण है, क्योंकि हर अनुभव नई सीख देता है।इस अवसर पर उपप्रधानाध्यापक सूरज जायसवाल, प्रशासक प्रणव कुमार और अंग्रेजी कन्वर्सेशन शिक्षिका ऋचा मिस उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के साथ उनमें अंग्रेजी भाषा के प्रति रुचि, आत्मविश्वास और प्रभावशाली संवाद क्षमता विकसित करना था।

संक्षिप्त खबरें

जिला पार्षद ने किया विद्यालय में वाटर कूलर का उदघाट्न

पूसा एनएसबी। प्रखण्ड के ग्रामीण प्रतिष्ठान बिरौली स्थित प्राथमिक विद्यालय में ओएनजीसी और आरुही विकास संस्थान के तरफ से स्थापित वाटर कूलर का उदघाट्न किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधान शिक्षक सूर्य प्रकाश ने की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला शिक्षा समिति के अध्यक्ष सह जिला पार्षद सत्य प्रकाश कुशवाहा और आरुही विकास संस्थान के जिला कॉर्डिनेटर ज्ञान रौशन के द्वारा फीता काटकर वाटर कूलर का उदघाट्न किया गया। इस अवसर पर जिला पार्षद श्री कुशवाहा ने अपने संबोधन में कहा कि ओएनजीसी की ग्रामीण क्षेत्रों में बच्चों को स्वच्छ पेय जल उपलब्ध कराने की दिशा में बेहद प्रशंसनीय पहल है। इससे दूषित जल से होने वाली समस्याओं से बच्चों को छुटकारा मिलेगा। वहीं ज्ञान रौशन के द्वारा बताया गया कि जिले में कुल दस जगह पर वाटर कूलर स्थापित किया गया है। इस अवसर पर बच्चों के द्वारा रंगोली और स्लोगन के माध्यम से ओएनजीसी और आरुही विकास संस्थान को धन्यवाद दिया गया। मौके पर अजितेश कुमार सुमन, हरिवंश कुमार, रणधीर कुमार ललिता कुमारी, मीना कुमारी आशियाना रंजू कुमारी, शिक्षक आमिर अली इमाम तथा ग्रामीण मौजूद रहे।

मध्य विद्यालय धनपत प्रिया, दलसिंहसराय के परिसर में सुरक्षित बचपन अभियान के तहत विधिक जागरूकता शिविर आयोजित

दलसिंहसराय एनएसबी। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली एवं बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, पटना के निदेर्शानुसार अनुमंडल विधिक सेवा समिति, दलसिंहसराय के सौजन्य से बुधवार को मध्य विद्यालय धनपत प्रिया दलसिंहसराय में सुरक्षित बचपन अभियान के तहत पोस्को एक्ट पर विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया । विधिक जागरूकता शिविर में राकेश रंजन, न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी, पैनल अधिवक्ता प्रभात कुमार मिश्र ने पोस्को एक्ट पर विस्तारपूर्वक प्रकाश डालते हुए बच्चों को जागरूक करते हुए जागरूकता, सुरक्षा और संरक्षण हर बच्चे का अधिकार की बात कही। उन्होंने यह भी कहा कि हर बच्चे का बचपन हम सब की जिम्मेदारी है । मौके पर विद्यालय के शिक्षक/ शिक्षिका नीलम कुमारी, नीरज कुमार झा, मोहम्मद परवेज आलम, सावत्री कुमारी इत्यादि विधिक सेवा कर्मी गंगेश झा, पारा विधिक स्वयं सेवक धर्मेद कुमार इत्यादि सहित सैकड़ों विद्यार्थीगण सम्मिलित हुए ।

7 में से 5 मामलों का एसडीओ ने किया ऑन स्पॉट निष्पादन

समस्तीपुर एनएसबी। अनुमंडल पदाधिकारी राकेश कुमार के नेतृत्व में बुधवार को अनुमंडल कार्यालय प्रकोष्ठ में भूमि विवाद से संबंधित मामलों की सुनवाई की गई। सुनवाई के दौरान कुल 07 मामलों को प्रस्तुत किया गया, जिनमें से 05 मामलों का त्वरित निष्पादन किया गया। वहीं, शेष 02 मामलों में आवश्यक प्रक्रिया के तहत सुनवाई के लिए अगली तिथि निर्धारित की गई। इस दौरान अनुमंडल पदाधिकारी ने भूमि विवाद से जुड़े मामलों के निष्पादन में तत्परता, पारदर्शिता एवं विधिसम्मत कार्रवाई सुनिश्चित करने पर जोर दिया।

शिक्षण की गुणवत्ता को और सुधारें सीआरसीसी : विवेक

सोनपुर डायट में तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का किया अवलोकन

पटना/एनएसबी। प्राथमिक शिक्षा निदेशक श्री कुमार निशांत विवेक ने कहा कि प्रभावी शैक्षणिक अनुश्रवण और लगातार मार्गदर्शन से विद्यालयों में शिक्षण की गुणवत्ता सुधारी जा सकती है। इससे हर बच्चे को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिलेगी। श्री विवेक बुधवार को सोनपुर स्थित जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट) में संकूल संसाधन केंद्र समन्वयकों (सीआरसीसी) के तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने प्रशिक्षण कार्यक्रम का अवलोकन भी किया। उन्होंने कहा कि विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करने में सीआरसीसी की महत्त्वपूर्ण भूमिका है। उन्हें विद्यालयों का नियमित अनुश्रवण करना चाहिए। साथ ही, शिक्षकों को शैक्षणिक सहयोग देना चाहिए। प्राथमिक शिक्षा निदेशक ने शिक्षण-अधिगम प्रक्रिया को प्रभावी बनाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि सीआरसीसी अपनी जिम्मेदारियों का सही ढंग से निर्वहन करें। इससे विद्यालयों में पढ़ाई का स्तर और बेहतर होगा।



सामान्य कचरे में न फेंकें टूटे-फूटे व खराब इलेक्ट्रॉनिक उपकरण

राज्य के सभी विद्यालयों में चला ई-कचरा जागरूकता अभियान

पटना/एनएसबी। स्वच्छता स्पेशल कैपेन-6 के तहत बुधवार को राज्य के सभी सरकारी एवं निजी विद्यालयों में ई-कचरा प्रबंधन पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किए गए। विद्यार्थियों और शिक्षकों को ई-कचरे के सुरक्षित प्रबंधन, संग्रहण और निस्तारण के प्रति जागरूक किया गया। विद्यालयों में ई-कचरे का संग्रहण भी किया गया। इस दौरान सभी विद्यालयों में विशेष चेतना सत्र के जरिये विद्यार्थियों को ई-कचरे के दुष्प्रभावों और इसके सही निस्तारण की जानकारी दी गई। उन्हें बताया गया कि खराब मोबाइल, कंप्यूटर, चार्जर, बैटरी और अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों को सामान्य कचरे में नहीं फेंकें। इन्हें निर्धारित संग्रहण केंद्रों तक पहुंचाएं। विद्यार्थियों के बीच ई-कचरा प्रबंधन विषय पर क्विज के माध्यम से बच्चों को पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया। एकत्रित ई-कचरे को निर्धारित संग्रहण केंद्रों तक पहुंचाने की व्यवस्था का निर्देश दिया गया। विद्यालयों एवं सरकारी कार्यालयों में कचरे के पृथक्करण के लिए चार रंगों के डस्टबिन हरा, नीला, लाल और काला की व्यवस्था पर भी जोर दिया गया। अभियान के तहत हुई गतिविधियों और कचरा पृथक्करण की व्यवस्था से संबंधित जियो टैग तस्वीरें निर्धारित पोर्टल पर अपलोड करने को कहा गया। जिला प्रशासन के सोशल मीडिया और अन्य माध्यमों से भी अभियान का प्रचार-प्रसार किया गया। इस पहल का उद्देश्य विद्यार्थियों में स्वच्छता की आदत विकसित करना, पर्यावरण को सुरक्षित रखना और ई-कचरे के वैज्ञानिक निस्तारण को बढ़ावा देना है।





'स्वच्छता हमारी संस्कृति' थीम पर 31 को अभिभावक-शिक्षक संगोष्ठी

अभिभावकों और विद्यार्थियों को ई-कचरे के सही प्रबंधन के बारे में किया जाएगा जागरूक



पटना/एनएसबी। राज्य के सभी सरकारी प्रारंभिक विद्यालयों में शनिवार 31 अक्टूबर को मासिक अभिभावक-शिक्षक संगोष्ठी आयोजित की जाएगी। इस बार संगोष्ठी की थीम 'स्वच्छता हमारी संस्कृति' रखी गई है। इसका मकसद बच्चों में स्वच्छता, स्वास्थ्य और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। साथ ही, विद्यालय और समुदाय के बीच बेहतर तालमेल स्थापित करना है। संगोष्ठी में स्वच्छता, जल संरक्षण, अपशिष्ट प्रबंधन और पर्यावरण संरक्षण से जुड़ी गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। अभिभावकों और विद्यार्थियों को ई-कचरे के सही प्रबंधन के बारे में भी जागरूक किया जाएगा। उन्हें ई-कचरे को इधर-उधर फेंकने के बजाय निर्धारित तरीके से एकत्र करने के लिए प्रेरित किया जाएगा। संगोष्ठी में अभिभावकों, विद्यालय शिक्षा समिति के सदस्यों और स्थानीय समुदाय की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। इस दौरान बच्चों की पढ़ाई में प्रगति के साथ उनके स्वास्थ्य, पोषण और स्वच्छता पर भी चर्चा होगी। शिक्षक अभिभावकों को बच्चों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने और गृहकार्य पूरा कराने के लिए प्रेरित करेंगे। साथ ही, घर पर पढ़ाई के लिए एक अलग स्थान यानी ह्यास्टडी कॉर्नरह्ल विकसित करने की भी सलाह दी जाएगी। इससे बच्चों में नियमित अध्ययन की आदत विकसित करने में मदद मिलेगी। प्राथमिक शिक्षा निदेशक श्री कुमार निशांत विवेक ने पत्र के जरिये सभी डीईओ और डीपीओ (एसएसए) को जरूरी निर्देश दिए हैं।

खेत बचाओ अभियान : किसानों ने सीखे खेती में मुनाफा बढ़ाने का गुर

मिट्टी की उर्वरता बनाए रखने, उर्वरकों के इस्तेमाल संतुलित प्रयोग और आधुनिक कृषि तकनीक अपनाने पर दिया गया जोर

विद्यापतिनगर एनएसबी। प्रखंड क्षेत्र में किसानों को आधुनिक कृषि तकनीकों और सरकारी योजनाओं के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से बुधवार को बाजिदपुर पंचायत भवन में किसान चौपाल का आयोजन किया गया। इसमें किसानों को प्राकृतिक खेती अपनाने, मिट्टी की उर्वरता बनाए रखने और कृषि को टिकाऊ एवं लाभकारी बनाने के विभिन्न उपायों की जानकारी दी गई। चौपाल में कृषि समन्वयक आलोक कुमार चौधरी ने किसानों को प्राकृतिक संसाधनों के बेहतर उपयोग, मिट्टी की नियमित जांच तथा फसलों की आवश्यकताओं के अनुरूप



संतुलित उर्वरकों के प्रयोग के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि खेती में वैज्ञानिक तरीकों को अपनाकर उत्पादन बढ़ाने के साथ खेती की लागत को भी कम किया जा सकता है। इसके लिए किसानों को मिट्टी के स्वास्थ्य और फसलों की जरूरतों पर विशेष ध्यान देना चाहिए। वहीं, सहायक तकनीकी प्रबंधक मधुकर श्रोक ने किसानों को आत्मा योजना, मिट्टी जांच, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, कृषि यंत्रीकरण, बीज वितरण एवं कृषि इनपुट अनुदान सहित विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने किसानों को योजनाओं का लाभ लेने के लिए आवश्यक प्रक्रियाओं और कृषि विभाग की ओर से उपलब्ध सुविधाओं के बारे में भी बताया। चौपाल के माध्यम से किसानों को नई तकनीकों के प्रति जागरूक करते हुए कृषि को अधिक उत्पादक, कम खचीर्ला और लाभकारी बनाने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में किसानों को सरकारी योजनाओं का लाभ उठाने तथा वैज्ञानिक पद्धति से खेती करने की अपील की गई।

तृतीय विद्यार्थी सहयोग शिविर का सफल आयोजन

सहार (दैनिक नवसंदेश)। राजकीय डिग्री महाविद्यालय, सहार में ह्यद्यतृतीय विद्यार्थी सहयोग शिविरह्यद्य का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता नोडल पदाधिकारी नवीन कुमार सिंह ने महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर (डॉ) विकास चंद्र के देखरेख में की। शिविर का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों की शैक्षणिक समस्याओं का त्वरित समाधान करना तथा उन्हें विभिन्न प्रशासनिक व कल्याणकारी प्रक्रियाओं के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्राचार्य महोदय और नोडल पदाधिकारी ने कहा कि इस शिविर का ध्येय छात्र-छात्राओं को महाविद्यालय स्तर पर हर संभव सहायता और मार्गदर्शन प्रदान करना है, ताकि उन्हें अपनी पढ़ाई और अन्य प्रक्रियाओं में किसी प्रकार की कठिनाई का सामना न करना पड़े। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं की उत्साहजनक उपस्थिति रही।

इस दौरान विद्यार्थियों ने नामांकन, पठन-पाठन और विभिन्न योजनाओं से

एनएसएस की आर. बी. कालेज, दलसिंहसराय इकाई द्वारा सात दिवसीय विशेष शिविर का हुआ शुभारंभ

दलसिंहसराय एनएसबी। रामाश्रय बालेश्वर महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा गोद लिए गये गांव पुल पगड़ा स्थित वार्ड नंबर -13 स्थित गेटवे इंटरनेशनल स्कूल के प्रांगण में महाविद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. बीरेंद्र कुमार चौधरी के संरक्षण एवं महाविद्यालय के वरीय प्राध्यापक डॉ. विमल कुमार की अध्यक्षता में सात दिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ हुआ। इस कार्यक्रम में कुल पचास स्वयं सेवकों का पंजीकरण किया गया है। दीप प्रज्ज्वलन, राष्ट्र गीत व एन.एस.एस. गीत के साथ कार्यक्रम की विधिवत शुरूआत हुई। अतिथियों का स्वागत पाग, चादर व पुष्प गुच्छ से किया गया। कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. सुनील कुमार सिंह ने स्वागत संबोधन एवं विषय प्रवेश कराते हुए इस सात दिवसीय विशेष शिविर की रूपरेखा को प्रस्तुत की। अन्य वक्ता डॉ. धीरज कुमार पाण्डेय, डॉ. सोहित राम, डॉ. अनूप कुमार ने स्वयं सेवकों को शिविर के माध्यम से होने वाले लाभ एवं जीवनोपयोगी संदेश के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस क्रम में मुख्य वक्ता सह समाजसेवी ई. मनोहर कुमार सिंह ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना का यह विशेष शिविर हमें समाज व राष्ट्र के लिए जीना सिखाता है। हमें एक ऐसा सजग नागरिक बनाता है, जो अपने समाज व राष्ट्र के नव निर्माण में अहम भूमिका निभा सकें। वहीं अपने अध्यक्षीय संबोधन में डॉ. विमल ने कहा कि, समाज व राष्ट्र सेवा सर्वोत्तम सेवा है । राष्ट्रीय सेवा योजना वाकई छात्रों में सवा का भाव उत्पन्न करता है। मैं आशा करता हूं कि इस सात दिन में हमारे सारे स्वयं सेवक सकारात्मक उर्जा प्राप्त कर समाज व राष्ट्र के नवनिर्माण में अहम भूमिका निभाएंगे। कार्यक्रम के दूसरे सत्र में स्वयं सेवक आपस में परिचय प्राप्त कर एक दूसरे के बारे में जानकारी प्राप्त करते हुए एक दूसरे से रूबरू हुए। मौके पर महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ. धीरज कुमार, डॉ. रिषिकेश कुमार, डॉ. मिथिलेश कुमार आदि सहित सभी चयनित स्वयं सेवक उपस्थित थे।

चक्रवात अर्णव का असर, 29 से 31 अक्टूबर तक तेज हवा और बारिश के आसार

समस्तीपुर कार्यालय एनएसबी। आगामी 30 एवं 31 अक्टूबर को उत्तर बिहार के कई जिलों में अनेक स्थानों पर मध्यम से बारिश होने की संभावना है। डॉ. राजेंद्र प्रसाद केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय पूसा स्थित ग्रामीण कृषि मौसम सेवा एवं भारत मौसम विज्ञान विभाग के सहयोग से जलवायु परिवर्तन पर उच्च अध्ययन केंद्र द्वारा जारी आगामी 01 नवम्बर, 2026 तक के मौसम पूवार्नुमान के अनुसार, बंगाल की खाड़ी में बने निम्न दबाव क्षेत्र के कारण साइक्लोन अर्नब के सक्रिय प्रभाव से 29 से 31 अक्टूबर के दौरान उत्तर बिहार के अनेक स्थानों पर गरजझचमक एवं तेज हवाओं के साथ हल्की से मध्यम वर्षा हो सकती है। इस दौरान आसमान में मध्यम से घने बादल छाए रह सकते हैं। वहीं 30-31 अक्टूबर को समस्तीपुर, सिवान, मुजफ्फरपुर, मधुबनी, सीतामढ़ी, वैशाली, गोपालगंज तथा पूर्वी एवं पश्चिमी चंपारण जिलों के कई स्थानों पर मध्यम से भारी वर्षा होने का अनुमान है। पूवार्नुमान की अवधि में अधिकतम तापमान 29^0 सेल्सियस से -35त



सेल्सियस तथा न्यूनतम तापमान 16^0 सेल्सियस से -22त सेल्सियस के बीच रहने की संभावना है। पूवार्नुमान अवधि के दौरान 15-25 किमी प्रतिघंटा की रफ्तार से शुरूआत में दक्षिण-पूर्वी और बाद में दक्षिण-पश्चिमी दिशा से हवा चलने की संभावना है। इस दौरान सुबह की सापेक्ष आर्द्रता 75-85% और दोपहर में 50-65% रह सकती है।

कटे हुए धान एवं खरीफ मक्का की फसल को सूखे और सुरक्षित स्थान पर भंडारण करें : वैज्ञानिक

समस्तीपुर कार्यालय एनएसबी। बंगाल की खाड़ी में बने निम्न दबाव क्षेत्र के कारण आने वाले साइक्लोन अर्नब से उत्पन्न प्रतिकूल मौसम की संभावना को देखते हुए किसानों को सलाह दी जाती है कि कटे हुए धान एवं खरीफ मक्का को सूखे और सुरक्षित स्थान पर रखें। खुले में रखी फसल को अच्छी तरह से तिरपाल से ढकें तथा भंडारण से पहले अनाज को अच्छी तरह सुखा लें। ताकि नमी से

राज्य स्तरीय विद्यालय बालिका फुटबॉल प्रतियोगिता की तैयारियों को लेकर एसडीओ ने किया खेल भवन एवं व्यायामशाला का निरीक्षण

दिये जरूरी निर्देश

समस्तीपुर एनएसबी। राज्य स्तरीय विद्यालय बालिका फुटबॉल प्रतियोगिता (अंडर-14, 17 एवं 19) की तैयारियों को लेकर बुधवार को अनुमंडल पदाधिकारी राकेश कुमार ने आरबीएस इंटर विद्यालय प्रांगण में स्थित खेल भवन एवं व्यायामशाला का निरीक्षण किया। यह प्रतियोगिता खेल विभाग, बिहार सरकार एवं बिहार राज्य खेल प्राधिकरण, पटना के तत्वावधान में 01 नवंबर 2026 से 06 नवंबर 2026 तक समस्तीपुर जिला में आयोजित की जाएगी। निरीक्षण के दौरान अनुमंडल पदाधिकारी ने प्रतियोगिता में भाग लेने वाली बालिकाओं के आवासन, खान-पान, सुरक्षा एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं का बारीकी से जायजा लिया। उन्होंने खेल भवन एवं व्यायामशाला में उपलब्ध सुविधाओं का निरीक्षण करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए, ताकि खिलाड़ियों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। अनुमंडल पदाधिकारी ने कहा कि राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के आयोजन को लेकर सभी तैयारियां समय पर पूरी की जा रही हैं। इस प्रकार के आयोजन से जिले में बालिकाओं में खेल के प्रति रुचि बढ़ेगी और उन्हें अपनी प्रतिभा दिखाने का बेहतर मंच मिलेगा। निरीक्षण के दौरान विद्यालय प्रशासन एवं खेल विभाग के संबंधित पदाधिकारी उपस्थित रहे।

शिक्षा विभाग का बड़ा कदम : जर्जर भवनों से हटाए गए दो विद्यालय, अब सुरक्षित परिसर में दोपहर 12 से शाम 5 बजे तक चलेंगी कक्षाएं

विद्यापतिनगर एनएसबी। प्रखंड में जर्जर भवनों में संचालित दो सरकारी विद्यालयों के छात्र-छात्राओं की सुरक्षा को लेकर शिक्षा विभाग ने बड़ा कदम उठाया है। संभावित हादसों को रोकने के लिए दोनों विद्यालयों को तत्काल प्रभाव से नजदीकी सुरक्षित विद्यालयों में स्थानांतरित कर दिया गया है। अब इन विद्यालयों में पढ़ने वाले बच्चों की कक्षाएं नए परिसरों में दोपहर की पाली में संचालित होंगी। विभाग ने स्पष्ट निर्देश दिया है कि किसी भी परिस्थिति में जर्जर भवनों में शैक्षणिक कार्य नहीं किया जाएगा। अनुमंडल पदाधिकारी, दलसिंहसराय के कार्यालय ज्ञापांक 2411, दिनांक 27 अक्टूबर 2026 तथा जिला शिक्षा पदाधिकारी, समस्तीपुर से प्राप्त निदेर्शों के आलोक में यह व्यवस्था लागू की गई है। इसके तहत प्राथमिक विद्यालय हीरामन टोल भूइयाँ स्थान, बाजिदपुर और उत्क्रमित मध्य विद्यालय कटहा, साहिट के संचालन स्थल में बदलाव किया गया है।



दो विद्यालयों के लिए निर्धारित किए गए नए परिसर

उत्क्रमित मध्य विद्यालय बाजिदपुर के कक्षा एक से पांच तक के बच्चों की पढ़ाई अब प्राथमिक विद्यालय हीरामन टोल भूइयाँ स्थान, बाजिदपुर के भवन में होगी। वहीं, उच्च माध्यमिक विद्यालय बाजिदपुर के विद्यार्थियों की कक्षाएं अब उत्क्रमित मध्य विद्यालय कटहा, साहिट में कक्षा एक से आठ तक संचालित की जाएंगी। दोनों विद्यालयों के लिए दोपहर 12 बजे से शाम पांच बजे तक का समय निर्धारित किया गया है।

भ्रष्टाचारमुक्त रेल व्यवस्था के लिए सत्यनिष्ठा व पारदर्शिता जरूरी: पंकज



समस्तीपुर कार्यालय एनएसबी। सत्यनिष्ठा, पारदर्शिता और जवाबदेही ही सुशासन के मूल आधार हैं। इन मूल्यों को अपनी कार्य-संस्कृति का हिस्सा बनाकर ही एक भ्रष्टाचारमुक्त और जनहितकारी रेल व्यवस्था का निर्माण किया जा सकता है। यह बात पूर्व मध्य रेल मुख्यालय से आए वरिष्ठ उप महाप्रबंधक सह मुख्य सतर्कता अधिकारी पंकज कुमार सिन्हा ने कही। वे बुधवार को सतर्कता जागरूकता सप्ताह के तहत समस्तीपुर मंडल में आयोजित एक विशेष बैठक को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित कर रहे थे।

मंडल रेल प्रबंधक ज्योति प्रकाश मिश्रा की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में देशभर में 26 अक्टूबर से 1 नवंबर 2026 तक मनाए जा रहे सतर्कता जागरूकता सप्ताह की इस वर्ष की थीम ह्यसत्यनिष्ठा से समृद्धिह्व पर विस्तार से चर्चा की गई। मुख्य सतर्कता अधिकारी श्री सिन्हा ने रेलकर्मियों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रत्येक कर्मचारी को अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी निष्पक्षता और नियमों के तहत करना चाहिए। उन्होंने कहा कि कार्यों में पारदर्शिता बनाए रखने, निर्णयों का उचित दस्तावेजीकरण करने और निर्धारित प्रक्रियाओं का पालन करने से किसी भी प्रकार की प्रक्रियागत त्रुटियों और अनियमितताओं की आशंका को खत्म किया जा सकता है। बैठक में उन्होंने व्यावहारिक उदाहरणों के जरिए रेलकर्मियों को जवाबदेही तय करने के गुर भी सिखाए।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए डीआरएम ज्योति प्रकाश मिश्रा ने कहा कि सत्यनिष्ठा की संस्कृति से ही किसी भी संगठन की कार्यकुशलता, उत्पादकता और गुणवत्ता में निरंतर विकास संभव है। उन्होंने हर रेलकर्मी से अपने कार्य में ईमानदारी और जिम्मेदारी बनाए रखने का आह्वान किया। बैठक में इस बात पर विशेष जोर दिया गया कि सतर्कता केवल किसी एक विभाग का काम नहीं, बल्कि सभी रेलकर्मियों का सामूहिक दायित्व है। इस अवसर पर अपर मंडल रेल प्रबंधक सन्नी सिन्हा, वरीय मंडल कार्मिक अधिकारी विवेक कुमार सहित सभी उप मुख्य सतर्कता अधिकारी, मंडल के शाखा अधिकारी और बड़ी संख्या में रेलकर्मी उपस्थित थे। कार्यक्रम के अंत में सभी रेलकर्मियों से अपने दैनिक कार्यों में ईमानदारी व पारदर्शिता को सर्वोच्च प्राथमिकता देने की अपील की गई।

जिला स्तरीय कृषि सांख्यिकी प्रशिक्षण सत्र 2026-27 का आयोजन

फसल कटनी प्रयोग, जिन्सवार विवरण एवं भूमि उपयोग विवरणी पर दिया गया प्रशिक्षण, आँकड़ों की शुद्धता एवं समयबद्ध संकलन पर जोर

समस्तीपुर कार्यालय एनएसबी। जिलाधिकारी रोशन कुशवाहा के निदेर्शानुसार समाहरणालय सभाकक्ष में बुधवार को जिला स्तरीय कृषि सांख्यिकी प्रशिक्षण सत्र 2026-27 का आयोजन किया गया। इस दौरान सांख्यिकी पदाधिकारियों एवं कर्मियों को कृषि सांख्यिकी से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत जानकारी दी गई। इस क्रम में फसल कटनी प्रयोग, जिन्सवार विवरण, भूमि उपयोग विवरणी सहित कृषि सांख्यिकी से संबंधित विभिन्न विषयों पर विस्तार से प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध फसल कटनी प्रयोग सुनिश्चित करना, कृषि संबंधी आँकड़ों का समय पर संकलन करना तथा फसल क्षेत्र एवं उत्पादन का सटीक आकलन करना था।



प्रशिक्षण के दौरान कृषि सांख्यिकी से संबंधित कार्यों के निष्पादन में निर्धारित प्रक्रियाओं का पालन करने, आँकड़ों की शुद्धता बनाए रखने तथा सभी कार्यों को निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूरा करने पर विशेष जोर दिया गया। साथ ही, कृषि सांख्यिकी से संबंधित आँकड़ों की गुणवत्ता एवं विश्वसनीयता सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक तकनीकी जानकारी भी उपलब्ध कराई गई। कार्यक्रम में जिला सांख्यिकी पदाधिकारी अशोक कुमार, प्रशिक्षक पवन कुमार, सहायक सांख्यिकी पदाधिकारी प्रवीण कुमार झा सहित जिला अन्तर्गत सभी अंचलाधिकारी, प्रखंड सांख्यिकी पदाधिकारी, प्रखंड कृषि पदाधिकारी सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित रहे।

संक्षिप्त खबरें

दो बाइक की टक्कर में दो युवक गंभीर रूप से घायल, एक रेफर

टिकारी (एनएसबी)। आंती-रफीगंज मुख्य पथ पर रामपुर गांव के मोड़ के समीप बुधवार दोपहर दो बाइक की टक्कर में दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने दोनों को इलाज के लिए सीएचसी रफीगंज पहुंचाया, जहां से एक को मेडिकल कॉलेज गया रेफर कर दिया गया, जबकि दूसरे का इलाज रफीगंज में जारी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम बिरनावां निवासी दीपक कुमार (26) पिता स्व. रामजतन यादव बाइक से रफीगंज जा रहा था। वहीं दूसरी ओर से ग्राम मंडूका निवासी मो. जावेद (40) पिता मो. गुलाम जिलानी बाइक से आ रहा था। इसी दौरान सामने से एक ट्रैक्टर के आ जाने से दोनों बाइक सवारों का संतुलन बिगड़ गया और आपस में टकरा गए।टक्कर में बिरनावां निवासी दीपक के कई दांत टूट गए, जिसे बेहतर इलाज के लिए गया रेफर किया गया है। वहीं मंडूका निवासी जावेद के पैर और दाढ़ी के पास गंभीर चोट आई है।

जमीन बिक्री के नाम पर 8.46 लाख ठगने का आरोप, महिला ने कोंच थाने में कराया मामला दर्ज

टिकारी (एनएसबी)। कोंच थाना क्षेत्र में जमीन बिक्री में धोखाधड़ी का आरोप लगाते हुए एक महिला ने थाने में आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की है। आवेदिका किरण देवी, पति रवि कुमार, ग्राम-पो. कोंच ने आवेदन में बताया है कि ग्राम पाली, निवासी लखी साव (45) ने मौजा पाली में खाता 22, प्लॉट नं. 51, 5, 1/2 की साढ़े पांच डिसमिल जमीन को विवाद रहित बताकर बेचने की बात कही। विश्वास में आकर स्टाम्प पेपर पर इकरारनामा किया और तय बात के अनुसार छह किस्तों में नकद व बैंक खाते के माध्यम से कुल 8,46,000 रुपये दे दिए। आरोप है कि बाद में गुप्त रूप से पता चला कि उक्त जमीन 5 जुलाई 2017 से विवादित है और एलआरडीसी टिकारी में म्युटेशन वाद संख्या 4025-26 के तहत सुनवाई चल रही है। जानकारी मिलने पर राशि वापस मांगी तो टालमटोल किया जा रहा है। कोंच थानाध्यक्ष आलोक रंजन ने बताया कि आवेदन प्राप्त हुआ है, कांड संख्या 397/26 दर्ज कर एस आई संजय सिंह द्वारा अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

स्वामी राघवेन्द्राचार्य त्रिदण्डी आयुर्वेद महाविद्यालय एवं चिकित्सालय में मिलन समारोह-2026 आयोजित

गयाजी (एनएसबी)। दिनांक 28.10.2026 को विधानसभा अध्यक्ष, बिहार, डॉ. प्रेम कुमार एवं वरीय पुलिस अधीक्षक, गया द्वारा आयोजित पुरातन छात्र मिलन समारोह-2026 का दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया गया।

तूफान के असर से बदला मौसम, आसमान में छाए बादलों ने बढ़ाई किसानों की चिंता

मेहंदिया (एनएसबी)। जिले में बुधवार को तूफान के असर से मौसम का मिजाज बदला-बदला नजर आया। पूरे दिन आसमान में बादल छाए रहे और धूप नहीं निकली। मौसम में आए इस बदलाव से सबसे अधिक चिंता किसानों को सता रही है। अक्टूबर के अंतिम सप्ताह में मौसम की अनिश्चितता किसानों के लिए परेशानी का कारण बनी हुई है। खेतों में लगी फसलों और कटाई के बाद खेतों में रखी उपज को लेकर किसान चिंतित हैं। यदि मौसम बिगड़ता है और बारिश होती है, तो फसलों को नुकसान पहुंचने की आशंका बनी रहती है। खासकर धान की कटाई और तैयार फसल को सुरक्षित रखने में जुटे किसानों की मुश्किलें बढ़ सकती हैं। ऐसे में किसान आसमान की ओर टकटकी लगाए मौसम साफ होने का इंतजार कर रहे हैं। मौसम के बदले मिजाज के बीच किसानों को आशंका है कि बारिश या तेज हवा उनकी मेहनत पर पानी फेर सकती है। फिलहाल सभी की नजर मौसम की अगली स्थिति पर टिकी हुई है।

जिला पदाधिकारी ने जनता दरबार में सुनी आमजनों की समस्याएं



गयाजी (एनएसबी)। जिलाधिकारी, गया शशांक शुभंकर ने समाहरणालय में आये अनेकों फरियादियों को देख उनकी समस्याओं को सुना गया। जिले के विभिन्न प्रखंडों से आए लगभग 40 से अधिक आमजनों की समस्याएँ सुनीं गयी। इस अवसर पर भूमि विवाद, आवास योजना, स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़ी शिकायतें, पेंशन योजना, मुआवजा, आरटीपीएस, शिक्षा विभाग से संबंधित विषयों समेत अन्य मामलों को लोगों ने डीएमके समक्ष रखा। जिला पदाधिकारी ने उपस्थित अधिकारियों को संबंधित प्रकरणों का त्वरित एवं निष्पक्ष निपटारा सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनता की समस्याओं का समयबद्ध समाधान जिला प्रशासन की प्राथमिकता है ।

मगध विश्वविद्यालय, बोधगयाके शोधार्थी बिहार की ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक विरासत के नए आयामों की खोज में जुटे

बोधगया (एनएसबी)। मगध विश्वविद्यालय, बोधगया के प्राचीन भारतीय एवं एशियाई अध्ययन विभाग में पीएच.डी. शोधार्थियों के शोध प्रगति प्रतिवेदन का प्रस्तुतीकरण संपन्न हुआ। इस अवसर पर शोधार्थियों ने अपने शोध विषयों, अब तक की उपलब्धियों तथा आगामी अनुसंधान योजनाओं को प्रस्तुत करते हुए विभाग को अपनी शोध प्रगति से अवगत कराया। विभाग के शोधार्थी बौद्ध साहित्य राजगीर का पुरातात्त्विक सर्वेक्षण, मध्य गंगा क्षेत्र का व्यापारिक महत्त्व जैसे महत्त्वपूर्ण विषयों पर शोधरत हैं। ये अध्ययन प्राचीन मगध के बौद्ध सांस्कृतिक परिदृश्य, गया क्षेत्र की धार्मिक परंपराओं, पुरातात्त्विक स्थलों, प्राचीन बस्तियों, व्यापारिक मार्गों तथा क्षेत्रीय ऐतिहासिक विकास को नए दृष्टिकोण से समझने की दिशा में महत्त्वपूर्ण हैं। इन शोधों की प्रासंगिकता बिहार की ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक विरासत के वैज्ञानिक अध्ययन, पुरातात्त्विक स्थलों के दस्तावेजीकरण, स्थानीय इतिहास के लेखन तथा विरासत संरक्षण की संभावनाओं से जुड़ी है। भविष्य में इनके निष्कर्ष बिहार के विभिन्न क्षेत्रों के इतिहास और सांस्कृतिक पहचान को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय अकादमिक विमर्श से जोड़ने में योगदान दे सकते हैं। शोध प्रगति प्रतिवेदन का यह आयोजन शोध की गुणवत्ता, अकादमिक अनुशासन और अनुसंधान की निरंतरता सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्त्वपूर्ण पहल है।

शराब और सूखे नशे की गिरफ्त में युवा पीढ़ी, बढ़ती प्रवृत्ति ने बढ़ाई चिंता

मेहंदिया (एनएसबी)। युवा पीढ़ी में शराब और सूखे नशे की बढ़ती प्रवृत्ति समाज के लिए गंभीर चिंता का विषय बनती जा रही है। कम उम्र के युवाओं का नशे की ओर आकर्षित होना न केवल उनके भविष्य पर सवाल खड़े कर रहा है, बल्कि परिवारों और समाज की परेशानियां भी बढ़ा रहा है। शराब के अलावा गांजा और अन्य नशीले पदार्थों के सेवन की चर्चा भी लगातार सामने आती रहती है। इस स्थिति को लेकर अभिभावकों से लेकर सामाजिक स्तर पर चिंता जताई जा रही है। सबसे चिंताजनक पहलू यह है कि नशे की गिरफ्त में आने वाले कुछ युवाओं के गलत संगत में पड़ने और आपराधिक गतिविधियों से जुड़ने की आशंका भी बनी रहती है। नशे की लत के कारण पढ़ाई, रोजगार और पारिवारिक जिम्मेदारियों पर प्रतिकूल असर पड़ सकता है। वहीं, नशे की जरूरत पूरी करने के लिए गलत रास्ता अपनाने की घटनाएं भी चिंता बढ़ाती हैं। हालांकि, नशा करने वाले सभी युवाओं को अपराध से जोड़कर देखना उचित नहीं है।

परिवार से समाज तक बढ़ रही चिंता : युवाओं में नशे की बढ़ती प्रवृत्ति पर रोक लगाने के लिए परिवार, समाज और संबंधित विभागों की भूमिका महत्वपूर्ण है। अभिभावकों को बच्चों की संगत और गतिविधियों पर ध्यान देने के साथ उनसे संवाद बनाए रखने की जरूरत है। वहीं, नशीले पदार्थों की अवैध बिक्री पर प्रभावी कार्रवाई, जागरूकता अभियान और नशे की लत से जूझ रहे युवाओं के लिए उपचार एवं परामर्श की व्यवस्था भी जरूरी है।

आरपीएफ, गया ने आर्म्स एक्ट के पांच अभियुक्तों को किया गिरफ्तार

सभी को उड़ीसा पुलिस को किया सुपुर्द



गयाजी (एनएसबी)। ओड़िसा के क्योंझर पुलिस के इंस्पेक्टर सोरूफ नायक से सूचना मिला की पांच व्यक्ति क्योंझर जिला स्थित तूरामूंगा थाना क्षेत्राधिकार मे गम्भीर प्रवृत्ति के अपराध का एक घटना कारित किया है जिसमे एक व्यक्ति को गम्भिर चोट पहुँचाकर गम्भीर रुप से घायल कर दिया है । उक्त पांचों अपराधियो के विरुद्व तारामूंगा थाना मे मु0अ0सं0-256/26 दिनांक 29.09.26 आर्म्स एक्ट कायम किया गया है तथा आसुचना है कि उक्त पांचों अपराधी गाड़ी संख्या 12801 पुरी नई दिल्ली पुरुषोत्तम एक्सप्रेस से दिल्ली के तरफ भाग रहे है उनका फोटो व नाम पता उपलब्ध कराते हुए खोज-बिन करके रोका जाय हम ऑन रुट है, उक्त सुचना के अनुपालन मे त्वरित कार्यवाही करते हुए नि0प्र0 गया बनारसी यादव व थाना अध्यक्ष शिवकुमार के निर्देशन मे एक संयुक्त टिम गठित किया गयाा जिसमे उ0 नि0 धीरेंद्र कुमार, उपनिरीक्षक इंद्र कुमार प्र0 आ0 संतोष कुमार सिंह, आ0 मुकेश कुमार, आ0 आलोक कुमार सक्सेना, प्र0 आ0 सचिन्द्र कुमार सभी रेल सुरक्षा बल पोस्ट गया, एवं जीआरपी थाना गया के अधिकारी एवं स्टाफ शामिल करके खोज-बिन किया गया। खोजबीन के क्रम में गाड़ी संख्या 12801 पुरुषोत्तम एक्सप्रेस गया स्टेशन के प्लेटफार्म संख्या 1 पर आई तो जनरल कोच में छापा मारकर उक्त पांचों संदिग्ध व्यक्तियों को पहचान कर गाड़ी से उतारा गया। चारों व्यक्तियों से पूछताछ करने पर उन्होंने अपना नाम 1) माइकल संतोष पिता माइकल नाग उम्र-30 वर्ष पता पूवार्घाट थाना-खोरई, जिला-जाजपुर, उड़ीसा (2) लमाइकल विक्रम, (3)माइकल कन्हैया, (4)कावड़ी गणपति (5) नायडू प्रधान उड़ीसा बताया। पांचों व्यक्तियों के शिनाख्त सुनिश्चित होने पर उन्हे रोका गया और रेल थाना गया पर लाया गया तथा इसकी सुचना उड़ीसा पुलिस टिम को दी गयी । सुचना उपरान्त उड़ीसा पुलिस के इंस्पेक्टर सारूफ नायक साथ स्टॉफ राजकीय रेल पुलिस थाना गया पर उपस्थित हुए, रोके गये उक्त चारो अभियुक्तो को सही-सही हालत मे जीआरपी थाना गया द्वारा उड़ीसा पुलिस के इंस्पेक्टर सोरूफ नायक को सुपुर्द किया गया।

जिला स्तरीय वार्षिक आवृत्ति चर्या सह प्रशिक्षण कार्यक्रम का हुआ उद्घाटन

अरवल (एनएसबी)। जिला स्तरीय वार्षिक आवृत्ति चर्या-सह-प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन अपर समाहर्ता, रवि प्रसाद चौहान द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। कृषि वर्ष 2026-27 के खरीफ मौसम से संबंधित एकदिवसीय जिला स्तरीय वार्षिक आवृत्ति चर्या सह प्रशिक्षण कार्यक्रम का विधिवत उ द्घाटन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य कृषि विभाग के पदाधिकारियों एवं कर्मियों को खरीफ मौसम से संबंधित कृषि कार्यों, विभागीय योजनाओं, तकनीकी पहलुओं तथा किसानों को दी जाने वाली सुविधाओं के संबंध में आवश्यक जानकारी प्रदान करना और कृषि गतिविधियों के प्रभावी क्रियान्वयन को प्रोत्साहित करना रहा। उद्घाटन के अवसर पर अपर समाहर्ता रवि प्रसाद चौहान ने कृषि क्षेत्र में योजनाबद्ध कार्यप्रणाली, विभागीय समन्वय तथा किसानों तक कृषि संबंधी जानकारी और सरकारी योजनाओं का लाभ पहुँचाने के महत्व पर बल दिया। उन्होंने कहा कि कृषि ग्रामीण अर्थव्यवस्था का महत्वपूर्ण आधार है। कृषि वर्ष 2026-27 के खरीफ मौसम को लेकर एकदिवसीय जिला



उद्घाटन करते अतिथि।

इसी उद्देश्य से फसल कटनी प्रयोग की प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी, सटीक एवं तकनीक आधारित बनाने के लिए उन्नतएए ऐप एवं पोर्टल के माध्यम से फसल कटनी प्रयोग संपन्न कराया जाएगा। इस ऐप के माध्यम से फसल कटनी प्रयोग से संबंधित आँकड़ों एवं आवश्यक साक्ष्यों को अपलोड करते ही संबंधित डेटा भारत सरकार के स्तर पर भी उपलब्ध हो जाता है। फसल कटनी प्रयोग के दौरान निर्धारित मानकों का पालन करना तथा सही एवं प्रमाणिक जानकारी अपलोड करना अत्यंत महत्त्वपूर्ण है। सभी फसल कटनी प्रयोगकताओं को निर्देशित किया जाता है कि वे प्रयोग के दौरान विशेष सावधानी बरतें तथा कटनी के उपरांत प्राप्त उपज का सही वजन सुनिश्चित करें। कटनी प्रयोग की प्रक्रिया के दौरान लिए जाने वाले फोटोग्राफ में कटनी प्रयोग से संबंधित गतिविधियाँ स्पष्ट रूप से प्रदर्शित होनी चाहिए। इसी प्रकार, वजन करते समय लिए गए फोटो में वजन मशीन पर प्रदर्शित वास्तविक वजन तथा अनाज स्पष्ट रूप से दिखाई देना चाहिए, ताकि अपलोड किए गए आँकड़ों का सत्यापन किया जा सके। इसके अतिरिक्त, जिला एवं प्रखंड स्तर के संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया जाता है कि वे अपने अपने क्षेत्राधिकार में संचालित फसल कटनी प्रयोगों का सतत निरीक्षण एवं अनुश्रवण करें। पदाधिकारी क्षेत्र भ्रमण कर फसल कटनी प्रयोग की वास्तविक स्थिति का जायजा लेंगे तथा यह सुनिश्चित करेंगे कि सभी प्रयोग निर्धारित दिशा-निर्देशों के अनुरूप संपन्न हो रहे हैं। निरीक्षण के दौरान आँकड़ों की शुद्धता, वजन की प्रमाणिकता, फोटोग्राफ की स्पष्टता तथा ऐप एवं पोर्टल पर डेटा अपलोड करने की प्रक्रिया पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।

खरीफ मौसम की तैयारियों एवं कृषि तकनीकों पर प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान खरीफ मौसम में धान सहित अन्य खरीफ फसलों की खेती की तैयारी, उन्नत कृषि तकनीकों के उपयोग, गुणवत्तापूर्ण बीजों की उपलब्धता, संतुलित उर्वरक प्रयोग, मृदा स्वास्थ्य संरक्षण, फसल प्रबंधन तथा कृषि विभाग की योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर प्रशिक्षण दिए जाने पर बल दिया गया। किसानों को वैज्ञानिक कृषि पद्धतियों के प्रति जागरूक करना, फसल की लागत को नियंत्रित करने के उपायों की जानकारी देना तथा उपलब्ध संसाधनों का समुचित उपयोग सुनिश्चित करना कृषि विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं। प्रशिक्षण कार्यक्रम के माध्यम से कृ षि विभाग के पदाधिकारियों एवं कर्मियों की तकनीकी जानकारी और कार्यक्षमता को सुदृढ़ करने का प्रयास किया गया, ताकि वे किसानों को उनकी आवश्यकताओं के अनुरूप मार्गदर्शन दे सकें। कार्यक्रम में कृषि विभाग की विभिन्न योजनाओं की जानकारी किसानों तक पहुँचाने, पात्र किसानों को योजनाओं से जोड़ने तथा कृषि संबंधी समस्याओं के समाधान के लिए क्षेत्र स्तर पर सक्रिय भूमिका निभाने के महत्व को रेखांकित किया गया। किसानों को समय पर कृषि संबंधी परामर्श उपलब्ध कराने और विभागीय योजनाओं के प्रति जागरूकता बढ़ाने से कृषि कार्यों को अधिक प्रभावी बनाया जा सकता है। साथ ही, कृषि विभाग के पदाधिकारियों एवं कर्मियों से अपेक्षा की गई कि वे प्रशिक्षण में प्राप्त जानकारी का उपयोग अपने कार्यक्षेत्र में करें तथा किसानों को आधुनिक एवं वैज्ञानिक कृषि पद्धतियाँ अपनाने के लिए प्रोत्साहित करें। कृषि विकास के लिए समन्वित प्रयास आवश्यक जिला प्रशासन, अरवल द्वारा कृषि क्षेत्र के विकास, किसानों को योजनाओं का लाभ उपलब्ध कराने तथा कृषि संबंधी गतिविधियों के प्रभावी संचालन के लिए संबंधित विभागों के साथ समन्वय स्थापित करने पर जोर दिया गया। इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रम कृषि विभाग के कार्यों में दक्षता बढ़ाने और किसानों को बेहतर कृषि परामर्श उपलब्ध कराने में सहायक सिद्ध होते हैं। कार्यक्रम के माध्यम से कृषि वर्ष 2026-27 के खरीफ मौसम में कृषि कार्यों के सफल संचालन, किसानों को तकनीकी सहयोग उपलब्ध कराने तथा कृषि उत्पादन को प्रोत्साहित करने की दिशा में आवश्यक जानकारी एवं प्रशिक्षण प्रदान करने पर बल दिया गया।

विधायकों एवं शिक्षा विभाग के पदाधिकारियों के साथ बैठक में विद्यालयों के विकास, स्वच्छता एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पर दिया गया जोर



गयाजी (एनएसबी)। सेवा संकल्प एवं कायाकल्प अभियान के अंतर्गत गया जिले के सरकारी विद्यालयों में आधारभूत संरचना के विकास एवं सुदृढ़ीकरण को लेकर बुधवार को जिला परिषद सभागार में अध्यक्ष, बिहार विधानसभा डॉ. प्रेम कुमार की उपस्थिति में जिले के विधायकों एवं शिक्षा विभाग के पदाधिकारियों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में विद्यालयों में उपलब्ध सुविधाओं की समीक्षा, आवश्यक निर्माण कार्यों की पहचान, प्रस्तावित योजनाओं की प्राथमिकता तय करने तथा निर्धारित समय-सीमा में कार्यों को पूर्ण करने को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में जिला शिक्षा पदाधिकारी, सभी प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित रहे।

बैठक में जिला शिक्षा पदाधिकारी, गया ने बताया कि सेवा संकल्प एवं कायाकल्प अभियान के तहत जिले के सभी सरकारी विद्यालयों में आवश्यकतानुसार लघु निर्माण, रंग-रोगन एवं मरम्मत संबंधी कार्य कराए जाएंगे। इसके अंतर्गत विद्यालय भवनों की रंगाई-पुताई, शौचालय निर्माण एवं मरम्मत, विद्यालय परिसर में जलजमाव की समस्या का समाधान तथा जल निकासी की समुचित व्यवस्था सहित अन्य छोटी-छोटी समस्याओं का निराकरण किया जाएगा। इन सभी कार्यों को हर हाल में 15 नवंबर 2026 तक पूर्ण करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

उन्होंने बताया कि जिन विद्यालयों में बड़े स्तर पर आधारभूत संरचना के विकास की आवश्यकता है, वहां साइकिल स्टैंड निर्माण, अतिरिक्त कक्षों का निर्माण एवं अन्य आवश्यक सुविधाओं के विकास के लिए शिक्षा विभाग द्वारा सर्वेक्षण कराया जा रहा है। सर्वेक्षण के उपरांत माननीय विधायकों से विद्यालयों की प्राथमिकता सूची प्राप्त कर नियमानुसार आवश्यक आधारभूत संरचना संबंधी कार्य कराए जाएंगे। बैठक में जिला पदाधिकारी द्वारा जिला शिक्षा पदाधिकारी को निर्देश दिया गया कि अगले एक महीने के भीतर सभी विद्यालयों में विद्यालय प्रबंधकारिणी समिति की बैठक सुनिश्चित कराई जाए। साथ ही सभी प्रखंड शिक्षा पदाधिकारियों के माध्यम से यह व्यवस्था सुनिश्चित की जाए कि प्रत्येक विद्यालय में हर तीन महीने पर नियमित रूप से विद्यालय प्रबंधकारिणी समिति की बैठक आयोजित हो, ताकि विद्यालयों की समस्याओं की समीक्षा कर उनके समाधान की दिशा में आवश्यक कार्रवाई की जा सके।

जिला पदाधिकारी ने सभी प्रखंड शिक्षा पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि जिले के सभी विद्यालयों में परिसर की साफ-सफाई सुनिश्चित कराई जाए। प्रत्येक विद्यालय में स्वच्छ पेयजल, उपयोग योग्य शौचालय एवं अन्य बुनियादी सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित होनी चाहिए। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि यदि माननीय विधायकों द्वारा किसी विद्यालय का औचक निरीक्षण किया जाता है, तो निरीक्षण के दौरान सामने आई कमियों एवं दिए गए सुझावों पर तत्काल आवश्यक कार्रवाई की जाए तथा अनुपालन प्रतिवेदन संबंधित विधायक को उपलब्ध कराया जाए।

बैठक को संबोधित करते हुए अध्यक्ष, बिहार विधानसभा डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराना केंद्र एवं राज्य सरकार की प्राथमिकता है। शिक्षा केवल ज्ञान प्राप्त करने का माध्यम नहीं, बल्कि बच्चों के उज्ज्वल भविष्य एवं राष्ट्र निर्माण की आधारशिला है। इसके लिए विद्यालयों में बेहतर भवन, स्वच्छ पेयजल, शौचालय, सुरक्षित वातावरण तथा अन्य आवश्यक बुनियादी सुविधाओं की उपलब्धता अत्यंत जरूरी है।

उन्होंने कहा कि विद्यालयों में उपलब्ध सुविधाओं की नियमित समीक्षा की जानी चाहिए तथा जहां भी कमियां पाई जाती हैं, वहां प्राथमिकता के आधार पर सुधारात्मक कार्रवाई की जाए। सेवा संकल्प एवं कायाकल्प अभियान का उद्देश्य विद्यालयों को स्वच्छ, सुरक्षित एवं सुविधायुक्त बनाना है, ताकि विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण मिल सके। डॉ. प्रेम कुमार ने शिक्षा के क्षेत्र में संचालित विभिन्न सरकारी योजनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि भारत सरकार द्वारा सर्व शिक्षा अभियान के माध्यम से प्राथमिक एवं प्रारंभिक शिक्षा के विस्तार तथा विद्यालयों तक बच्चों की पहुंच बढ़ाने के लिए महत्वपूर्ण प्रयास किए गए हैं। वर्तमान में समग्र शिक्षा अभियान के तहत विद्यालयी शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार, शिक्षकों के प्रशिक्षण, समावेशी शिक्षा तथा आधारभूत सुविधाओं के विकास पर कार्य किया जा रहा है।

उन्होंने पीएम पोषण योजना के माध्यम से पात्र बच्चों को पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराने तथा पीएम श्री विद्यालय योजना के माध्यम से चयनित विद्यालयों को आधुनिक सुविधाओं एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के आदर्श केंद्र के रूप में विकसित करने की दिशा में किए जा रहे प्रयासों पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा विद्यार्थियों को शिक्षा के प्रति प्रोत्साहित करने के लिए साइकिल योजना, पोशाक योजना एवं छात्रवृत्ति योजनाओं सहित विभिन्न कार्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं। इन योजनाओं का उद्देश्य विद्यार्थियों की विद्यालयों तक पहुंच बढ़ाना, आर्थिक कठिनाइयों को कम करना तथा विशेष रूप से बालिकाओं की शिक्षा को प्रोत्साहित करना है। उन्होंने मॉडल स्कूलों के विकास एवं विद्यालयों में आधुनिक शैक्षणिक सुविधाओं के विस्तार पर भी जोर दिया।

डॉ. प्रेम कुमार ने अधिकारियों एवं संबंधित पदाधिकारियों से कहा कि सेवा संकल्प एवं कायाकल्प अभियान के अंतर्गत तैयार योजनाओं को निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार स्वीकृति दिलाकर धरातल पर उतारा जाए। विद्यालयों की वास्तविक आवश्यकताओं का आकलन करते हुए प्राथमिकता के आधार पर निर्माण एवं मरम्मत कार्य कराए जाएं, ताकि विद्यार्थियों को सुरक्षित, स्वच्छ एवं बेहतर शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध हो सके। उन्होंने कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार की शिक्षा संबंधी योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र विद्यार्थी तक पहुंचाना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। इसके लिए शिक्षा विभाग के पदाधिकारियों, विद्यालय प्रबंधन समितियों एवं जनप्रतिनिधियों के बीच बेहतर समन्वय आवश्यक है। उन्होंने सभी संबंधित पदाधिकारियों से आपसी सहयोग के साथ कार्य करते हुए गया जिले के विद्यालयों के आधारभूत ढांचे को मजबूत बनाने तथा शिक्षा की गुणवत्ता में निरंतर सुधार लाने की अपील की।

बैठक में विद्यालयों की आवश्यकताओं की पहचान, लघु निर्माण एवं मरम्मत कार्यों को समय-सीमा के भीतर पूरा करने, बड़े निर्माण कार्यों के लिए प्राथमिकता सूची तैयार करने, विद्यालय प्रबंधकारिणी समिति की नियमित बैठक आयोजित करने तथा विद्यालयों में स्वच्छता एवं बुनियादी सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया गया।

सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में आवास आवंटन पर सवाल! 10 नर्सें किराये पर रहने को मजबूर



प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र

अस्पताल परिसर में चार सरकारी फ्लैट फिर भी नर्सों को आवास नहीं आवंटन के मानकों और प्राथमिकता पर उठ रहे सवाल

कुर्था (एसएनबी)। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुर्था में सरकारी आवास आवंटन की व्यवस्था को लेकर सवाल उठने लगे हैं। स्वास्थ्य केन्द्र में 10 स्टाफ नर्सों के योगदान देने के बावजूद उन्हें परिसर में आवास उपलब्ध नहीं कराया गया है। परिणामस्वरूप इन नर्सों को अस्पताल के बाहर किराये के मकानों में रहना पड़ रहा है। वही दूसरी ओर अस्पताल परिसर में उपलब्ध चार फ्लैटों के आवंटन को लेकर भी चर्चा तेज हो गई है। ऐसे में सवाल उठ रहा है कि आखिर सरकारी आवास के आवंटन में प्राथमिकता का आधार क्या है? मिली जानकारी के अनुसार, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में इमरजेंसी ड्यूटी और कर्मियों की सुविधा के लिए चार फ्लैट उपलब्ध हैं। सूत्रों का दावा है कि इनमें से दो फ्लैट वरिष्ठ कर्मियों के नाम पर आवंटित हैं, जबकि शेष दो फ्लैटों में जूनियर कर्मियों के रहने की बात सामने आ रही है। ऐसे में यह सवाल महत्वपूर्ण हो जाता है कि जब अस्पताल में 10 स्टाफ नर्स कार्यरत हैं और उन्हें आवास की सुविधा नहीं मिल रही है, तो उपलब्ध सरकारी फ्लैटों के आवंटन में किन मानकों को अपनाया गया है। क्या आवंटन वरिष्ठता के आधार पर हुआ है या इमरजेंसी ड्यूटी और विभागीय आवश्यकता को प्राथमिकता दी गई है। सूत्रों के माने तो अस्पताल की स्वास्थ्य सेवाओं में स्टाफ नर्सों की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण होती है। खासकर आपातकालीन परिस्थितियों में मरीजों को समय पर उपचार उपलब्ध कराने के लिए नर्सों की त्वरित उपलब्धता जरूरी होती है। कई बार उन्हें कम समय में अस्पताल पहुंचकर ड्यूटी संभालनी पड़ती है। ऐसी स्थिति में अस्पताल परिसर में आवास की सुविधा मिलने से उनकी उपलब्धता और कार्य संचालन में सहूलियत हो सकती है। इसके बावजूद 10 स्टाफ नर्सों को अस्पताल परिसर में आवास नहीं मिलना विभागीय व्यवस्था पर सवाल खड़े कर रहा है। सूत्रों के माने तो यह चर्चा है कि सरकारी आवास के आवंटन में वरिष्ठता, ड्यूटी की प्रकृति और विभागीय जरूरतों को किस हद तक ध्यान में रखा गया है। यदि आवास आवंटन के लिए कोई निर्धारित नियम या प्राथमिकता सूची है, तो उसे स्पष्ट किया जाना चाहिए, ताकि किसी प्रकार के भ्रम की स्थिति नहीं रहे व आवास आवंटन पारदर्शी हो सके। वही लोगो के निगाहें स्वास्थ्य विभाग पर टिकी हैं कि वह आवास आवंटन से जुड़े तथ्यों को सार्वजनिक कर स्थिति स्पष्ट करता है या नहीं। साथ ही जरूरतमंद स्टाफ नर्सों को आवासीय सुविधा उपलब्ध कराने के लिए क्या पहल की जाती है।

सहयोग पोर्टल पर प्राप्त आवेदनों के त्वरित निष्पादन को लेकर किया स्थलीय जांच

अरवल (एनएसबी)। सहयोग पोर्टल पर प्राप्त आवेदनों के त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निष्पादन हेतु उप विकास आयुक्त द्वारा स्थलीय जाँच- जिला पदाधिकारी, अमृषा बैंस के निदेर्शानुसार सहयोग पोर्टल पर प्राप्त आवेदनों के त्वरित, पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण निष्पादन को लेकर आज दिनांक 28 अक्टूबर, 2026 को उप विकास आयुक्त, शैलेश कुमार द्वारा करपी प्रखंड अंतर्गत संबंधित स्थलों का निरीक्षण कर प्राप्त परिवादों की स्थलीय जाँच की गई। इस क्रम में ग्राम बेलखरा निवासी आवेदक श्री अवधेश मिस्त्री द्वारा सहयोग पोर्टल पर नाली निर्माण से संबंधित समर्पित आवेदन के आलोक में उप विकास आयुक्त द्वारा स्थलीय निरीक्षण कर वास्तविक स्थिति की जाँच की गई। जाँच के उपरांत प्रखंड विकास पदाधिकारी, करपी को संबंधित नाली निर्माण की योजना को नियमानुसार ग्राम पंचायत विकास योजना पोर्टल पर ऑनलाइन प्रविष्ट कराते हुए आवश्यक प्रक्रिया पूर्ण कर नाली निर्माण कार्य सुनिश्चित कराने हेतु निर्देशित किया गया। इसी क्रम में करपी प्रखंड अंतर्गत इंजोर पंचायत निवासी आवेदक श्री मोहन कुमार द्वारा सहयोग पोर्टल पर नाली निर्माण एवं जल निकासी से संबंधित प्राप्त आवेदन के त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निष्पादन के उद्देश्य से उप विकास आयुक्त द्वारा संबंधित स्थल का निरीक्षण कर स्थलीय जाँच की गई। जाँच के



स्थलीय निरीक्षण करते डीडीसी।

क्रम में स्थानीय घरों से निकलने वाले पानी की निकासी की स्थिति का अवलोकन करते हुए प्रखंड विकास पदाधिकारी, करपी को समुचित जल निकासी की व्यवस्था सुनिश्चित करने तथा आवश्यकतानुसार नाली निर्माण हेतु नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। जिला प्रशासन, अरवल आमजनों की समस्याओं के प्रभावी समाधान एवं जनसुविधाओं के सुदृढ़ीकरण हेतु प्रतिबद्ध है।

संक्षिप्त खबरें

श्याम मंदिर में 20 को होगा धार्मिक अनुष्ठान

पटना सिटी/एनएसबी। श्री श्याम मंदिर सेवा ट्रस्ट की ओर से राजाराम लेन स्थित श्री श्याम मंदिर पटना सिटी में श्री श्याम प्रभु के जन्मोत्सव पर बीस नवंबर को धार्मिक अनुष्ठान आयोजित किया गया है. इसको लेकर ट्रस्ट के अमर कुमार अग्रवाल, दिलीप डिडवानिया,पंकज लोयलका व राहुल अग्रवाल ने बताया कि भजन संध्या में कोलकाता से आ रहे भजन गायक विकास गौरसिया भजनों की प्रस्तुति देगे. तब श्याम भक्तों की ओर से भजन होगा. इन लागों ने बतया कि मध्य रात को जन्मोत्सव के बाद विशेष आरती का अनुष्ठान होगा.इसके लिए तैयारी की जा रही है.

लोकतंत्र बचाओ अराजकता हटाओ पदयात्र में कार्यकर्ता

पटना सिटी/एनएसबी। पटना साहिब विधानसभा से भाजपा कार्यकर्ताओ का जत्था लोकतंत्र बचाओ अराजकता हटाओ पदयात्र में शामिल होने के लिए कारगिल चौक गांधी मैदान पहुंचा. पार्टी की ओर से आहूत मार्च में शामिल होने के लिए महानगर प्रवक्ता राजेश साह,उपाध्यक्ष सुरेश सिंह पटेल,अविनाश पटेल,पिंकू मेहता,अवधेश कुमार, मनोज यादव,राजेश प्रताप,मनोज यादव, जितेंद्र मेहता,महेश पासवान,विनय कमार बिट्टू व सुजीत कुमार के साथ दर्जनों की संख्या में मंडल स्तर से कार्यकर्ता अलग अलग जत्था लेकर निकले थे.

स्वास्थ्य तकनीक कार्यान्वयन को खुला आरएमआरआई में सेंटर

पटना सिटी/एनएसबी। अगमकुआं स्थित आरएमआरआई में स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रलय, भारत सरकार के सहयोग से ए डी ओ पी टी सेंटर खोला गया है. सेंटर का उद्देश्य राज्यों के स्वास्थ्य कार्यक्र मों में अनुशंसित तकनीकों के प्रसार और परिचालन संवर्धन में तेजी लाना है. संस्थान के निदेशक डॉ कृष्णा पांडे ने सेंटर का उद्घाटन किया. संयोजक डॉ नियामत अली सिद्धिकी,वैज्ञानिक डॉ डॉ. कविता राजशेखर,विश्व स्वास्थ्य संगठन के राज्य समन्वयक डॉ. राजेश पाण्डेय व अतिरिक्त निदेशक सह राज्य कार्यक्र म अधिकारी (क्क) डॉ. एन. के. सिन्हा ने अपने विचार रखते हुए कहा कि केंद्र साक्ष्य आधारित स्वास्थ्य तकनीक के कार्यान्वयन के लिए क्षेत्रीय मंच के तौर पर कार्य करेगा. इससे स्वास्थ्य कार्यक्र मों को अधिक मजबूती मिलेगी.

संगोष्ठी में मिला शैक्षणिक कार्यशाला व अनुश्रवण का दायित्व

पटना सिटी/एनएसबी। पटना सदर के प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी सुजीत कुमार की अध्यक्षता में प्रखंड संसाधन केंद्र के तहत सात शहरी व ग्रामीण अंचलों के प्रारंभिक व उच्च विद्यालय के प्रधान शिक्षक,प्रधानाध्यपकों,यूआरसीसी के व्यवस्थापक व समन्वय की बैठक सह संगोष्ठी हुई. इसमें विद्यार्थियों के मिलने वाली मध्याह्न भोजन की अनुश्रण करने,शत प्रतिशत विद्यार्थियों की यूडीआईएसई बनाने,नोडल शिक्षकों की व्यवस्था और प्रत्येक शनिवार को शैक्षणिक कार्यशाला समेत अन्य बिंदुओं पर कार्य करने का निर्देश दिया गया. बैठक में विपिन कुमार,संजय कुमार चौधरी,विनय कुमार के साथ अन्य की सहभागिता रही.

निजी अस्पताल के कर्मी ने की खुदकुशी,सड़क हादसा मे जख्मी बच्ची की मौत

पटना सिटी/एनएसबी। अगमकुआं थाना के कुम्हरार दाउद विगहा स्थित निजी अस्पताल में कार्य करने वाले कटिहार जिला के दंडफोरा थाना के जयपुर शौर्य गांव निवासी स्वर्गीय लड़कू हेम्ब्रेज का 21 वर्षीय पुत्र राजू हेम्ब्रेज ने फंदा से झूल कर खुदकुशी कर लिया है. पुलिस ने मृतक के शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए नालंदा मेडिकल कॉलेज भेजा है.अपर थानाध्यक्ष दीपक कुमार ने बताया कि मंगलवार की देर शाम अस्पताल प्रशासन की ओर से युवक द्वारा फंदा से झूल कर खुदकुशी किये जाने की सूचना मिली. सूचना के आलोक में पुलिस टीम मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है. एफएसएल की टीम को भी बुलाया गया. टीम ने नमूना संग्रह किया.पुलिस ने बुधवार को शव का पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप दिया है. थानाध्यक्ष के अनुसार मामले में सभी पहलू पर जांच पड़ताल की जा रही है. परिजनों की ओर से लिखित नहीं दिया गया है. लि्खित मिलने पर कार्रवाई होगी. दूसरी ओर नालंदा मेडिकल कॉलेज अस्पताल में सड़क हादसे में जख्मी सिवान के दरौंधा थाना के धानाडीह गांव निवासी जितेंद्र प्रसाद की तीन वर्षीय पुत्री आयुशी कुमारी की मौत उपचार के दौरान हो गयी है. पुलिस ने मृतका के शव को पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप दिया है.

रैगिंग मामले में आज होगी सुनवाई

पटना सिटी/एनएसबी। एनएमसीएच कॉलेज प्रशासन ने रैगिंग मामले में कार्रवाई करते हुए तीन माह के लिए वर्ष 2025 बैच के विद्यार्थियों को कक्षा से निलंबित किया है. इसी बीच गुरुवार को कॉलेज प्रशासन ने 2023 और 2024 बैच के विद्यार्थियों एंटी रैगिंग कमेटी के समक्ष उपस्थित होकर अपना पक्ष रखने को कहा है. कालेज प्राचार्या डॉ उषा कुमारी ने बताया कि शुक्रवार को रैगिंग में जिन विद्यार्थियों का नाम आया है. उनको कमेटी के समक्ष उपस्थित होने को कहा गया है. बताते चले कि राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान आयोग (एनएमसी), आल इंडिया एंटी रैगिंग कमेटी व बिहार सरकार के लोक शिकायत विभाग की ओर से वर्ष 2026 में नामांकन लेने वाले विद्यार्थियों के साथ रैगिंग होने की शिकायत कॉलेज प्रशासन को भेजी गयी थी. इसमें विभाग के स्तर पर कॉलेज प्रशासन से जवाब मांगा गया था.इसी के बाद कॉलेज प्रशासन ने यह कार्रवाई की है.

निमार्णाधीन टंकी में गिरने से बच्चे की मौत

पटना सिटी/एनएसबी। मेहंदीगंज थाना क्षेत्र के शिवचक माल बगीचा कॉलोनी मुहल्ला में बुधवार की शाम खेलने के दौरान धनरूआ निवासी ललित यादव का चार वर्षीय पुत्र पीयूष कुमार निमार्णाधीन शौचालय की पानी भरे टंकी में गिर गया. जिससे उसकी मौत हो गयी. . थानाध्यक्ष पूजा कुमारी ने बताया कि पड़ोस में निमार्णाधीन शौचालय की टंकी में वो गिर गया था. जिससे पानी में डूबने से मौत हो गयी. परिवार के लोग टंकी से निकाल अस्पताल ले गये. लेकिन चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया. किसी तरह का आवेदन नहीं मिला है. शव लेकर परिजन धनरूआ चले गये है.

जाको राखे साइयां, मार सके न कोयः 50 फुट नीचे फेंकी गई नवजात बच्ची की बची जान*

जयप्रभा सेतु के पाया नंबर दस से सरयू नदी की रेत पर फेंका, युवक ने पुलिस की मदद से पहुचाया अस्पताल*

छपरा कार्यालय/एनएसबी। जाको राखे साइयां, मार सके न कोय। यह कहावत मांझी के जयप्रभा सेतु पर चरितार्थ हुई। यहां एक कलियुगी मां ने अपने कलेजे के टुकड़े नवजात बच्ची को पुल के पाया नंबर दस के ऊपर से करीब 50 फुट नीचे



सरयू नदी की रेत पर फेंक दिया। इतनी ऊंचाई से गिरने के बावजूद बच्ची जीवित बच गई। घटना की जानकारी मिलने पर मांझी के विकास नामक युवक ने मानवता की मिसाल पेश की। उसने पुलिस के सहयोग से रेत पर पड़ी नवजात बच्ची को सुरक्षित उठाया और तत्काल मांझी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) पहुंचाया। बच्ची को इस हालत में देखकर लोग हैरान रह गए। घटना के बाद क्षेत्र में तरह-तरह की चचाएं हो रही हैं। एक ओर जहां नवजात को इस तरह फेंकने की घटना ने लोगों को झकझोर दिया, वहीं दूसरी ओर विकास की तत्परता और संवेदनशीलता की सराहना हो रही है। बच्ची की आगे की स्थिति और घटना के कारणों की जानकारी सामने आनी बाकी है।

शिक्षा के लिए परिवार ने विद्यालय को दान किया विवाह भवन

स्व. यमुना प्रसाद की 28वीं पुण्यतिथि पर परिजनों ने प्राथमिक विद्यालय गोरौल महादेव मठ को सौंपा दो कमरों का भवन

गोरौल/एनएसबी। आज भी समाज में ऐसे लोग हैं, जो शिक्षा को बढ़ावा देने और बच्चों के बेहतर भविष्य के लिए अपनी संपत्ति तक दान करने से पीछे नहीं हटते। ऐसी ही प्रेरणादायक पहल गोरौल नगर पंचायत के महादेव मठ स्थित प्राथमिक विद्यालय गोरौल में देखने को मिली, जहां स्व. यमुना प्रसाद के परिजनों ने अपने परिवार द्वारा निर्मित दो कमरों वाले विवाह भवन को विद्यालय को सौंपकर समाजसेवा की मिसाल पेश की।जानकारी के अनुसार, स्व. यमुना प्रसाद का निधन वर्ष 1998 में हुआ था।उनकी दूसरी पुण्यतिथि वर्ष 2000 में परिजनों ने उनकी स्मृति में महादेव मठ स्थित प्राथमिक विद्यालय के समीप दो कमरों वाले छतदार विवाह भवन का निर्माण कराया था। इस भवन का नाम स्व. यमुना प्रसाद स्मृति विवाह भवन रखा गया था।बुधवार को स्व. यमुना प्रसाद की 28वीं पुण्यतिथि केअवसर पर श्रद्धांजलि अर्पित करने पहुंचे उनके परिजनों ने विद्यालय भवन की जर्जर स्थिति देखी। इसके बाद उमेश साह, अमोद साह, सुमन देवी, उमा देवी सहित अन्य परिजनों ने विद्यालय में बच्चों की सुविधा और शिक्षा व्यवस्था को बेहतर बनाने के उद्देश्य से विवाह भवन के दोनों कमरों को प्राथमिक विद्यालय गोरौल महादेव मठ को सौंपने का निर्णय लिया।इससे पहले परिजनों एवं उपस्थित गणमान्य लोगों ने विवाह भवन परिसर में स्थापित स्व. यमुना प्रसाद की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके बाद नगर पंचायत की उपमुख्य पार्षद धनमंती देवी,पार्षद मुकेश कुमार, चंदू साह,पूर्व मुखिया शिवशंकर राय और समाजसेवी मिथिलेश राय की उपस्थिति में विद्यालय शिक्षा समिति के समक्ष भवन हस्तांतरण की प्रक्रिया पूरी की गई।इस अवसर पर विद्यालय की प्रधान शिक्षिका मधु कुमारी, शिक्षक अश्वनी कुमार,ब्रजेश कुमार,नेहा कुमारी,चंदा कुमारी एवं मुन्ना कुमार सहित अन्य उपस्थित रहे।कार्यक्रम में रामबाबू चौधरी,विमल कुमार झा,अरविंद साह, सुमन देवी,उमा देवी,अरुण कुमार समेत कई गणमान्य लोग भी मौजूद थे।परिजनों की इस पहल से विद्यालय को अतिरिक्त कक्ष उपलब्ध होंगे, वहीं यह कदम समाज के अन्य लोगों को भी शिक्षा के विकास में योगदान देने के लिए प्रेरित करेगा। स्व. यमुना प्रसाद की स्मृति में बनाया गया भवन अब बच्चों की पढ़ाई के काम आएगा, जो उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि के साथ समाज के लिए एक सकारात्मक संदेश भी है।

पेश की समाजसेवा की मिसाल



कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने किया नरेंद्र मोदी का पुतला दहन

महुआ/एनएसबी। कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के वक्तव्य को गलत तरीके से पेश किए जाने के विरोध में कांग्रेस कार्यकताओं ने महुआ के मंगरू चौक पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पुतला दहन कर अपना आक्रोश व्यक्त किया।इस दौरान वैशाली जिला कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष रंजीत पंडित ने आरोप लगाया कि राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के वक्तव्य को संदर्भ से हटाकर प्रस्तुत करने का प्रयास किया गया है। उन्होंने कहा कि किसी भी सार्वजनिक वक्तव्य को उसके वास्तविक संदर्भ में समझना आवश्यक है। जिला प्रभारी मुन्ना खान ने कहा कि सार्वजनिक जीवन में किसी भी नेता के वक्तव्य को उसके वास्तविक संदर्भ और भावनाओं के अनुरूप प्रस्तुत किया जाना चाहिए, ताकि जनता के बीच भ्रम की स्थिति उत्पन्न न हो।इस मौके पर प्रदेश कांग्रेस उपाध्यक्ष मंजेलाल राय एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता राजू साह ने कहा कि भाजपा द्वारा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के वक्तव्य को गलत तरीके से प्रस्तुत किए जाने का पार्टी विरोध करती है।

वासंतिक रबी कर्मशाला सह प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

बिदुपुर/एनएसबी। आत्मा कृषि विभाग बिदुपुर द्वारा वासंतिक रबी अभियान 2026 के अंतर्गत बिदुपुर प्रखंड कृषि कार्यालय के सभागार में प्रखंड स्तरीय वासंतिक रबी कर्मशाला सह प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।



कार्यक्रम का शुभारंभ अंचलाधिकारी करिश्मा कुमारी, प्रखंड कृषि पदाधिकारी अजीत कुमार शर्मा, आत्मा अध्यक्ष ललन झा, आत्मा सदस्य सह भाजपा बिदुपुर पश्चिमी उपाध्यक्ष नलिनी भारद्वाज, प्रखंड उद्यान पदाधिकारी अविनाश चन्द्र एवं प्रखंड तकनीकी पदाधिकारी अनिकेत कुमार ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम में उपस्थित किसानों को रबी फसलों की खेती, फसलों में होने वाली विभिन्न बीमारियों, उनके बचाव तथा आधुनिक कृषि तकनीकों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। किसानों को वैज्ञानिक तरीके से खेती करने और कृषि विभाग की योजनाओं का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया गया। इस संबंध में प्रखंड तकनीकी पदाधिकारी अनिकेत कुमार ने आत्मा (कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंध अभिकरण) द्वारा संचालित विभिन्न गतिविधियों, योजनाओं एवं प्रशिक्षण कार्यक्रमों की जानकारी दी। मौके पर सैकड़ों किसान मौजूद रहे।

सदर थाना क्षेत्र में विवाहिता को मारी गोली, हालत गंभीर

घटना स्थल को लेकर परिजनों के बयान में विरोधाभास

हाजीपुर/एनएसबी। सदर थाना क्षेत्र के आदलपुर में एक विवाहिता को गोली मार दी गई।घायल महिला की पहचान सोनू राय की पत्नी दीवानी कुमारी के रूप में हुई है घटना आज सुबह करीब 10 बजे की है। गोली लगने के बाद परिजन उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां से बेहतर इलाज के लिए उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया गया है। फिलहाल पीड़िता इलाजरत है और उसकी हालत गंभीर बताई जा रही है। घटना की सूचना मिलते ही सदर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। पुलिस ने बताया कि परिजनों से पूछताछ में घटना स्थल को लेकर संदेह पैदा हो रहा है। कभी परिजन बता रहे हैं कि घर के बाहर गोली चली है, तो कभी बता रहे हैं कि दलान में गोली चली है, जबकि बाद में बताया कि घर के अंदर गोली लगी है। परिजनों के बयानों में विरोधाभास होने से पुलिस हर एंगल से मामले की जांच कर रही है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि पीड़िता अभी कुछ बोलने की स्थिति में नहीं है और अपना बयान नहीं दे पाई है। गोली किस विवाद में और किसके द्वारा चलाई गई है, इसका अभी स्पष्ट पता नहीं चल पाया है। पुलिस सभी बिंदुओं पर जांच कर रही है। फिलहाल पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और पीड़िता के होश में आने के बाद उसका फर्द बयान लेकर आगे की कार्रवाई की जाएगी।



किसना ने हाजीपुर में अपने नए एक्सक्लूसिव शोरूम का किया शुभारंभ



हाजीपुर/एनएसबी। किसना डायमंड एंड गोल्ड ज्वेलरी नै हाजीपुर में अपने 21वें एक्सक्लूसिव शोरूम का भव्य शुभारंभ किया। यह शोरूम सुभाष चौक स्थित लक्ष्मी गैलेरिया में खोला गया है। शोरूम का उ द्घाटन हरि कृष्णा ग्रुप के संस्थापक घनश्याम ढोलकिया एवं किसना के सीईओ श्री पराग शाह ने किया। इस नए शोरूम के शुभारंभ के साथ किसना ने बिहार में अपने रिटेल विस्तार की दिशा में एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। शोरूम के भव्य उद्घाटन के अवसर पर ग्राहकों के लिए कई आकर्षक ऑफर पेश किए गए हैं। हरि कृष्णा ग्रुप के संस्थापक घनश्याम ढोलकिया ने कहा कि बिहार किसना के लिए एक महत्वपूर्ण बाजार है और राज्य में अपनी उपस्थिति का विस्तार करने की अपार संभावनाएं हैं। हाजीपुर में एक्सक्लूसिव शोरूम का शुभारंभ राज्य में हमारे विस्तार की यात्रा का एक और महत्वपूर्ण कदम है। हमारा लक्ष्य हर उत्सव और हर परिवार का हिस्सा बनना है। हम हर घर किसना के अपने विजन को साकार करने की दिशा में लगातार आगे बढ़ रहे हैं। किसना डायमंड एंड गोल्ड ज्वेलरी के सीईओ पराग शाह ने कहा कि हाजीपुर में किसना की बढ़ती उपस्थिति में एक महत्वपूर्ण कड़ी है। त्योहारों के मौसम और दिवाली के दौरान आभूषणों की खरीदारी में तेजी को देखते हुए हमारा उद्देश्य ग्राहकों को हीरे और सोने के आभूषणों की विविध रेंज के साथ प्रीमियम शॉपिंग अनुभव प्रदान करना है।

वैशाली प्रेस क्लब की नई कमेटी का गठन

पत्रकारों के अधिकार और सम्मान की रक्षा का लिया संकल्प

हाजीपुर/एनएसबी। वैशाली प्रेस क्लब की महत्वपूर्ण बैठक में संस्था के विधिवत निबंधन के बाद नई कमेटी का गठन किया गया। बैठक में सभी पदाधिकारियों का चयन सर्वसम्मति से निर्विरोध किया गया। नई कमेटी के गठन को पत्रकारों की एकजुटता और आपसी सहमति का प्रतीक माना जा रहा है।नवगठित कमेटी में कौशल किशोर पाठक को अध्यक्ष चुना गया है। वहीं, प्रफुल्ल कुमार को महासचिव, राजा बाबू को सचिव और विकास महापात्र को संयुक्त सचिव की जिम्मेदारी सौंपी गई है। रवि मिश्रा को कोषाध्यक्ष बनाया गया है।इसके अलावा संजीत कुमार मोती, चन्द्रमणि कुमार और राजकुमार सिंह को उपाध्यक्ष चुना गया है।ऋषभ कुमार को कार्यालय प्रभारी की जिम्मेदारी दी गई है।क्लब के मार्गदर्शन और संगठन के सुचारू संचालन के लिए राज किशोर सिंह, रंजीत पाठक और संदीप आनंद कोसंरक्षण मंडल में शामिल किया गया।बैठक में संगठन की भूमिका को और प्रभावी बनाने तथा पत्रकारों के हितों की रक्षा के लिए एकजुट होकर काम करने पर जोर दिया गया। संगठन से जुड़े सदस्यों ने पत्रकार हितों के लिए एकजुट होकर काम करने और उनके अधिकारों की आवाज बुलंद करने की प्रतिबद्धता जताई।



स्कूल में बच्चों को साइबर अपराध से बचने का दिया संदेश

हाजीपुर/एनएसबी। सुरक्षित बचपन अभियान के तहत जिला विधिक सेवा प्राधिकार, हाजीपुर (वैशाली)के तत्वावधान में स्वर्गीय कन्हाई शुक्ला सामाजिक सेवा संस्थान एवं जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रन के सहयोग से आदर्श मध्य विद्यालय, दिग्घी कला में ह्यसुरक्षित क्लिक, सुरक्षित बचपनह्न विषय पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों को इंटरनेट, सोशल मीडिया और डिजिटल माध्यमों के सुरक्षित उपयोग तथा ऑनलाइन यौन उत्पीड़न, साइबर अपराध और धोखाधड़ी से बचाव के उपायों की जानकारी देना था। मुख्य अतिथि साइबर डीएसपी श्रीमती चांदनी सुमन और संस्थान के सचिव एवं जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रन के निदेशक डॉ. सुधीर कुमार शुक्ला और सूचीबद्ध अधिवक्ता नवीन कुमार झा ने बच्चों को संबोधित किया। विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने भाग लिया।कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्रभारी प्रधानाचार्य विधार्थी रंजन कुमार जबकि संचालन अधिकार मित्र संतोष कुमार ने किया।



महुआ में दिनदहाड़े गल्ला व्यवसायी से डेढ़ लाख नकद और बाइक लूट

दो बाइक पर सवार पांच अपराधियों ने पिस्टल के बल पर दिया घटना को अंजाम

हाजीपुर/एनएसबी। महुआ थाना क्षेत्र में आज दिनदहाड़े निझमा बड़हर चौक मुख्य मार्ग पर गल्ला व्यवसायी से डेढ़ लाख रुपये नकद और बाइक लूट लिया गया। दो बाइक पर सवार पांच हथियारबंद अपराधियों ने पिस्टल के बल पर इस लूट की वारदात को अंजाम दिया है। घटना निझमा चौक से बड़हर चौक जाने वाली सड़क की है। पीड़ित की पहचान महुआ थाना क्षेत्र के नरसिंहपुर बंगाही गांव, कुशहर पुल निवासी राजीव कुमार साह, पिता स्व. लक्ष्मण साह के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि राजीव कुमार साह गल्ला व्यवसाय का काम करते हैं और अपना व्यवसाय कर लौट रहे थे, तभी घात लगाए अपराधियों ने उन्हें रोक लिया। पीड़ित के अनुसार पांच अपराधी दो बाइक पर सवार होकर आए और पिस्टल दिखाकर उसके पास मौजूद डेढ़ लाख रुपये नकद और उसकी बाइक लूट ली। घटना को अंजाम देने के बाद सभी अपराधी बड़हर चौक की ओर फरार हो गए। घटना की सूचना मिलते ही इलाके में सनसनी फैल गई। सूचना पर महुआ एसडीपीओ पोलस्त कुमार और महुआ थाना अध्यक्ष अरविंद प्रसाद दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और जांच पड़ताल में जुट गए। पुलिस ने पीड़ित से घटना के संबंध में विस्तृत जानकारी ली है। पुलिस ने अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए नाकेबंदी कर छापेमारी शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।



संक्षिप्त खबरें

श्रीपुर में लिमाग्रेन की हाइब्रिड मक्का किस्मों से चमकेगी किसानों की किस्मत



प्रति एकड़ 50 से 60 क्विंटल तक मक्का उत्पादन का लक्ष्य, लिमाग्रेन की इन दो किस्मों पर टिकी नजरें

फुलवरिया (दैनिक नवसंदेश) प्रखंड क्षेत्र के श्रीपुर गांव में लिमाग्रेन कंपनी द्वारा किसान मित्रा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। रबी मक्का की उत्पादकता बढ़ाने व किसानों को आधुनिक तकनीकों से जोड़ने के उद्देश्य से आयोजित इस प्रशिक्षण शिविर में 36 गांवों के 77 प्रगतिशील किसानों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता सह कंपनी के सेल्स ऑफिसर हेमंत कुमार ने रबी सीजन में वैज्ञानिक तरीके से मक्का की उन्नत खेती, सही समय पर बुवाई और संतुलित उर्वरक प्रयोग की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने लिमाग्रेन की दो प्रमुख संकर (हाइब्रिड) मक्का किस्मों एलजी 36815 और एलजी 36814 की विशेषताएं बताई। उन्होंने बताया कि एलजी 36815 अगैती शुरूआती खेती के लिए बेहद प्रभावी है, जबकि एलजी 36814 पछेती देर से की जाने वाली बुवाई के लिए सबसे उपयुक्त मानी गई है। क्षेत्र में चर्चा है कि इन उन्नत किस्मों के प्रयोग से प्रति एकड़ 50 से 60 क्विंटल तक बंपर उत्पादन हासिल किया जा सकता है। प्रशिक्षण से प्रेरित होकर उपस्थित किसानों ने पैदावार और गुणवत्ता सुधारने के लिए वैज्ञानिक तकनीकों को अपनाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में स्थानीय किसानों के बीच इन बीजों को लेकर खासा उत्साह देखा गया।

रामवृक्ष धाम डॉक्यूमेंट्री को फिल्म फेस्टिवल में सम्मान

डॉ. सुधा तिवारी को मिलेगा मिलस्टोन अवार्ड

कुचायकोट (दैनिक नवसंदेश) रामवृक्ष धाम पर आधारित डॉक्यूमेंट्री फिल्म ने प्रयागराज इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में अपनी पहचान बनाई है।फिल्म की निमार्ता-निर्देशक डॉ. सुधा तिवारी का चयन मिलस्टोन अचीवमेंट अवार्ड-2026 के लिए किया गया है।उन्हें यह सम्मान आगामी 1 दिसंबर 2026 को प्रयागराज में आयोजित सम्मान समारोह में प्रदान किया जाएगा। यह समारोह मधुबाला फिल्म की ओर से आयोजित किया जा रहा है, जिसमें उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य और भोजपुरी फिल्म अभिनेता एवं सांसद रवि किशन के हाथों सम्मानित किए जाने की जानकारी दी गई है।रामवृक्ष धाम डॉक्यूमेंट्री फिल्म का निर्माण गोपालगंज के नेचुआ जलालपुर स्थित प्रबुद्ध एंटरटेनमेंट प्रोडक्शन हाउस ने किया है।फिल्म को मिले सम्मान और डॉ. सुधा तिवारी के चयन से प्रबुद्ध एंटरटेनमेंट परिवार में खुशी का माहौल है।प्रबुद्ध एंटरटेनमेंट परिवार और इंडियन फिल्म मेकर एसोसिएशन के बिहार चैप्टर ने फिल्म की सफलता तथा डॉ. सुधा तिवारी की उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी है।इंडियन फिल्म मेकर एसोसिएशन की बिहार प्रदेश सचिव डॉ. वंदना शर्मा ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर यह जानकारी दी।उन्होंने फिल्म की सफलता को पूरी टीम के लिए गौरवपूर्ण उपलब्धि बताया।



सासामुसा बाजार में श्रम विभाग की छापेमारी, तीन बाल श्रमिक विमुक्त, दो दुकानों से कराए जा रहे थे बच्चों से काम

प्रत्येक को मिली तीन हजार रुपये की सहायता

कुचायकोट (दैनिक नवसंदेश) स्थानीय प्रखंड के सासामुसा बाजार में श्रम विभाग की कार्रवाई से दुकानदारों में हड़कंप मच गया।विभाग की टीम ने छापेमारी कर दो प्रतिष्ठानों से तीन बाल श्रमिकों को विमुक्त कराया।इनमें अब्बास ऑटो इलेक्ट्रिक शॉप से एक और चुलबुली स्वीट्स हाउस से दो बाल श्रमिक शामिल हैं।कार्रवाई के दौरान श्रम विभाग की टीम ने तीनों बाल श्रमिकों को प्रतिष्ठानों से मुक्त कराते हुए नियमानुसार आवश्यक प्रक्रिया पूरी की।साथ ही, विमुक्त कराए गए प्रत्येक बाल श्रमिक को तीन हजार रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की गई।विभाग ने बाल श्रमिकों से काम कराने वाले दोनों प्रतिष्ठानों के नियोजकों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराने और कानूनी कार्रवाई करने का निर्देश दिया है।इस कार्रवाई के बाद बाजार के अन्य दुकानदारों में भी हलचल देखी गई।श्रम विभाग के अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि बाल श्रम पर रोक लगाने के लिए अभियान लगातार जारी रहेगा।नियमों का उल्लंघन कर बच्चों से काम कराने वाले प्रतिष्ठान संचालकों के विरुद्ध नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी।



पारिवारिक विवाद में मारपीट, तीन महिलाओं समेत पांच घायल

कुचायकोट (दैनिक नवसंदेश) कुचायकोट थाना क्षेत्र के रामपुर माधो गांव में बुधवार को पारिवारिक विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच हुई मारपीट में तीन महिलाओं समेत पांच लोग घायल हो गए। सभी घायलों को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुचायकोट में भर्ती कराया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें छुट्टी दे दी गई।मिली जानकारी के अनुसार, रामपुर माधो गांव निवासी सलीम आलम के परिवार में पहले से ही विवाद चल रहा था।बुधवार को किसी बात को लेकर विवाद बढ़ गया और दोनों पक्षों के बीच मारपीट शुरू हो गई।इस घटना में सैमसुन नेशा, सलीम आलम, नईमा खातून, मेहरून निशा और सकहिउद्दीन आलम घायल हो गए।घटना के बाद सभी घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने उनका प्राथमिक उपचार किया।

स्वर्ण पदक विजेता दिव्यांग खिलाड़ी नीतीश को बधाई देने पहुंचे सांसद

मेहनत और दृढ़ इच्छाशक्ति से नीतीश ने बढ़ाया जिले का मान रू सांसद

कुचायकोट (दैनिक नवसंदेश) नई दिल्ली में आयोजित द्वितीय बोसिया इंडिया फेडरेशन कप-2026 में स्वर्ण पदक जीतकर जिले का नाम रोशन करने वाले दिव्यांग खिलाड़ी नीतीश कुमार को बधाई देने सांसद डॉ. आलोक कुमार सुमन बुधवार उनके घर पहुंचे।इस दौरान सांसद ने खिलाड़ी की उपलब्धि की सराहना करते हुए इसे पूरे गोपालगंज जिले और बिहार के लिए गौरव का क्षण बताया।सांसद ने कहा कि नीतीश ने अपनी मेहनत, आत्मविश्वास और दृढ़ इच्छाशक्ति के बल पर यह शानदार सफलता हासिल की है।उनकी उपलब्धि न केवल जिले के लिए गर्व की बात है, बल्कि अन्य दिव्यांग खिलाड़ियों के लिए भी प्रेरणास्रोत है।उन्होंने कहा कि प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करना जरूरी है, ताकि वे अपनी प्रतिभा के दम पर राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान बना सकें।सांसद ने नीतीश के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए खेल के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए हरसंभव प्रोत्साहन देने पर जोर दिया।उन्होंने कहा कि दिव्यांग खिलाड़ियों में प्रतिभा की कमी नहीं है।जरूरत है उन्हें उचित संसाधन, प्रशिक्षण और अवसर उपलब्ध कराने की।उल्लेखनीय है कि कुछ महीने पहले सांसद डॉ. आलोक कुमार सुमन ने नीतीश सिंह को पैरा स्पोर्ट्स किट उपलब्ध कराने के लिए करीब चार लाख रुपये की सहायता की अनुशंसा की थी।नीतीश की इस उपलब्धि से उनके परिवार सहित पूरे क्षेत्र में खुशी का माहौल है। मौके पर जिला अध्यक्ष प्रमोद पटेल भी मौजूद रहे।

पीड़ित परिवार के प्रति संवेदनशीलता एवं हरसंभव सहायता का आश्वासन

गोपालगंज (दैनिक नवसंदेश) संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) के 81वें सत्र में भारत का प्रतिनिधित्व करने के उपरांत स्वदेश लौटने पर गोपालगंज के माननीय सांसद सह जदयू के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष डॉ. आलोक कुमार सुमन जी ने एक अत्यंत संवेदनशील मामले में मानवीय पहल की। गोपालगंज जिले के ग्राम भीतभेरवा निवासी स्वर्गीय सुनेश राम जी का दक्षिण अफ्रीका में निधन हो गया है। इस दुखद घटना की जानकारी मिलने पर माननीय सांसद जी ने शोकाकुल परिजनों से मुलाकात कर उनकी पीड़ा सुनी तथा परिवार को हरसंभव सहायता का भरोसा दिलाया। उन्होंने स्वर्गीय सुनेश राम जी के पार्थिव शरीर को दक्षिण अफ्रीका से भारत लाने के लिए विदेश मंत्रालय को पत्र लिखकर आवश्यक कार्रवाई का अनुरोध किया। साथ ही, इस संबंध में मंत्रालय के अधिकारियों से दूरभाष पर बातचीत कर मामले को शीघ्रता से आगे बढ़ाने का आग्रह भी किया। संकट की इस घड़ी में पीड़ित परिवार के साथ खड़े होकर सहायता का प्रयास करना ही सच्ची जनसेवा है।

बगीचे में मिली युवक की लाश, ईंट से कूचकर की गई हत्या

राम जानकी मंदिर के पास मिला 25 वर्षीय आकाश भारती का शव ● घटनास्थल से चावल-मटन लगा जग बरामद, दो महिलाएं हिरासत में डीआइयू और एफएसएल की टीम ने जुटाए साक्ष्य

हत्या की गुत्थी सुलझाने में जुटी पुलिस

कटेया (दैनिक नवसंदेश) कटेया थाना क्षेत्र के भागीपट्टी झील गांव में बुधवार की सुबह उस समय सनसनी फैल गई, जब राम जानकी मंदिर के पास स्थित एक बगीचे में 25 वर्षीय युवक का शव बरामद हुआ। युवक की पहचान गांव के राजाराम राम के पुत्र आकाश भारती के रूप में हुई है। युवक का सिर ईंट से बुरी तरह कुचला गया था। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर जांच शुरू कर दी। मामले की गंभीरता को देखते हुए साक्ष्य जुटाने के लिए डीआइयू और एफएसएल की टीम को भी बुलाया गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल, गोपालगंज भेज दिया।

जानकारी के अनुसार, बुधवार की सुबह बगीचे के पास निमार्णाधीन पंचायत सरकार भवन में मजदूर काम कर रहे थे। इसी दौरान उनकी नजर बगीचे में पड़े युवक के शव पर पड़ी। शव देखने के बाद मजदूरों ने आसपास के ग्रामीणों को इसकी जानकारी दी। देखते ही देखते घटनास्थल पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई।



(रोते बिलखते परिजन)



(घटना स्थल पर जांच करते अधिकारी)

सूचना मिलते ही कटेया थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया। पुलिस ने घटनास्थल को चारों तरफ से घेरकर जांच शुरू की, ताकि वहां मौजूद साक्ष्यों को सुरक्षित रखा जा सके। युवक की हत्या बेरहमी से किए जाने के कारण घटना को लेकर गांव में तरह-तरह की चचार्एं होने लगीं।

पुलिस की प्रारंभिक जांच के दौरान घटनास्थल से चावल और मटन लगा एक जग भी बरामद हुआ है। इस बरामदगी के बाद घटनास्थल पर पार्टी होने की आशंका जताई जा रही है। हालांकि, वहां किसने और कब पार्टी की थी, इसका अभी तक स्पष्ट पता नहीं चल सका है। पुलिस घटनास्थल से मिले साक्ष्यों के आधार पर घटना की कड़ियों को जोड़ने में जुटी है। डीआइयू और एफएसएल की टीम ने भी मौके पर पहुंचकर आवश्यक साक्ष्य जुटाए। जांच टीम इस बात का पता लगाने का प्रयास कर रही है कि युवक की हत्या कहां की गई और शव को बगीचे में ही छोड़ा गया था या कहीं दूसरी जगह से लाकर वहां फेंका गया। इन सभी बिंदुओं पर पुलिस जांच कर रही है।

परिजनों के अनुसार, आकाश मंगलवार की शाम कटेया थाना क्षेत्र के सहजनवा गांव स्थित अपने ननिहाल गया था। वहां से देर शाम वापस लौटने की जानकारी मिली, लेकिन वह घर नहीं पहुंचा। परिजनों को उम्मीद थी कि वह किसी काम से कहीं रुक गया होगा। इसी बीच बुधवार की सुबह उसका शव मिलने की सूचना मिली, जिसके बाद परिवार में कोहराम मच गया। आकाश दो भाइयों में छोटा था। वह अपने बड़े भाई रमेश भारती के साथ टेंपो पर घूम-घूमकर सब्जी बेचने का काम करता था। उसके पिता राजाराम राम विदेश में लाइनमैन के रूप में काम करते हैं। युवक की मौत की खबर मिलने के बाद परिवार के लोगों का रो-रोकर बुरा हाल है। घटना से गांव में भी शोक और आक्रोश का माहौल है। मामले की जांच के दौरान पुलिस ने पूछताछ के लिए दो महिलाओं को हिरासत में लिया है। थानाध्यक्ष अवधेश कुमार के अनुसार, घटना की विभिन्न पहलुओं से जांच की जा रही है। पुलिस प्रेम प्रसंग के बिंदु को ध्यान में रखकर भी मामले की पड़ताल कर रही है। हालांकि, हत्या के पीछे का वास्तविक कारण क्या है और इस वारदात में कौन-कौन शामिल है, इसकी अभी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट, घटनास्थल से मिले साक्ष्यों और संदिग्धों से पूछताछ के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल पुलिस हत्या की गुत्थी सुलझाने और घटना में शामिल लोगों की पहचान करने में जुटी है।

विजयीपुर में वासंतिक रबी महाअभियान-सह किसान प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

सरकारी अनुदान पर गेहूं का बीज नहीं मिलने की उम्मीद

विजयीपुर (दैनिक नवसंदेश) विजयीपुर प्रखंड कृषि कार्यालय परिसर में बुधवार को वासंतिक (रबी) महाअभियान-सह एक दिवसीय किसान प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन बीडीओ मनोज कुमार,बी ए ओ गजेन्द्र वर्मा,जे एस एस बसंत कुमार और हरिशंकर कुशवाहा ने दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम में किसानों को सम्बोधित करते हुए नोडल कृषि समन्वयक विरेन्द्र कुशवाहा ने बताया कि रबी फसल की बुआई की बुआई के लिए इस बार गेहूं का बीज सरकारी अनुदान पर नहीं मिलने की उम्मीद है। इस लिए आप सभी किसानों से अनुरोध है कि सरकारी अनुदान वाली गेहूं के बीज मिलने की उम्मीद छोड़ दें,। उन्होंने बताया कि सरकारी अनुदान पर सरसों और मटर का बीज अगले सप्ताह में मिलने की उम्मीद है। उसके लिए आप सभी किसानों को अपने अपने मोबाइल से आनलाइन आवेदन करना होगा।और बीज उपलब्ध हो जाने के बाद प्रखंड कृषि कार्यालय से उठाव कर सकते है। कार्यक्रम में प्रखंड उद्यान पदाधिकारी रामजित प्रसाद यादव ने पारंपरिक खेती को छोड़कर कर आधुनिक युग में कम लागत में अधिक लाभ वालीं खेती करने के बारे में विस्तृत जानकारी दी। साथ ही मिट्टी जांच कराने के लिए विशेष रूप से अनुरोध किया गया। कृषि समन्वयक मुमताज ने किसानों से अनुरोध करते हुए कहा कि किसी भी फसल की बुआई एवं पहली सिंचाई समय से करें। और समय-समय पर फसलों का देखभाल करने से पैदावार अच्छी होती है।और समस्या आने पर कृषि विभाग से समाधान की जानकारी दी जाएगी। खाद की समस्या पर भी चर्चा हुई। कृषि पदाधिकारी गजेन्द्र वर्मा ने कहा कि खाद की कोई कमी नहीं होगी। उन्होंने किसानों से अफवाहों पर ध्यान न देने की अपील की। साथ ही कहा कि कोई खाद विक्रेता निर्धारित मूल्य से अधिक वसूले, तो तुरंत सूचना दें, दोषी पर कार्रवाई होगी। कार्यक्रम में पशु चिकित्सा पदाधिकारी, मत्स्य पदाधिकारी तथा बीसीओ ने अपने अपने विभागीय योजनाओं की जानकारी दी। मौके पर मत्स्य पदाधिकारी ब्रह्मा बैठा, उद्यान पदाधिकारी , कृषि समन्वयक राजेश कुमार, मुमताज, मुख्तार,बीटीएम मनीष मणि त्रिपाठी, सभी सलाहकार तथा महिला एवं पुरुष किसान मौजूद रहे।



जलालपुर दुर्गा मंदिर के पास रेलवे लाइन किनारे मिला अधेड़ का शव

बीमारी से परेशान होकर इधर-उधर घूमकर बिताते थे जीवन

रिश्तेदारों ने कराया अंतिम संस्कार

कुचायकोट (दैनिक नवसंदेश) कुचायकोट थाना क्षेत्र के जलालपुर दुर्गा मंदिर के समीप मंगलवार की देर शाम रेलवे लाइन के किनारे एक अधेड़ का शव मिलने से इलाके में चर्चा का माहौल रहा।मृतक की पहचान विशंभरपुर थाना क्षेत्र के ईश्वरपट्टी गांव निवासी करीब 50 वर्षीय खदेरू यादव के रूप में हुई।सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद शव उनके रिश्तेदारों को सौंप दिया।इसके बाद बुधवार को स्वजनों ने उनका अंतिम संस्कार कर दिया।मिली जानकारी के अनुसार, मंगलवार की देर शाम कुचायकोट पुलिस को जलालपुर दुर्गा मंदिर के पास रेलवे लाइन के किनारे एक व्यक्ति का शव पड़े होने की सूचना मिली थी।इसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की।इस दौरान स्थानीय लोगों ने मृतक की पहचान खदेरू यादव के रूप में की।स्थानीय लोगों के अनुसार, वह अक्सर दुर्गा मंदिर के आसपास आते-जाते रहते थे।पहचान होने के बाद पुलिस ने उनके एक रिश्तेदार को मौके पर बुलाया।रिश्तेदारों ने शव का पोस्टमार्टम कराने से इनकार कर दिया। इसके बाद पुलिस ने आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी कर शव उन्हें सौंप दिया।इस संबंध में थानाध्यक्ष दर्पण सुमन ने बताया कि रिश्तेदारों के अनुसार, खदेरू यादव के परिवार में कोई नहीं था।वह बीमार रहते थे और अक्सर इधर-उधर घूमकर अपना जीवन बिताते थे।रिश्तेदारों के आग्रह पर आवश्यक प्रक्रिया पूरी करने के बाद शव उन्हें सौंप दिया गया।पुलिस की मौजूदगी में उनका अंतिम संस्कार कराया गया।

धान काट रहे वृद्ध किसान पर जानलेवा हमला,प्राथमिकी

फुलवरिया (दैनिक नवसंदेश) श्रीपुर थाना क्षेत्र के लच्छन टोला गांव में मंगलवार को खेत में धान काटने को लेकर हुए विवाद में वृद्ध किसान और उनके परिवार के सदस्यों के साथ मारपीट कर उन्हें घायल कर दिया गया। मामले में 70 वर्षीय किसान रामनाथ सिंह ने पड़ोसी महावीर सिंह, उनकी पत्नी मीरा देवी और भाभी रीता देवी के विरुद्ध प्राथमिकी कराई है। वहीं, दूसरे पक्ष की ओर से भी शिकायत दी गई है।प्राथमिकी के अनुसार, रामनाथ सिंह मंगलवार को अपनी निजी जमीन पर लगी धान की फसल काट रहे थे। इसी दौरान पड़ोसी महावीर सिंह वहां पहुंचे और उन्हें फसल काटने से मना करने लगे। किसान द्वारा इसका कारण पूछने पर विवाद बढ़ गया। आरोप है कि महावीर सिंह, उनकी पत्नी मीरा देवी और भाभी रीता देवी ने हसुआ, लाठी-डंडे से किसान और उनके परिवार की महिलाओं पर हमला कर दिया। मारपीट में रामनाथ सिंह सहित कमलावती देवी,कृष्णा सिंह कई अन्य घायल हो गए।सभी को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, फुलवरिया में भर्ती कराया गया। किसान ने मारपीट के दौरान अपनी बहू का मंगलसूत्र और सोने की कान की बाली छीनने का भी आरोप लगाया है।थानाध्यक्ष सिंपी कुमारी ने बताया कि मामला भूमि विवाद से जुड़ा है। किसान की लिखित शिकायत के आधार पर प्राथमिकी कर मामले की जांच की जा रही है। वहीं, दूसरे पक्ष की रीता देवी ने भी लिखित शिकायत दी है, जिसके आधार पर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

भोरे रेफरल अस्पताल - दोपहर 12 बजे तक लटका रहा टीकाकरण वार्ड का ताला

4 घंटे परेशान रहे मासूम और परिजन, मीडियाकर्मियों के पहुंचने के बाद खुला दरवाजा, परिजनों में दिखा भारी आक्रोश



भोरे (दैनिक नवसंदेश) स्थानीय रेफरल अस्पताल परिसर स्थित टीकाकरण वार्ड में मंगलवार को स्वास्थ्य कर्मियों की घोर लापरवाही सामने आई। बच्चों के नियमित टीकाकरण के लिए निर्धारित वार्ड में दोपहर 12 बजे तक ताला लटका रहा, जिसके कारण सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों से नवजात शिशुओं और छोटे बच्चों को लेकर पहुंचे परिजनों को करीब चार घंटे तक भारी फजीहत झेलनी पड़ी। नियमानुसार जिस टीकाकरण कक्ष को सुबह 8 बजे खुल जाना चाहिए था, वह दोपहर 12 बजे तक बंद रहा। अस्पताल पहुंचे परिजन गोद में रोते-बिलखते बच्चों को लेकर एएनएम और कर्मियों के आने का इंतजार करते रहे, लेकिन उन्हें कोई स्पष्ट जानकारी देने वाला मौजूद नहीं था। परेशान परिजनों ने जब मामले की सूचना स्थानीय मीडियाकर्मियों को दी, तब जाकर आनन-फानन में दोपहर 12 बजे के बाद वार्ड का ताला खोला गया। टीकाकरण केंद्र के बाहर घंटों इंतजार कर रहे परिजनों ने बताया कि वे सुबह 8 बजे ही अस्पताल पहुंच गए थे। घंटों बीत जाने के बाद भी कक्ष बंद रहा। बच्चों को भूख और गर्मी के कारण संभालना मुश्किल हो रहा था। अस्पताल का कोई भी कर्मी यह बताने को तैयार नहीं था कि टीकाकरण कब शुरू होगा या कर्मी कब तक पहुंचेंगे। अस्पताल परिसर में मौजूद लोगों ने स्वास्थ्य व्यवस्था पर गंभीर सवाल उठाते हुए कहा कि इन दिनों रेफरल अस्पताल में इंटर्नशिप करने वाले छात्र-छात्राओं की भरमार हो गई है। स्थिति यह है कि जिन प्रशिक्षुओं को वरिष्ठ डॉक्टरों की निगरानी में काम सीखना चाहिए, वही ओपीडी से लेकर इमरजेंसी तक में मरीजों की जांच और इलाज करते देखे जा रहे हैं।

आधुनिक तकनीक से खेती की लागत घटाएं, उत्पादन बढ़ाएं : बीडीओ

कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम में किसानों को दी गई उन्नत खेती की जानकारी ● कृषि विभाग की कार्यप्रणाली पर उठे सवाल

कुचायकोट (दैनिक नवसंदेश) किसानों की आय बढ़ाने और खेती को अधिक लाभकारी बनाने के लिए आधुनिक कृषि तकनीकों को अपनाना जरूरी है। मिट्टी की गुणवत्ता के अनुरूप खाद का इस्तेमाल, उन्नत बीजों का चयन और वैज्ञानिक तरीके से खेती करने से कम लागत में बेहतर उत्पादन प्राप्त किया जा सकता है। किसानों को सरकारी योजनाओं का लाभ उठाकर कृषि क्षेत्र में हो रहे बदलावों के साथ आगे बढ़ना चाहिए।बुधवार को कुचायकोट प्रखंड मुख्यालय स्थित ई-किसान भवन परिसर में वासंतिक (रबि)महा अभियान-2026 के तहत आयोजित प्रखंड स्तरीय कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम में बीडीओ आदित्य प्रकाश ने ये बातें कहीं।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल बीडीओ ने किसानों से आधुनिक तकनीक अपनाकर खेती करने की अपील की।उन्होंने कहा कि बदलते समय के साथ कृषि के तौर-तरीकों में बदलाव आवश्यक है। आधुनिक तकनीकों के इस्तेमाल से न केवल उत्पादन बढ़ाया जा सकता है, बल्कि खेती की लागत भी कम की जा सकती है। इसके लिए किसानों को कृषि विभाग की योजनाओं की जानकारी प्राप्त कर उनका लाभ उठाना चाहिए।सरकार की ओर से किसानों को समय पर खाद-बीज उपलब्ध कराने के साथ तकनीकी सहयोग भी दिया जा रहा है।प्रखंड कृषि पदाधिकारी करण शर्मा ने किसानों को बुआई से पहले मिट्टी की जांच कराने की सलाह दी।उन्होंने कहा कि मृदा जांच के आधार पर विशेषज्ञों की सलाह के अनुरूप ही फसलों में रासायनिक उर्वरकों का इस्तेमाल करना चाहिए।जरूरत से अधिक रासायनिक खाद डालने से खेती की लागत बढ़ने के साथ मिट्टी की उर्वरा शक्ति भी प्रभावित होती है।ऐसे में किसानों को संतुलित मात्रा में उर्वरकों का प्रयोग करना चाहिए और जैविक खाद को भी प्राथमिकता देनी चाहिए।नोडल पदाधिकारी संतोष तिवारी ने कृषि विभाग की विभिन्न योजनाओं की जानकारी देते हुए किसानों से उनका लाभ उठाने की अपील की। प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान किसानों और पंचायत प्रतिनिधियों ने कृषि विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए।उन्होंने आरोप लगाया कि प्रखंड स्तरीय कार्यक्रमों की सूचना किसानों को समय पर नहीं दी जाती है।कुछ चुनिंदा किसानों को बुलाकर कार्यक्रम की औपचारिकता पूरी कर ली जाती है।किसानों ने विभागीय योजनाओं का लाभ देने में कर्मियों पर भेदभाव बरतने का भी आरोप लगाया।शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए बीडीओ ने प्रखंड कृषि पदाधिकारी से संबंधित बिंदुओं पर जानकारी ली।साथ ही व्यवस्था में आवश्यक सुधार करने और किसानों तक योजनाओं की जानकारी समय पर पहुंचाने के निर्देश दिए।मौके पर आरडीओ अशरफ आलम, बीएसओ रूपलाल मंडल, प्रखंड प्रमुख प्रतिनिधि अखिलेश सिंह, उप प्रमुख प्रतिनिधि जितेंद्र चैबे, प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष मो. तौहीद, आमोद पांडेय, चंदन तिवारी, धनंजय ओझा, अभय सिंह सहित अन्य पदाधिकारी, कर्मी और किसान मौजूद रहे।



(प्रशिक्षण कार्यक्रम का दीप जला कर उद्घाटन करते अधिकारी)



(प्रशिक्षण में मौजूद किसान)